3 राजधानी
मोदी युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे

8 अभिमत
संभावित खतरे 2020 के

13 विदेश
म्यामां को रोहिंग्या लोगों का जनसंहार रोकने का आदेश

14 स्पोर्ट्स
विश्व तीरंदाजी ने शर्तों के साथ भारत पर लगा प्रतिबंध हटाया

RNI NO. DELHIN/2012/48369
वर्ष 8 अंक 82
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2020
पृष्ठ 16 मूल्य ₹ 3
नगर संस्करण

नई दिल्ली, लखनऊ, रायपुर और फरीदाबाद से प्रकाशित

पायनियर

www.dailypioneer.com

खुद की कहानियों पर काम कर रहीं श्वेता
विविध-16

बाजार

सेंसेक्स	41,386	↑ 271	
निफ्टी	12,180	↑ 73	
सोना	40,723	↑ 63	/10g
चांदी	47,082	↑ 95	/kg

क्विक न्यूज

नीतीश की पवन वर्मा को दो टूक, जहां जाना है वहां जाएं कोई ऐतराज नहीं

पटना। बिहार के मुख्यमंत्री और जदयू के राष्ट्रीय अध्यक्ष नीतीश कुमार ने अपनी पार्टी के पूर्व राज्यसभा सदस्य पवन वर्मा को लिखे पत्र को सार्वजनिक किए जाने पर ऐतराज जताते हुए बृस्पतिवार को कहा कि उन्हे जहां जाना है वहां जाएं कोई ऐतराज नही। पवन वर्मा को लिखे पत्र मे नीतीश से उनकी बातचीत की चर्चा है, जिसे सार्वजनिक किया गया है। नीतीश ने बृहस्पतिवार को यहां पत्रकारो से बातचीत के दौरान पवन वर्मा से संबंधित सवालो का जवाब देते हुए कहा ए उनका वक्तव्य है, पार्टी का वक्तव्य नहीं है। वे विद्वान व्यक्ति है। मै उनकी इज्जत करता हूं, भले ही वह हम लोगो की इज्जत न करे। ये उनका अपना निर्णय है, जहां जाना है वहां जाएं हमे इसपर कोई ऐतराज नही है। जदयू को समझने की कोशिश करे। कुछ लोगो के बयान से जदयू को मत देखिए। उन्होने कहा, जदयू बहुत ही दृढ़ता के साथ अपना काम करती है और कुछ चीजो पर हमारा रुख बहुत ही साफ होता है। वर्मा ने नीतीश को लिखे दो पृष्ठो के अपने पत्र को ट्विटर पर साझा करते हुए मंगलवार को कहा कि उक्त पत्र के माध्यम से उन्होने पूछा है कि विभाजनकारी सीएए-एनपीआर-एनआरसी के खिलाफ बड़े पैमाने पर राष्ट्रव्यापी आक्रोश के बावजूद जदयू ने दिल्ली चुनाव के लिए भाजपा के साथ कैसे गठबंधन किया।

विरोध-प्रदर्शनों को प्रणव का समर्थन

- सीएए-एनआरसी का जिक्र किए बिना बोले पूर्व राष्ट्रपति-शांतिपूर्ण आंदोलन फिर से भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को बनाएंगे मजबूत
- महत्वपूर्ण मुद्दों पर उभरे युवाओ के स्वरों का हवाला देते मुखर्जी ने कहा-संविधान में इनकी आस्था दिल को छूने वाली बात
- पहले भी मोदी सरकार के कथित विवादित एजेंडे पर टिप्पणी करने वाले पूर्व राष्ट्रपति ने कहा-सहमति व असहमति लोकतंत्र के मूल तत्व हैं

नई दिल्ली में गुरुवार को एक कार्यक्रम में बोलते पूर्व राष्ट्रपति प्रणब मुखर्जी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

देश भर में चल रहे धरना प्रदर्शनों का समर्थन करते पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने कहा कि आम तौर पर शांतिपूर्ण रहे आंदोलनों की मौजूदा लहर जिसने पूरे देश को लपेट लिया है, एक बार फिर भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा व मजबूत बनाने में मददगार बनेगी। महत्वपूर्ण मुद्दों पर उभरे युवाओं के स्वरों का हवाला देते पूर्व राष्ट्रपति ने कहा कि सहमति और असहमति लोकतंत्र के मूल तत्व हैं।

गुरुवार को प्रवासी भारतीय केंद्र में पहले सुकुमार सेन स्मृति व्याख्यान माला को संबोधित करते मुखर्जी ने कहा कि भारतीय लोकतंत्र समय की कसौटी पर हर बार खरा उतरा है। पिछले कुछ महीनों के दौरान विभिन्न मसलों पर लोग सड़कों पर उतरे। खासकर युवाओं ने इन महत्वपूर्ण मुद्दों पर अपनी आवाज़ को मुखर किया। संविधान में इनकी आस्था दिल को छूने वाली बात है। स्मृति व्याख्यान माला का आयोजन निर्वाचन आयोग की ओर से किया गया। पूर्व राष्ट्रपति ने देश में जारी आंदोलनों से जुड़े किसी मुद्दे का नाम लिए बिना कहा कि आम राय लोकतंत्र की जीवन रेखा है। लोकतंत्र में सबकी बात सुनने, विचार व्यक्त करने, विमर्श करने, तर्क वितर्क करने और यहां तक कि असहमति जताने का खास स्थान है। मुखर्जी के अनुसार, उनका मानना है कि देश में शांतिपूर्ण आंदोलनों की मौजूदा लहर एक बार फिर भारतीय लोकतंत्र की जड़ों को और गहरा बनाएगी। देश में लोकतंत्र के मजबूत आधार का श्रेय चुनाव की सर्वोच्च मान्यता को देते पूर्व राष्ट्रपति बोले कि उनका विश्वास है कि भारत में चुनाव और चुनाव प्रक्रिया को पवित्र एवं सर्वोपरि बनाए रखने के कारण ही लोकतंत्र की जड़ें मजबूत हुई हैं। यह सब निर्वाचन आयोग की संस्थागत कार्ययोजना के बिना संभव नहीं हो पाता। उन्होंने चुनाव आचार संहिता के महत्व को बरकरार रखने की जरूरत पर भी बल दिया और कहा कि स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव के लिए संहिता का निष्ठापूर्वक पालन आवश्यक है।

प्रणव मुखर्जी के मुताबिक, आजादी के बाद से ही निर्वाचन प्रक्रिया को सुदृढ़ बनाने के लिए आयोग द्वारा किए गए कारगर उपायों ने भारत की निर्वाचन प्रणाली को न सिर्फ विश्वसनीय बनाया बल्कि पूरी दुनिया में इसकी साख स्थापित की है। यह पहला मौका नहीं है जब मुखर्जी ने सरकार के विपरीत बात कही हो। हालांकि उन्होंने अपने संबोधन में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का नाम लेकर उल्लेख नहीं किया लेकिन, भारत के संविधान में युवाओं की आस्था रखने की उनकी बात को विवादित सीएए पर जारी विरोध प्रदर्शनों की पृष्ठभूमि में प्रासंगिक माना जा रहा है। वह भी तब जब कई स्थानों पर प्रदर्शनकारी खासकर आंदोलनरत युवा संविधान की प्रस्तावना पढ़कर सुर्खियां बटोर रहे हैं। मोदी सरकार को अपने दूसरे कार्यकाल में सीएए, एनआरसी, एनपीआर, धारा 370 के कुछ प्रावधानों को समाप्त करना, तीन तलाक, जेएनयू, जामिया समेत कई मुद्दों पर आम लोगों व छात्रों के विरोध प्रदर्शन का सामना करना पड़ रहा है। प्रणव मुखर्जी की बेटी शर्मिष्ठा मुखर्जी ने भी सीएए पर जारी विरोध प्रदर्शन का समर्थन किया था जिसके लिए उन्हें हिरासत में लिया गया था।

पूर्व राष्ट्रपति मुखर्जी ने दो साल पहले नागपुर स्थित आरएसएस मुख्यालय का दौरा कर बड़े विवाद को हवा दी थी। तब खुद उनकी पार्टी कांग्रेस ने केंद्र में सत्तारूढ़ भाजपा संग नजदीकी बढ़ाने के लिए उन्हें भला बुरा कहा था। लेकिन इसके बाद मुखर्जी ने मोदी सरकार के कथित विवादित एजेंडे के खिलाफ आवाज मुखर करने का कोई मौका नहीं छोड़ा। पिछले साल 19 दिसंबर को इंजिया फाउंडेशन में दूसरे अटल बिहारी वाजपेयी स्मृति व्याख्यान को संबोधित करते प्रणव मुखर्जी ने सीएए पर जारी देशव्यापी विरोध प्रदर्शनों के संदर्भ में बहुमत वाली सरकार के प्रति आगाह किया था।

उन्होंने कहा था कि चुनाव में मिला आंकड़ों का बहुमत किसी राजनीतिक दल को केवल स्थायी सरकार बनाने का अधिकार देता है। सामान्य बहुमत की कमी उसे बहुमत वाली सरकार बनाने (शेष पेज 10)

पहली को फांसी की तैयारी में तिहाड़, दोषियों का नई याचिका का प्लान

निर्भया मामला

- पवन व अक्षय के पास अभी क्यूरिटिव व दया याचिका का मौका: वकील
- अंतिम मुलाकात, संपत्ति या वसीयत के बारे में अभी कुछ नहीं बता रहे

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

निर्भया के दोषियों को फांसी पर लटकाने के लिए तय की गई एक फरवरी की तारीख में अभी नौ दिन बचे हैं, लेकिन चारों दोषियों ने तिहाड़ जेल के अधिकारियों को अभी तक यह सूचना नहीं दी है कि वे आखिरी बार अपने परिवार से कब मिलना चाहते हैं और अपनी संपत्ति या वसीयत किसके नाम करना चाहते हैं। उन्होंने यह भी नहीं बताया कि जो पैसा उन्होंने जेल में रहते हुए कमाया, वह किसे देना चाहते हैं।

चारों दोषियों-विनय शर्मा, अक्षय कुमार सिंह, मुकेश कुमार सिंह और पवन गुप्ता को जेल नंबर तीन में एक फरवरी को सुबह छह बजे फांसी दी जानी है। चारों दोषी जेल नंबर तीन की अलग-अलग काल कोठरियों में बंद हैं। जेल अधिकारी फांसी देने की तैयारी में जुटे हैं। तिहाड़ जेल अधिकारियों ने मेरठ के पवन जल्लाद को फांसी दिलाने के लिए तय कर लिया है। पवन को प्रत्येक फांसी के लिए 15,000 रुपये दिए जाएंगे।

इस बीच, दोषियों के वकील एपी सिंह ने पायनियर को बताया कि उनके पास अभी चार में से दो दोषी पवन गुप्ता और अक्षय की ओर से सुप्रीम कोर्ट में क्यूरेटिव पिटिशन दाखिल करने का विकल्प मौजूद है। जब वह यह याचिका दाखिल कर देंगे तो जब तक इस पर फैसला नहीं हो जाता तब उन्हें फांसी पर नहीं लटकाया जा सकता। अधिवक्ता एपी सिंह ने यह भी कहा कि क्यूरेटिव पिटिशन पर फैसले के बाद दोनों ही दोषियों के पास राष्ट्रपति के पास दया याचिका दाखिल करने का अवसर भी होगा। वकीलों की ओर से दोषियों को बार-बार कानून के झोल का फायदा दिलाने का प्रयास तब हो रहा है जब बीते बुधवार को ही सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर कर गृह मंत्रालय ने कहा कि वीभत्स कृत्य के दोषी न्यायिक प्रक्रिया का अनावश्यक लाभ उठाने की कोशिश कर रहे हैं। मंत्रालय ने मांग की (शेष पेज 10)

चीन ने कोरोना प्रभावित तीन शहरों को किया बंद, दो करोड़ लोग कैद

- वुहान और हुआनगैंग में विमानों-ट्रेनों की आवाजाही रोकी, लोगों से घरों में रहने को कहा

एपी। बीजिंग

चीन ने कोरोना वायरस के प्रसार को रोकने के लिए अभूतपूर्व कदम उठाते हुए बृहस्पतिवार को तीन शहरों को सील कर दिया। अब इन तीनों शहरों में लोगों की बाहर से आने जाने पर रोक लगा दी गई है। वुहान में सीफूड और पशु बाजार से फैले श्वसन संबंधी इस विषाणु के संक्रमण से अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है और देश भर में सैकड़ों लोग इससे संक्रमित हैं।

चीनी नववर्ष के पहले सड़कों पर भीड़भाड़ बढ़ने के मद्देनजर गाड़ियों, ट्रेनों, विमानों समेत आवागमन के विभिन्न माध्यमों को रोक दिया गया है। इन शहरों में तकरीबन दो करोड़ लोग रहते हैं। देश में सबसे ज्यादा

चीन में संदिग्ध मरीजों की जांच करते डॉक्टर

प्रभावित वुहान के रेलवे स्टेशन पर पुलिस, स्वात टीम और अर्द्धसैन्य कर्मियों को तैनात किया गया है। सुबह में अवरोधक लगाकर प्रवेश को बंद कर दिया गया। सड़कों, शॉपिंग मॉल, रेस्तरां और अन्य स्थानों पर आम तौर पर भीड़ रहती है लेकिन 1.1 करोड़ आबादी वाले इस शहर में बिल्कुल सन्नाटा पसरा है। सारे सार्वजनिक स्थानों को बंद कर दिया गया है। पास के हुगांग और एझाओ में भी यही स्थिति है। (शेष पेज 10)

सऊदी में केरल की नर्स कोरोना पीड़ित, राज्य ने मदद को कहा

तिरूवनंतपुरम। सऊदी अरब में कार्यरत केरल की रहने वाली एक नर्स को कोरोनावायरस से संक्रमित पाए जाने की खबर मिलने के बाद केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन ने विदेश मंत्री एस. जयशंकर को अरब देश से बात कर मामले में संज्ञान लेने और उचित इलाज मुहैया कराने के बारे में पत्र लिखा है। बृहस्पतिवार को मिली मीडिया रिपोर्टों के अनुसार सऊदी अरब के अल हयात अस्पताल में कार्यरत केरल के कोट्टायम जिले के एट्टुमन्नूर की एक नर्स जानलेवा कोरोनावायरस से संक्रमित पाई गई है। चीन में इस विषाणु ने 17 लोगों की जान ले ली है। मीडिया की रिपोर्टों के अनुसार राज्य से संबंध रखने वाली कम से कम 30 नर्सों को भी अस्पताल में अलग-थलग रखा गया था। उन्होंने इस विषाणु से पीड़ित एक फिलीपिनी नर्स की देखभाल की थी।

कश्मीर पर पाक का पैंतरा, भारत बोला-दुनिया को बरगलाना रोके

- विदेश मंत्रालय की दो टूक- किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं, रिश्तों को सामान्य करना पाक की जिम्मेदारी

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

भारत ने बृहस्पतिवार को एक बार फिर स्पष्ट किया कि कश्मीर मामले पर किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है और अगर पाकिस्तान वास्तव में भारत के साथ सामान्य संबंधों के प्रति गंभीर है तो उपयुक्त माहौल बनाने की जिम्मेदारी उसकी (पाकिस्तान) है।

विदेश मंत्रालय ने कहा कि पाकिस्तान को यह समझने की जरूरत है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के संबंध में विश्व समुदाय उसके दोहरे मानदंड को समझ गया है। पाकिस्तान को अपनी धरती से परिचालित आतंकी समूहों पर विश्वसनीय, ठोस और पुष्टि किए जाने योग्य कार्वाई करने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने संवाददाताओं से कहा, कश्मीर मामले पर हमारा रुख स्पष्ट और स्थिर है। कश्मीर मामले पर किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता से भारत एवं पाकिस्तान के बीच विवाद सुलझाने में मदद को लेकर अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के बयान के बारे में सवाल पूछा गया था। उन्होंने कहा कि कश्मीर पर हमारा रुख स्पष्ट और स्थिर है, इसमें किसी तीसरे पक्ष की कोई भूमिका नहीं है। और अगर कोई द्विपक्षीय मामला आता है तब दोनों देशों को द्विपक्षीय ढंग से सुलझाया जाना चाहिए जो शिमला समझौता और लाहौर घोषणापत्र की तहत हो। कुमार ने कहा, वार्ता के लिए उपयुक्त माहौल तैयार करना पाकिस्तान का दायित्व है जो आतंकवाद, शत्रुता और हिंसा से मुक्त हो। उन्होंने कहा कि तभी दोनों देशों के बीच कोई अर्थपूर्ण बातचीत हो सकती (शेष पेज 10)

गंगा में निवेश की संभावनाओं को तलाशेगी योगी सरकार

- गंगा यात्रा के रथ को मुख्यमंत्री ने झंडी दिखाकर रवाना किया

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने गंगा यात्रा रथ को रवाना करते हुये कहा कि गंगा हमारी आस्था और अर्थ व्यवस्था का अहम हिस्सा है। इसे आगे बढ़ाने के लिये राज्य सरकार गंगा यात्रा शुरू कर रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ गुरुवार को अपने आवास से 27 से 31 जनवरी तक निकलने वाली गंगा यात्रा के रथ को हरी झंडी दिखाने और थीम सॉन्ग लॉन्च करने के बाद समारोह को सम्बोधित कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश देश का पहला राज्य है जहां गंगा यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। वहीं गंगा नदी को राज्य की अर्थ व्यवस्था को मजबूत आधार बनाने के लिये योगी सरकार ने बड़ा प्लान तैयार किया है। सरकार की योजना है कि नदी के तटबंधों पर पर्यटन, आर्गेनिक खेती, ओपन जिम, वाटर स्पोर्टस तथा क्रीड़ास्थलों को विकसित करके आस्था की इस नदी को राज्य की अर्थ व्यवस्था से सीधे जोड़ दिया जाये। इसे जमीन पर उतारने के लिये सरकार देशी-विदेश निवेशकों की मदद लेगी। योगी (शेष पेज 10)

गंगा यात्रा रथ को रवाना करते उप्र के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ

चंबल नदी में पानी के लिए पाइप लाइन बिछाने के प्रस्ताव पर रोक

अर्चना ज्योति। नई दिल्ली

केंद्र ने चंबल नदी में अंतर्ग्रहण कुओं और ताजे पानी की पाइप सप्लाई बिछाने के मध्य प्रदेश सरकार के प्रस्ताव को रोक दिया है। केंद्र का कहना है कि क्षेत्र में पाए जाने वाले मगरमच्छ, घड़ियाल, कछुए और डॉल्फिन जैसे दुर्लभ जीवों को खतरा है। नदी की पारिस्थिकी और वन्यजीवों को नुकसान पहुंचने की आशंका के मद्देनजर राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन ने इस प्रोजेक्ट को मंजूरी नहीं दी थी लेकिन प्रदेश के वन्य जीव बोर्ड ने इसे हरी झंडी दे दी थी।

हाल की बैठक में वन्यजीव राष्ट्रीय बोर्ड (एससी-एनबीडब्ल्यूएल) की स्थायी समिति ने पाया कि प्रस्ताव के तहत चंबल नदी में कुओं और पीने के पानी की पाइपलाइन बिछाने के लिए राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण से 1.267 हेक्टरेयर का डाइवर्जन चाहिए था। इन पाइप लाइनों को शिवपुर जिले के लोगों को पीने का पानी उपलब्ध कराने के लिए बिछाया जाना था।

सदस्यों ने यह भी पाया कि राज्य के मुख्य वन्यजीव वार्डन ने प्रस्ताव को इस आधार पर मंजूरी नहीं दी थी कि अंतर्ग्रहण कुओं का निर्माण उन स्थानों के पास था जहां मगरमच्छ, घड़ियाल, कछुओं और डॉल्फिनों का प्राकृतिक आवास है। एनबीडब्ल्यू ने कहा कि चंबल नदी से पानी लेने का लंबे समय में वन्यजीवों पर विपरीत प्रभाव पड़ेगा। वर्ष 2011 में एस-एनबीडब्ल्यूएल ने कहा था कि चंबल नदी से पानी निकालने संबंधी किसी भी नए प्रोजेक्ट पर विचार नहीं किया जाएगा क्योंकि नदी में पहले से ही पानी प्रवाह कम हो रहा है। राष्ट्रीय चंबल अभ्यारण्य, शिवपुर के अधीक्षक के नेतृत्व में एक टीम ने चार जुलाई 2019 (शेष पेज 10)

आप ने खोला काम की चाय का स्टॉल गुजरात से बुलाया एमबीए चायवाला

- शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और स्पेशल चाय बेचकर गिना रहे सरकार की उपलब्धियां

संजय राय। नई दिल्ली

भाजपा की चार्य पर चर्चा के जवाब में आम आदमी पार्टी ने काम की चाय की दुकान खोली है। पार्टी मुख्यालय में लगाए गए स्टॉल पर चार तरह की चाय का जायका लिया जा सकता है। सत्ताधारी पार्टी ने अपनी चुनावी रणनीति के तहत इन्हें शिक्षा, स्वास्थ्य, विकास और स्पेशल चाय जैसे नाम दिए हैं। मकसद साफ है ठंडे मौसम में गरमा गरम चाय की चुश्कियां लेते लोगों से केजरीवाल सरकार के इन क्षेत्रों में किए गए काम का बखान करना। काम की चाय का स्टॉल

लगाने के लिए गुजरात (अहमदाबाद) से एमबीए जाय वाले को बुलाया गया है।

आप का यह उपाय कारगर होता दिख रहा है क्योंकि पहले ही दिन दो सौ से तीन सौ लोगों ने काम की चाय का लुफ्त उठाया। दिल्ली चुनाव प्रभारी एवं राज्यसभा सदस्य संजय सिंह ने स्टाल का उद्घाटन किया। मूलरूप से अहमदाबाद निवासी प्रफुल्ल बिल्लोर एमबीए चाय वाला के नाम से मशहूर हैं। उन्होंने एमबीए की पढ़ाई पूरी करने के बाद गत चार वर्ष पूर्व चाय बेचना शुरू किया। कुछ दिनों में अहमदाबाद में उनकी चाय काफी लोकप्रिय हो गई। उन्होंने खुद मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल से संपर्क साध करके काम की चाय स्टाल लगाकर आम आदमी पार्टी सरकार के विकास कार्यों के प्रचार प्रसार की इच्छा जताई थी। उनहा यह आइडिया पार्टी नेताओं को भा गया। इसके लिए मंजूरी दी।

आम आदमी पार्टी मुख्यालय में एमबीए चायवाला स्टाल में एक बैनर लगा है। इस बैनर पर सरकार के कामकाज उपलब्धियों को चार तरह की चाय का नाम दिया है। पहला, शिक्षा वाली चाय। इसमें उन्होंने सरकारी स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था सुधारने के लिए सरकार द्वारा के किए गए कार्यों को (शेष पेज 10)

एक्सप्रेसवे पर उतरा छोटा विमान तमाशाइयों की भीड़ से लगा जाम

- दोनो पायलट सुरक्षित, लोगों ने ली सेल्फी

विभू मिश्रा। गाजियाबाद

देश के सबसे हाईटेक एक्सप्रेसवे में शुमार ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर गुरुवार दोपहर करीब दो बजे एक एनसीसी के टू सीटर छोटे विमान ने इंजन में खराबी आने के कारण आपात लैंडिंग की। घटना की जानकारी मिलते ही मौके पर भारी भीड़ जुट गई। इस दौरान मदद के लिए हिंडन एयरफोर्स बेस से एक हेलीकॉप्टर भेजा गया।

लेकिन भीड़ के कारण हेलीकॉप्टर को खेत में उतारना पड़ा। हालांकि चार्टर्ड प्लेन के दोनों पायलटों को सुरक्षित निकाल लिया गया। इस दौरान पुलिस और प्रशासन के अधिकारी भी मौके पर पहुंचे। वहीं चार्टर्ड प्लेन को देखकर कई

ईस्टर्न पेरिफेरल एक्सप्रेसवे पर चार्टर्ड प्लेन ने क्रैश लैंडिंग की। जिसे देखने भीड़ जुट गयी

लोगों ने उसके साथ सेल्फी भी ली। नागरिक उड्डयन महानिदेशालय (डीजीसीए) के एक अधिकारी ने बताया कि इंजन फेल होने के बाद विमान ने दोपहर करीब दो बजे आपात लैंडिंग की। उन्होंने बताया कि पूर्वाह्न 11.16 बजे बरेली से हिंडन एयरबेस के लिए रवाना हुए विमान के बाएं पंख को इस घटना में कुछ नुकसान हुआ, लेकिन राजमार्ग पर यातायात की स्थिति सामान्य रही। उप-पुलिस अधीक्षक (सदर) अंशु जैन ने कहा कि (शेष पेज 10)

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी 2020

जेवर एयरपोर्ट को सेक्टर 142 से सीधे जोड़ेगी मेट्रो

नया डीपीआर तैयार करेगी एयरपोर्ट निर्माता कंपनी

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

मार्च में हो सकता है शिलान्यास

यमुना प्राधिकरण ने अपने स्तर पर जेवर एयरपोर्ट की डीपीआर तैयार कराई थी, लेकिन निर्माण का ठेका लेने वाली ज्यूरिख कंपनी अब अपनी तरफ से इसका डीपीआर तैयार करेगी। हालांकि ये पुराने डीपीआर का ही मिलाजुला स्वरूप होगा। मार्च तक यह डीपीआर तैयार होने की उम्मीद है। अगले सप्ताह इसके लिए ज्यूरिख की टीम ग्रेनो आ सकती है। डीपीआर तैयार होने के बाद ही यमुना प्राधिकरण से नक्शा पास हो सकेगा। अन्य औपचारिकताएं भी मार्च तक पूरी होने की उम्मीद है। मार्च में पीएम नरेंद्र मोदी इसका शिलान्यास कर सकते हैं। उसी समय जेवर एयरपोर्ट का भी शिलान्यास कराने की तैयारी की जा रही है।

जेवर एयरपोर्ट के लिए प्रस्तावित मेट्रो रूट को बदलने का फैसला लिया गया है। अब ये जेवर से सीधे एक्वा लाइन के सेक्टर 142 मेट्रो स्टेशन से जुड़ेगी। इससे पहले परी चौक, नॉलेज पार्क 2 मेट्रो स्टेशन से यह कनेक्ट होने वाली थी। एनएमआरसी ने बॉटैनिकल गार्डन तक एक्वा लाइन को जोड़ने की तैयारी की है। इसी वजह से जेवर एयरपोर्ट मेट्रो का रूट भी बदला गया है।

दिल्ली मेट्रो रेल कॉर्पोरेशन डीपीआर तैयार करेगा। जेवर से सेक्टर 142 तक 3 लेन के मेट्रो ट्रैक का निर्माण होगा। दो ट्रैक तो यमुना एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यीडा) की मेट्रो के लिए होंगे, जबकि तीसरे ट्रैक पर एक्सप्रेस मेट्रो चलेगी। एक्सप्रेस मेट्रो को डीएमआरसी की लाइन के जरिए शिवाजी पार्क होते हुए दिल्ली के इंदिरागांधी एयरपोर्ट से कनेक्ट किया जाएगा। पहले जेवर से नॉलेज पार्क 2 तक मेट्रो लाने की योजना थी जिसकी डीपीआर तैयार हो गई थी। उस डीपीआर के अनुसार नॉलेज पार्क 2 से जेवर में एयरपोर्ट तक मेट्रो का 35.64 किमी लंबा रूट था।

कांस्टेबल को युवक ने किया जख्मी

गाजियाबाद। शहीद नगर चौकी पर तैनात एक कॉस्टेबल को जांच पर जाने के दौरान एक युवक ने जानलेवा हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल के सिर में किसी धारदार हथियार के कई घाव आए हैं। थाना साहिबाबाद मे युवक के खिलाफ नामजद रिपोर्ट दर्ज कराई गई है।

शहीद नगर चौकी में तैनात कॉस्टेबल सत्यपाल सिंह बुधवार शाम गश्त पर थे। गश्त के दौरान वे एक युवक की जांच करने उसके घर चले गए। घर पर युवक के छोटे भाई ने समझा कि पुलिस उसे गिरफ्तार करने आई है और उसने कांस्टेबल पर किसी नुकीली चीज से हमला कर दिया। इस हमले में कांस्टेबल बुरी तरह से जख्मी हो गया। सीओ साहिबाबाद डॉ राकेश कुमार मिश्रा ने बताया कि सिपाही को गलतफहमी की वजह से सिर में किसी नुकीले हथियार से हमला हुआ है। इस मामले में पुलिस ने सरकारी काम में बाधा डालने, जानलेवा हमला करने की रिपोर्ट दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

प्रधानमंत्री के फैसलों से देश में नई ऊर्जा और उत्साह का संचार : नड्डा

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

आगरा जाते हुए यमुना एक्सप्रेसवे पर जेवर में पार्टी कार्यकर्ताओं का अभिवादन स्वीकार करते भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा।

भाजपा अध्यक्ष जेपी नड्डा ने बृहस्पतिवार को कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हित में अनेक फैसले लिए हैं और उनके इन फैसलों से देश में नई ऊर्जा और उत्साह पैदा हुआ है। नड्डा सड़क मार्ग से यमुना एक्सप्रेसवे होते हुए सीएए के समर्थन में आयोजित एक कार्यक्रम को संबोधित करते आगरा जा रहे थे।

नड्डा ने कहा कि पिछले 70 साल से देश को आगे बढ़ने से जो मुद्दे रोक रहे थे, उन पर प्रधानमंत्री ने दृढ़ इच्छाशक्ति एवं राजनीतिक दृढ़ता का परिचय देते हुए फैसले लिए हैं। भाजपा कार्यकर्ताओं ने नड्डा के लिए यहां एक स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया। इसी कार्यक्रम के दौरान भाजपा अध्यक्ष ने यह बात की। इस दौरान गौतमबुदनगर के सांसद डॉ. महेश शर्मा, सपा से भाजपा में शामिल हुए सुरेंद्र नागर, विधायक पंकज सिंह, पूर्व मंत्री नवाब सिंह नागर, कैप्टन विकास गुप्ता और उत्तर प्रदेश महिला आयोग की अध्यक्ष विमला बाथम समेत कई नेताओं ने उनका स्वागत किया।

इस मौके पर नड्डा ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश हित में कई फैसले लिए हैं। उन्होंने कहा कि इन फैसलों को लेने में पिछले 70 साल में पूर्व की सरकारों में ना तो इच्छा शक्ति थी और ना ही राजनीतिक दृढ़ता। नड्डा ने कहा कि विपक्ष संशोधित नागरिकता कानून को लेकर जनता में भ्रम फैला रहा है जिसे दूर करने के लिए भाजपा जगह-जगह रैली का आयोजन कर जनता को इसके बारे में जानकारी दे रही है।

जीडीए बोर्ड बैठक में कुल 13 प्रस्तावों पर लगी मुहर

गाजियाबाद। मेरठ मंडलायुक्त एवं जीडीए चेयरमैन अनीता सी मेश्राम की अध्यक्षता में बृहस्पतिवार को प्राधिकरण की 155वीं बोर्ड बैठक आयोजित की गई। बैठक में 20 प्रस्ताव रखे गए थे जिसमें से 13 प्रस्तावों को बोर्ड से हरी झंडी मिली।

जीडीए उपाध्यक्ष कंचन वर्मा के आदेश पर बोर्ड बैठक का एजेंडा पेश किया गया। हालांकि अतिरिक्त प्रस्ताव भी बोर्ड बैठक में रखे गए थे। इसमें मुख्य रूप से नेहरूनगर के गोदाम की जमीन का भू-उपयोग परिवर्तित करने, आईजीएल को सीएनजी पंप के लिए अनुमति, इंदिरापुरम के शक्तिखंड-4 में आंशिक संशोधन, आवासीय भूखंडों में बहु आवासीय इकाईयों के निर्माण, हाईटेक-इंटीग्रेटिड सिटी की प्रगति, आवंटित संपत्तियों की किश्तों की अवधि बढ़ाने, मधुबन-बापूधाम योजना में 11,800 रुपए प्रतिवर्गमीटर बढ़ाने के प्रस्ताव शामिल रहे।

निचले पायदान से हुई पुलिस में सुधार की शुरूआत

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

अपर पुलिस आयुक्त ने चौकी प्रभारियों के साथ की बैठक

कमिश्नरी प्रणाली में जिले की सुरक्षा व्यवस्था को चाकचौबंद करने के लिए सबसे निचले पायदान से प्रयास शुरु कर दिया गया है। इसके तहत अपर पुलिस आयुक्त अखिलेश कुमार ने बृहस्पतिवार को नोएडा सेंट्रल एवं ग्रेटर नोएडा जोन के सभी चौकी प्रभारियों के साथ सूरजपुर स्थित ऑफिस में बैठक कर उन्हें आचरण एवं कर्तव्यों का पाठ पढ़ाया। इस दौरान कई महत्वपूर्ण दिशा निर्देश दिए गए।

अपर पुलिस आयुक्त ने कहा कि सुरक्षा व्यवस्था में सुधार तभी होगा, जब पुलिस पुलिसकर्मियों की क्षेत्र में मौजूदगी रहेगी। क्षेत्र में रहने के लिए लोगों से मेलजोल बढ़ाने के साथ उनके बारे में जानकारी रखनी पड़ेगी। अपर पुलिस आयुक्त ने इस बात पर भी जोर दिया कि लोगों की हारी बीमारी में भी जाना पड़ेगा, तभी पुलिस के प्रति विश्वास व तालमेल बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि चौकी में जो भी पीड़ित व्यक्ति आए,उसके साथ अच्छा व्यवहार किया जाए।

पालिकाकर्मियों से मारपीट करने वाले दो आरोपी गिरफ्तार

गाजियाबाद। लोनी बॉर्डर पुलिस ने नगर पालिका के कर्मचारियों के साथ हुई मारपीट मामले में दो हमलावर को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार हमलावर से घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल बरामद की गई है। वहीं, तीन आरोपी अभी पुलिस की गिरफ्त से बाहर हैं।

थाना प्रभारी शैलेंद्र प्रताप सिंह ने बताया की 16 जनवरी को क्षेत्र के बलराम नगर में स्थित नगर पालिका के कैंप कार्यालय पर कुछ लोगों ने पालिका के अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता के प्राइवेट कर्मचारी महेंद्र गुप्ता एवं सूरज के साथ मारपीट की थी। जिसकी शिकायत पीड़ितों ने थाना लोनी बॉर्डर में दी थी।

लोनी नगर पालिकाकर्मियों से मारपीट करने के आरोप में गिरफ्तार दोनों युवक।

संदिग्ध हालत में चली गोली से पार्षद के सुरक्षा गार्ड की मौत

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

मृतक धनसु

कविनगर थाना क्षेत्र में बुधवार देर रात संदिग्ध परिस्थितियों में सरकारी गनर की कार्बाइन से गोली चलने से एक निजी सुरक्षा की गार्ड की मौत का मामला प्रकाश में आया है। घटना के बाद एसएसपी व एसपी सिटी सहित तमाम अधिकारी मौके पर पहुंचे।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने बताया कि बम्हैटा गांव के सपा पार्षद बेदू पहलवान उर्फ बेदपाल को रंजिश के चलते सुरक्षा गार्ड पुलिस प्रशासन की तरफ से मुहैया कराया गया है। उन्होंने बताया कि एक कमरे में सरकारी सुरक्षा कर्मी अजय कुमार, निजी सुरक्षाकर्मी पंकज उर्फ धनसु व बाउंसर अनिल कुछ लोगों के साथ मौजूद थे, इस दौरान अज्ञात कारणों से सरकारी गनर अजय की कार्बाइन से गोली चल गई, जो निजी सुरक्षा गार्ड पंकज उर्फ धनसु निवासी बुलंदशहर को लगी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने घायल पंकज को अस्पताल में भर्ती कराया जहां चिकित्सकों ने इलाज के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया।

सुनवाई नहीं करने वाले दो सीओ व तीन एसएचओ को नोटिस

गाजियाबाद। जनता की सुनवाई नहीं करना दो सीओ और तीन थानेदारों को भारी पड़ गया। एसएसपी कलानिधि नैथानी ने उनको कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इसमें उनसे पूछा गया है कि क्यों न उनके खिलाफ कार्रवाई की जाए। एसएसपी के ये तेवर देख बाकी पुलिसकर्मियों में खलबली मच गई है।

एसएसपी ने पारदर्शिता लाने के लिए कई प्रयोग किए हैं। साथ ही साइबर क्राइम को फौरन थाने में दर्ज करने और पीड़ित की तहरीर पर बिना देरी किए कार्रवाई करने को कहा था। बीट पुलिसिंग लागू होने के बाद सभी थानों की पुलिस को सड़क पर रहने के निर्देश दिए गए हैं।

संक्षिप्त समाचार

नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर पदयात्रा निकाले छात्र व छात्राएं।

बोस के जन्मदिवस पर निकाली पदयात्रा

गाजियाबाद। राजेंद्र नगर स्थित स्वामी विवेकानंद सरस्वती विद्या मंदिर के छात्र-छात्राओं ने आजाद हिंद फौज के संस्थापक नेताजी सुभाष चंद्र बोस के जन्मदिवस पर एक पदयात्रा निकाली। इसका उद्घाटन वैशाली महानगर प्रचारक वतन कुमार, प्रबंध समिति के उपाध्यक्ष कैलाश राघव, प्रबंधक राधेश्याम गुप्ता तथा प्रधानाचार्य विशोक कुमार ने हरी झंडी दिखाकर व पुष्प वर्षा कर किया। कार्यक्रम संयोजक एवं मीडिया प्रभारी श्याम अग्रवाल ने बताया कि पदयात्रा के दौरान मार्ग में सामाजिक संगठनों द्वारा नेताजी सुभाष चंद्र बोस के चित्र पर पुष्प वर्षा की गई तथा भारत माता की जय, तुम मुझे खून दो मैं तुम्हें आजादी दूंगा जैसे नारों का उद्घोष किया। पदयात्रा को सफल बनाने में विशाल सक्सैना, अजय कुमार, सीमा नागर, रुबी तोमर, गुलशन कुमार, नरेंद्र धोंडियाल, प्रदीप कौशिक, प्रदीप राघव तथा मनोज शर्मा सहित विद्यालय परिवार का योगदान रहा।

शराब तस्कर के बारे में जानकारी देते कोतवाली प्रभारी अवनीश गौतम।

शराब तस्कर समेत वांछित आरोपी गिरफ्तार

हापुड़। सिटी कोतवाली पुलिस ने चैकिंग के दौरान एक शराब तस्कर को दो पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। कोतवाली प्रभारी अवनीश गौतम ने बताया कि एसपी के निर्देशानुसार चलाए जा रहे चेकिंग अभियान के तहत वरिष्ठ उपनिरीक्षक जयपाल सिंह रावत व उप निरीक्षक सरवन गौतम ने चमरी फाटक के पास से एक शातिर किस्म के शराब तस्कर ताराचन्द उर्फ टेना निवासी चमरी को दो पेटी अवैध शराब के साथ गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि पकड़ा गया शराब तस्कर पहले भी कई बार तस्करी मामले में जेल जा चुका है। दूसरी ओर थाना प्रभारी उत्तम सिंह राठौड़ ने बताया कि गोवध निवारण अधिनियम में वांछित चल रहे अभियुक्त सिराज पुत्र कमन्न निवासी अजराड़ा जनपद मेरठ को गोहरा पेट्रोल पंप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

बिना टिकट यात्रा करने वालों को भेजा जेल

गाजियाबाद। लोनी के नोली रेलवे स्टेशन पर बृहस्पतिवार सुबह मजिस्ट्रेट चेकिंग अभियान के तहत बिना टिकट यात्रियों को चेक किया गया। करीब सात घंटे चली कार्रवाई से यात्रियों से लाखों रुपये का जुर्माना वसूला गया। जुर्माना न देने पर मजिस्ट्रेट ने पांच यात्रियों को जेल भेज दिया। अधिकारियों ने आगे भी कार्रवाई जारी रखने की बात कही है। सुबह सात बजे से लोनी स्टेशन पर मंडल वाणिज्य प्रबंधक (डीसीएम) महेश यादव, सहायक वाणिज्य प्रबंधक (एसीएम) अशोक कुमार, चीफ टिकट इंस्पेक्टर (सीटीआइ) सतीश चंद शर्मा के नेतृत्व में चेकिंग अभियान चलाया गया।

कमरे में बेहोशी की हालत में मिली महिला और चार बच्चे

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

उपचार के दौरान एक बच्चे की मौत

थाना साहिबाबाद क्षेत्र के अर्थला में घर में सो रहे चार बच्चे व महिला संदिग्ध परिस्थितियों में बेहोशी की हालत में मिले, जिन्हें परिजनों ने जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उपचार के दौरान एक बच्चे की मौत हो गई। वहीं परिवार के चार लोगों का उपचार चल रहा है।

सीओ साहिबाबाद राकेश मिश्रा ने बताया कि अर्थला में बलराम अपने परिवार के साथ रहते हैं। बीती रात रेलवे स्टेशन पर ये अपने बड़े भाई को छोड़ने गए थे। करीब चार-पांच घंटे बाद जब वह वापिस लौटे तो घर का नजारा देखकर उनके पैरों तले जमीन खिसक गई। उनका पूरा परिवार अचेत अवस्था में पड़ा हुआ था। जिस पर उन्होंने अन्य लोगों की मदद से परिवार के पांचों लोगों को दिल्ली के जीटीबी अस्पताल में भर्ती कराया, जहां इलाज के दौरान एक बच्चे अनमोल (6 वर्ष) की मौत हो गई।

लूट की झूठी सूचना दे पुलिस को छकाया

गाजियाबाद। लोनी कोतवाली क्षेत्र की अशोक विहार कॉलोनी में बुधवार रात लाखों रुपये लूटने का प्रयास करने की सूचना पर पुलिस विभाग में हड़कंप मच गया। जांच में मामला फर्जी निकलने पर पुलिस ने राहत की सांस ली। सूचना देने वाले युवक को पुलिस ने हिदायत देकर छोड़ दिया है।

कोतवाली प्रभारी निरीक्षक बिजेंद्र सिंह भड़ाना ने बताया कि रात करीब 12 बजे अशोक विहार कालोनी से एक व्यक्ति ने पुलिस कंट्रोल रूम पर सूचना देकर बताया कि कुछ बदमाश उससे लाखों रुपये लूटने की फिराक में हैं। उसने स्वयं को दुकान में बंद कर लिया है।

परिवार परामर्श केंद्रों को हाईटेक बनाने पर जोर

अब परंपरागत पत्र से नहीं बल्कि ई-मेल पर भेजे जाएंगे सम्मन

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

गाजियाबाद पुलिस अब पारिवारिक विवादों से संबंधित सभी मामलों का निस्तारण यूनीसेफ की तर्ज पर करेगी। इस संबंध में बहुत जल्द ही परिवार परामर्श केंद्रों का आधुनिकीकरण किया जाएगा। यह जानकारी वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक कलानिधि नैथानी ने दी।

महिला थानों में पारिवारिक विवादों की प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करने से पहले विवादों को प्रशासन द्वारा स्थापित परिवार परामर्श केंद्रों पर भेजा जाता है, ताकि आपसी रजामंदी से इनको निपटाया जा सके और परिवारों के विघटन ना हो। इसी कड़ी में परामर्श केंद्रों की प्रक्रिया को और अधिक सरल व दोनों परिवारों को सुलह के लिए एक मंच पर लाने के लिए यूनीसेफ द्वारा अपनाई गई प्रक्रियाओं को गाजियाबाद पुलिस ने पहली बार अपनाने का फैसला लिया है। बकौल एसएसपी यूनीसेफ की तर्ज पर एक फार्म बनाया गया है जिसमें मध्यस्थ के लिए दोनों पक्षों का विवरण भरा जाएगा, ताकि दोनों पक्षों से संपर्क करने में व मध्यस्थता कराने में किसी भी प्रकार की बाधा ना आए।

उन्होंने बताया कि दो पेज के इस फार्म में 13 महत्वपूर्ण बिंदूओं का समावेश किया गया है। इसके अलावा परिवार परामर्श केंद्रों को हाईटेक बनाने के लिए फोटो स्टेट मशीन, प्रिंटर व कंप्यूटर आदि से लैस किया जाएगा। नैथानी ने बताया कि इन विवादों से जुड़े लोगों को अब कागजी सम्मन के बजाय सीधे उन्हें ई मेल के जरिए बुलाया जाएगा।

स्पा सेंटर में छापा, मालिक व कई युवक-युवती पकड़े

गाजियाबाद। इंदिरापुरम थाना क्षेत्र के नीति खंड चौकी इलाके में बृहस्पतिवार दोपहर पुलिस ने छापा मारा। यहां जयपुरिया सनराइज प्लाजा के ग्रीन एसडी की तीन नंबर दुकान में कई युवक और युवतियों को आपत्तिजनक हालत में पकड़ा गया।

पुलिस ने बताया कि कार्रवाई में दुकान मालिक को भी गिरफ्तार किया गया है। मिली जानकारी के अनुसार पुलिस को यहां स्पा सेंटर की आड़ में हो रहे देह व्यापार की सूचना मिली थी। छापे के दौरान आसपास अफरातफरी जैसा माहौल बन गया।

वसूली मामले में आरोप लगाने वालों के बयान किए गए दर्ज

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

सेक्टर 39 थाना क्षेत्र की एक चौकी के इंचार्ज द्वारा रेहड़ी लगवाने के नाम पर प्रतिमाह तीन हजार रुपए वसूल करने की वायरल हो रही ऑडियो के मामले में बृहस्पतिवार को पुलिस उपायुक्त (प्रथम) संकल्प शर्मा ने आरोप लगाने वाले मुकेश गुप्ता तथा ऑडियो में जिस पप्पू नामक व्यक्ति का जिक्र किया जा रहा है, उसका बयान दर्ज किया। आरोप लगाने वाले मुकेश ने बताया कि उसने पुलिस वालों को कभी पैसे नहीं दिए। पप्पू ने भी बयान में कहा कि उसने किसी पुलिस वाले को पैसा नहीं दिया है।

इस मामले को गंभीरता से लेते हुए कमिश्नर आलोक सिंह ने जांच करवाई है। डीसीपी ने अपनी जांच सहायक पुलिस आयुक्त को सौंपी है। जांच में पता चला है कि अपने आप को पत्रकार कहने वाले एक व्यक्ति ने इस पूरी ऑडियो रिकॉर्डिंग को ऑर्गेनाइज किया है।

कम्प्यूटर हार्डवेयर शॉप में चोरी के बाद मौके पर जांच करती पुलिस।

सुभाष चंद्र बोस की जयंती मनाई

नोएडा। समाजवादी पार्टी द्वारा महान स्वतंत्रता सेनानी सुभाष चंद बोस की जयंती सेक्टर 31 निठारी में धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर सपा जिला प्रवक्ता राघवेंद्र दुबे ने सपा कार्यकर्ताओं के साथ सुभाष चंद बोस के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें याद किया। दुबे ने कहा कि आजाद हिंद फौज की स्थापना करने वाले नेता जी सुभाष चंद बोस के जन्म 23 जनवरी 1897 को उड़ीसा के कटक में हुआ था। अंग्रेजों की जुल्म ज्यादती देखकर उनके मन में बचपन से ही इसके खिलाफ गुस्सा था।

राष्ट्रीय बालिका दिवस आज

लिंगानुपात के प्रति लोगों को करेंगे जागरूक

पायनियर समाचार सेवा। नोएडा

जनपद में आज राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाएगा, इस दिन को मनाने का मकसद लिंगानुपात को सुधारने की दिशा में प्रयास करना है। इसके साथ ही पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम के बारे में लोगों में जागरूकता पैदा करना है।

राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन उप्र के मिशन निदेशक विजय विश्वास पंत के पत्र का हवाला देते हुए मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा अनुराग भार्गव ने बताया हर वर्ष 24 जनवरी को राष्ट्रीय बालिका दिवस मनाया जाता है। इस अवसर पर जनपद स्तरीय रैली एवं गोष्ठी का आयोजन किया जाएगा। गोष्ठी में आशा, एएनएम, आंगनबाड़ी एवं डिग्री कालेजों के विद्यार्थियों व जनपद में कार्यरत स्वयंसेवी संस्थाओं के कार्यकर्ता प्रतिभाग करेंगे। रैली का समापन गोष्ठी के रूप में किया जाएगा। मिशन निदेशक के निर्देशानुसार यह कार्याशाला जनपद स्तर पर जिलाधिकारी की अध्यक्षता में आयोजित की जाएगी।

इसमें जिला, ब्लाक स्तरीय अधिकारियों, सीडीओ, बीडीओ, बीएसए, पीओ, महिला एवं बाल विकास, सरकारी स्कूलों के प्रधानाध्यापक, अल्ट्रासोनोलॉजिस्ट एवं जिले में पदस्थ महिला विशेषज्ञ तथा सहयोगी संस्था टीएसयू, यूनीसेफ के प्रतिनिधि प्रतिभाग करेंगे। लिंगानुपात के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए हैंडबिल्स बांटे जाएंगे।

क्या है पीसीपीएनडीटी एक्ट

पूर्व गर्भाधान और प्रसव पूर्व निदान तकनीक अधिनियम, 1994 भारत में कन्या भ्रूण हत्या और गिरते लिंगानुपात को रोकने के लिए एक संघीय कानून है। इस अधिनियम से प्रसव पूर्व लिंग निर्धारण पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। ऐसे में अल्ट्रासाउंड या अल्ट्रासोनोग्राफ ी कराने वाले जोड़े या करने वाले डाक्टर, लैब कर्मी को तीन से पांच साल सजा और 10 से 50 हजार जुर्माने की सजा का प्रावधान है। प्रदेश सरकार ने कन्या भ्रूण हत्या रोकने के लिए मुखबिर योजना भी चलायी है।

कंप्यूटर हार्डवेयर की दुकान से लाखों का माल ले उड़े चोर

पायनियर समाचार सेवा। गाजियाबाद

वारदात को संदिग्ध मान रही पुलिस

कविनगर थाना क्षेत्र में आरडीसी स्थित दुर्गा टॉवर में एक दुकान में चोरों ने सेंध लगाकर करीब 40 से 50 लाख के माल पर हाथ साफ कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की। वहीं, पुलिस मामले को संदिग्ध मान रही है।

मिली जानकारी के अनुसार कविनगर थाना क्षेत्र में आरडीसी स्थित दुर्गा टॉवर में अग्रवाल एंड संस नाम से दीप उर्फ सुधीर अग्रवाल की कंप्यूटर हार्डवेयर की दुकान है। बीती रात सुधीर अग्रवाल दुकान बंदकर घर चले गए थे। बृहस्पतिवार सुबह पड़ोसियों ने उन्हें फोन कर सूचना दी कि उनकी दुकान में चोरों ने हाथ साफ कर दिया है। मौके पर पहुंचे सुधीर अग्रवाल ने तुरंत पुलिस को इसकी सूचना दी।

मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पीड़ित ने बताया कि चोरों ने पहले जाल काटा फिर दरवाजे के ताले तोड़कर चोरी की वारदात को अंजाम दिया है। उन्होंने बताया कि दुकान से करीब 40-50 लाख का माल चोरी हुआ है। वहीं पुलिस मामले को संदिग्ध मानकर चल रही है। बताया जा रहा है कि सुधीर अग्रवाल की दुकान में चोरी की यह तीसरी घटना है।

गिरोहबंद अपराधियों से निपटने को ब्लू प्रिंट तैयार

गाजियाबाद। क्राइम ब्रांच टीम ने जनपद में सक्रिय 50 हार्डकोर अपराधियों व उनके गिरोहों के सफाए के लिए ब्लू प्रिंट तैयार कर लिया है। बृहस्पतिवार को पुलिस लाइन में आयोजित क्राइम ब्रांच की टीम, स्वाट टीम व विभिन्न थानों की एसओजी टीम की संयुक्त बैठक में इस ब्लू प्रिंट को बैठक में पेश किया गया और रणनीति तैयार की गई।

खासबात यह है कि सभी 50 हार्डकोर अपराधियों का पूरा इतिहास तैयार करने के लिए उनके डोजियर तैयार किए गए। पिछले 15 दिनों में इन अपराधियों ने कौन-कौन से अपराधों को अंजाम दिया, इसका भी खाका इस बैठक में पेश किया गया। साथ ही ऐसे अपराधियों को कैसे पकड़ा जाए इस रणनीति पर भी विचार विमर्श किया गया।

सीएमवाईके प्रिंटेक लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक चन्दन मित्रा द्वारा नं. 6, गुलाब भवन के पीछे, बहादुर शाह ज़फर मार्ग, नई दिल्ली-110002, दूरभाष: 011-40110455 से प्रकाशित तथा बीएफएल इन्फोटेक लिमिटेड सी-9 सेक्टर-3, नोएडा-201301 (उ.प्र.) से मुद्रित। सम्पादक: चन्दन मित्रा, स्थानीय सम्पादक: उषा श्रीवास्तव। पाठकों को सुझाव दिया जाता है कि इस अखबार के किसी भी विज्ञापन पर प्रतिक्रिया करने से पहले पूरी तरह उसके बारे में दिए गए दावों, शर्तों और तथ्यों की जांच कर लें। पायनियर ग्रुप के मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक या उसका कोई भी कर्मचारी विज्ञापनदाता द्वारा उनके किसी उत्पाद तथा सेवा हेतु किए गए किसी दावे की सच्चाई का आश्वासन या उत्तरदायित्व नहीं लेता है। ऐसे विज्ञापनों के बाद किसी आर्थिक क्षति के लिए वे जिम्मेदार भी नहीं हैं। पत्रवार्ता ऑफिस- एफ-31, सेक्टर 6, नोएडा, गौतमबुद्धनगर-201301, उत्तर प्रदेश, दूरभाष- 120-4879800-4879900।

गणतंत्र दिवस की फुल ड्रेस रिहर्सल

जवानों की जाबांजी-राज्यों की झांकी-सुरों की झंकार

विजय चौक पर गणतंत्र दिवस के लिए गुरुवार को हुई रिहर्सल परेड के दौरान भारतीय जवान। परेड लाल किले पर जाकर खत्म हुई।

● धौला कुआं, भीकाजी कामा, आईटीओ, प्रगति मैदान पर फंसी रहीं सैकड़ों गाड़ियां

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

गणतंत्र दिवस परेड की फुल ड्रेस रिहर्सल के मद्देनजर कई सड़कें बंद रहने के कारण बृहस्पतिवार को लुटियंस दिल्ली में भारी जाम लग गया। धौला कुआं, भीकाजी कामा पैलेस, आईटीओ और प्रगति मैदान के पास घंटों गाड़ियां फंसी रहीं। इस कारण हजारों लोगों को अपने-अपने गंतव्यों तक जाने में दिक्कत हुई।

पुलिस के अनुसार, रिहर्सल परेड विजय चौक से सुबह नौ बजकर 50 मिनट पर शुरू हुई और राजपथ, सी-हेक्सागन, तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और नेताजी सुभाष मार्ग से होकर लाल किले तक चली।

पुलिस ने बताया कि बृहस्पतिवार को रिहर्सल के दौरान राजपथ पर विजय चौक से इंडिया गेट तक यातायात बाधित रहा। मेट्रो सेवाएं यात्रियों के लिए उपलब्ध रहीं लेकिन उद्योग भवन और केंद्रीय सचिवालय स्टेशनों पर प्रवेश एवं निकास बंद रहा।

दिल्ली से लगती सीमाओं से बुधवार को रात दस बजे बृहस्पतिवार दोपहर को रिहर्सल पूरी होने तक किसी भारी वाहन को प्रवेश नहीं करने दिया गया। भारी वाहनों को आईएसबीटी सराय काले खां और आईएसबीटी कश्मीरी गेट के बीच बृहस्पतिवार को सुबह साढ़े सात बजे से दोपहर डेढ़ बजे तक जाने की अनुमति दी गई। तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और सुभाष मार्ग पर यातायात बाधित रहा। गणतंत्र दिवस के लिए भी राजपथ पर विजय चौक से इंडिया गेट तक शनिवार को शाम छह बजे से रविवार को परेड खत्म होने तक किसी वाहन को आवाजाही की मंजूरी नहीं दी जाएगी।

पुलिस ने कहा है कि सी हेक्सागन-इंडिया गेट पर परेड के तिलक मार्ग पार न करने तक शनिवार को देर रात दो बजे से यातायात बंद रहेगा। रविवार को सुबह पांच बजे से तिलक मार्ग, बहादुर शाह जफर मार्ग और सुभाष मार्ग पर दोनों ओर से यातायात बंद रहेगा।

इस साल गणतंत्र दिवस परेड में यूनेस्को के विश्व धरोहरों में शामिल जयपुर शहर और गुजरात के पाटण में मशहूर बावड़ी तथा सिख धर्म के संस्थापक गुरु नानक देव के 550वें प्रकाश पर्व की झांकियां दिखाई जाएगी। केंद्र शासित प्रदेश के तौर पर जम्मू कश्मीर पहली बार परेड में भाग लेगा। कुल 22 झांकियों में से 16 विभिन्न राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों तथा छह मंत्रालयों, विभागों और राष्ट्रीय आपदा मोचन बल (एनडीआरएफ) की होंगी।

दिल्ली छावनी में बुधवार को एक कार्यक्रम में इन झांकियों का अनावरण किया गया। असम और मेघालय पूर्वोत्तर राज्यों का प्रतिनिधित्व करेंगे।

बीटिंग रिट्रीट का हिस्सा रहेगा अबाइड विद मी

नई दिल्ली। महात्मा गांधी के प्रिय भजनों में से एक ईसाई भजन अबाइड विद मी बीटिंग रिट्रीट समारोह का हिस्सा बना रहेगा। विजय चौक पर 29 जनवरी को होने वाले विख्यात बीटिंग रिट्रीट समारोह में इस भजन के साथ ही समारोह का समापन होगा। भजन अबाइड विद मी को स्कॉटलैंड के एंग्लिकन हेनरी फ्रांसिस लाइट ने लिखा है और पिछले साल के कार्यक्रम में यह एक मात्र पश्चिमी धुन था।

सूत्रों ने कहा कि पहले बैंड को इस भजन अबाइड विद मी का अभ्यास बंद कर देने को कहा गया था। इससे ऐसी अटकलें लगने लगी थी कि यह भजन बीटिंग रिट्रीट समारोह में नहीं गाया जाएगा लेकिन पिछले दो-तीन दिन में इसका अभ्यास करने का निर्देश दिया गया। महात्मा गांधी के प्रिय भजनों में से एक ईसाई भजन अबाइड विद मी बीटिंग रिट्रीट समारोह का हिस्सा बना रहेगा। विजय चौक पर 29 जनवरी को होने वाले विख्यात बीटिंग रिट्रीट समारोह में इस भजन के साथ ही समारोह का समापन होगा। भजन अबाइड विद मी को स्कॉटलैंड के एंग्लिकन हेनरी फ्रांसिस लाइट ने लिखा है और पिछले साल के कार्यक्रम में यह एक मात्र पश्चिमी धुन था।

डीटीसी बस से टकराकर पलटी स्कूली बस, सात बच्चे घायल

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

नारायणा इलाके में गुरुवार को सुबह बच्चों को लेकर जा रही स्कूल बस की टक्कर डीटीसी की क्लस्टर बस से हो गई। हादसे में सात छात्र और एक टीचर घायल हो गए। उन्हें नजदीक के अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां इलाज के बाद उन्हें छुट्टी दे दी गई। छात्रों और टीचर के हाथ, पैर और चेहरे पर चोटें आई हैं। राजेंद्र नगर स्थित सलवान पब्लिक स्कूल की इस बस में 27 लोग छात्र मौजूद थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर क्लस्टर बस चालक प्रभात मलिक को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस के अनुसार नारायणा इलाके में स्कूल बस के पटलने की जानकारी सुबह 7.10 बजे मिली थी। हादसा उस समय हुआ जब स्कूल की बस यूटर्न ले रही थी और दूसरी तरफ से तेज रफ्तार से आ रही दिल्ली परिवहन निगम की क्लस्टर बस ने टक्क मार दी। बस में छठी से लेकर 12वीं कक्षा तक के छात्र सवार थे। हादसे में विषांत, वंश, विशांक, आर्यन, सूक्ष्म, तान्या और मेहुल के रूप हुई है। वहीं अध्यापिका की पहचान तुलसी के रूप में की गई है।घायलों को स्थानीय लोगों की मदद से निकट मेहता अस्पताल और कपूर नर्सिंग होम ले जाया गया था।

युद्ध स्मारक पर श्रद्धांजलि देंगे मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी गणतंत्र दिवस के अवसर पर इंडिया गेट पर नवनिर्मित राष्ट्रीय युद्ध स्मारक पर देश के लिए बलिदान देने वाले जवानों को श्रद्धासुमन अर्पित करेंगे।

इंडिया गेट परिसर में राष्ट्रीय समर स्मारक का उद्घाटन प्रधानमंत्री मोदी ने पिछले वर्ष 25 फरवरी को किया था सेना के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री मोदी 26 जनवरी की सुबह गणतंत्र दिवस परेड आरंभ होने से पहले राष्ट्रीय युद्ध स्मारक जाएंगे और तीनों सेनाओं के प्रमुखों एवं प्रमुख रक्षा अध्यक्ष की मौजूदगी में वहां श्रद्धा सुमन अर्पित करेंगे।

राष्ट्रीय समर स्मारक के पास ही अमर जवान ज्योति है जिसका निर्माण 1972 में हुआ था। यहां स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस जैसे महत्वपूर्ण राष्ट्रीय अवसरों पर तीनों सेनाओं के प्रमुख श्रद्धांजलि अर्पित करते हैं।

डेथ वारंट जारी करने वाले जज का तबादला

नई दिल्ली। राजधानी में 2012 के निर्भया सामूहिक बलात्कार एवं हत्या मामले में फांसी की सजा पाए चार दोषियों के खिलाफ हाल ही में डेथ वारंट जारी करने वाले सत्र न्यायाधीश का स्थानांतरण कर दिया गया है। दिल्ली उच्च न्यायालय के रजिस्ट्रार जनरल की ओर से जिला न्यायाधीश, पटियाला हाउस कोर्ट को लिखे गए एक पत्र में कहा गया है कि अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सतीश कुमार अरोड़ा का स्थानांतरण एक वर्ष के लिए प्रतिनियुक्ति के आधार पर उच्चतम न्यायालय में अतिरिक्त रजिस्ट्रार के पद पर किया गया है। अरोड़ा स्थानांतरण से पहले निर्भया बलात्कार मामले के अलावा अन्य मामलों की सुनवाई कर रहे थे। मामले को जल्द ही किसी अन्य न्यायाधीश को सौंपे जाने की संभावना है। चारों दोषियों को फांसी एक फरवरी को सुबह छह बजे होनी है।

वन क्षेत्र में बसी कॉलोनियां नहीं होंगी नियमित

● हाई कोर्ट में आप सरकार ने दिया केंद्रीय कानून का हवाला

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

आप सरकार ने गुरुवार को दिल्ली उच्च न्यायालय में कहा कि शहर में अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की अक्टूबर 2019 में जारी केंद्र की अधिसूचना के तहत वन्य क्षेत्रों में पड़ने वाली अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित नहीं किया जा सकता है। न्यायमूर्ति जीएस सिस्तानी और न्यायमूर्ति एजे भंभानी की पीठ के समक्ष दाखिल हलफनामे में केजरीवाल सरकार ने कहा कि दिल्ली राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र (अनधिकृत कॉलोनियों के निवासियों के संपत्ति अधिकारों की मान्यता) नियमन, 2019 में स्पष्ट उल्लेख है कि आरक्षित या अधिसूचित वन्य क्षेत्रों की जमीन पर किसी तरह के अधिकारों की मान्यता नहीं दी जाएगी।

दिल्ली सरकार की ओर से अतिरिक्त स्थाई वकील संजय घोष ने कहा कि दिल्ली में अनधिकृत कॉलोनियों के नियमन के लिए शहरी विकास मंत्रालय के 2007 के संशोधित दिशा-निर्देशों के तहत उन बस्तियों को राहत नहीं मिलेगी जो आंशिक या पूरी तरह अधिसूचित वन्य क्षेत्र में आती हैं। दिल्ली सरकार से अदालत द्वारा 23 दिसंबर को पूछे गए प्रश्न के जवाब में हलफनामा दाखिल किया गया। अदालत ने पूछा था कि क्या वह राष्ट्रीय राजधानी में वन्य क्षेत्रों पर अतिक्रमण को नियमित करने के बारे में सोच रही है।

पीठ को न्यायमित्र, वरिष्ठ अधिवक्ता कैलाश वासुदेव ने बताया था कि राष्ट्रीय राजधानी में 1700 से अधिक अनधिकृत कॉलोनियों को नियमित करते समय वन्य क्षेत्र में पड़ने वाली कॉलोनियों को भी नियमित किया जा सकता है। इसके बाद पीठ ने सवाल पूछा।

विधानसभा चुनाव 2020

राष्ट्र बनाम विकास के दाव-पेंच

मटियाला में एक ही दिन मोर्चे पर डटे शाह-केजरीवाल, एक दूसरे पर करारे वार

● मटियाला में एक ही दिन मोर्चे पर डटे शाह और केजरीवाल, एक दूसरे पर किए करारे वार

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

दिल्ली के दंगल में राजनीतिक दल एकदूसरे को मात देने के लिए अपनी अपनी रणनीति तय करनी शुरू कर दी हैं। मुख्य मुकाबला भाजपा और आम आदमी पार्टी के बीच के दिखाई दे रहा है। अरविंद केजरीवाल से मुकाबला करने के लिए भाजपा ने हिन्दुत्व और राष्ट्रवाद की रणनीति अपनाने का फैसला किया है।

दूसरी ओर आम आदमी पार्टी (आप) दिल्ली में विकास को अपना मुख्य हथियार बनाएगी। इसके अलावा नि:शुल्क स्वास्थ्य सेवा, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, मुफ्त पानी और बिजली जैसे मुद्दों को भी वह इस चुनाव में भुनाने की कोशिश करेगी।

गुरुवार को दिल्ली के मुख्यमंत्री और आप के संयोजक अरविंद केजरीवाल तथा केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह अपने पार्टी प्रत्याशियों के पक्ष में चुनाव प्रचार करने पहुंचे थे। केजरीवाल ने उत्तम नगर और विकासपुरी इलाके में जबकि शाह ने उत्तमनगर, पालम और नागलोई जाट में रोड शो किया। गृहमंत्री अमित शाह ने गुरुवार को मटियाला में आयोजित एक रैली में पार्टी की इस रणनीति की बानगी भी पेश की।

शाह ने रैली को संबोधित करते हुए कहा कि अगर झूठे वादों की प्रतियोगिता हो तो दिल्ली के सीएम अरविंद केजरीवाल को प्रथम पुरस्कार मिलेगा। शाह ने कहा, पिछले

पांच साल में केजरीवाल ने एक भी चुनाव नहीं जीता। पहले वाराणसी में हारे, हरियाणा में हारे, पंजाब में हारे, एमसीडी चुनाव में हारे, फिर लोकसभा चुनाव में भी सारी सीटें हार गए। एक चुनाव जिताने के बाद सारे चुनाव दिल्ली की जनता ने उन्हें हराए हैं। उन्होंने कहा कि कुछ दिन बाद दिल्ली की जनता वोट डालकर दिल्ली की नई सरकार तय करने वाली है। शाह ने कहा कि आपका एक वोट ये तय करेगा कि पांच साल के लिए मोदी जी की तरह काम करने वाली सरकार चाहिए या धरना प्रदर्शन करने वाली सरकार चाहिए?

ये आपको तय करना होगा। गृह मंत्री ने कहा कि अरविंद केजरीवाल सत्ता में आने के साढ़े चार साल तक ये कहते थे कि मोदी जी ने मुझे कुछ काम ही नहीं करने दिया, इसलिए दिल्ली का विकास नहीं हुआ।

अब कहते हैं, पांच साल में दिल्ली का विकास मैंने किया। उन्होंने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी प्रधानमंत्री आवास योजना लाए, ये

भी केजरीवाल सरकार ने दिल्ली में नहीं लागू की। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने दिल्ली के करीब 1,731 अनधिकृत कॉलोनियों के लोगों को पांच हजार रुपए में अपने घर का मालिकाना हक देने का काम किया है।

इससे पहले दिन में हजारों समर्थकों और स्थानीय निवासियों के साथ कालकाजी से आम आदमी पार्टी की उम्मीदवार आतिशी ने रोड शो किया। आतिशी के साथ मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल भी इस रोड शो का हिस्सा बने।

रोड शो गोविंदपुरी और कालकाजी के बीच से होकर गुजरा। इस दौरान चुनावी गीत 'लगे रहो केजरीवाल' बज रहा था। मटियाला में रोड शो के दौरान उनके साथ विधायक गुलाब सिंह यादव थे। केजरीवाल पीले रंग की खुली जीप में सवार थे। इस दौरान वे लोगों से हाथ भी मिला रहे थे। उन्होंने ट्वीट किया ' कालकाजी विधानसभा क्षेत्र में भारी भीड़ जुटी। आम आदमी पार्टी के प्रति लोगों को ऐसा जोश देखकर हमें बल मिलता है।'

शाहीन बाग में मिले कुंभ में बिछड़े दो भाई राहुल-केजरीवाल : भाजपा

नई दिल्ली। राजधानी के चुनाव मैदान में सीएए और एनआरसी का मुद्दा छाया हुआ है। सत्ताधारी आम आदमी पार्टी और सत्ता में आने को हाथपैर मार रही भाजपा एक दूसरे को घेरने की हर जतन कर रही हैं। गुरुवार को भी दोनों पक्षों के शुरमा मैदान में डटे और परस्पर तीखे वार किए गए। इनकी लड़ाई में कांग्रेस भी गाहे बगाहे तड़का लगा रही है। उधर उपमुख्यमंत्री व आप नेता सिसोदिया ने शाहीन बाग के प्रदर्शनकारियों के समर्थन में खड़े होने की बात कही और इधर भाजपा के संबित पात्रा ने पलटवार कर दिया।

भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता डॉ. संबित पात्रा व राज्यसभा सांसद विजय गोयल ने प्रदेश कार्यालय में संवाददाता सम्मेलन में बताया किशाहीन बाग में मिले कुंभ में बिछड़े दो भाई राहुल-केजरीवाल मिले है।

पूर्वांचल के लोगों का मजाक उड़ा रहे सीएम : तिवारी

नई दिल्ली। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मनोज तिवारी ने आरोप लगाया है कि आम आदमी पार्टी तथा इसके प्रमुख अरविंद केजरीवाल रिंकिया के पापा गाने का मजाक उड़ाकर पूर्वांचल के लोगों एवं उनकी संस्कृति का अपमान कर रहे हैं।

तिवारी ने कहा कि दिल्ली में रहने वाले पूर्वांचल के लोग (पूर्वी उत्तर प्रदेश तथा बिहार के कुछ हिस्सों के लोग) केजरीवाल सरकार की ओर से दिए गए मुफ्त बिजली एवं पानी योजना में नहीं बहेंगे क्योंकि उनमें से 98 फीसदी लोग भाजपा का समर्थन कर रहे हैं। तिवारी के बारे में पूछे जाने पर केजरीवाल ने हाल ही में भोजपुरी सिने जगत के जाने माने अभिनेता निशाना साधा था।

हालाकि मुख्यमंत्री ने तिवारी को एक अच्छा गायक करार दिया, जिन्होंने रिंकिया के पापा गीत गाया है। उन्होंने जोर देकर कहा कि गाने में रिंकिया का आशय बेटियों से है।

गाजियाबाद नगर निगम
निविदा आमंत्रण सूचना

पत्रांक सं0: 158 / प्र0नि0सू0 / 2020 दिनांक: 23.01.20

नगर निगम गाजियाबाद द्वारा सक्षम ठेकेदारों से उनकी हैसियत सीमा के अन्तर्गत 14वें वित्त आयोग की धनराशि के विभिन्न विद्युत कार्यों एवं ठोस अपशिष्ठ प्रबन्धन के कार्यों हेतु अल्पाकालीन ई-निविदायें उत्तर प्रदेश की ई-निविदा की वेबसाइट https://etender.up.nic.in के माध्यम से दिनांक 05.02.2020 को सायं 3.00 बजे तक आमंत्रित हैं। उक्त निविदायें दिनांक 05.02.2020 को सायं 04.00 बजे खोली जायेगी। उक्त कार्यों हेतु नगर निगम नियम व शर्तें एवं अन्य जानकारी उक्त वेबसाईट से प्राप्त की जा सकती है।

अधिशासी अभियन्ता (वि./यॉ.)

मिलेनियम सिटी में गूंजे भारत माता के जयकारे, वंदे मातरम

सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निकाली गई तिरंगा यात्रा में रथ पर भारत माता व सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में बच्चे व तिरंगा लहराता युवक तथा तिरंगा यात्रा में शामिल सेना के रिटायर अधिकारी व तिरंगा यात्रा में शामिल बच्चे व संस्थाओं के सदस्य।

नेताजी बोस की जयंती पर तिरंगा यात्रा में 19 स्कूलों के 1200 से अधिक बच्चे मौजूद रहे

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

सुबह मिलेनियम सिटी गुरुग्राम तिरंगामय नजर आयी। शहर की सड़कों पर तिरंगे ही तिरंगे नजर आये और भारत माता, वंदे मातरम के जयकारे गूंजते सुनाई दिये।

पूरी तरह से माहौल देशभक्ति का बन गया। अवसर था सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर निकाली गई तिरंगा यात्रा का, जिसे शहीद भगत सिंह के पौत्र एवं हरियाणा युवा आयोग के निदेशक यादवेंद्र सिंह ने झंडी दिखाकर रवाना किया। इस यात्रा की पिछले कई दिनों से शहर की अनेक सामाजिक संस्थायें मिलकर तैयारी कर रही थी। 551 फीट लंबे तिरंगे को लेकर 19 स्कूलों के 1200 से अधिक स्कूल बच्चे इस यात्रा में शामिल हुए। वहीं संस्थाओं के सदस्यों ने यात्रा में तिरंगे झंडे थाम रखे थे, जो कि लहराते रहे। पहली बार इस तरह की यात्रा का आयोजन मिलेनियम सिटी गुरुग्राम में किया गया है, जो कि हर किसी के लिये यादगार बन गई। यात्रा जहां से भी गुजरी, लोगों के दिलों में देशभक्ति की छाप छोड़ गयी। सड़कों किनारे ठहरे लोग, वाहनों में सवार लोग यात्रा को टकटकी लगाये देखते ही रहे। बहुत से लोगों के दिलों में तो यात्रा ऐसी बसी कि वे तिरंगे को सेल्यूट करके खड़े रहे। अपने आप में यात्रा का यह दृश्य बेहद ही भावनात्मक था।

भारत मां की झांकी भी रही आकर्षण का केंद्र

इस यात्रा में एक रथ पर मां भारती को भी सवार किया गया था। सारथी के रूप में बैठे युवक के हाथों में तिरंगा था, जो कि लहराता जा रहा था। भारत माता के चारों ओर बच्चों को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की भूमिका में तैयार करके बैठाया गया था, जो कि भारत माता के जयकारे लगाते जा रहे थे।

दो घोड़ों द्वारा रथ को खींचा जा रहा था। जिसने भी इस दृश्य को देखा, वह रोमांचित हो उठा। देशभक्ति की भावना लोगों के दिलों में हिलौरे लेने लगी। यात्रा के बीच-बीच में साथ-साथ चल रही गाड़ियों पर देशभक्ति की धुनें और गीत बज रहे थे।

सैन्य, सामाजिक योद्धाओं का रहा योगदान

तिरंगा यात्रा में कर्नल सतपाल सिंह राघव, कर्नल आरसी चड्ढा, कर्नल प्रताप सिंह, सूबेदार मेजर रामनिवास शर्मा के अलावा नगर निगम के सीएमओ डा. ब्रह्मदीप सिंह संधू, अजय सिंघल, प्रवीण चंद्रा वशिष्ठ, धर्मेंद्र मानेसर, कुलभूषण भारद्वाज, पूनम भटनागर, संस्कृति के सारथी के अध्यक्ष रामबहादुर सिंह, अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल के राष्ट्रीय प्रभारी राजीव मित्तल, सुमित कपूर, वेद सैनी, अर्जुन वशिष्ठ, सत्यप्रताप, गिरीश सिंगला, मदन सोनी, आरपी सिंह चौहान, गौरव अरोरा, रतनलाल रोहिल्ला, सुदीप सिंह राठी, नरेन्द्र चौहान, चेतन शर्मा, गगनदीप चौहान, प्रतीक आहलूवालिया, विक्रम चौहान, अतर सिंह संधू, दीपक जासौरिया, श्याम भारद्वाज, अरूण चतुर्वेदी, दीपक वशिष्ठ, मीनाक्षी रिषी एडवोकेट, संध्या सैनी, पिंकी शर्मा, ब्रजेश सिसौदिया, प्रदीप गौतम, शरद सिंह सोलंकी आदि अन्य लोगों का अहम योगदान रहा।

संस्थाओं ने यात्रा में निभाई भूमिका

तिरंगा यात्रा को अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल, संस्कृति के सारथी, राजपूताना स्पोर्ट्स फाउंडेशन, नमो सेना हरियाणा, क्राइम फ्री इंडिया फोर्स, इंडिया फोर्स, सुदर्शन राष्ट्र निर्माण, मेजर दीन दयाल स्मृति न्यास, आरडब्ल्यूए अशोक विहार, संतोष सेवा संस्थान, ऑल इंडिया स्पोर्ट एंड कल्चरल फेडरेशन, शिव सेना, बजरंग दल, विहिप, शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड, गुरुग्राम सांस्कृतिक गौरव समिति, मानवता फाउंडेशन, भारत माता वाहिनी, राष्ट्रीय हिन्दू संघ, मंथन जनसेवा समिति, फरिश्ते ग्रुप, हिन्दू भगवा वाहिनी तथा अखिल भारतीय हिन्दू क्रांति दल युवा मोर्चा जैसे विभिन्न सामाजिक संगठनों ने अहम भूमिका निभाई।

भारत माता की दिव्य झांकी संग रिटायर्ड सैन्य अधिकारी

भारत माता की झांकी को दिव्य झांकी नाम दिया गया था। झांकी के साथ गुरुग्राम में रहने वाले रिटायर्ड मेजर, जनरल, कर्नल समेत सेना के जवाने अपनी वेशभूषा में यात्रा की अगुवाई कर रहे थे। इनके पीछे शहर के गणमान्य लोग, संस्थाओं के 300 से अधिक सदस्य व्यवस्था संभाले हुए थे। बच्चों द्वारा दो लाइनें बनाई गई थीं और बीच में वे 551 फीट लंबा तिरंगा लेकर जयकारे लगाते जा रहे थे। साथ के साथ सुरक्षा, पानी की भी बेहतरीन व्यवस्था रही। भीम नगर के रामलीला मैदान से शुरू हुई यह यात्रा यहां सिविल लाइन स्थित स्वतंत्रता सेनानी हॉल परिसर में संपन्न हुई।

संक्षिप्त-समाचार

नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने सांप्रदायिकता का विरोध किया

गुरुग्राम। नेताजी का जीवन-संघर्ष बेहद प्रेरणादायक और अनुकरणीय है। उन्होंने न केवल अंग्रजों के जुल्मी राज से देश को आजाद कराने, बल्कि गरीबी, बदहाली और गैर बराबरी से निजात दिलाने के मकसद से लड़ाई लड़ी थी। यह बात ऑल इंडिया लायर्स यूनियन गुरुग्राम के अध्यक्ष राजेंद्र पाठक ने कही। वे यहां सब्जी मंडी में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती के मौके पर आयोजित कार्यक्रम में बोल रहे थे। राजेंद्र पाठक ने कहा कि नेताजी ने सदा धर्मनिरपेक्षता को बुलंद किया और साम्प्रदायिकता का विरोध किया। वे राजनीति के साथ धर्म को मिलाने और साम्प्रदायिकता व धर्मांधता फैलाने के सख्त विरोधी थे। वे धर्म को व्यक्ति का निजी मामला मानते थे। भारतवासियों को अंग्रेजों की गुलामी से आजादी दिलाने में नेताजी सुभाषचंद्र बोस ने अहम भूमिका निभाई। महासचिव वीके भारद्वाज ने कहा कि नेताजी ने आजाद हिंद फौज का गठन कर अंग्रेजों को कड़ा जवाब दिया। सुभाष चंद्र बोस की पंक्तियां कदम-कदम बढ़ाए जा, खुशी के गीत गाए जा आज भी युवाओं में अंदर जोश भर देती हैं। उन्होंने कहा कि जिन क्रांतिकारियों ने अपनी जान की बाजी लगाकर हमें आजादी दिलाई। आज उनकी बदौलत ही हम खुली हवा में सास ले रहे है। हमें उनके पदचिन्हों पर चलकर देश के लिए कुछ अच्छा करने का संकल्प लेना चाहिए।

नेताजी की जयंती पर निकाला साम्प्रदायिक सद्भावना मार्च

गुरुग्राम। नेताजी सुभाष बोस की 123वीं जयंती के अवसर पर युवा संगठन ऑल इंडिया डेमोक्रेटिक यूथ ऑर्गेनाइजेशन और भवन निर्माण कारीगर मजदूर यूनियन के संयुक्त बैनर तले शहर में स्थित कमला नेहरू पार्क में एक यादगार सभा आयोजित की गई। साथ ही साम्प्रदायिक सद्भावना मार्च निकाला गया। सभा की अध्यक्षता एआईयूटीयूसी के कोषाध्यक्ष होम सिंह लाठर ने की तथा संचालन यूनियन के जिला सचिव श्रवण कुमार ने किया। मुख्य वक्ता एसयूसीआई (कम्युनिस्ट) के राज्य कमेटी के सदस्य कॉमरेड बलवान सिंह रहे। एआईडीवाईओ के जिला सचिव राजेश कुमार ने क्रान्तिकारी गीत के साथ सभा की शुरुआत की।

पति द्वारा रौब झाड़ना वाइस चेयरपर्सन पत्नी को पड़ा भारी

गुरुग्राम। पंचायत समिति फर्रुखनगर के 22 में से 20 सदस्यों ने वाइस चेयरमैन कमलेश देवी पत्नी महाबीर सिंह के खिलाफ जिला उपायुक्त अमित खत्री को अविश्वास पत्र के साथ 20 हल्फनामे भी सौंप दिए है। जिला उपायुक्त ने आगामी कार्रवाई के लिए डीडीपीओ गुरुग्राम की ड्यूटी लगाई है। जल्द ही इस मामले में सम्बधित सभी पंचायत समिति सदस्यों को नोटिस देकर बैठक बुलाई जाएगी। पंचायत समिति सदस्य अंजू यादव जोड़ी, मंजीत कुमार, महेश कुमार, नरपाल सिंह, सोमप्रकाश, मनोज कुमार, कौशल्या देवी, कमलेश पत्नी मुकेश कुमार, हरद्वारी लाल, धर्मेंद्र शर्मा, सुशीला देवी, राजसिंह, विजयपाल, ललिता कुमारी, रोहताश सिंह, सविता देवी, सीमा शर्मा, शशी बाला, बिरेंद्र सिंह, महासिंह यादव भांगरौला आदि ने बताया कि पंचायत समिति फर्रुखनगर की वाइस चेयरमैन कमलेश पत्नी महाबीर सिंह की कार्य प्रणाली सही नहीं है। वह समिति के कार्य में बाधा उत्पन करती है। सभी समिति सदस्य उसकी कार्यशैली से असंतुष्ट है। उसका पति महाबीर सिंह अपने आपको ब्लॉक का चेयरमैन बताता है। गाड़ी के ऊपर भी चेयरमैन लिखकर सदस्यों पर रोब झाड़ता है। जिसके चलते उन्होंने अपना अविश्वास पत्र जिला उपायुक्त को सौंपा है।

न्यायाधीश की पत्नी व पुत्र की हत्या के केस में बहस पूरी

गुरुग्राम। जिला अदालत में कार्यरत रहे अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश कृष्णकांत की पत्नी व पुत्र की उनके ही सुरक्षाकर्मी द्वारा गोली मारकर हत्या कर देने के मामले की सुनवाई वीरवार को अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश सुधीर परमार की अदालत में हुई। अदालत ने दोनों पक्षों की इस मामले में फाइनल बहस सुनी। गुरुवार को अभियोजन पक्ष ने ही मामले से संबंधित सभी जानकारियां अपने तर्कों के माध्यम से अदालत में रखी। बचाव पक्ष की बहस नहीं हो सकी, जिस पर अदालत ने बचाव पक्ष को बहस करने के लिए आगामी 28 जनवरी की तारीख निश्चित कर दी है। जिला उप न्यायवादी अनुराग हुड्डा व अभियोजन पक्ष के अधिवक्ता विशाल गुप्ता से प्राप्त जानकारी के अनुसार वीरवार को अभियोजन पक्ष ने मामले से संबंधित सभी जानकारियां अपने तर्कों के माध्यम से अदालत के समक्ष रखी। करीब अढ़ाई घंटे चली बहस में अधिवक्ताओं ने सभी आवश्यक जानकारी अदालत को दी कि किस प्रकार आरोपी महीपाल ने न्यायाधीश की पत्नी व पुत्र की हत्या गोलियां बरसाकर की थी। बचाव पक्ष की बहस वीरवार को नहीं हो सकी, जिसमें बचाव पक्ष के अधिवक्ता को आरोपी के पक्ष में अपने तर्क देने थे। इसके लिए अदालत ने आगामी 28 जनवरी की तारीख निश्चित कर दी है। इस तारीख पर बचाव पक्ष के अधिवक्ता बहस करेंगे।

व्यवसायी की हत्या के मामले में आरोपियों को उम्रकैद

गुरुग्राम। व्यवसायी की हत्या के मामले की सुनवाई करते हुए अतिरिक्त जिला एवं सत्र न्यायाधीश एसके शर्मा की अदालत ने पुख्ता सबूतों व गवाहों के आधार पर सभी आरोपियों को दोषी करार देते हुए उम्रकैद व एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है। जानकारी के अनुसार वर्ष 2016 की 15 जुलाई को रोशनपुरा के व्यवसायी संजीव जिंदल की उस समय गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। आरोपियों की गिरफ्तारी न होने को लेकर व्यापारियों ने कई प्रदर्शन भी किए थे। अंत में पुलिस ने सुरजीत उर्फ बिल्लू, गौरव सिंगला उर्फ सोनू, देवेंद्र उर्फ देव व दीपक शर्मा को गिरफ्तार कर लिया था। मामला अदालत में चला। अभियोजन पक्ष ने अदालत में जो सबूत व गवाह पेश किए, उनसे आरोपियों पर लगे हत्या के आरोप सिद्ध होना पाते हुए अदालत ने सभी आरोपियों को उम्रकैद व एक-एक लाख रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

युवा महोत्सव शंखनाद के दूसरे दिन लावणी व भांगड़ा

पूर्व मंत्री रामबिलास शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में रहे मौजूद

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पहले युवा महोत्सव में सांस्कृतिक कार्यक्रम पेश करतीं छात्राएं।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय में पहले युवा महोत्सव के दूसरे दिन विभिन्न विधाएं हुईं। विद्यार्थियों ने सभी स्पर्धाओं में बेहतरीन प्रदर्शन करके अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया। महोत्सव के दूसरे दिन मुख्य अतिथि के तौर पर पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा, वरिष्ठ पत्रकार दीपक चौरसिया, हरियाणा विद्या भारती के अध्यक्ष डीपी भारद्वाज मौजूद रहे।

गुरुग्राम विश्वविद्यालय के कुलपति डॉ. मार्कण्डेय आहुजा ने सभी अतिथियों का स्मृति चिह्न देकर सम्मानित किया। दीपक चौरसिया ने युवाओं को अपनी संस्कृति से जुड़े रहने के लिये प्रेरित किया। पूर्व शिक्षा मंत्री रामबिलास शर्मा ने यहां शिक्षकों ने कहा कि आप कुछ भी पढ़ा लीजिये, लेकिन भारत के बारे में जरूर पढ़ाना। हमारे युवाओं को हमारी प्राचीन संस्कृति से जुड़ने की जरूरत है, क्योंकि उन्हीं बदौलत महान हस्तियों को पहचान मिली।

अति विशिष्ट अतिथि डीपी भारद्वाज ने कहा कि युवाओं को आज के समय संस्कार हासिल करने की जरूरत है। हमारे समाज, हमारे शिक्षण संस्थान, हमारी सभ्यता हमें संस्कार देने का काम करती है हमें नैतिक मूल्य सिखाती है और यही मैं अपने प्यारे छात्रों से कहूंगा अपनी संस्कृति को पहचानों। किसी के बहकावे में मत आएं। सामूहिक गायन प्रतियोगिता में 12 टीमों ने हिस्सा लिया।

पूर्व मंत्री बोले, सीएम मनोहर लाल तो मलंग आदमी हैं...

गुरुग्राम। बेबाक तरीके से और चुटकियों के माध्यम से अपनी बात रखने में माहिर पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह ने यहां मुख्यमंत्री मनोहर लाल के बारे में ऐसा कुछ बोल दिया कि लोगों की हंसी नहीं रुकी। उन्होंने कहा कि सीएम तो मलंग आदमी हैं। हालांकि उन्हें उस बात को मुख्यमंत्री की विकास की सोच से जोड़ते हुये अपनी बात में सुधार किया। कुछ भी हो, उनकी जुबान पर जो बात आई, उसे वह सीधे बोलते चले गये।

गुरुवार को फर्रुखनगर खंड के गांव ताजनगर में तीन स्वतंत्रता सेनानियों की प्रतिमाओं के उद्घाटन का कार्यक्रम रखा गया था। इसमें पूर्व मंत्री राव नरबीर सिंह को मुख्य अतिथि के रूप में आमंत्रित किया गया। वहीं पटौदी के विधायक सत्यप्रकाश जरावता भी इस मौके पर मौजूद रहे। अपने भाषण में राव नरबीर सिंह ने विकास की कई बातें कही। पूर्व की सरकारों को जमकर कोसा। उन सरकारों को भी, जिनमें राव नरबीर सिंह खुद मंत्री रहे थे। चाहे बंसीलाल की सरकार हो, चौटाला सरकार हो या फिर हुड्डा सरकार। उन्होंने सभी पर अहीरवाल की अनदेखी के आरोप लगाये। कहा कि अहीरवाल ने सदा सरकारें बनाई हैं, मगर विकास के नाम पर यहां पर किसी ने कुछ नहीं किया। साथ ही यह भी कहा कि अगर मुख्यमंत्री चाहे तो विकास हो सकता है।

बेहतर काम को ननि की इंजीनियरिंग विंग समायोजित

गुरुग्राम। नगर निगम आयुक्त विनय प्रताप सिंह ने विकास कार्यों को सुचारू रूप से चलाने के उद्देश्य से इंजीनियरिंग विंग को समायोजित किया गया है। इसके अलावा अतिक्रमण एवं अनाधिकृत निर्माणों पर अंकुश लगाने के लिए जोनवाइज टीमों का गठन किया गया है। निगमायुक्त द्वारा सीएंडडी वेस्ट, सॉलिड वेस्ट और प्लास्टिक बारे चालान के लिए अलग से टीमें गठित की गई हैं तथा विभिन्न परियोजनाओं एवं कार्यों की निगरानी के लिए अलग-अलग नोडल अधिकारियों को जिम्मेदारी सौंपी गई है।

बुधवार देर शाम निगमायुक्त द्वारा इस बारे में आदेश जारी किए गए। आदेशों के अनुसार चीफ इंजीनियर रमन शर्मा को जोन-1 और जोन-3 की जिम्मेदारी दी गई है, जबकि चीफ इंजीनियर एनडी वशिष्ठ जोन-2 और जोन-4 तथा मुख्यालय का कामकाज संभालेंगे।

निगमायुक्त द्वारा डिवीजन-1 की जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता सौरभ नैन को सौंपी गई है। उनके साथ सहायक अभियंता नरेन्द्र पंवार तथा कनिष्ठ अभियंता नवीन यादव एवं मोहित शर्मा को लगाया गया है। डिवीजन-2 में वार्ड नंबर-7 को छोड़कर सिविल कार्यों की जिम्मेदारी कार्यकारी अभियंता विशाल गर्ग को सौंपी गई है। उनके साथ सहायक अभियंता दीपक कुमार और कनिष्ठ अभियंता नीरज एवं सचिन मलिक को लगाया है।

मिलिंद गाबा के गीतों पर यूनिवर्सिटी में झूमे युवक-युवतियां

एसजीटी यूनिवर्सिटी में हुआ सिंफोनियस कार्यक्रम

पायनियर समाचार सेवा। गुरुग्राम

गुरुग्राम के बुढेड़ा स्थित एसजीटी यूनिवर्सिटी में सिंफोनियम कार्यक्रम में गीत प्रस्तुत करते गायक मिलिंद गाबा।

एसजीटी यूनिवर्सिटी के सालाना इवेंट सिफोनियस-2020 में गायक मिलिंद गाबा ने अपने सुरों से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। मिलिंद गाबा पंजाबी संगीत की दुनिया में एक जाना माना नाम है। ...यार मोड़ दो, मैं तेरी हो गई' जैसे गानों से मिलिंद गाबा युवाओं के बीच काफी लोकप्रिय हैं। मिलिंद गाबा ने यूनिवर्सिटी में समां बांध दिया।

इस अवसर पर एसजीटी यूनिवर्सिटी के इन-हाउस म्युजिक बैंड ने भी प्रदर्शन किया। इसके अलावा फैशन एंड डिजायन संकाय द्वारा पारंपरिक फैशन शो भी आयोजित किया गया, जिसमें अलग अलग संकायों के मिस्टर फ्रेशर और मिस फ्रेशर ने रैंप वॉक किया। इसके बाद फैकल्टी ऑफमास कम्यूनिकेशन के छात्र लोकभद्र सिंह और फैकल्टी ऑफ डेंटल साइंसेज की छात्रा अर्शिया चोपड़ा को मिस्टर और मिस एसजीटी 2020 का प्रतिष्ठित टाइटल दिया गया। यह साल का वो समय है जिसमें बहुत सारी मौज-मस्ती होती है और नई यादें बनती हैं।

छात्रों ने इस अवसर पर खूब मस्ती की और मिलिंद गाबा की धुनों पर जमकर थिरके।

माघमेला 2020 के सहयात्रियों की सहायता के लिए ओमनीजेल का राहत रत्न

मेले में 30,000 से अधिक सहायकों को देगा दर्द मुक्त अनुभव

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

प्रयागराज के प्राचीन शहर में माघमेला का आयोजन किया जा रहा है। 21 फरवरी तक चलने वाले इस माघामेला में लगभग 30000 लोग बतौर सहायक आगंतुकों को बेहतरीन अनुभव देंगे।

यह वह लोग हैं जो ऐसे आयोजनों के दौरान दिन-रात लग्न, मेहनत और शिद्दत से काम करने वाले अंजान नायक हैं जो विभिन्न परिस्थितियों के बावजूद सुगम संचालन सम्भव बनाते हैं। उनके इस सुगम संचालन को दर्द-रहित बनाने के लिए सिप्ला का 'ओमनीजेल', भारत का श्रेष्ठ दर्द निवारक जेल अपनी तरह के दर्द निवारक समाधान 'राहत रत्न' प्रदान करेगा, जो यहां आने वाले सहयात्रियों को रोजमर्रा के बॉडी पेन से निजात दिलायेगा और उनकी रिकवरी को तेज बनाएगा।

वार्षिक माघमेला में विभिन्न क्षेत्रों के कार्यबल उर्फ सहायकों जैसे पुलिसकर्मी, नाविक, सफाई कर्मचारी और स्वयंसेवक इस भव्य माघमेले को सफल बनाने में अहम् भूमिका निभाते हैं। उनकी नि:स्वार्थ सेवा और कठिन प्रयासों को देखते हुए, ओमनीजेल उनके योगदान को स्वीकारने एवं उन्हें बॉडी पेन से राहत दिलाते हुए एक अंतर लाने में सहायता करेगा। सर्दी के मौसम में किसी को भी शारीरिक गतिविधि के दौरान तेज दर्द का अनुभव होता है और ओमनीजेल सहायकों की इन परेशानियों को हल करना चाहता है। ऐसे में राहत रत्न, जो कि दर्द निवारक जेल है, जिसे वे अपनी गर्दन में पहन सकते हैं। मेला उत्सव की भावना को देखते हुए, राहतरत्न सहायकों के लिए जरूरी हो जाता है और उन्हें इस उत्सव से जोड़े रखता है। सभी सहायक यहां आने वाले लाखों भक्तों की सेवा में लगे रहते हैं, और अपने शारीरिक स्वास्थ्य की अनदेखी करते हैं। ऐसे में यह पोर्टेबल उत्पाद महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर उन्हें तुरंत कार्यवाही करके बचाव करेगा।

खेलों इंडिया गेम में आरबीएसएम के छात्र ने गोल्ड जीता

पायनियर समाचार सेवा। सोहना

भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल के छात्र भारत राघव ने खेलों इंडिया गेम में बैडमिन्टन प्रतियोगिता में राजस्थान के खिलाड़ी को मात देते हुए अंडर-17 में गोल्ड मेडल जीता है। जबकि इसी स्कूल के आर्यन ने सैमिफाइनल में जीत हासिल करे रजत पदक हासिल किया है।

हाल ही में असम के गोहाटी में हुए खेलों इंडिया गेम में भोंडसी स्थित आरबीएसएम स्कूल के दो छात्र भारत राघव व आर्यन ने बैडमिन्टन में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करते हुए पदक हासिल किए है। स्कूल के निर्देशक भागीरथ राघव ने बताया कि जिला गुरूग्राम का प्रतिनिधित्व करते हुए उनके स्कूल के दो छात्र भारत राघव व आर्यन ने बैडमिंटन में अपनी-अपनी प्रतियोगिताओं में विरोधी खिलाड़ियों को हराते हुए जीत हासिल की है। उन्होने बताया कि अंडर-17 में भारत राघव ने फाइन मुकाबले में राजस्थान मूल के खिलाड़ी शुभम पटेल को करारी मात देते हुए गोल्ड मेडल जीता है। तो उनके ही स्कूल के आर्यन ने असम मूल के खिलाड़ी को सैमीफाइल में हराने पर रजत जीता है। स्कूल के निर्देशक भागीरथ राघव ने बताया कि भारत राघव ने इस प्रतियोगिता में दो मेडल जीतें है। जो भारत राघव ने खेलों इंडिया प्रतियोगिता में हरियाणा के साथ-साथ जिला व गांव और स्कूल का नाम रोशन किया है। उन्होने बताया कि भारत राघव अब इंडिया के लिए खेलेगा।

फोनपे दे रहा है पांच मिनट में टैक्स बचाने का एक आसान और सुविधाजनक तरीका

पायनियर समाचार सेवा। नई दिल्ली

यह साल का वह समय है जब अधिकांश करदाता धारा 80 सी के तहत कर बचाने की कोशिश में लगे रहते हैं। निवेशक अक्सर सभी उपलब्ध निवेश विकल्पों का आकलन करने में पर्याप्त समय नहीं लगाते हैं और मुख्य लक्ष्य के रूप में टैक्स-सेविंग के साथ एक विशिष्ट समय सीमा से पहले निवेश करने की जल्दबाजी करते हैं। नतीजतन, उन्हें जो निवेश विकल्प सबसे सुविधाजनक लगता है उसमें निवेश करते हैं।

कुछ निवेशकों को इन परेशानियों की वजह से अपने निवेश को समय पर पूरा करना मुश्किल लगता है, इस प्रकार वे कर लाभ प्राप्त करना टाल देते हैं। लेकिन अब ऐसे निवेशकों को चिंता करने की जरूरत नहीं है। फोनपे ने अपने एप



के माध्यम से निवेशकों के लिए कुछ आसान चरणों में सबसे अच्छे टैक्स-सेविंग निवेश विकल्प में निवेश करना आसान बना दिया है।

फोनपे अब अपने प्लेटफॉर्म पर आदित्य बिड़ला म्यूचुअल फंड, डीएसपी म्यूचुअल फंड और आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड जैसी प्रसिद्ध म्यूचुअल फंड कंपनियों से सबसे अच्छा टैक्स सेविंग फंड प्रदान करता है। टेरेंस लुसीन, म्यूचुअल फंड्स प्रमुख, फोनपे के अनुसार निवेशक कुछ ही मिनटों के भीतर फोनपे एप का उपयोग करके अपने टैक्स-सेविंग निवेश कर सकते हैं। वास्तव में, यहां तक कि जिन निवेशकों ने अपना केवाईसी पूरा नहीं किया है, वे बिना किसी कागजी कार्रवाई के कुछ सरल चरणों में अपना केवाईसी पूरा कर सकते हैं। इसमें बस पैन कार्ड और चार दस्तावेजों में से किसी एक, यानी आधार या ड्राइविंग लाइसेंस या मतदाता पहचान पत्र या पासपोर्ट की आवश्यकता होती है।

टैक्स सेविंग फंड्स में काफी अधिक रिटर्न देने की क्षमता होती है। टेरेंस लुसीन, म्यूचुअल फंड्स प्रमुख, फोनपे का कहना है धारा 80 सी के तहत टैक्स सेविंग फंड में अन्य विकल्पों, जैसे पीपीएफ और बैंक एफडी की तुलना में अधिक बचत मिलती है क्योंकि, लंबे समय के लिए, टैक्स सेविंग फंड अन्य विकल्पों की तुलना में काफी अधिक रिटर्न देते हैं। उदाहरण के लिए, पिछले 15 वर्षों में, टैक्स सेविंग फंड्स ने औसतन 13.87 प्रतिशत सालाना रिटर्न दिया है।

पायनियर
नई दिल्ली, शुक्रवार, 24 जनवरी, 2020

रंगदारी न देने पर दुकानदार का हथौड़े से पैर तोड़ा

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

दस हजार रुपये महीने की रंगदारी देने से इनकार करने पर कुछ दंबगों ने तिगांव में दुकान चलाने वाले एक व्यक्ति पर हथौड़े से हमला कर दिया। इस दौरान पीड़ित की पत्नी बचाने के लिए आई, तो आरोपियों ने जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए उसके साथ अभद्र व्यवहार किया। दुकानदार को गंभीर रूप से घायल करने के बाद आरोप गल्ले से 12 हजार रुपये लूटकर फरार हो गए। पीड़ित के बयान पर पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

थाना तिगांव में दर्ज मामले के मुताबिक तिगांव निवासी विजय कुमार ने अपनी शिकायत में कहा है कि वह घर के पास ही अपनी दुकान चलाता है। अन्य दिनों की तरह मंगलवार को भी वह अपनी दुकान पर बैठा हुआ था। तभी इसी गांव में रहने वाला जितेंद्र उर्फ जीतू अपने एक साथी के साथ वहां पहुंच गया। जीतू उसे जातिसूचक शब्दों से अपमानित करते हुए दस हजार रुपये महीने रंगदारी देने की मांग करने लगा। उसने रंगदारी देने में असमर्थता जताई, तो वह बुरी तरह भड़क गया। जितेंद्र ने हथौड़े से उस पर ताबड़ऽतोड़ वार करने शुरू कर दिए। शोर सुनकर उसकी पत्नी ने बचाने का प्रयास किया, तो आरोपी पत्नी के साथ भी अभद्र व्यवहार करने लगा। उसे गंभीर रूप से घायल करने के बाद आरोपी ने गल्ले में रखे 12 हजार रुपये लूट लिए और धमकी देते हुए मौके से फरार हो गया। इस घटना में पीड़ित का एक पैर टूट गया है। उसे इलाज के लिए अस्पताल में दाखिल कराया गया है। पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी की तलाश शुरू कर दी है।

घायल आरपीएफ जवान ने लुटेरे को दबोचा

फरीदाबाद। बीती रात ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर आई एक ट्रेन पर सवार कुछ लोगों से तीन बदमाश मोबाइल फोन छीनने का प्रयास कर रहे थे। यात्रियों का शोर सुनकर आरपीएफ जवान के पहुंचने पर तीनों मौके से भागने लगे, लेकिन जवान ने पीछा कर एक बदमाश को दबोच लिया। तभी बदमाश के साथियों ने जवान पर पत्थरों से हमला कर घायल कर दिया। इस बीच अन्य लोगों आ जाने पर दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। थाना जीआरपी ने बदमाश को गिरफ्तार कर लिया है।
जानकारी के मुताबिक बुधवार की रात को सुशासन एक्सप्रैस ट्रेन ओल्ड फरीदाबाद रेलवे स्टेशन पर आकर रुकी। उस समय आरपीएफ का जवान हरीश पाल प्लेटफार्म पर ड्यूटी पर तैनात था। जैसे ही ट्रेन चलने लगी, वहां मौजूद तीन बदमाश यात्रियों से मोबाइल फोन छीनने का प्रयास करने लगे। यात्रियों के शोर मचाने पर हरीश वहां पहुंच गया। उसे देखकर बदमाश रेलवे लाइन के किनारे दिल्ली की तरफ भागने लगे, लेकिन हरीश ने पीछा कर बदमाशों में शामिल एसजीएम नगर निवासी बिट्टू उर्फ बहादुर को दबोच लिया। तभी अन्य दोनों बदमाश वापस आए और हरीश पर पत्थरों से हमला कर दिया, लेकिन हरीश ने आरोपी को नहीं छोड़ा। इस बीच स्टेशन पर मौजूद अन्य लोग वहां पहुंच गए, जिन्हें देखकर अन्य दोनों बदमाश मौके से फरार हो गए। जीआरपी ने मामला दर्ज कर बिट्टू को अदालत में पेश कर दिया। जहां से उसे न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

युवक को बंधक बना कर मारपीट व लूटपाट

फरीदाबाद। बदमाशों ने बाइक सवार एक युवक का सरेआम अपहरण कर लिया और कमरे में करीब दो घंटे तक बंधक बनाकर उसके साथ मारपीट की। आरोपियों ने उसकी जेब से 50 हजार रुपये और पर्स निकाल लिया।

थाना खेड़ीपुल में दर्ज मामले के मुताबिक गांव नरहावली निवासी सचिन ने अपनी शिकायत में कहा है कि इसी गांव के नवीन उर्फ नंगा के साथ उसकी कहासुनी हो गई थी। मंगलवार दोपहर को वह अपनी बाइक पर जा रहा था। तभी प्रदीप मुदगिल ने उसे फोन कर कहा कि वह उसका और नवीन का मनमुटाव दूर करवा देगा। प्रदीप की बातों में आकर वह खेड़ीपुल पर पहुंच गया। जहां प्रदीप की सफेद रंग की स्कोर्पियों पहले से खड़ी थी। तभी तीन युवक उतरे और उसे जबरन स्कोर्पियों में डाल लिया। आरोपियों ने उसकी बाइक मास्टर रोड पर छोड़ दी। आरोपी उसे लेकर एक कमरे में पहुंचे। जहां उन्होंने उसे निर्वस्त्र किया और उसे दो घंटे तक बंधक बनाकर पीटा। आरोपियों ने 50 हजार रुपये और पर्स लूट लिया। शोर सुनकर उस कमरे के पास आस-पास के लोग पहुंच गए, तो आरोपी मौके से फरार हो गए। सूचना मिलने पर उसके गांव का सरपंच विनोद और भाई राहुल ने मौके पर पहुंचकर उसे अस्पताल में दाखिल करवा दिया। पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है।

सूरजकुंड के सभी संपर्क मार्गों की मरम्मत हो : विजयवर्द्धन

पायनियर समाचार सेवा । फरीदाबाद

हरियाणापर्यटन विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव विजयवर्द्धन ने कहा कि 34वें अंतर्राष्ट्रीय सूरजकुंड क्राफ्ट मेले की तैयारियां शुरू हो गई हैं। मेला अथॉरिटी की ओर से आवश्यक इंतजाम किए जा रहे हैं। इस मेले में लाखों पर्यटकों के पहुंचने की उम्मीद है। पर्यटकों की सहूलियत व सुविधाओं के मद्देनजर जिला प्रशासन के विभिन्न विभागों की ओर से भी यहां जरूरी प्रबंध किए जाने हैं। इसलिए संबंधित विभाग समय पर अपने इंतजाम पूरे कर लें।

अतिरिक्त मुख्य सचिव बृहस्पतिवार को राजहंस होटल में जिला प्रशासन के अधिकारियों की बैठक में उन्हें आवश्यक दिशा-निर्देश दे रहे थे। उन्होंने कहा कि इस मेले में देश-विदेश से पर्यटक पहुंचेंगे। उन्हें अच्छी सुविधाएं उपलब्ध करवाना मेला अथारिटी के साथ-साथ जिला प्रशासन की भी जिम्मेवारी है। उन्होंने लोक निर्माण विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए कि मेला ग्राउंड तक आने वाले सभी सड़क मार्गों को रिपेयर किया जाए। समारोह स्थल पर बैरिकेटिंग की उचित व्यवस्था की जाए। पुलिस विभाग सुरक्षा व यातायात व्यवस्था के सभी इंतजाम पूरे कर लें तथा इसकी एक रिहर्सल मेला शुरू होने से पहले कर ली जाए। बिजली निगम के अधिकारी बिजली की निर्बाध आपूर्ति सुनिश्चित करें तथा इसकी एक वैकल्पिक व्यवस्था कर ली जाए। रोडवेज बसों को जरूरत अनुसार विभिन्न रूटों पर लगाया जाए। इसी प्रकार शिक्षा विभाग की ओर से बच्चों की विभिन्न प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाएं। जिला प्रशासन की ओर से बाहर से आने वाले कलाकारों व वीआईपी के लिए आवास की उचित व्यवस्था सुनिश्चित करें। इस अवसर पर मंडल आयुक्त संजय जून, पुलिस आयुक्त केके राव, पर्यटन विभाग के प्रबंध निदेशक विकास यादव, नगर निगम के आयुक्त यश गर्ग, उपायुक्त यशपाल, नोडल अधिकारी राजेश जून सहित जिला प्रशासन के अधिकारी उपस्थित थे।

परिवार के दुबई जाते ही चोरों ने मकान खंगाला

फरीदाबाद। चोरों ने सेक्टर 28 स्थित एक मकान से लाखों रुपये के सोने-चांदी के जेवरात, नकदी और कीमती सामान चुराकर फरार हो गए। पीड़ित परिवार घूमने के लिए दुबई गया हुआ है।

थाना सेक्टर 31 में गुरुग्राम निवासी काजल कटारिया ने शिकायत दर्ज करवाई है कि उसके पिता सुभाष कटारिया सेक्टर 28 में रहते हैं। 18 जनवरी को उनके पिता परिवार के साथ घूमने के लिए दुबई गए थे। मंगलवार की शाम को एक पड़ोसी कपिल ने उन्हें फोन कर बताया कि उनके पिता के मकान का ताला टूटा हुआ है और घर में चोरी हुई है। सूचना मिलने के बाद वह अपने पति लखविंद्र के साथ यहां पहुंची, तो मुख्य दरवाजे का ताला टूटा हुआ था। चोर कितना माल चुराकर ले गए हैं, इसकी जानकारी उनके पिता दुबई से लौट कर देंगे।

Possession Notice

The undersigned being the authorized officer of the Punjab National Bank Sanjay Colony, Faridabad, Haryana Branch under the Securitisation & Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Act 2002. [54 OF 2002] and in exercise of powers conferred under section 13 (12) read with rule 9 of Security Interest [Enforcement] Rules, 2002 issued a demand notice dated 05th day of August 2019 calling upon the borrower M/s Krishna Trading Co. and Prop. Mr. Sunil Verma S/o Mr. Krishan Chand Verma to repay the amount mentioned in the notice being Rs. 25,69,139/- (Rupees Twenty Five Lacs Sixty Nine Thousand One Hundred Thirty Nine Only) within 60 days from the date of receipt of the said notice.
The borrower having failed to repay the amount, notice is hereby given to the borrower and the public in general that the undersigned has taken possession of the property described herein below in exercise of powers conferred on him/her under section 13(4) of the said act read with rule of 9 of the said Rules on this 21st Day of January of the year 2020.
The borrower in particular and the public in general is hereby cautioned not to deal with the property and any dealings with the property will be subject to the charge of the Punjab National Bank, Sanjay Colony Branch, Faridabad for an amount of Rs. 25,69,139/- (Rupees Twenty Five Lacs Sixty Nine Thousand One Hundred Thirty Nine Only) and Interest thereon.

Description of the immovable property
All that part and parcel of the property consisting of built up area of entire built on plot of land measuring 30.25 sq.yds. of property Plot No. 3A/131 (Mid Portion) Block A, NH-3, NIT Faridabad, Haryana.

Bounded:
On the North : Another Sub Division of 3A/131
On the South : Another Sub Division of 3A.131
On the East : 30' Wide Road
On the West : Other's Property

Authorised Officer
Punjab National Bank,
Sanjay Colony Branch, Faridabad
Date: 21.01.2020 **Place: Haryana**

सार्वजनिक सूचना

प्रपत्र सं. आईएनसी-26
[कम्पनी (निगमीकरण) नियमावली, 2014 के नियम 30 के अनुपालन में]
केन्द्र सरकार, रा.रा.क्षे. दिल्ली क्षेत्र के समक्ष
कम्पनी (निगमीकरण) नियमावली, 2014 के नियम 30 के उप-नियम (5) के उपवाक्य (ए) तथा कम्पनी अधिनियम, 2013 की धारा 13 की उप-धारा (4) के मामले में
तथा
माइंडवोर्क्स एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड जिसका पंजीकृत कार्यालय
53, नवल अपार्टमेंट, भूखण्ड सं. 14, वसुन्धरा एन्क्लेव, दिल्ली-110096
में स्थित है के मामले में
याचिकाकर्ता

एतद्द्वारा जनसाधारण को सूचित किया जाता है कि कम्पनी, कम्पनी अधिनियम 2013 की धारा 13 के अन्तर्गत केन्द्र सरकार के पास आवेदन प्रस्तुत करने का प्रस्ताव रखती है जिसमें वह 9 दिसंबर 2019 को आयोजित अपनी असाधारण सामान्य बैठक में पारित विशेष संकल्प के संबंध में कम्पनी के संघ बहिर्नियम के परिवर्तनन की अभिपुष्टि की मांग करती है, ताकि कम्पनी अपने पंजीकृत कार्यालय को **"दिल्ली के रा. रा.क्षे. के राज्य"** से **"उत्तर प्रदेश राज्य"** में स्थानांतरित करने में समर्थ हो सके।
कोई व्यक्ति जिसका हित कम्पनी के पंजीकृत कार्यालय के प्रस्तावित स्थानांतरण द्वारा संभवतः प्रभावित हो सकता है, वह अपने हित की प्रकृति तथा विरोध के आधारों का उल्लेख करते हुए एक शपथपत्र द्वारा उसे अनुसमर्थित करते हुए अपनी आपत्तियों को इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से चौदह दिवसों के अंदर या तो एमसीए-21 पोर्टल (www.mca.gov.in) पर निवेशक शिकायत प्रपत्र फाइल करके दर्ज कर सकता है अथवा स्वयं प्रस्तुत कर सकता है अथवा क्षेत्रीय निदेशक को बी-2 स्कंध, द्वितीय तल, पर्यावरण भवन, सीजीओ कॉम्प्लेक्स, नई दिल्ली-110003 को पंजीकृत डाक द्वारा प्रेषित कर सकता है और आवेदक कम्पनी को भी एक प्रति इसके पंजीकृत कार्यालय को निम्न वर्णित पते पर भेजी जानी चाहिए :
माइंडवोर्क्स एडवाइजरी प्राइवेट लिमिटेड के लिए तथा उसकी ओर से
हस्ता/-
ओइनड्रिला मजूमदार (निदेशक)
डीआईएन : 06825685
पता : फ्लैट सं. 102, भूखण्ड सं. 419, सेक्टर-4, वैशाली, आई.ई. साहिबाबाद, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश-201010
दिनांक : 11.01.2020 स्थान : दिल्ली

सार्वजनिक सूचना

ICICI Bank शाखा कार्यालय : आईसीआईसीआई बैंक द्वितीय तल, वीडियोकॉन टावर, झंडेवालान एक्सटेंशन, नई दिल्ली-110055

निम्नलिखित कर्जदार/रों ने उनके द्वारा बैंक से प्राप्त की गई ऋण सुविधाओं के मूलधन और ब्याज के भुगतान में चूक की है और ये ऋण अनार्जक आस्तियों (एनपीए) के रूप में श्रेणीबद्ध किए गए हैं। उनको, वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 की धारा 13(2) के अधीन निम्नवर्णित तिथि को एक सूचना उनके द्वारा बैंक को उपलब्ध कराए गए, उनके अंतिम ज्ञात पतों पर प्रेषित की गई थी, तथापि यह बिना तामील वापस प्राप्त की जा चुकी है और अतएव उनको इस सार्वजनिक सूचना द्वारा सूचित किया जा रहा है।

क्र. सं.	कर्जदार/सह-कर्जदार/गारंटर का नाम (ऋण खाता संख्या) एवं पता	प्रत्याभूत आस्ति/प्रवर्तित की जाने वाली आस्ति का सम्पत्ति पता	प्रेषित सूचना की तिथि/सूचना की तिथि तक बकाया राशि	एनपीए तिथि
1.	विजय थापा, नीना जोशी, 95 यूनाइटेड इंडिया अपार्टमेंट्स, मयूर विहार-1 एक्सटेंशन, दिल्ली, खाता सं. :- एलबीडीईएल00001193874	प्लॉट नंबर 194, शुभम अपार्टमेंट-टप्प, प्रथम तल दायीं तरफ, शालीमार गार्डन एक्सटेंशन-1.	13 दिसम्बर, 2019 रू. 5,25,732.3/-	30-अप्रैल -2019
2.	सुरेन्द्र सिंह रावत, अनूपा रावत, एलआईडी-137ए. सेक्टर-2, वैशाली, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता सं. :- एलबीडीईएल00001515215	कार्यालय सं. 201, द्वितीय तल, निपुण प्लाजा, प्लॉट नंबर 2, सेक्टर-1, वैशाली, गाजियाबाद	13 दिसम्बर, 2019 रू. 4,67,519/-	31-मई-2019
3.	संजय कुमार सराफ, अनीता सराफ, बीजे-70, प्रथम तल, ईस्ट शालीमार बाग, दिल्ली खाता सं. :- एलबीडीईएल00001742918	बीएच-480, शालीमार बाग पूर्वी, आवासीय स्कीम, दिल्ली	13 दिसम्बर, 2019 रू. 5,96,419/-	31-मार्च-2019
4.	सुमित रत्नागर, स्मारिका, पी.ओ. बॉक्स 2508, पी. सी. 112, ओमान खाता सं. :- एलबीडीईएल00001907722	जेपी अमन, अमन परियोजना, अपार्टमेंट नंबर एएमएन0222202, सेक्टर-151, नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 43,93,947/-	11-अगस्त -2014
5.	सुनील कुमार, अमित कुमार वर्मा, 133, द्वितीय तल, जवाहर पार्क, देवली खानपुर, नई दिल्ली खाता सं. :- एलबीडीईएल00002367176	फ्लैट नंबर 55, ब्लॉक-सी7, पाकेट-3, तृतीय तल, सेक्टर जी8, नरेला, दिल्ली	13 दिसम्बर, 2019 रू. 12,23,945/-	30-अप्रैल -2019
6.	अतुल दत्ता, किरण दत्ता, फ्लैट नंबर 001, टावर पीस-ए, सिक्का कार्मिक ग्रीन, सेक्टर-78, नोएडा खाता सं. :- एलबीडीईएल00002974192	फ्लैट नंबर जीएफ-01, भू. तल, प्लॉट नंबर जीएच-01/सी, टावर पीस-ए, सिक्का कार्मिक ग्रीन, सेक्टर-78, नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 44,29,211/-	30-सितम्बर -2019
7.	धीरेन्द्र कुमार, धीरज कुमार, जे-39-ए, तृतीय तल, फ्लैट नंबर 7, लक्ष्मी नगर, दिल्ली खाता सं. :- एलबीडीईएल00003023070	फ्लैट नंबर ए1001, 10वां तल, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	11 दिसम्बर, 2019 रू. 20,83,038/-	30-सितम्बर -2019
8.	नबा ज्योति बुरा, जोनाली नबा ज्योति बुरा, मकान नंबर 153, सौरव नगर, बेलाताला, गुवाहाटी खाता सं. :- एलबीडीईएल00003147241	फ्लैट नंबर 1504, 15वां तल, मेघदूतम एनकोर, टावर डी, सेक्टर-1, जीएच-05, टेकजोन 4 के समीपस्थ, ग्रेटर नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 19,29,575/-	30-अप्रैल -2018
9.	शशि प्रभा, प्रेम प्रकाश कौशलायन, एफ नंबर सी 9/8, तृतीय तल, शिव शक्ति, अपार्टमेंट जनता फ्लैट एस, सेक्टर-71, गौतमबुद्ध नगर, खाता सं. :- एलबीडीईएल00003197681	फ्लैट नंबर 604, टावर ए, छठा तल, वेदांतम, प्लॉट नंबर जीएच-01-बी, सेक्टर-16सी, ग्रेटर नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 11,55,297/-	28-फरवरी -2019
10.	अभिषेक सिंह, मालती सिंह, ए-1704, ऐंजिल मर्करी, अहिंसा खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद खाता सं. :- एलबीएफडीबी00004810852	फ्लैट नंबर सी-1908, 19वां तल, ओएसिस विनीशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए-12ए, ग्रुप हाउसिंग सेक्टर, सूरजपुर साइट सी (एक्सटेंशन), फेज-2, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद	18 दिसम्बर, 2019 रू. 30,44,622/-	30-सितम्बर -2019
11	रेखा कुमारी, सुनिन्दर कुमार, एस 55, सी2, शालीमार गार्डन, साहिबाबाद, गाजियाबाद खाता सं. :- एलबीजीएचजैड00002937746	फ्लैट नंबर 1608, 16वां तल, बुल ऐंड कैलिस्टो, प्लॉट नंबर जीएच-02बी-1, सेक्टर-10, ग्रेटर नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 14,03,453/-	31-मार्च-2018
12.	पुनीत चुघ, छाया, 5/2, प्रथम तल, शिवाजी नगर, गुड़गांव खाता सं. :- एलबीजीयूआर00002049835	फ्लोर नंबर 1, ब्लॉक-ई, प्लॉट नंबर 0060, ऐंथिया फ्लोर्स, वाइल्ड फ्लावर कंट्री, ग्राम बादशापुर, सेक्टर-70, गुड़गांव	13 दिसम्बर, 2019 रू. 6,14,976.75/-	31-जनवरी -2019
13.	एम आर मोहंती, मानसी पटनायक, एमआईजी फ्लैट नंबर 71डी, ब्लॉक-बी, रजत विहार, सेक्टर-62, नोएडा खाता सं. :- एलबीजीयूआर00002058794	बी0506, स्प्रिंग व्यू हाइट्स, क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	13 दिसम्बर, 2019 रू. 16,01,025/-	30-सितम्बर -2019
14.	धीरज कुमार सिंह, इवा सिंह, पी नंबर 637, अमर निकेतन विष्णुपुरी एक्सटेंशन, उत्तर प्रदेश, अलीगढ़ खाता सं. :- एलबीजीयूआर00002058864	प्लॉट नंबर 08, गली 4, द्वितीय तल, प्रीमियम फ्लोर्स, सेक्टर-82, गुड़गांव	18 दिसम्बर, 2019 रू. 28,59,221/-	31-07-2019
15.	विजय शेखर झा, एक्सप्लोर सोर्स कंसल्टैंसी सर्विसेज प्रा. लि., सी-403, सुख सागर अपार्टमेंट्स, प्लॉट नंबर 12, सेक्टर-9, द्वारका, दिल्ली खाता सं. :- एलबीजीयूआर00002128798	फ्लैट नंबर ए-2702, प्रथम तल, टावर-ए, स्प्रिंग व्यू फ्लोर्स, क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	18 दिसम्बर, 2019 रू. 47,89,572/-	30-09-2019
16.	अरविंद मसीन, सीमा मसीन, ए-504, 5वां तल, टावर ए, पार्क व्यू सिटी 2, राजस्व सम्पदा ग्राम बादशापुर, गुड़गांव सोहना रोड, तहसील एवं जिला गुड़गांव, हरियाणा-122001 खाता सं. :- एलबीजीयूआर00002423326 एलबीजीयूआर00002423064	ए-504, 5वां तल, टावर ए, पार्क व्यू सिटी 2, राजस्व सम्पदा ग्राम बादशापुर, गुड़गांव सोहना रोड, तहसील एवं जिला गुड़गांव, हरियाणा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 59,86,187/- एवं रू. 1,04,88,996/-	30-सितम्बर -2019
17.	गार्गी गोगोई, प्रांजल कुमार अधिकारी, फ्लैट नंबर 201, नंबर 57 एवं 58, पर्ल पैराडाइज/15वां मेन 17जी, क्रॉस रोज गार्डन, जो नगर, 5वां फेज, कर्नाटक, बेंगलुरू खाता सं. :- एलबीजीयूआर00004303734	फ्लैट नंबर 0502, 5वां तल, टावर ई2, ईको विलेज-III, प्लॉट नंबर जीएच-06, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा, उत्तर प्रदेश	18 दिसम्बर, 2019 रू. 59,96,557/-	31-08-2019
18.	राहुल शर्मा, हिमांशु शर्मा, एच-1102, ऋषभ क्लाउड-9 टावर्स, अहिंसा खंड-2, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश खाता सं. :- एलबीजीयूआर00004752044	फ्लैट नंबर सी-1905, 19वां तल, ओएसिस विनीशिया हाइट्स, प्लॉट नंबर एचआरए, ग्रुप हाउसिंग सेक्टर, सूरजपुर साइट सी (एक्सटेंशन), फेज-2, ग्रेटर नोएडा, गाजियाबाद	11 दिसम्बर, 2019 रू. 27,20,658/-	30-09-2019
19.	अरूण कुमार, बबीता, ए49/एफएफ, हस्तसाल रोड, ब्लॉक ए, उत्तम नगर डीके मोहन गार्डन, दिल्ली खाता सं. :- एलबीजीयूआर00004853624	फ्लैट नंबर ए-4, भू तल, (छत का अधिकार नहीं) बैक साइड, प्लॉट नंबर II/6, शक्ति खंड, इंदिरापुरम, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	11 दिसम्बर, 2019 रू. 27,42,227/-	30-09-2019
20.	पार्थ वर्मा, सिमरन माथुर, निशा माथुर, मकान नंबर 220/1, पोलो व्यू इंडियन मिलिटरी एकैडमी कैम्पस, देहरादून खाता सं. :- एलबीएनओडी00001893445	फ्लैट नंबर एएमएन0260408, अमन जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-151, नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 32,63,481/-	30-04-2017
21.	अंकुश मोहन, नेहा मोहन, ए-34/ए, भू तल, ब्लॉक-ए साउथ सिटी-II, गुड़गांव खाता सं. :- एलबीएनओडी00001921192	फ्लैट नंबर एएमएन0171107, अमन जेपी ग्रीन्स, सेक्टर-151, नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 30,93,323.02/-	30-09-2018
22.	देवेन्द्र कुमार सिंह, रागिनी सिंह (सह-कर्जदार), डिजिटल फोर्स ऑनलाइन इंडिया प्रा. लि., मकान नंबर सी-26/305, सूर्य नगर, ब्लॉक-सी, पीएस-लिंक रोड, गाजियाबाद खाता सं. :- एलबीएनओडी00002081017 एवं एलबीएनओडी00002096684	फ्लैट नंबर 1702, 16वां तल, टावर -एच लॉजिक्स ब्लॉसम ग्रीन्स, प्लॉट नंबर जीएच-01, सेक्टर-143, नोएडा	11 दिसम्बर, 2019 रू. 36,24,570/- एवं रू. 3,63,271.51/-	31-03-2019
23.	जितेन्द्र कुमार छाबड़ा, राम देवी, 10/192, गीता कालोनी, ब्लॉक-10, दिल्ली खाता सं. :- एलबीएनओडी00002116807	फ्लैट नंबर ए-2002, टावर-ए, स्प्रिंग व्यू फ्लोर्स, क्रीसेंट पार्क टाउनशिप, एनएच-24, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	18 दिसम्बर, 2019 रू. 48,70,349/-	30-09-2019
24.	प्रसान्त कुमार बेहेरा, संगीता बेहेरा, फ्लैट नंबर 9, राधिका अपार्टमेंट पाकेट-1, फेज-2, सेक्टर-14, द्वारका साउथ वेस्ट दिल्ली, दिल्ली खाता सं. :- एलबीएनओडी00002120732	फ्लैट नंबर आई-2004, 20वां तल, टावर आई, अजनारा होम्स, प्लॉट नंबर जीएच-03, सेक्टर-16बी, ग्रेटर नोएडा	13 दिसम्बर, 2019 रू. 22,08,064/-	31-07-2019
25.	दियूगेलंग गोन्मेई, हेगरूजाम प्रवीण सिंह, स्टेशन लॉजिस्टिक्स सेक्शन एयरफोस स्टेशन रेसकोर्स, दिल्ली खाता सं. :- एलबीएनओडी00002233095	फ्लैट नंबर एम/यूएच-903, टावर -एम, 9वां तल, अर्बन होम्स, शाहपुर बम्हेटा, एनएच-24, गाजियाबाद	13 दिसम्बर, 2019 रू. 5,32,581.91/-	30-09-2018
26.	मंगल सिंह खटाना, सुदेश देवी, अर्थला, मोहन नगर, उत्तर प्रदेश, गाजियाबाद खाता सं. :- एलबीएनओडी00002355261	कार्यालय सं. 201, द्वितीय तल, प्लॉट नंबर 19, ब्लॉक ए, शिवम मार्केट कॉम्प्लेक्स, कार्पोरेट सुइट, राजनगर, जिला केन्द्र, राजनगर, गाजियाबाद, उत्तर प्रदेश	18 दिसम्बर, 2019 रू. 30,28,738/-	30-09-2019
27.	सोहन पाल, सुरेश कुमार गुप्ता, 077, मेन मार्केट स्कूल रोड रजोकड़ी ग्राम, दिल्ली खाता सं. :- एलबीएनओडी00002379759	डीडीए एलआईजी फ्लैट नंबर 50, तृतीय तल, सेक्टर जी-8, पाकेट-3, ब्लॉक-एफ 7, नरेला, दिल्ली	13 दिसम्बर, 2019 रू. 11,59,324/-	30-04-2019

सूचना प्रदान करने हेतु वैकल्पिक उपाय किए जा रहे हैं। उपरोक्त कर्जदार/रों तथा/अथवा उनके गारंटरों (जहां कहीं लागू है) को सलाह दी जाती है कि बकाया राशि का भुगतान इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 60 दिन के भीतर कर दें, अन्यथा वित्तीय आस्तियों का प्रतिभूतिकरण और पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के प्रावधानों के अनुसार आगे कार्यवाही की जाएगी।
तिथि : 24-01-2020 प्राधिकृत अधिकारी
स्थान : दिल्ली/एनसीआर आईसीआईसीआई बैंक लिमिटेड

प्रेमी ने किया इनकार फांसी लगा ली

फरीदाबाद। सूरजकुंड थाना क्षेत्र में प्रेमी द्वारा शादी से इनकार करने से क्षुब्ध 12वीं कक्षा की छात्रा ने फांसी लगाकर जान दे दी। सूरजकुंड क्षेत्र निवासी पिता ने पुलिस को बताया है कि उसकी बेटी 12वीं कक्षा की छात्रा थी। एक दिसंबर, 2019 को गांव ऊलावास, गुरुग्राम निवासी आकू छात्रा को बहला-फुसलाकर ले गया था। 17 दिसंबर, 2019 को वह वापस आ गई। 22 जनवरी को छात्रा फिर घर से गायब हो गई। वह गांव ऊलावास में पानी की टंकी के पास बैठी मिली। परिवार वाले उसे वापस लाए, तो उसने बताया कि आकू ने शादी से इनकार कर दिया है।

बच्ची से अश्लील हरकत करने वाले को कैद

पायनियर समाचार सेवा। फरीदाबाद

नौ साल की मासूस बच्ची के साथ अश्लील हरकत करने वाले आरोपी को जिला एवं अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश सरताज बासवाना की अदालत ने दोषी करार देते हुए पांच साल की कैद और पांच हजार रुपये जुर्माने की सजा सुनाई है।

अदालत में पेश मामले के मुताबिक मुजेसर थाना क्षेत्र की एक कॉलोनी में रहने वाली नौ साल की एक बच्ची ने यह मामला तीन जुलाई, 2018 को महिला थाना एनआईटी में दर्ज करवाया था। उसने अपनी शिकायत में कहा था कि तीन जुलाई को वह अपने मकान की छत पर खेल रही थी। तभी उसके पड़ोस में रहने वाला बिहार निवासी मनीष वहां पहुंच गया।

कुछ देर तक तो वह इधर-उधर की बातें करता रहा। बाद में आरोपी ने उसे दबोच लिया और बदनीयती से उसके साथ अश्लील हरकतें करने लगा। उसके रोने पर आरोपी धमकी देता हुआ वहां से चला गया। उस समय आरोपी के डर से उसने किसी को कुछ नहीं बताया, लेकिन सात जुलाई को उसने अपनी मां को आरोपी की हरकत के बारे में बता दिया और पुलिस को शिकायत दे दी। उस समय पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार कर अदालत में पेश कर दिया था। यह मामला तभी से अदालत में विचाराधीन था। बृहस्पतिवार को मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने उसे दोषी करार देते हुए यह सजा सुनाई है।

डीसी ने किलोमीटर स्कीम के तरह दिखाई बसों को हरी झंडी

पायनियर समाचार सेवा। बल्लभगढ़

बस अड्डे पर उपायुक्त यशपाल यादव ने परिवहन निगम हरियाणा की किलोमीटर स्कीम के तहत दो बसों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह बसें बृहस्पतिवार से बल्लभगढ़ बस अड्डा से गुरुग्राम व आगरा के लिए चलेंगी।

उपायुक्त ने कहा कि प्रदेश सरकार ने लोगों की सुविधा के लिए बसों की कमी को पूरा करने योजना बनाई है। परिवहन निगम को घाटे से उबारने व लोगों की बेहतर यातायात की जरूरत को पूरा करने के लिए किलोमीटर योजना शुरू की है। उन्होंने कहा कि इस योजना के तहत जिला को पांच बसें मिली हैं। दो बसें बृस्पतिवार से शुरू हो गई हैं। तीन और बसें जल्द ही डिपो को मिल जाएंगी। उन्होंने कहा कि आज जो बसें गुरुग्राम व आगरा के लिए चलाई गई हैं, इससे इस रूट के यात्रियों को काफी फायदा मिलेगा। इस अवसर पर एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद व महाप्रबंधक रोडवेज भारत भूषण गोगिया, ट्रैफिक मैनेजर नवनीत बजाज भी उपस्थित थे।

फोन पर बात न करने से नाराज मनचले ने किशोरी को दी धमकी

फरीदाबाद। थाना मुजेसर इलाके में रहने वाली एक नाबालिग लड़की का उसके पड़ोस में रहने वाले एक युवक ने जीना मुश्किल कर दिया है। आरोपी ने किशोरी को जबरन मोबाइल फोन दे दिया और बातें करने का दबाव बनाने लगा। विरोध करने पर आरोपी जान से मारने की धमकी दे रहा है। पीड़िता इससे पहले भी आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज करवा चुकी है। पुलिस के मुताबिक इलाके में रहने वाली 17 वर्षीय एक किशोरी ने अपनी शिकायत में कहा है कि उसके पड़ोस में रहने वाले विक्की उर्फ सोनू ने पिछले काफी समय से उसका जीना मुश्किल कर दिया है। आरोपी द्वारा पहले भी उसे अगवा कर उसके साथ अश्लील हरकतें की जा चुकी है। यह मामला फिलहाल अदालत में विचाराधीन है। अब पिछले कुछ समय से वह फिर परेशान कर रहा है। रास्ते में आने-जाने के दौरान वह उसका पीछा करता है। कई बार रास्ते में रोक कर उस पर शादी का दबाव बनाता है। प्यार का नाटक करते हुए वह उसे परिवार के खिलाफ भड़काता है। वह बार-बार उसे बदनाम करने की धमकी भी देता है। गत दिवस विक्की उसके घर पर एक मोबाइल फोन फेंक कर चला गया। उसने फोन मिलाया, तो वह सीधे विक्की के पास गया। विक्की ने बताया कि उसने फोन जानबूझ कर बातचीत करने के लिए फेंका है। वह फोन परिवार से छिपाकर रखने के लिए कह रहा था, लेकिन उसने अपने परिवार वालों को बता दिया और पुलिस को शिकायत दे दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

'सेवा कार्यों के लिए जागरूकता फैलाएं'

फरीदाबाद। जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी शशि अहलावत ने कहा कि रेडक्रॉस के उद्देश्यों के अतिरिक्त साफ सफाई, नेत्र दान और अंग दान आदि के लिए जागरूकता पर कार्य किए जाए।

शशि अहलावत राजकीय कन्या वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय में जिला रेडक्रास सोसायटी द्वारा आयोजित किए जा रहे पांच दिवसीय जेआरसी शिविर और तीन दिन के काउंसिलर्स शिविर को संबोधित कर रही थीं। प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा ने अध्यक्षता की। इसमें विशिष्ट अतिथि जिला रेडक्रॉस सोसायटी के निवृतमान सचिव बीबी कथूरिया तथा रतन सिंह आजाद, दर्शन भाटिया, नशा मुक्ति केंद्र से जगत सिंह तेवतिया, नेको से सुशील कुमार तथा मधु भाटिया भी उपस्थित रहीं। शशि अहलावत ने कहा कि विद्यालय प्राचार्य रविन्द्र कुमार मनचन्दा के नेतृत्व में यह बहुत सुंदर शिविर आयोजित किया जा रहा है तथा यहां पर लगभग 100 से अधिक अध्यापकों के उपस्थित रहने तथा उन के जोश और उत्साह को जान कर उन्हें बहुत प्रसन्नता हुई है। मनचन्दा ने अंगदान व नेत्रदान के प्रति जागरूक होने की जरूरत पर प्रकाश डाला।

सफाई के लिए एनजीटी का आदेश लागू हो : उपायुक्त

फरीदाबाद। जिला उपायुक्त यशपाल यादव ने कहा कि नेशनल ग्रीन ट्रिब्यूनल के आदेश के अनुसार शहर में सफाई व्यवस्था दुरुस्त बनाई जाए। डोर-टू-डोर कूड़ा कलैक्शन किया जाए तथा डंपिंग प्वाइंट से भी कूड़ा के उठान नियमित रूप से होना चाहिए।

उपायुक्त ने बुधवार को विभिन्न विभागों की मीटिंग में कहा कि वातावरण की साफ-सफाई में सभी का योगदान अपेक्षित है। नगर निगम व एचएसवीपी अपने क्षेत्रों में सभी जरूरी इंतजाम करें। दोनों विभाग सुनिश्चित करें कि सीवरेज की गंदगी बारिश के पानी के साथ नहीं मिलनी चाहिए। हर कार्य की टाइमलाइन फिक्स की जाए तथा उसी के अनुसार काम पूरा करने के बाद एक्शन टेकन रिपार्ट भेजी जाए। कूड़ा का उठान नियमित रूप से हो। अगर कांट्रैक्टर सही तरीके से काम नहीं कर रहा, तो उस पर पैनल्टी लगाई जाए या फिर उसका कान्ट्रैक्ट रद्द किया जाए। उन्होंने कहा कि साफ-सफाई व्यवस्था को दुरुस्त बनाए रखने के लिए लोगों का सहयोग भी अपेक्षित है। लोगों को खुले में कूड़ा डालने से रोका जाए। उद्योगों से निकलने वाले वेस्ट का निस्तारण भी सही प्रकार से होना चाहिए। सब्जी मंडी व आसपास के क्षेत्र में भी सफाई पर विशेष ध्यान दिया जाए। उन्होंने ट्रैफिक पुलिस के अधिकारियों को निर्देश दिए कि जो वाहन प्रदूषण ज्यादा कर रहे हैं, उनके चालान अधिक किए जाएं। वाहनों की प्रदूषण की जांच नियमित रूप से होनी चाहिए। इस अवसर पर एसडीएम फरीदाबाद अमित कुमार, एसडीएम बल्लभगढ़ त्रिलोकचंद, एसडीएम व एसडीएम बड़खल पंकज सेतिया भी उपस्थित थे।

PERFECTPAC LIMITED

CIN: L72100DL1972PLC005971
Regd. Off.: 910, Chiranjiv Tower-43, Nehru Place, New Delhi-110019
Ph: 011-26441015-18, E-mail id: complianceofficer@perfectpac.com
Website: www.perfectpac.com

NOTICE OF BOARD MEETING

Notice is hereby given that pursuant to Regulation 29 read with Regulation 47of the Securities and Exchange Board of India (Listing Obligations and Disclosure Requirements) Regulations, 2015 that the meeting of the Board of Directors of the Company is scheduled to be held on **Saturday, February 01, 2020**, *inter-alia*, to consider and approve the Unaudited Financial Results of the Company for the quarter and nine months ended December 31, 2019 (the "Financial Results").
A copy of this Notice and Financial Results shall also be available at the Company's website www.perfectpac.com and the website of the Stock Exchanges-BSE: www.bseindia.com and CSE: www.cse-india.com.

Place: New Delhi
Date: 23.01.2020

For **Perfectpac Limited**
Sanjay Rajgarhia
Managing Director

असहमति में छोड़ रहे हैं गरिमा

● सीएए, एनआरसी विरोध पर प्रसून जोशी ने कहा

भाषा। जयपुर

गीतकार, लेखक और केंद्रीय फिल्म प्रमाणन बोर्ड के अध्यक्ष प्रसून जोशी ने संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता पंजी (एनआरसी) को लेकर जारी विरोध की ओर इशारा करते हुए गुरुवार को यहां कहा कि असहमति में हम गरिमा छोड़ रहे हैं। इसके साथ ही उन्होंने असहमति में व्यक्तिगत हमले करने पर भी आपत्ति जताई।

जयपुर साहित्य उत्सव में यहां एक सत्र के दौरान प्रसून जोशी ने कहा, फिलहाल निजी हमले एक आम बात हो गई है। किसी बात पर सहमति और असहमति तो हो सकती है, लेकिन इन दिनों असहमति में हम गरिमा को छोड़ रहे हैं। असहमति तो होगी, लेकिन यह गरिमापूर्ण असहमति होनी चाहिए। उन्होंने असहमति में व्यक्तिगत हमलों से बचने की सलाह भी दी। उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रशंसा करते हुए कहा कि आपसे फिर कहता हूं बार-बार कहता हूं कि हमारे प्रधानमंत्री देश के लिए समर्पित हैं। मुझे इसमें कोई शक नहीं है। दरअसल उनसे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए उनके द्वारा फकीर शब्द इस्तेमाल किए जाने को लेकर सवाल पूछा गया था।

इसका जवाब देते हुए उन्होंने कहा कि आज भी बेहद कम लोग होंगे जो इस बात से इंकार करेंगे कि हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी सौ फीसदी देश के लिए सोचते हैं। आप इस पर शक नहीं कर सकते। इसीलिए मैने उनके लिए फकीर शब्द का इस्तेमाल किया। वह खुद के लिए नहीं बल्कि देश के लिए सोचते हैं। भाषा में गालियों एवं अभद्र शब्दों के प्रयोग को जोशी ने आलस करार दिया। उन्होंने कहा कि जिसके पास शब्द नहीं होते वह हर जगह सिर्फ एक शब्द लगा देता है। उन्होंने कहा, मेरी नजर में यह सिर्फ आलस है, लेकिन जिसके पास शब्द है वह स्पष्ट करता है, यह नीला है और यह पीला है और इसके बीच में एक शब्द है जो मैं तलाशता हूं।.... उन्होंने कहा कि मुझे आपत्ति नहीं है कि अगर एसएमएस या टैक्स्ट शब्द हमारी भाषा का हिस्सा बन जाए,लेकिन अगर वह संदेश शब्द की हत्या कर आ रहा है तो यह तो भाषा की विपन्नता हुई।

मां शब्द को व्याख्यित करते हुए उन्होंने कहा कि यह एक ऐसा भाव (इमोशन) जो प्रकृति में सबसे ऊपर है। आप आंख बंद कर एक बार मां कह लीजिए आप खुद ही इसके भाव को महसूस करेंगे। देश प्रेम के सवाल पर जोशी ने कहा कि देश प्रेम की अलग-अलग मुद्राएं होती हैं। इसे अलग-अलग तरह से व्यक्त किया जाता है।

सेंसर बोर्ड के अध्यक्ष के रूप में उनकी भूमिका से जुड़े एक सवाल के जवाब में उन्होंने कहा कि आप कुछ भी फिल्माइए, मुझे कोई परहेज नहीं है, लेकिन आप जाहिर कर फिल्माइए। उन्होंने कहा कि हम विवादों से विचार विमर्श की तरफ गए हैं, इसलिए चीजें सुधरी हैं। गुलाबी नगरी में गुरुवार से जयपुर साहित्य उत्सव (जेएलएफ) 2020 की शुरुआत हुई। राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के साथ संजॉय के रॉय, विलियम डेलरिम्पल नमिता गोखले, शुभा मुद्गल चन्द्र प्रकाश देवल ने औपचारिक शुरुआत की। जेएलएफ का यह 13वां संस्करण है और इसमें 23 से 27 जनवरी तक कविता, कहानी, उपन्यास, भाषा के साथ साथ पर्यावरण, जलवायु परिवर्तन, विज्ञान और तकनीक, गरीबी जैसे ज्वलंत मुद्दों पर भी मंथन होगा। पांच दिन तक चलने वाले जेएलएफ में नोबेल पुरस्कार विजेता अभिजीत बनर्जी, लेखक एवं सांसद शशि थरूर, पूर्व केंद्रीय मंत्री जयराम रमेश, प्रेमचंद की पौत्री सारा राय समेत 550 वक्ता विभिन्न मुद्दों और विषयों पर अपने विचार रखेंगे। इस संस्करण में 15 भारतीय और 20 विदेशी भाषाओं के वक्ता अपने अपने अनुभव एवं विचार साझा करेंगे।

अमरिंदर सिंह ने इमरान खान से सिख नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करने की अपील की

चंडीगढ़ (भाषा)। पंजाब के मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने बृहस्पतिवार को पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान से अपील की कि वह कट्टरपंथियों की चेतावनी के बाद पाकिस्तान से भागने को मजबूर हुए सिख नेता की सुरक्षा सुनिश्चित करें। मुख्यमंत्री ने ट्वीट किया, इमरान खान से अपील करता हूं कि वह रादेश सिंह टोनी की सुरक्षा सुनिश्चित करें। मैं समझता हूं कि वह पाकिस्तान में असुरक्षित महसूस कर रहे हैं क्योंकि हाल के महीनों में उन्होंने कई सिखों को उत्पीड़न का शिकार होते हुए देखा। पाकिस्तान सरकार को उनकी और उनके जैसे अन्य लोगों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए तत्काल कदम उठाने चाहिए और जरूरत पड़े तो उनके सुरक्षित आवागमन की व्यवस्था की जाए। सिख नेता रादेश टोनी ने पाकिस्तान में 2018 का आम चुनाव एक निर्दलीय उम्मीदवार के रूप में लड़ा था। इसके बाद उन्हें अपने देश से कथित तौर पर भागना पड़ा था क्योंकि उन्हें कट्टरपंथियों की ओर से धमकियां मिल रही थी। टोनी खालसा पीस एंड जस्टिस फाउंडेशन के अध्यक्ष हैं। वह पाकिस्तान के अशांत खैबर पख्तुनख्वा प्रांत के पेशावर से भागकर लाहौर गए थे। इस दौरान उन्हें अपना कारोबार और संपत्ति भी छोड़नी पड़ी थी।

गुरुवार को नई दिल्ली में संसद में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 123 वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला (दाएं), वरिष्ठ कांग्रेस नेता गुलाम नबी आजाद (दाएं से तीसरे), आनंद शर्मा (बाएं से चौथे) और केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रहलाद जोशी (बाएं से पांचवें) और अन्य नेतागण

ब्राजील के राष्ट्रपति गणतंत्र दिवस परेड में होंगे मुख्य अतिथि

भाषा। नई दिल्ली

ब्राजील के राष्ट्रपति जेयर मेसियस बोलसोनारो, प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के निमंत्रण पर 24-27 जनवरी 2020 तक भारत के राजकीय दौरे पर आ रहे हैं जहां वह भारत के 71वें गणतंत्र दिवस पर परेड में मुख्य अतिथि होंगे।

विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) विजय ठाकुर सिंह ने संवाददाताओं को बताया, राष्ट्रपति बोलसोनारो की यात्रा अत्यंत महत्वपूर्ण है। यह हमारे सामरिक संबंधों को नई ऊर्जा प्रदान करने और केंद्रित रूप में आगे बढ़ने का महत्वपूर्ण अवसर प्रदान करेगी। उन्होंने कहा, इस यात्रा से भारत-ब्राजील के बीच बहुआयामी संबंधों के और विस्तार पाने तथा मजबूत होने की उम्मीद है। विदेश मंत्रालय में सचिव (पूर्व) ने बताया कि राष्ट्रपति बोलसोनारो 24-27 जनवरी तक भारत की यात्रा पर रहेंगे और इस दौरान वे 26 जनवरी 2020 को भारत के 71वें गणतंत्र दिवस पर आयोजित होने वाली परेड में मुख्य अतिथि होंगे।

ब्राजील के राष्ट्रपति के साथ आठ मंत्री, चार सांसद, ब्राजील की संसद में ब्राजील-भारत मैत्री समूह के अध्यक्ष, वरिष्ठ अधिकारी और एक बड़ा व्यापारिक प्रतिनिधिमंडल भी दौरे पर आएगा। गौरतलब है कि इससे पहले ब्राजील के किसी राष्ट्रपति की पिछली भारत यात्रा अक्टूबर 2016 में राष्ट्रपति मिशेल टेमर द्वारा गोवा में आठवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन के दौरान हुई थी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में नवंबर 2019 में ग्यारहवें ब्रिक्स शिखर सम्मेलन में भाग लेने के लिए ब्रासीलिया गए थे। विजय ठाकुर सिंह ने बताया कि यह भारत में राष्ट्रपति बोलसोनारो का पहला राजकीय दौरा है। इससे पहले 1996 और 2004 में हमारे गणतंत्र दिवस परेड में ब्राजील के राष्ट्रपति मुख्य अतिथि रह चुके हैं।

25 जनवरी को राष्ट्रपति बोलसोनारो राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद से मिलेंगे जो उनके सम्मान में एक भोज की मेजबानी करेंगे और प्रधानमंत्री के साथ वार्ता करेंगे। उपराष्ट्रपति और विदेश मंत्री, राष्ट्रपति बोलसोनारो से मुलाकात करेंगे। 27 जनवरी को राष्ट्रपति बोलसोनारो भारत-ब्राजील व्यापार मंच में भारतीय और ब्राजील के कारोबारियों को संबोधित करेंगे। विदेश मंत्रालय के अनुसार, भारत और ब्राजील एक घनिष्ठ और बहुआयामी संबंध साझा करते हैं। हमारे द्विपक्षीय संबंध दोनों देशों के सामान्य वैश्विक दृष्टिकोण, साझा लोकतांत्रिक मूल्यों और आर्थिक विकास को बढ़ावा देने हेतु प्रतिबद्धता पर आधारित हैं।

भारत-ब्राजील संबंधों में एक नए चरण की शुरुआत करते हुए, 2006 में द्विपक्षीय संबंधों को सामरिक साझेदारी तक बढ़ाया गया था। न केवल द्विपक्षीय स्तर पर, बल्कि ब्रिक्स, आईबीएसए, जी-20 जैसे बहुपक्षीय मंचों और विशेष रूप से संयुक्त राष्ट्र में बहुपक्षीय निकायों में भी दोनों देशों के बीच मजबूत संबंध हैं। मंत्रालय के बयान के अनुसार, भारत और ब्राजील के बीच द्विपक्षीय व्यापार 2018-19 में 8.2 बिलियन अमेरिकी डॉलर रहा था। इसमें ब्राजील के लिए भारतीय निर्यात के रूप में 3.8 बिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत द्वारा आयात के रूप में 4.4 मिलियन डालर शामिल थे।

ब्राजील में प्रमुख भारतीय निर्यात में कृषि-रसायन, सिंथेटिक यार्न, ऑटो के पुर्जे, फार्मास्युटिकल्स और पेट्रोलियम उत्पाद शामिल हैं।ब्राजील से भारत में आयात में कच्चा तेल, सोना, वनस्पति तेल, चीनी और थोक खनिज व अयस्कों शामिल हैं। 2018 में ब्राजील में भारत का निवेश लगभग 6 बिलियन अमेरिकी डॉलर और भारत में ब्राजील के निवेश का अनुमान। बिलियन अमेरिकी डॉलर है। भारत में ब्राजील का निवेश मुख्य रूप से ऑटोमोबाइल, आईटी, खनन, ऊर्जा और जैव ईंधन क्षेत्रों में हैं। भारत ने ब्राजील के आईटी, फार्मास्युटिकल, ऊर्जा, कृषि-व्यवसाय, खनन और इंजीनियरिंग क्षेत्रों में निवेश किया है।

अगर न्यायालय ने भी सीएए को संवैधानिक माना तो यह धर्मनिरपेक्षता के ताबूत में आखिरी कील होगी : दिग्विजय

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता दिग्विजय सिंह और पूर्व केंद्रीय मंत्री असलम शेर खान ने गुरुवार को भोपाल में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की दौरान

भाषा। भोपाल

कांग्रेस नेता दिग्विजय सिंह ने गुरुवार को संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को असंवैधानिक बताते हुए कहा कि अगर उच्चतम न्यायालय ने भी इस कानून को संवैधानिक मान लिया तो यह देश की धर्मनिरपेक्षता के ताबूत में आखिरी कील होगी और उसके बाद देश में क्या हालात होंगे उसे हम नहीं समझ सकते। इसके साथ ही उन्होंने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं गृहमंत्री अमित शाह पर देश की एकता को बिगाड़ने का आरोप भी लगाया है।

सीएए, राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) एवं राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी (एनपीआर) पर यहां संवाददाताओं से चर्चा करते हुए दिग्विजय ने कहा, अनेकता में एकता ही इस देश की सबसे बड़ी शक्ति है, जिसे मोदी जी एवं अमित शाह जी अब बिगाड़ रहे हैं। उन्होंने कहा, जिस प्रकार आज (देश के) हालात हो रहे हैं, मैं कहना चाहता हूं कि मुझे बार-बार कहा जाता था कि दिग्विजय सिंह मुसलमान परस्त है। मैं न तो हिन्दू परस्त हूं और उन मुसलमान परस्त हूं। मैं देश परस्त हूं। मेरे लिए इस देश की अनेकता में एकता ही सबसे बड़ी ताकत है। दिग्विजय ने बताया कि ए भावना जब तक हम लोग कायम नहीं रखेंगे तब तक देश को नहीं बचा पाएंगे। उन्होंने कहा, आज इस देश का मुसलमान घबराया हुआ है, डरा हुआ है, निराश है। निराश है व्यवस्था से, निराश है राजनीतिक दलों से, निराश है पुलिस से। एक आशा की किरण अभी ज्युडिशियरी (न्यायपालिका) बची हुई है।

दिग्विजय ने कहा, वो (देश का मुस्लिम समुदाय) देख रहा है कि असंवैधानिक सिटिजन एक्ट को सुप्रीम कोर्ट गिराती है कि रखती है। उन्होंने मोदी-शाह की सरकार के इस निर्णय को अगर कायम रख लिया, असंवैधानिक कानून को अगर उन्होंने संवैधानिक मान लिया तो धर्मनिरपेक्षता के ताबूत में यह आखिरी कील होगी। उसके बाद क्या इसमें हालात होंगे, हम नहीं समझ सकते, क्योंकि जिस प्रकार से लोगों में रोष है, उसका आप अंदाजा नहीं लगा सकते। उन्होंने कहा, ए (सीएए के विरोध में) मूवमेंट अब हमारे सबके हाथ से निकल गया है, राजनीतिक दल के नेताओं से निकल गया है। एक तरफ छात्र, एक तरफ हमारे अल्पसंख्यक और अल्पसंख्यक में भी पुरुष नेता सबको अलग कर दिया। पूरा आंदोलन महिलाओं के हाथ में चला गया, बच्चों के हाथ में चला गया। उन्होंने कहा कि हम सीएए के समर्थन में प्रदेश में दौरा करेंगे और लोगों को समझाएंगे। दिग्विजय ने आगे कहा, हम चिंता नहीं करते। हो सकता है हम पर हमला भी हो। हम फिक्र नहीं करते। लेकिन इस देश में सनातनी परंपराओं को कायम रखा जाएगा। इसके लिए हम लड़ाई लड़ेंगे।

पाथरी के निवासी करेंगे अदालत का रुख

साईंबाबा जन्मस्थान विवाद

भाषा। औरंगाबाद

परभणी जिले में पाथरी के निवासियों ने साईंबाबा के जन्म स्थल के बारे में अपने दावे पर कानूनी वैधता पाने के लिए अदालत का रुख करने का फैसला किया है। साईं जन्मभूमि पाथरी संस्थान के सदस्यों ने बताया कि पाथरी साईंबाबा का जन्मस्थान है, यह साबित करने के लिए प्रमाणों के साथ वह बंबई उच्च न्यायालय की औरंगाबाद पीठ में याचिका दाखिल करेंगे। शिरडी में समाधि लेने के 102 साल बाद साईं के जन्मस्थान को लेकर विवाद पैदा हो गया है।

कुछ निवासियों का दावा है कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे शिरडी मंदिर ट्रस्ट के दबाव के कारण पाथरी के साईंबाबा के जन्मस्थल होने पर अपने बयान से पलट गए। विधानपार्षद और कार्यसमिति के अध्यक्ष बाबाजानी दुर्रानी ने बताया कि पाथरी के निवासी इस मुद्दे पर अदालत का रूख करेंगे। दुर्रानी ने पीटीआई-भाषा को बताया, शिवसेना के सांसद संजय जाधव ने ठाकरे से पाथरी के निवासियों से मुलाकात के लिए समय मांगा, लेकिन मना कर दिया गया और हमें बताया गया कि विवाद को नहीं बढ़ाऐं।

उन्होंने कहा, हमने इस मुद्दे के समाधान के लिए कानूनी प्रक्रिया अपनाने का फैसला किया है और ठाकरे से मुलाकात नहीं करेंगे। वकीलों का एक दल पाथरी आएगा और अगले सप्ताह अदालत में एक याचिका दाखिल करेंगे। उन्होंने कहा, हमें बुरा नहीं लगेगा कि पाथरी के लिए सरकारी अनुदान नहीं आए लेकिन पाथरी साईंबाबा का जन्मस्थान है, इस पर हम अपना दावा कभी नहीं छोड़ेंगे।

केरोसिन डालकर आग लगाए गए दलित युवक की दिल्ली के अस्पताल में मौत

एजेंसी। भोपाल

● भाजपा ने कमलनाथ सरकार पर अल्पसंख्यक तुष्टीकरण का लगाया आरोप, कहा- समय से आरोपियों पर कार्रवाई होती तो बच जाती दलित युवक की जान

मध्यप्रदेश के सागर जिले में पिछले सप्ताह अल्पसंख्यक समुदाय के कुछ लोगों द्वारा आग लगाने से गंभीर रूप से घायल हुए 24 वर्षीय दलित युवक की गुरुवार सुबह दिल्ली के एक अस्पताल में मौत हो गई। घटना को लेकर प्रदेश में सत्तारूढ़ कांग्रेस और विपक्षी दल भाजपा के बीच आरोप-प्रत्यारोप का दौर जारी है। इस घटना के बाद भाजपा ने आरोप लगाया था कि प्रदेश की कांग्रेस सरकार की अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति के चलते इस मामले में दलित युवक की फरियाद पर समय पर कार्रवाई नहीं की गई। वहीं, कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। सागर शहर के मोतीनगर थाना क्षेत्र में रहने वाले धनप्रसाद अहिरवार (24) को उसके पड़ोसियों छुट्टू अज्जू पठान, कल्लू और इरफान ने 14 जनवरी को केरोसिन डाल कर आग लगा दी थी। आरोपी बच्चों के विवाद में धनप्रसाद द्वारा की गई शिकायत के मामले में उस पर राजीनामा करने का दबाव डाल रहे थे। धनप्रसाद ने घटना के पहले पुलिस को कई बार आरोपियों से जान का खतरा होने की शिकायत की थी। लेकिन पुलिस द्वारा उसकी शिकायत पर कोई कार्रवाई नहीं की गई। आरोपियों द्वारा आग लगाने से 70 प्रतिशत जली हालत में अहिरवार को सागर में प्रारंभिक उपचार के बाद भोपाल रेफर किया गया। इसके बाद उसे इलाज के लिए एयर एम्बुलेंस द्वारा दिल्ली ले जाया गया जहां गुरुवार को उसकी मौत हो गई।

अहिरवार की मौत की पुष्टि करते हुए सागर के पुलिस अधीक्षक (एसपी) अमित सांघी ने पीटीआई भाषा को बताया कि एफआईआर में नामजद सभी आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुख्यमंत्री कमलनाथ ने अहिरवार की मौत पर दुख: व्यक्त करते हुए ट्वीट किया, सागर निवासी युवक धनप्रसाद अहिरवार की दिल्ली में इलाज के दौरान मृत्यु का समाचार प्राप्त हुआ। परिवार के प्रति मेरी शोक संवेदनाएं। दु:ख की इस घड़ी में परिवार के साथ सरकार खड़ी है। परिवार की हर संभव मदद के निर्देश। वहीं दूसरी ओर विधानसभा में विपक्ष के नेता गोपाल भार्गव ने अहिरवार की मौत के लिए प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। भार्गव ने कहा, मैं भोपाल में पीड़ित और परिवार से मिला। वह मदद मांगने के लिए पुलिस के पास गए थे। यदि पुलिस ने समय पर कार्रवाई की होती तो पीड़ित की जान बचाई जा सकती थी। एक गरीब दलित परिवार ने प्रशासन और सरकार की उदासीनता के कारण अपने बेटे को खो दिया। इस घटना के बाद प्रदेश भाजपा के अध्यक्ष राकेश सिंह ने कहा था कि अहिरवार तीन बार पुलिस के पास गए थे कि उनकी जान को खतरा था लेकिन उन्हें पुलिस की कोई मदद नहीं मिली। सिंह ने आरोप लगाया कि कांग्रेस की नेतृत्व वाली सरकार की वोट बैंक की राजनीति और अल्पसंख्यक तुष्टिकरण की नीति के कारण अहिरवार की आशंकाओं पर पुलिस ने कार्रवाई नहीं की। दूसरी ओर कांग्रेस ने भाजपा नेताओं पर संवेदनशील मुद्दे पर राजनीति करने का आरोप लगाया। प्रदेश कांग्रेस के प्रवक्ता नरेन्द्र सलूजा ने कहा, पुलिस ने समय पर कार्रवाई की और सभी आरोपियों को गिरफ्तार किया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर पीड़ित को बेहतर इलाज के लिए दिल्ली भेजा गया। अब, भाजपा झूठ बोलकर माहौल खराब करने की कोशिश कर रही है।

क्विक न्यूज

चंडीगढ़ में एक महिला और दो बच्चों की हत्या

चंडीगढ़ (भाषा)। चंडीगढ़ के मनिमाजरा इलाके मे 45 वर्षीय महिला, उसकी बेटी और बेटे की गला रेत कर हत्या कर दी गई। तीनो का शव उनके घर से बरामद किया गया है। पुलिस ने गुरूवार को इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि मॉर्डन हाउस काम्प्लेक्स स्थित आवास से सरिता(45), उसकी बेटी सांची (21) और बेटे अर्जुन (16) का रक्त से सना शव बरामद किया गया। चंडीगढ़ की वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक नीलाम्बरी जगादले ने कहा कि ऐसा लगता है किसी धारदार हथियार से वारदात को अंजाम दिया गया है। जगादले ने कहा, यह तिहरे हत्या का स्पष्ट मामला है। पुलिस ने बताया कि सरिता के पति संजय अरोड़ा भी गंभीर रुप से घायल हो गए है और उन्हे स्थानीय अस्पताल मे भर्ती कराया गया है। पुलिस ने कहा कि घटना के सिलसिले मे संजय से भी पूछताछ की जाएगी। पुलिस ने कहा कि वे काम्प्लेक्स के आस पास के इलाके मे लगे सीसीटीवी कैमरो की जांच करेंगे। पुलिस ने कहा कि घटनास्थल से नमूने इक्ट्ठा करने के लिए फारेंसिक टीम भी वहां पहुंची है। मामले जांच की जा रही है।

सात परिजनों की हत्या करने वाले प्रेमी जोड़े की पुनर्विचार याचिका पर सुनवाई पूरी

नई दिल्ली (भाषा)। उच्चतम न्यायालय ने परिवार के सात सदस्यों की हत्या करने के जुर्म मे मौत की सजा पाने वाली महिला और उसके प्रेमी की पुनर्विचार याचिका पर बृहस्पतिवार को सुनवाई पूरी कर ली। न्यायालय इन पर बाद मे फैसला सुनाएगा। उत्तर प्रदेश के अमरोहा जिले में अप्रैल, 2005 मे हुई इस सनसनीखेज वारदात मे महिला ने प्रेमी के साथ मिलकर अपने माता-पिता, दो भाईयो, उनकी पत्नियो और 10 महीने के भांजे की गला घोटकर हत्या कर दी थी। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ को दोनो दोषियो के वकीलो ने कहा कि उनके सुधरने की संभावना को ध्यान मे रखते हुए मौत की सजा कम की जाए। शीर्ष अदालत ने वरिष्ठ अधिवक्ता आनंद ग्रोवर और मीनाक्षी अरोड़ा से पूछा कि क्या दोषसिद्धि के बाद इन दोषियो के अच्छे व्यवहार पर विचार किया जा सकता है।

ठाकरे के अयोध्या दौरे में कांग्रेस, राकांपा आमंत्रित: राउत

भाषा। मुंबई

शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को कहा कि महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे के सत्ता में 100 दिन पूरे होने के उपलक्ष्य पर मार्च में उनके प्रस्तावित अयोध्या दौरे में उनके सहयोगी दलों कांग्रेस एवं राकांपा का स्वागत है। राउत ने कहा कि भगवान राम की पूजा-अर्चना करने का उस सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम से कोई लेना देना नहीं है जिसके आधार पर महाराष्ट्र में सरकार गठित करने के लिए वैचारिक रूप से अलग तीन विभिन्न दल एकसाथ आए थे।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव परिणाम की पिछले साल अक्टूबर में घोषणा के बाद सत्ता साझा करने को लेकर मतभेद के कारण शिवसेना और भाजपा का गठबंधन टूट गया था। इसके बाद ठाकरे का उत्तर प्रदेश स्थित अयोध्या का यह पहला दौरा होगा। राउत ने पीटीआई भाषा से कहा, हमने अपने सहयोगियों समेत सभी को आमंत्रित किया है। हर कोई अपने घर में भगवान राम की पूजा करता है। इसलिए, वे अयोध्या में भी हमारे साथ मिलकर पूजा-अर्चना कर सकते हैं। राउत ने कहा कि भगवान राम की पूजा करने का उस सामान्य न्यूनतम कार्यक्रम से कोई लेना देना नहीं है जिसे लेकर महाराष्ट्र विकास अघाड़ी सरकार के गठन के दौरान तीनों दलों में सहमित बनी थी।

इससे पहले, ठाकरे ने 24 नवंबर 2019 को अपना अयोध्या दौरा टाल दिया था। शिवसेना ने महाराष्ट्र में सरकार गठन के लिए अंतत: राकांपा एवं कांग्रेस से हाथ मिला लिया था। ठाकरे ने 28 नवंबर 2019 को मुख्यमंत्री के रूप में शपथ ग्रहण की थी और हाल में उन्होंने कार्यालय में 50 दिन पूरे किए। राउत ने बुधवार को ट्वीट किया था, सरकार भगवान राम के आशीर्वाद से पांच साल का कार्यकाल पूरा करने के लिए काम कर रही है। सत्ता में 100 दिन पूरे होने के मौके पर भगवान राम का आशीर्वाद लेने और अपनी भविष्य की रणनीति तैयार करने के लिए ठाकरे अयोध्या जाएंगे।

सावरकर के बाद बाल ठाकरे ने हिंदुत्व की लौ जलाई : राउत

मुम्बई (भाषा)। शिवसेना नेता संजय राउत ने बृहस्पतिवार को दावा किया कि विनायक दामोदर सावरकर के बाद वह बाल ठाकरे थे जिन्होंने भारतीय राजनीति में हिंदुत्व की हिमायत की और अब कुछ लोग उसका अनुसरण करने का प्रयास कर रहे हैं। 23 जनवरी को दिवंगत बाल ठाकरे की जयंती है। राउत ने यहां संवाददाताओं से कहा कि ठाकरे किसी सरकारी पद पर नहीं थे लेकिन उन्होंने यूनान के राजा सिकंदर की तरह काम किया। उन्होंने कहा, उन्होंने (ठाकरे) लोगों को एकजुट किया और उन्हें लड़ने के लिए प्रेरित किया। वीर सावरकर के बाद वह बाल ठाकरे थे जिन्होंने कट्टर हिंदुत्व की लौ जलाई।

जेल से निकलने के तुरंत बाद हार्दिक पटेल फिर हुए गिरफ्तार

अहमदाबाद (भाषा)। राजद्रोह के एक मामले में जमानत मिलने के एक दिन बाद गुरुवार को साबरमती केंद्रीय कारागार से बाहर आने के तुरंत बाद कांग्रेस नेता हार्दिक पटेल को गांधीनगर जिला पुलिस ने 2017 में बिना पुलिस की अनुमति के रैली करने के मामले में गिरफ्तार कर लिया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अहमदाबाद की एक स्थानीय अदालत ने बुधवार को पटेल को जमानत दे दी थी, जिसके चार दिन पहले उन्हें 2015 के एक राजद्रोह के मामले में निचली अदालत में पेश होने में विफल रहने के लिए गिरफ्तार किया गया था। गुरुवार दोपहर बाद जेल से बाहर आते ही, उन्हें 2017 में पुलिस आदेश की अवहेलना करने के आरोप में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी के सिलसिले में गांधीनगर जिले की मानसा तहसील की पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया।

अल्पसंख्यक शिवसेना के खिलाफ नहीं, भाजपा को सत्ता से बाहर चाहते थे: पवार

भाषा। मुम्बई

राकांपा प्रमुख शरद पवार ने बृहस्पतिवार को कहा कि अल्पसंख्यक समुदायों के प्रतिनिधियों ने कहा था कि यदि उनकी पार्टी शिवसेना के साथ हाथ मिलाती है तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं होगी लेकिन भाजपा को महाराष्ट्र में सत्ता से दूर रखा जाना चाहिए।

शिवसेना और भाजपा ने गत वर्ष अक्टूबर में विधानसभा चुनाव मिलकर लड़ा था लेकिन मुख्यमंत्री का पद ढाई वर्ष बारी बारी से साझा करने के मुद्दे पर असहमति के चलते दोनों अलग हो गईं। उसके बाद शिवसेना, राकांपा और कांग्रेस एकसाथ आईं और काफी विचार विमर्श के बाद राज्य में सरकार बनाई। राकांपा के अल्पसंख्यक इकाई की ओर से आयोजित एक कार्यक्रम में पवार ने इस बारे में उल्लेख करते हुए कहा कि (उस समय) राज्य में तीन चार सप्ताह से (शिवसेना-भाजपा द्वारा) सरकार गठन की दिशा में कोई कदम नहीं उठाया जा रहा था।

पवार ने कहा कि शिवसेना के साथ संभावित तालमेल के बारे में महाराष्ट्र के साथ ही उत्तर प्रदेश, बिहार और दिल्ली के लोगों से सलाह मांगी गई थी। पवार ने कहा, हमें अल्पसंख्यकों की ओर से कहा गया कि यदि आप शिवसेना का साथ लेना चाहते हैं तो आप ऐसा कर सकते हैं लेकिन भाजपा को दूर रखिए। अल्पसंख्यकों ने उस कदम (शिवसेना को साथ लेने) का स्वागत किया।

पूर्व केंद्रीय मंत्री ने कहा कि महाराष्ट्र की राजनीति में इस घटनाक्रम ने देश को एक राह दिखाई है। उन्होंने इस पहल के लिए अल्पसंख्यक समुदाय की प्रशंसा की। पवार ने दावा किया कि अल्पसंख्यकों, विशेष तौर पर मुस्लिमों ने राज्य चुनाव में भाजपा के लिए वोट नहीं किया। उन्होंने कहा कि समुदाय के सदस्य जब कोई निर्णय करते हैं तो यह किसी पार्टी की हार सुनिश्चित करने के लिए होता है।

आंध्र सरकार ने विधान परिषद को समाप्त करने के संकेत दिए

भाषा। अमरावती

आंध्र प्रदेश विधान परिषद में राज्य में तीन राजधानियों के प्रावधान वाले दो अहम विधेयक पारित नहीं होने से असहज स्थिति का सामना कर रही वाई एस जगन मोहन रेड्डी सरकार ने गुरूवार को संकेत दिया कि वह उच्च सदन को समाप्त कर सकती है। मुख्यमंत्री ने गुरूवार शाम विधानसभा में कहा, हमें गंभीरता से सोचना होगा कि क्या हमें ऐसे सदन की जरूरत है जो केवल राजनीतिक मकसद से ही काम करता दिखाई देता है। उन्होंने कहा कि विधान परिषद होना अनिवार्य नहीं है जो हमने ही बनाया है और केवल हमारी सुविधा के लिए है। रेड्डी ने कहा, इसलिए इस विषय पर सोमवार को आगे और चर्चा हो तथा निर्णय लिया जाए कि विधान परिषद आगे भी रहनी चाहिए या नहीं।

मुख्यमंत्री बुधवार को विधान परिषद के घटनाक्रम पर हुई आकस्मिक चर्चा का जवाब दे रहे थे। विधान परिषद के सभापति ने नियम 154 के तहत विशेषाधिकारों का इस्तेमाल करते हुए आंध्र प्रदेश विकेंद्रीकरण और सभी क्षेत्रों का समावेशी विकास विधेयक, 2020 तथा एपीसीआरडीए (निरसन) विधेयक को गहन अध्ययन के लिए एक प्रवर समिति को भेज दिया था। विधेयक पर विधानसभा में हुई चर्चा में मुख्य विपक्षी तेलुगू देशम पार्टी ने हिस्सा नहीं लिया था। विधान परिषद में कार्यवाही संचालित करने के तरीके पर सत्तारूढ़ वाईएसआर कांग्रेस के विधायकों ने सभापति एम ए शरीफ तथा विपक्ष के नेता यनामला रामकृष्णेंदु को आड़े हाथ लिया। उन्होंने सभापति पर नियमों का उल्लंघन करते हुए दोनों महत्वपूर्ण विधेयकों को एक प्रवर समिति को भेजने का आरोप लगाया। मुख्यमंत्री ने कहा, सभापति का निर्णय नियम पुस्तिका के खिलाफ है और जो प्रक्रिया अपनाई गई वह बहुत दुर्भाग्यपूर्ण है। उन्होंने कहा कि उच्च सदन होने के नाते परिषद का काम केवल सरकार को सुझाव देना है। उन्होंने कहा, अगर उच्च सदन जनता के हित में अच्छे निर्णय नहीं होने देगा और कानून पारित होने में अवरोध पैदा करेगा तो शासन का क्या मतलब हुआ। रेड्डी ने कहा कि हमें इस बारे में गंभीरता से विचार करना होगा कि उच्च सदन होना चाहिए या नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा कि विधान परिषद पर हर साल 60 करोड़ रुपए खर्च किए जा रहे हैं। देश में 28 राज्यों में से केवल छह में विधान परिषद कार्यरत हैं। इससे पहले रेड्डी ने आज दिन में अपने कैबिनेट मंत्रियों और वरिष्ठ विधायकों से इस विषय पर विस्तार से चर्चा की। खबरों के मुताबिक उन्होंने पूर्व अटॉर्नी जनरल मुकुल रोहतगी से भी विचार-विमर्श किया जिन्हें सरकार ने तीन राजधानियां रखने के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर उच्च न्यायालय में मुकदमा लड़ने के लिए नियुक्त किया है।

पवन कल्याण ने भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात की

नई दिल्ली। दक्षिण भारतीय फिल्मों के लोकप्रिय अभिनेता एवं जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने भाजपा अध्यक्ष जगत प्रकाश नड्डा से उनके आवास पर मुलाकात की। समझा जाता है कि इस दौरान आंध्र प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य पर चर्चा हुई। आंध्र प्रदेश में भाजपा और जनसेना पार्टी के बीच गठबंधन हो गया है। इस घटनाक्रम को भाजपा द्वारा आंध्र प्रदेश में जनाधार बढ़ाने के प्रयास के तौर पर देखा जा रहा है। भाजपा के वरिष्ठ नेता सुनील देवधर ने बताया कि उन्होंने जनसेना पार्टी प्रमुख पवन कल्याण, भाजपा सांसद जी वी एल नरसिंहा राव के साथ भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा से दिल्ली में मुलाकात की। इस दौरान डी पुरंदेश्वरी और एन मनोहर भी मौजूद थे। देवधर ने एक ट्वीट में कहा, हमने नड्डा जी को आंध्र प्रदेश के वर्तमान राजनीतिक परिदृश्य से अवगत कराया। गौरतलब है कि एक दिन पहले ही भाजपा और जनसेना पार्टी की समन्वय समिति की पहली बैठक हुई थी जिसमें आंध्र प्रदेश भाजपा के नेताओं के साथ पवन कल्याण ने चर्चा की थी।

मनसे ने अपनाया नया भगवा झंडा विचारधारा को लेकर कयास

भाषा। महाराष्ट्र



महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे ने गुरुवार को पार्टी का नया झंडा जारी किया जो भगवा रंग का है, जिससे राजनीतिक गलियारों में पार्टी की विचारधारा के संभावित बदलाव को लेकर चर्चा हो रही है। ठाकरे ने उपनगरीय गोरेगांव में पार्टी के अधिवेशन के दौरान नया झंडा जारी किया जिसमें बीच में राजमुद्रा (शिवाजी महाराज के समय में इस्तेमाल होने वाली राजसी मुहर) है। इससे पहले पार्टी के झंडे में भगवा, नीला और हरा रंग था।

पार्टी का नया झंडा जारी करने से पहले मनसे प्रमुख ने अपने ताऊ और शिवसेना के संस्थापक दिवंगत बाल ठाकरे को गुरुवार को उनकी 94वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित की। मनसे के अधिवेशन के शुरुआती सत्र में उन्होंने छत्रपति शिवाजी महाराज, बी आर आंबेडकर और अपने दादा प्रबोधनकार ठाकरे के अलावा हिंदूवादी विचारक वी डी सावरकर को भी श्रद्धांजलि दी। राज ठाकरे ने शिवसेना से अलग होने के बाद 2006 में मनसे बनाई थी।

बंगलुरू में ह्यूमेन स्पेस फ्लाइट पर अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के दूसरे दिन गगनयान मिशन के लिए बनाए गए महिला रोबोट व्योममित्र से हाथ मिलाती महिला पुलिसकर्मी

जामिया मिलिया, कश्मीर के लोग उत्तराखंड में शांतिभंग करने की फिराक में: रावत

भाषा। देहरादून

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने गुरुवार को कहा कि उनके पास इस बात की खबर है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया और कश्मीर के लोग उत्तेजना पैदा करने तथा शांति भंग करने के लिए उत्तराखंड में घुस चुके हैं। प्रदेश में उपद्रव करने की नीयत से बाहर से यहां आए लोगों को सख्त कार्वाई की चेतावनी देते हुए मुख्यमंत्री रावत ने कहा कि ऐसी चीजों को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

यहां एक समारोह के बाद संवाददाताओं से बातचीत करते हुए रावत ने कहा, मेरे पास फीडबैक है कि जामिया मिल्लिया इस्लामिया और कश्मीर के लोग शांति भंग करने के लिए यहां आए हैं। मैं उन्हें चेतावनी देना चाहता हूं कि यह बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। ऐसे तत्वों से प्रदेश में न घुसने की ताकीद करते हुए कहा, शांतिपूर्ण विरोध ठीक है लेकिन अगर प्रदेश के बाहर के लोग यहां की जनता को उकसाने और शांति भंग करने के लिए आएंगे तो हमें उनसे सख्ती से निपटना होगा। संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने के लिए आज नैनीताल जिले के हल्द्वानी में धरना शुरू किया गया है। भाजपा के प्रदेश मीडिया इंचार्ज देवेंद्र भसीन ने सीएए के खिलाफ हल्द्वानी में धरना शुरू किए जाने की कड़ी आलोचना करते हुए इसे एक गहरे षडयंत्र का हिस्सा बताया है। यहां जारी एक बयान में उन्होंने कहा, सीएए के विरूद्ध हल्द्वानी में शुरू किया गया धरना उस षडयंत्र का हिस्सा है जो कांग्रेस, वामपंथी दलों, सपा व अन्य विरोधी ताकतें केंद्र में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व की सरकार और प्रदेशों में भाजपा नेतृत्व की सरकारों को बदनाम करने और वहां अव्यवस्था फैलाने की मंशा से किया जा रहा है। मुख्यमंत्री के बयान पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए यहां पढ़ने वाली कश्मीरी छात्रों के संगठन जम्मूकश्मीर स्टूडेंटस एसोसिएशन ने कहा कि उन्हें इस तरह के उकसाने वाले बयान नहीं देने चाहिए। एसोसिएशन के प्रवक्ता नसीर खुएहामी ने मुख्यमंत्री से अपने शब्द वापस लेने को भी कहा। उन्होंने कहा, इस प्रकार के उकसाने वाले बयान देने की बजाय कश्मीरी छात्रों के लिए सुरक्षा सुनिश्चित कीजिए।

अध्यापिका ने आठ साल की बच्ची से कराई 450 उठक-बैठक

भाषा। ठाणे

महाराष्ट्र में गृह कार्य (होमवर्क) ना करने पर आठ वर्षीय बच्ची से कथित तौर पर 450 उठक-बैठक कराने को लेकर एक निजी ट्यूशन शिक्षिका के खिलाफ यहां मामला दर्ज किया गया है। पुलिस ने बताया कि बच्ची ठाणे जिले के एक स्कूल में तीसरी कक्षा में पढ़ती है। शुक्रवार को हुई इस घटना के बाद वह इतनी बीमार पड़ गई कि उसे अस्पताल में भर्ती कराना पड़ा।

नया-नगर पुलिस थाने के उप निरीक्षक सोहेल पठान ने बच्ची की मां द्वारा दर्ज कराई शिकायत के आधार पर बताया कि शिक्षिका की पहचान लता के तौर पर हुई है। इस घटना से करीब एक महीने पहले भी उसने गृह कार्य ना करने पर बच्ची के कथित तौर पर कपड़े उतरवा कर उसे बेंत से पीटा था। अधिकारी ने बताया कि शिक्षिका ने शुक्रवार को गृह कार्य ना करने को लेकर बच्ची से 450 उठक-बैठक करने को कहा था। बच्ची शांति नगर के मीरा रोड इलाके की रहने वाली है। उन्होंने बताया कि जब बच्ची ट्यूशन से घर लौटी तो उसकी मां ने देखा कि वह चल भी नहीं पा रही थी और उसके दोनों पैर सूज गए थे। इसके बाद बच्ची को तुरंत अस्पताल ले जाया गया। अधिकारी ने बताया कि बच्ची की मां ने शनिवार को शिक्षिका के खिलाफ पुलिस में शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने शिकायत में आरोप लगाया कि पिछले महीने भी गृह कार्य ना करने पर शिक्षिका ने बच्ची के कपड़े उतरवा कर उसे बेंत से पीटा था। इसके बाद उसके पैर सूज गए थे। पुलिस ने बताया कि उस समय जब बच्ची की मां ने शिक्षिका से इस बारे में सवाल किया था तो उसने उदासीन रवैया दिखाया था। शिकायत के आधार पर भादंस की धारा 324 और किशोर न्याय (बच्चों की देखभाल और संरक्षण) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

मेरे घर काम कर रहे थे संदिग्ध बांग्लादेशी मजदूर: विजयवर्गीय

भाषा। इंदौर (मध्यप्रदेश)

भाजपा महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने बृहस्पतिवार को सनसनीखेज दावा किया कि यहां उनके घर के निर्माण कार्य में संदिग्ध बांग्लादेशी नागरिक मजदूर के रूप में काम कर रहे थे। विजयवर्गीय ने यहां एक सामाजिक संगठन के कार्यक्रम में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) की जमकर पैरवी करते हुए यह दावा किया।

भाजपा महासचिव ने अपने गृहनगर में लोकतंत्र-संविधान-नागरिकता विषय पर आयोजित परिसंवाद में कहा कि यहां उनके घर में नए कमरे के निर्माण कार्य के दौरान उन्हें छह-सात मजदूरों के खान-पान का तरीका थोड़ा अजीब लगा, क्योंकि वे भोजन में केवल पोहा (नाश्ते के रूप में खाया जाने वाला स्थानीय व्यंजन) खा रहे थे। विजयवर्गीय ने कहा कि इन मजदूरों और भवन निर्माण ठेकेदार के सुपरवाइजर से बातचीत के बाद उन्हें संदेह हुआ कि ए श्रमिक बांग्लादेश के रहने वाले हैं। कार्यक्रम के बाद हालांकि, संवाददाताओं ने जब भाजपा महासचिव से इन संदिग्ध लोगों के बारे में सवाल किए, तो उन्होंने कहा, मुझे शंका थी कि ए मजदूर बांग्लादेश के रहने वाले हैं। मुझे संदेह होने के दूसरे ही दिन उन्होंने मेरे घर काम करना बंद कर दिया था। उन्होंने कहा, मैंने पुलिस के सामने इस मामले में फिलहाल शिकायत दर्ज नहीं कराई है। मैंने तो केवल लोगों को सचेत करने के लिए उन मजदूरों का जिक्र किया था। विजयवर्गीय ने कार्यक्रम के दौरान अपने सम्बोधन में यह दावा भी किया कि बांग्लादेश का एक आतंकवादी पिछले डेढ़ साल से उनकी रेकी (नजर रखना) कर रहा था। उन्होंने कहा, मैं जब भी बाहर निकलता हूं, तो छह-छह बंदूकधारी सुरक्षा कर्मी मेरे आगे-पीछे चलते हैं। यह देश में आखिर क्या हो रहा है? क्या बाहर के लोग देश में घुसकर इतना आतंक फैला देंगे? विजयवर्गीय ने सीएए की वकालत करते हुए कहा, भ्रम और अफवाहों के चक्कर में मत आइए। सीएए देश के हित में है। यह कानून भारत में वास्तविक शरणार्थियों को शरण देगा और उन घुसपैठियों की पहचान करेगा जो देश की आंतरिक सुरक्षा के लिए खतरा है।

भारत ब्रिटेन सरकार के समक्ष लंदन में दूतावास के बाहर सुनियोजित प्रदर्शन का मुद्दा उठाएगा

नई दिल्ली। लंदन में भारतीय दूतावास के बाहर कुछ पाकिस्तानी एवं खालिस्तान समर्थकों के नियोजित प्रदर्शन के मद्देनजर भारत ने बृहस्पतिवार को कहा कि वह इस मुद्दे को ब्रिटेन के समक्ष उठाएगा और उम्मीद जताई कि किसी अप्रिय घटना से बचने के लिए समुचित कदम उठाए जाएंगे। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायुक्त रूचि घनश्याम ने ट्वीट कर बताया कि उन्होंने बुधवार को गृह मंत्री प्रीति पटेल से मुलाकात की और लंदन में भारतीय उच्चायोग इंडिया हाउस में गणतंत्र दिवस पर नियोजित प्रदर्शनों के मद्देनजर सुरक्षा चिंताओं से अवगत कराया। ब्रिटेन में भारतीय उच्चायोग के बाहर खालिस्तान समर्थक संगठनों के नियोजित प्रदर्शन के बारे में पूछे जाने पर विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रवीश कुमार ने कहा कि पहले भी लंदन में इस तरह की घटनाएं होती रही हैं और भारत ने बेहद मजबूती से इस मामले को ब्रिटेन के विदेश मंत्रालय के सामने उठाया है। उन्होंने कहा, लंदन में भारतीय उच्चायोग ने कुछ दिन पहले भी ऐसा किया था। हमने अपने परिसरों की सुरक्षा, वहां काम करने वाले हमारे कर्मियों की सुरक्षा की जरूरत को देखते हुए इस बारे में उन्हें अवगत कराया। यह सब कुछ अन्य देशों द्वारा एक सामान्य राजनयिक व्यवहार का हिस्सा है। कुमार ने कहा, हमें आशा है कि पहले हो चुकी ऐसी अप्रिय घटना फिर नहीं हो, यह सुनिश्चित करने के लिए ब्रिटेन सरकार हर आवश्यक कदम उठाएगी।

राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर बनाने की मांग को लेकर युवा कांग्रेस ने शुरू किया अभियान

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस की युवा इकाई ने बेरोजगारी के मुद्दे पर नरेंद्र मोदी सरकार को घेरने के मकसद से राष्ट्रीय बेरोजगारी रजिस्टर (एनआरयू) बनाने की मांग करते हुए बृहस्पतिवार को एक अभियान की शुरूआत की और इसके तहत उसने मिस्ड कॉल के लिए एक नंबर भी जारी किया है।

भारतीय युवा कांग्रेस के प्रभारी कृष्णा अल्लावरू ने इस अभियान की शुरूआत करते हुए आरोप लगाया कि बेरोजगारी और युवाओं की आत्महत्या से ध्यान भटकाने के लिए मोदी सरकार अनुच्छेद 370, सीएए और एनआरसी जैसे मुद्दों को उछाल रही है। उन्होंने संवाददाताओं से कहा, देश में बेरोजगारी 45 वर्षों में सबसे ज्यादा है और मंदी का माहौल है। रोजाना 36 युवा आत्महत्या कर रहे हैं। इसके बाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी विदेश में जाकर सब चंगा सी बोलते हैं। जबकि हकीकत में सब चंगा नहीं, सब मंदा है। अल्लावरू ने दावा किया, देश की यह मंदी वैश्विक कारणों से नहीं आई है। यह मेड इन इंडिया मंदी है, मोदी सरकार द्वारा पैदा की गई मंदी है। युवा कांग्रेस के अध्यक्ष श्रीनिवास बीवी ने कहा, मोदी सरकार ने हर साल दो करोड़ नौकरियां देने का वादा किया था, लेकिन उसके पास कोई आंकड़ा नहीं है। नौकरी बात करने पर प्रधानमंत्री पकौड़ा तलने की सलाह देते हैं। उन्होंने कहा, हमारी मांग है कि देश को एनआरसी की जरूरत नहीं, बल्कि एनआरयू की जरूरत है। सरकार को यह बताना चाहिए कि उसने छह वर्षों में कितने युवाओं को नौकरी दी और आगे कैसे बेरोजगारी दूर करेगी। श्रीनिवास ने यह आरोप भी लगाया कि एक क्रिकेटर के अंगूठे में चोट लगने पर प्रधानमंत्री ट्वीट करते हैं, लेकिन बेरोजगारी से परेशान युवाओं और आंदोलन कर रहे लोगों के बारे में उनका कोई ट्वीट नहीं आ रहा है। युवा कांग्रेस के प्रवक्ता अमरीश रंजन पांडे ने कहा, मिस्ड कॉल के जरिए बेरोजगार युवा एनआरयू की मांग के प्रति अपना समर्थन देंगे और कुछ हफ्ते के बाद हमारे पास आए मिस्ड कॉल का आंकड़ा सरकार को देंगे और दबाव बनाएंगे कि वह एनआरयू तैयार करे। पांडे ने कहा, असल मुद्दों से लोगों का ध्यान का भटकाने की कोशिश हो रही है। युवा कांग्रेस लोगों का ध्यान असल मुद्दों की तरफ लाने की कोशिश में है।

आईएसआईएस से संबंध के आरोप में गिरफ्तार तीन लोग जिहादी विचारधारा का करते थे प्रचार: पुलिस

रामनाथपुरम (तमिलनाडु)। तमिलनाडु के रामनाथपुरम में आईएसआईएस से संदिग्ध संबंध होने के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने बताया कि ए लोग जिहादी विचारधारा का प्रचार करने और इस्लामी मान्यताओं का विरोध करने वालों की हत्या की साजिश रचने में कथित तौर पर शामिल थे।

उन्होंने बताया कि बी-मोहम्मद अली, पुरा गनी और आमिर को खुफिया जानकारी के आधार पर देविपट्टिनम थाना क्षेत्र से बुधवार को तब गिरफ्तार किया गया था, जब वे भागने की कोशिश कर रहे थे। हालांकि शेख दाउद नामक शख्स वहां से फरार हो गया। उन्होंने बताया कि इन लोगों का आईएसआईएस और उन मामलों से कथित संबंध है, जिनकी जांच राष्ट्रीय जांच एजेंसी (एनआईए) कर रही है। उन्होंने बताया कि ए लोग रामनाथपुरम जिले में जिहादी विचारधारा का प्रचार करने और इस्लामी मान्यताओं का विरोध करने वालों की हत्या की साजिश रचने में कथित रूप से शामिल थे। ए तीनों राष्ट्रीय एकता विरोधी कृत्यों में भी कथित रूप से शामिल थे। पुलिस ने बताया कि वे आईएसआईएस में लोगों की भर्ती कराने और प्रतिबंधित आतंकवादी संगठन के लिए कोष एकत्र करने के काम में भी कथित तौर पर शामिल थे। उन्होंने बताया कि इनके खिलाफ भादंवि की धाराओं 153ए एवं बी, सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम और गैरकानूनी गतिविधियां (रोकथाम) अधिनियम के तहत मामला दर्ज किया गया है।

परियोजनाओं में देरी स्वीकार्य नहीं

- गडकरी ने अधिकारियों से कहा, समयसीमा का कड़ाई से हो पालन

भाषा। नई दिल्ली



सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने बृहस्पतिवार को कहा कि राजमार्ग परियोजनाओं को तैयार करने में देरी स्वीकार्य नहीं है। उन्होंने अधिकारियों और निर्माण कंपनियों से परियोजना क्रियान्वयन की समयसीमा का कड़ाई से पालन करने को कहा।

गडकरी ने ऑनलाइन पोर्टल गति की भी शुरूआत की। यह प्रगति पोर्टल की तरह है जिसका उपयोग प्रधानमंत्री कार्यालय परियोजनाओं की निगरानी के लिए करता है।

उन्होंने तीन लाख करोड़ रुपए की परियोजनाओं की समीक्षा करते हुए कहा, परियोजनाओं में देरी स्वीकार्य नहीं है। परियोजना का कार्यक्रम के अनुसार कड़ाई से पालन किया जाए। गडकरी ने कहा कि कोई भी अंतर-मंत्रालई मुद्दा आता है, उसे मंत्रालय के नोटिस में लाया जाए ताकि उसके समाधान में तेजी लाई जा सके। तमिलनाडु, केरल, कर्नाटक, आंध्र प्रदेश, पुडुचेरी, तेलंगाना, गुजरात, छत्तीसगढ़, राजस्थान और मध्य प्रदेश समेत दक्षिणी और मध्य क्षेत्रों की परियोजनाओं की समीक्षा की गई। कुल 3 लाख करोड़ रुपए की 500 राजमार्ग परियोजनाओं की बृहस्पतिवार और शुक्रवार को समीक्षा की जा रही है। इसका मकसद परियोजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाना है। गडकरी ने सड़क परिवहन एवं राजमार्ग राज्यमंत्री वी के सिंह के साथ ऑनलाइन वेब पोर्टल गति की शुरूआत की।

इसे भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) ने प्रगति के तर्ज पर तैयार किया है। एक अधिकारी ने कहा कि मंत्री इस पोर्टल के जरिए स्वयं परियोजनाओं पर नजर रख सकेंगे। इससे परियोजनाओं में अगर कोई मुद्दा आता है तो उसका तेजी से निपटान हो सकेगा। इस कदम से राजमार्ग परियोजनाओं के निर्माण में पारदर्शिता के साथ निर्णय लेने में तेजी आएगी। महाराष्ट्र, उत्तराखंड, पंजाब, जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हरियाणा, बिहार, ओड़िशा, झारखंड, पश्चिम बंगाल और उत्तर प्रदेश जैसे पूर्वोत्तर राज्यों की परियोजनाओं की समीक्षा शुक्रवार को की जाएगी।

राज्य सरकार के विज्ञापनों पर प्रधानमंत्री का चित्र लगना सुनिश्चित करें उद्धव: फडणवीस

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता देवेंद्र फडणवीस ने गुरुवार को महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को पत्र लिखकर आग्रह किया कि वह राज्य सरकार के विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के आदेशानुसार प्रधानमंत्री का चित्र लगना सुनिश्चित करें। एक पत्र में फडणवीस ने कहा कि ऐसा देखा गया है कि राज्य सरकार के विज्ञापनों पर प्रधानमंत्री का चित्र नहीं लगा होता। उन्होंने कहा कि उच्चतम न्यायालय ने 13 मई 2015 और 18 मार्च 2016 को दिए आदेश में कहा था कि सरकारी विज्ञापनों पर प्रधानमंत्री के चित्र प्रकाशित होने चाहिए। न्यायालय के आदेश का अध्ययन करने के बाद राज्य के सूचना और जनसंपर्क विभाग ने भी 11 अगस्त 2017 को जारी एक परिपत्र में सरकारी विज्ञापनों पर प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री के चित्र लगाने को कहा था। फडणवीस ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री अन्नदाता आय संरक्षण योजना से संबंधित एक विज्ञापन पर केवल मुख्यमंत्री का चित्र लगा है जबकि योजना पूर्णत: केंद्र सरकार द्वारा पोषित है। उन्होंने कहा, लेकिन उस परिपत्र का पालन नहीं किया गया। विधानसभा में विपक्ष ने नेता फडणवीस ने अपने पत्र में कहा, आपसे (ठाकरे) अनुरोध है कि आगे प्रकाशित होने वाले विज्ञापनों पर उच्चतम न्यायालय के आदेश को लागू करने के लिए संबंधित विभाग को निर्देश दें।

जम्मू कश्मीर में आतंकवादियों के घुसने की सूचना के मद्देनजर गणतंत्र दिवस के मुख्य कार्यक्रम स्थल शेर-ए-कश्मीर स्टेडियम के बाहर तैनात सुरक्षा बल

भाजपा से नाराज सहयोगी

अकाली और चौटाला दिल्ली चुनाव से बाहर

दिल्ली विधानसभा चुनाव के पहले सहयोगी भाजपा के लिए परेशानी बन रहे हैं। भले ही इससे उसे नुकसान न हो, पर परस्पर मतभेद से उसकी घमंडी व आक्रामक छवि और खराब हो रही है। उसकी दीर्घकालीन सहयोगी शिरोमणि अकाली दल-शिअद 6 सीटों पर चुनाव लड़ना चाहती थी, पर अब उसने चुनाव से बाहर रहने का निर्णय करते हुए सीएए समेत अनेक मुद्दों पर मतभेद को कारण बताया है। वह नए कानून में धर्म-आधारित शर्त के खिलाफ है और चाहती है कि पंजाब में कुछ अहमदियों समेत सभी अल्पसंख्यकों को इसमें शामिल किया जाए। भाजपा उस पर कमल निशान पर चुनाव लड़ने का दबाव डाल रही थी जिसका उद्देश्य राजग की सभी पार्टियों पर वर्चस्व स्थापित करना है। सुखबीर सिंह बादल के नेतृत्व में आने के बाद शिअद पंजाब में अपने राजनीतिक प्रभुत्व और अपनी स्वतंत्रता पर जोर दे रही है। दिल्ली में गठबंधन तोड़ कर वह पंजाब में 'हिंदुत्व' की पिछलग्गू बनने तथा अनुच्छेद 370 व सीएए जैसे विवादास्पद मुद्दों के समर्थन की आलोचना से बचना चाहती है। अकाली दल समर्थकों का मानना है कि इन मुद्दों का संबंध हिंदू वोटबैंक से है और सिखों को इससे कोई लाभ नहीं होगा। अकाल तख्त जत्थेदार ज्ञानी हरप्रीत सिंह ने सार्वजनिक रूप से हिंदुत्व की निन्दा करते हुए आरएसएस पर प्रतिबंध लगाने की बात कही है।

कांग्रेसी मुख्यमंत्री अमरिंदर सिंह ने सीएए के खिलाफ विधानसभा में प्रस्ताव पास कर अकाली दल को हाशिए पर धकेल दिया है। दिल्ली में लगभग 10 लाख सिख मतदाता हैं जो 70 में से लगभग 10 विधानसभा सीटों पर प्रभाव डाल सकते हैं। सवाल है कि क्या इसका असर भाजपा के वोट

प्रतिशत पर पड़ेगा। हरियाणा विधानसभा में सीट साझे पर असहमति के बाद से ही अकाली दल व भाजपा के बीच खाई चौड़ी हो गई थी और भाजपा ने उसके कुछ उम्मीदवार तोड़ने का प्रयास किया था। यह सब गठबंधन धर्म के लिए हानिकारक है, लेकिन शिअद केन्द्र व राज्य की राजनीति में भाजपा की बहुसंख्यकवादी राजनीति का लाभ उठाने की इच्छुक है। पिछले साल लोकसभा चुनाव में भारी विजय के बाद भाजपा दिल्ली शहर के पंजाबी वोटों पर निर्भर नहीं है। वह अकालियों की उपस्थिति से वैचारिक विभाजन नहीं पैदा करना चाहती थी। उसे लगता है कि तटस्थ सिख वोट उसके साथ आएंगे और वह कट्टर या पंथिक तथा तटस्थ सिखों में विभाजन करवाना चाहती है। इस प्रकार वह अकाली दल को कमजोर करना चाहती है। एक समय दिल्ली भाजपा सिख-विरोधी भावनाओं पर चलती थी जिससे सिख वोट कांग्रेस के साथ जाते थे तथा पंजाबी हिंदू वोट मदन लाल खुराना की ओर आकर्षित होते थे। इसी प्रकार वह बनिया वोटबैंक मजबूत कर पूर्वांचलियों पर भी निर्भर थी। यह परिवर्तन इस तथ्य से भी स्पष्ट है कि भाजपा ने बिहार चुनाव को ध्यान में रखते हुए जदयू व लोजपा को कुल तीन सीटें दी हैं। लेकिन वरिष्ठ जदयू नेता पवन के. वर्मा ने दिल्ली में भाजपा से सीट साझे पर 'वैचारिक स्पष्टता' की बात कही है तथा प्रशांत किशोर लगातार सीएए पर सवाल पूछ रहे हैं। हरियाणा में भाजपा की नवीनतम सहयोगी जननायक जनता पार्टी-जेजेपी भी दिल्ली चुनाव में भाग नहीं लेगी। दुष्यंत चौटाला ने कहा कि वे अपनी पसंद के चुनाव निशान न मिलने के कारण मुकाबले से पीछे हट रहे हैं। लेकिन अफवाहें हैं कि पार्टी कम से कम 12 सीटों पर लड़ना चाहती थी क्योंकि दिल्ली की अनेक सीटों पर बड़ी संख्या में जाट मतदाता हैं। स्पष्ट है कि बिना सहयोगियों के भाजपा भारत में अपनी उपस्थिति मजबूत नहीं कर सकती है।

संभावित खतरे 2020 के

अस्ताना क्लब ने इस वर्ष संभावित खतरों की एक समग्र सूची प्रकाशित की है। हालांकि, यह यूरेशियाई देशों पर केंद्रित है मगर सारी दुनिया के लिए एक सबक है।

आर के पचौरी
लेखक जलवायु परिवर्तन पर अंतरशासकीय समिति के पूर्व अध्यक्ष हैं)



कज़ाखस्तान के अस्ता क्लब ने एक उपयोगी दस्तावेज तैयार किया है, जिसमें वर्ष 2020 में यूरेशिया के समक्ष सबसे बड़े 10 जोखिमों का उल्लेख है। इसमें सारी दुनिया के खोजकर्ताओं व विचारकों ने योगदान किया है तथा उच्च स्तरीय आंकलन के बाद इसे तैयार किया गया है। हालांकि, यह जोखिम यूरेशिया के लिए हैं, लेकिन प्रभावी रूप से उनकी पहचान दुनिया के अन्य सभी हिस्सों के लिए उपयोगी है।

दस्तावेज की भूमिका में कहा गया है कि चीन नई संभावित महाशक्ति के रूप में विकसित हो रहा है। उसमें चीन की आर्थिक शक्ति के साथ ही बेल्ट व रोड विशाल पहल का उल्लेख भी है। यूरेशिया के चीन के निकट होने के कारण इन परिवर्तनों से शक्ति संतुलन बदल सकता है। यह तथ्य स्पष्ट किया गया है कि रूस 1990 मे दशक की अस्थिरता तथा अराजककता की स्थिति से बाहर निकल चुका है। हालांकि, उसके ऊपर अनेक प्रतिबंध व नियंत्रण अभी लागू हैं। सुधार के इस चरण के परिणामस्वरूप वह अपना प्रभाव पूर्व सोवियत सीमाओं से आगे भी बढ़ा रहा है। वर्तमान समय में भारत, जापान, तुर्की, ईरान व सऊदी अरब के नेताओं ने अंतरराष्ट्रीय व्यवस्था को प्रभावित करने की महत्वपूर्ण पहलकदमियां की हैं। इस दस्तावेज में बताया गया है कि इन नए पक्षों की सहभागिता के बिना कोई भूराजनीतिक खेल नहीं खेला जा सकता।

पहचाने गए दस खतरों में से पहले का संबंध अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान का झटका होगा। इसमें अमेरिका में चल रहे घटनाक्रम तथा वर्तमान प्रशासन द्वारा राष्ट्रवाद की दिशा में आगे बढ़ने तथा स्वयं को विकास के वैश्विक प्रयासों से अलग रखने की बात है। अनुमान लगाया गया है कि आने वाले वर्ष में विदेश नीति का एक पक्षीय दृष्टिकोण और स्पष्ट होगा, जिसके फलस्वरूप नकारात्मक नतीजे सामने आ सकते हैं। वास्तव में, पहले खतरे के आंकलन को पूरी तरह अमेरिकी राष्ट्रपति चुनाव अभियान के बाद आने वाले झटके के रूप में परिभाषित किया गया है। लेकिन, संभवत: इसमें स्वयं अभियान के अनके खतरे भी शामिल हैं।

स्पष्ट है कि अमेरिकी सीनेट में जारी महाभियोग की वर्तमान प्रक्रिया का नवंबर 2020 के राष्ट्रपति चुनाव पर व्यापक असर पड़ेगा। इसके साथ ही, अमेरिकी सीनेट का चुनाव लड़ने वाले उम्मीदवारों को भी कुछ खतरे उठाने होंगे। स्पष्ट है कि व्हाइट हाउस से जुड़े वैश्विक मुद्दे 2020 के चुनाव में प्रभावी होंगे।

अस्ताना क्लब के इस आंकलन में ईरान के मेजर जनरल सुलेमानी की हत्या का संदर्भ नहीं है, पर नतीजा निकाला जा सकता है कि एक सीमा तक बहुत लोकप्रिय व सम्मानित ईरानी जनरल की हत्या एक आक्रमणकारी कृत्य है। संभवत:, इसका उद्देश्य अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के खिलाफ जारी महाभियोग प्रक्रिया को कुंद करना है।

इस दस्तावेज में यह तथ्य भी उल्लेखनीय है कि जहां तक ईरान का संबंध है, ट्रंप उस पर प्रतिबंध बढ़ाएंगे तथा तेहरान पर और दबाव डाला जाएगा। दूसरी ओर, अमेरिकी-ईरान सैन्य टकराव भी 2019 की गर्मियों जैसा खतरा सामने ला सकता था, लेकिन, फिलहाल इसमें कमी

अध्ययन में, पहचाने गए अन्य खतरों में वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन टकराव में वृद्धि, नाभिकीय प्रक्षेपास्त्र दौर का नया चरण, तकनीकी प्रभुत्व का संघर्ष तेज होना, ईरान के साथ सैन्य टकराव बढ़ना, कोरियाई प्रायद्वीप में नाभिकीय संकट, आतंकवाद की नई लहर, तथा आक्रामक राष्ट्रवाद व लोकरंजकता के साथ बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन से समस्याएं शामिल हैं।

आई है। दस्तावेज में राय दी गई है कि ट्रंप ईरान के खिलाफ सैन्य अभियान नहीं प्रारम्भ करेंगे, क्योंकि इसके परिणामों पर नियंत्रण करना कठिन होगा। मध्य-पूर्व में अन्य संभावित घटनाक्रमों से यूरेशिया में राजनीतिक जोखिम बढ़ सकता है। लेकिन, निश्चित रूप से इसके प्रभाव दुनिया के अन्य भागों पर, खासकर दक्षिण एशिया पर पड़ेंगे, जो यूरेशिया तथा मध्य-पूर्व के देशों के निकट है।

अध्ययन में, पहचाने गए अन्य खतरों में वैश्विक आर्थिक मंदी, अमेरिका-चीन टकराव में वृद्धि, नाभिकीय प्रक्षेपास्त्र दौर का नया चरण, तकनीकी प्रभुत्व का संघर्ष तेज होना, ईरान के साथ सैन्य टकराव बढ़ना, कोरियाई प्रायद्वीप में नाभिकीय संकट, आतंकवाद की नई लहर, तथा आक्रामक राष्ट्रवाद व लोकरंजकता के साथ बड़े पैमाने पर जलवायु परिवर्तन से समस्याएं शामिल हैं।

वैश्विक आर्थिक मंदी की संभावना अब गंभीर हो गई है। जिसमें अमेरिका जैसे देशों द्वारा अपने भीतर झांकने की राष्ट्रवादी नीतियों के कारण आर्थिक जटिलताएं विश्वव्यापी हो सकती हैं। अमेरिका के संदर्भ में देखें तो डेमोक्रेट व रिपब्लिकनों के बीच खाई और बढ़ सकती है। इससे ट्रंप के समर्थकों व उनके कट्टर विरोधियों के बीच टकराव बढ़ेगा। मध्य-पूर्व में दुर्भाग्यपूर्ण रूप से ईरान व अमेरिका के बीच पिछले 40 साल से टकराव जारी है और उसने ईरानी क्रांति से हुए सारे परिवर्तनों को भी प्रभावित किया है। वर्ष 2020 में अमेरिका द्वारा कुछ मध्य-पूर्वी देशों के खुलेआम समर्थन से स्थितियां प्रभावित होंगी।

आतंकवाद का मुद्दा भी अभी जीवित है। हालांकि, इस्लामिक स्टेट की रीढ़ आमतौर से तोड़ दी गई है मगर पूर्ण संभावना है कि वह अन्य आतंकी संगठनों के साथ पुन: एकजुट होकर दुनिया के विभिन्न हिस्सों में खतरे पैदा करेगा। भारत अपने पड़ोस में राज्य प्रायोजित आतंकवाद का सामना कर रहा है और यह ऐसा विषय है जिससे पूरे विश्व समुदाय को निबटना चाहिए। हमारे पड़ोसी देश के भीतर व्याप्त निराशा के कारण यह खतरा और बढ़ सकता है। इसके साथ ही, हमें दुनिया के अन्य हिस्सों में आतंकी खतरों से सतर्क रहना होगा।

जलवायु परिवर्तन के संबंध में हमें आगे बढ़कर उन परिदृश्यों की कल्पना करनी होगी कि हम जीवाश्म ईंधनों के बजाए ऊर्जा के लिए कम कार्बन वाले साधनों का प्रयोग कैसे करें। जलवायु परिवर्तन के प्रभावों से तत्काल निबटने की आवश्यकता है जो पूरी दुनिया के लिए खतरा बन रहे हैं। जलवायु परिवर्तन पर अंतरशासकीय समिति- आईपीसीसी, में आत्यंतिक घटनाओं की कल्पना लगभग 11 वर्ष पहले की गई थी। इनमें, विभीषिकाओं की भयावहता व बारंबारता व मौसम का खराब होना शामिल हैं। इसका समकालीन दुनिया में दुर्भाग्यपूर्ण उदाहरण जंगलों में लगी आग है जिसके कारण आस्ट्रेलिया के अनके हिस्से प्रभावित हुए हैं। इसके साथ ही भयानक बरसात के कारण अनेक हिस्सों में भारी बाढ़ व नुकसान हुआ है। कुल मिलाकर यह महत्वपूर्ण है कि अस्ताना क्लब ने खतरों की एक समग्र सूची तैयार की है जो 2020 में सामने आ सकते हैं और इनका विस्तार पूरे देशक तक हो सकता है। कज़ाखस्तान व अनेक यूरेशियाई देश हालांकि हिमालयी क्षेत्र से दूर हैं लेकिन कुछ मामलों में वे भौगालिक दूरियों के संदर्भ में हमे निकट भी हैं। ऐसे में, भारत को इस क्षेत्र के देशों के साथ निकट संबंध बनाते हुए अपने भावनातमक प्रभाव, ज्ञान, शिक्षा व शोध का विस्तार ऐसे मुद्दों पर करना चाहिए जिनका प्रभाव पूरे क्षेत्र पर पड़ता है। यूरेशिया के खतरे भारत पर भी समान रूप से लागू होते हैं।

ढांचागत सुविधाओं का राष्ट्रीय दृष्टिकोण

कोई नहीं चाहेगा कि सौर तथा पवन ऊर्जा उत्पादन गैर निष्पादन परिसंपत्तियों का सबब बन जाए और प्रमुख पैमानों को अनदेखा किया जाए।

अमित कुमार
(लेखक टेरी के वरिष्ठ फेलो हैं)

अवसंरचना सेवाओं का राष्ट्रीय दृष्टिकोण, जो भारत में जीवन की गुणवत्ता एवं जीवन की सहजता को वैश्विक मानकों के स्तर तक ले जाता है, अगले पांच वर्षों के लिए हाल ही में अनावृत राष्ट्रीय ढांचागत संरचना पाइपलाइन (एनआईपी) के संदर्भ का निर्माण करता है। ऊर्जा, सड़कों, रेलवे, नगरीय, ग्रामीण एवं सामाजिक अवसंरचना संबंधी परियोजनाएं एनआईपी के निर्माणकर्ता हैं। एनआईपी के 102 करोड़ के बजट में से, ऊर्जा का हिस्सा कुल निवेशों का 24 प्रतिशत है। ऊर्जा क्षेत्र के भीतर, परम्परागत ऊर्जा, नवीकरणीय एवं नाभिकीय ऊर्जा का हिस्सा क्रमश: 48 प्रतिशत, 38 प्रतिशत और 6 प्रतिशत है। परियोजनाओं में से 42 प्रतिशत पहले ही लागू की जा रही हैं, जबकि 19 प्रतिशत विकास की प्रक्रिया में हैं और 31 प्रतिशत अवधारणात्मक चरण में हैं। बाद की दोनों श्रेणियों में, प्रमुख परियोजनाएं नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में है। वित्तमंत्री निर्मला सीतारमण के अनुसार, केंद्र तथा राज्य सरकारों का प्रत्येक एनआईपी में 39 प्रतिशत हिस्सा होगा। दूसरी ओर, निजी क्षेत्र का हिस्सा 22 प्रतिशत होगा, जिसके लिए सरकार को 2025 तक बढ़कर 30 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद है।

ऊर्जा क्षेत्र दृष्टिकोण 2025 का वर्णन करते हुए, एनआईपी कार्य बल कुल स्थापित क्षमता में वर्तमान 356 से 619 गीगावाट की बढ़ोतरी की परिकल्पना करता है। आगे, उसे तापीय ऊर्जा का हिस्सा 66 प्रतिशत से 50 प्रतिशत तक गिर जाने की उम्मीद है जबकि नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा 2025 तक 22 प्रतिशत से बढ़कर 39 प्रतिशत हो जाने की उम्मीद की गई है। निश्चित रूप से, नवीकरणीय ऊर्जा का हिस्सा उपभोग में वर्तमान 9 प्रतिशत से 19 प्रतिशत हो जाने के लक्ष्य को ध्यान में रखा गया है। ऊर्जा संक्रमण पर लगातार जोर देना निश्चित रूप से उत्साहजनक है। रोचक ढंग से, परम्परागत ऊर्जा क्षेत्र के विपरीत जहां एनआईपी का केवल छह प्रतिशत निजी क्षेत्र द्वारा क्रियान्वित किया गया है, नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में, क्रियान्वयन का 100 प्रतिशत निजी क्षेत्र द्वारा किया जाएगा।

एक मंदन का शिकार होती अर्थव्यवस्था में एक ऐसे समय पर 619 गीगावाट की पूर्वानुमानित क्षमता की योग्यताओं में जाए बिना जब वर्तमान क्षमता का या तो उपयोग नहीं हो पाया है अथवा दबाव में है, निजी क्षेत्र की अगले पांच वर्षों में 241 गीगावाट तक पहुंचने की आकांक्षा का आलोचनात्मक परीक्षण करना होगा। भारत की राष्ट्रीय विद्युत योजना, 2018 में रेखांकित 12 वीं पंचवर्षीय योजना में विफलताओं के कारणों में शामिल हैं भू-अधिग्रहण में समस्याएं, ऊर्जा रिक्तीकरण प्रणालियों के समय से पूर्ण होने संबंधी मुद्दे तथा पारेषण प्रणाली की क्षमता एवं बैंकों तथा वित्तीय संस्थाओं से पर्याप्त धन की उपलब्ता संबंधी मुद्दे।

असलियत में, अभी भी, भूमि की उपलब्धता, पारेषण ढांचा/कनेक्टिविटी, असमय भुगतान विलंब, एवं डिस्कमों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा हेतु बिजली खरीद समझौतों पर हस्ताक्षर करने से इनकार से जुड़ी चुनौतियां लगातार इस क्षेत्र की वृद्धि में अवरोध का काम कर रही हैं। इसके शीर्ष पर है निम्न टैरिफ को लेकर मनोग्राह्यता के चलते कुछ डिस्कमों द्वारा नवीकरणीय ऊर्जा तकनीकी की गतिशीलता को समझे बगैर अस्तित्वमान पीपीए पर पुन: मोलभाव करने की प्रवृत्ति। इनये सभी कारकों ने अंतत: निजी खिलाड़ियों की भावनाओं पर रोक लगा दी है। निविदा निरस्तीकरणों अथवा पुन: नीलामी के गई दौर इस समस्याजनक रुझान के परिचायक हैं।

इसका परिणाम नवीकरणीय ऊर्जा उद्योग क्षेत्र में राजनीतिक संकट पैदा होने संबंधी धारणा पैदा होने के रूप में सामने आया है, जो पूर्व में अकल्पनीय माना जाता था। इसके साथ एक तरफ तो वित्तीय संस्थाओं का जोखिम से बचने वाला दृष्टिकोण तथा निजी क्षेत्र में नए निवेशों की इच्छा न होना समस्या का कारण है, तथा जो परिदृश्य है वह नवीकरणीय ऊर्जा परियोजनाओं के क्रियान्वयन हेतु अनुकूल नहीं है।

हालांकि, अनेक सरकारी पहलकदमियां यथा, रिवर्स नीलामी व अत्यधिक विस्तृम सौर उपकरणों की योजनाएं इस क्षेत्र को सराहनीय ऊंचाई तक ले गई हैं। लेकिन अब समय आ गया है कि भारत सरकार सक्रिय रूप से पहले से ज्ञात बाधाएं हटाने का काम करे। दीर्घकालीन दृष्टिकोण से एक निरंतर नीति निर्माण व्यवस्था निजी क्षेत्र से निवेश आकर्षित करने के लिए आवश्यक है, फिर चाहे वो घरेलू निवेश हो या विदेशी। दुर्भाग्य से, केंद्रीय स्तर पर भी अनेक आयामों के बारे में स्पष्टता का अभाव है, जिनमें जीएसटी व बाद में लगने वाला उपकर शामिल हैं। इनके कारण उद्योग जगत तेजी से आगे नहीं बढ़ पा रहा है। चूंकि बिजली केंद्र व राज्यों के बीच समवर्ती सूची का विषय है, इसलिए जटिलता का एक और स्तर पैदा होता है। समुचित नीति परिवेश केंद्रीय स्तर पर तब तक उपयोगी नहीं हो सकता जब तक राज्य स्तरीय नीतिगत ढांचा उसके समर्थन में न हो। नवीकरण ऊर्जा के मुख्य उपभोक्ता डिस्काम होंगे, इसलिए बड़े सौर ऊर्जा संयंत्रों से पैदा होने वाली बिजली को वित्तीय रूप से लाभकारी होने के साथ ही नवीकरणीय ऊर्जा खरीद एक महत्वपूर्ण भूमिका अदा करेगी। नवीकरणीय ऊर्जा जनरेटरों की कमी, लंबित भुगतान व सौर ऊर्जा अपनाने में हिचक के कारण ऐसी सोच पैदा हुई है जो आगे बढ़ने में बाधक बनती है। इससे बिजली क्षेत्र में तत्काल सुधारों की आवश्यकता सामने आती है। इनमें, मूलभूत व ढांचागत सुधार शामिल हैं, जिनका समर्थन मजबूत राजनीतिक इच्छाशक्ति से होना चाहिए।

समान रूप से, यह भी महत्वपूर्ण है कि बहुत ज्यादा टैरिफ का जोखिम पहचाना जाए। कोई यह नहीं चाहेगा कि सौर व पवन ऊर्जा उत्पादक एक और एनपीए में बदल जाएं तथा कृत्रिम रूप से इनको आगे बढ़ाया जाए। इस पृष्ठभूमि को देखते हुए केंद्र को उपयुक्त पहल करते हुए राज्यों को अपने साथ लेना चाहिए तथा ढांचागत व्यवस्था में प्रभावी सुधार करना चाहिए।

आप की बात

सीएए पर रोक से इनकार

नागरिकता संशोधन अधिनियम के खिलाफ 144 याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में दायर की गई थी। सुनवाई के दौरान याचिकाकर्ताओं की तरफ से कपिल सिब्बल ने सीएए पर तत्काल रोक लगाने की मांग की जिस पर सुप्रीम कोर्ट ने इंकार कर दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नई याचिकाओं पर रोक लगाते हुए 144 याचिकाओं पर ही केंद्र सरकार से जवाब मांगा है ,जिसके लिए 4 हफ्तों का समय दिया गया है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि पहले या पता हो कि आखिर याचिकाकर्ताओं की मांग क्या है और उस पर केंद्र सरकार का क्या कहना है, उसके बाद ही इस पर कोई फैसला लिया जा सकता है, साथ ही यह मामला पांच जजों की संवैधानिक पीठ के पास भेजा जा सकता है। विपक्ष का सरकार पर आरोप है कि या संविधान के आर्टिकल 14 एवं 15 का उल्लंघन करता है। जबकि सरकार का कहना है कि यह कानून भारत के नागरिकों के लिए नहीं बल्कि पाकिस्तान , अफगानिस्तान एवं बांग्लादेश के पीड़ित अल्पसंख्यकों के लिए है , जिससे यह सिद्ध होता है कि यह कानून आर्टिकल 14 व 15का उल्लंघन नहीं करता है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा तत्काल रोक की मांग को खारिज करने से विपक्ष को हताशा हाथ लगी है।

– **अभिनव दीक्षित**, बांगरमऊ

वीरों की कुर्बानी से मिली आजादी

एक दौर था जब हम अंग्रेजी शासन के गुलाम थे। अंग्रेजों ने कई वर्षों तक भारत पर शासन किया । अंग्रेजों की गुलामी से मुक्ति दिलाने के लिए वीरों ने कुर्बानी दी । आजादी की लड़ाई भी दो तरीके से लड़ी गई। पहली वैचारिक और दूसरी बंदूक से। महात्मा गांधी ने आंदोलन से पूरे देश को एक सत्र में जोड़ा । मंगल पांडे , राम प्रसाद बिस्मिल , चंद्रशेखर आजाद , सरदार भगत सिंह, अश्फाक उल्ला खां, जैसे तमाम वीरों ने अपने प्राणों की आहूति दी। जिसके बाद हमें आजादी मिली । वीरों ने आजादी दिलाने के लिए राहें अलग अलग चुनीं, लेकिन उनका मकसद एक था। आजादी दिलाना। जिसके लिए उन्होंने अपना जीवन बलिदान किया। उनके बलिदान से हमें अंग्रेजी शासन के जुल्मों से तो आजादी मिल गई। लेकिन हमारी मानसिकता आज भी गुलामी से जकड़ी नजर आती है। आजादी के लिए दी गई वीरों की कुर्बानी को दरकिनार कर धर्म व जाति जेसी मानसिकता के गुलाम हो गए हैं। जो कभी विरोध के नाम पर, कभी आरक्षण के नाम पर दिखाई देती है। जिसका लाभ सियासत लेती है। स्वयं के विकास सहित राष्ट्र के विकास के लिए भारत के प्रत्येक नागरिक को उससे उबरना होगा।

– **मोहम्मद जमील**, मधुबनी

कट्टरता फैलाने की कोशिश

सीएए और एनपीआर के खिलाफ प्रदर्शनों में छोटे बच्चों को शामिल किया जा रहा है। इतने छोटे बच्चों से कोई यह आशा नहीं करता कि वे सीएए व राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के बारे में जानकारी रखते हैं, अत: यह अनुमान लगाना उचित है कि परिवारों के बुजुर्गों ने उनको सरकार के खिलाफ अपने भयानक गुस्से के बारे में सिखाया-पढ़ाया है। जानबूझ कर मुस्लिम समाज में खतरनाक ढंग से कट्टरता फैलाई जा रही है जिसके भयानक परिणाम अभी सामने आएंगे। निश्चित रूप से भारत में पहले कभी ऐसा नहीं दिखा है। इससे लक्षित क्षेत्र में प्रत्येक परिवार में बढ़ता कट्टरपन स्पष्ट है जो भविष्य के लिए शुभ संकेत नहीं है। एक ओर इससे मुस्लिम समाज में घेरेबंदी की भावना और प्रबल होगी, दूसरी ओर इस घेरेबंदी से बाहर निकलने या उससे बचने की इच्छा रखने वाले नागरिकों में उनसे संबंध न रखने की भावना पैदा होगी। यह परिघटना एक दुधारी तलवार की तरह है जिससे मुस्लिम समाज को अल्पकालीन व दीर्घकालीन नुकसान होगा।

– **प्रदीप कुमार**, रायबरेली

पाठक अपनी प्रतिक्रिया ई-मेल से responsemail.hindipioneer@gmail.com पर भी भेज सकते है।

फरमाया

कश्मीर में इस संवाद का उद्देश्य जनता के निकट जाना, उनकी समस्यायें सुनना व उनके समाधान तलाशना है।
– **मुख्तार अब्बास नकवी**
केन्द्रीय मंत्री

मंत्रियों की फौज की यात्रा का उद्देश्य पूरी सरकारी मशीनरी का प्रयोग कर भाजपा का एजेंडा फैलाना है।
– **रवीन्द्र शर्मा**
जम्मू कश्मीर कांग्रेस अध्यक्ष

भारत-पाकिस्तान के बीच जो कुछ चल रहा है, उसमें यदि हम कुछ सहायता करने की स्थिति में होंगे तो जरूर करेंगे। हमारी स्थिति पर गहरी नजर है।
– **डोनाल्ड ट्रंप**
अमेरिकी राष्ट्रपति

मानसिक दिवालिएपन से गुजर रहा कांग्रेस नेतृत्वः नड्डा

70 साल से अटके काम पीएम मोदी ने आठ महीने में पूरे कर दिएः नड्डा

जबा उपाध्याय। आगरा

संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को लेकर कांग्रेस के विरोध पर भाजपा अध्यक्ष जे पी नड्डा ने गुरुवार को कहा कि कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व मानसिक दिवालिएपन से गुजर रहा है और कांग्रेस के पिछले आठ महीने के वक्तव्य पाकिस्तान को मदद करने वाले नजर आएंगे। नड्डा ने यहां सीएए के समर्थन में आयोजित जनसभा में कहा, आजकल बड़े-बड़े दलित नेता सीएए का विरोध कर रहे हैं। उनको मालूम नहीं है कि जो लोग भारत में आए हैं, उनमें 70 फीसदी दलित हैं। जिनको भारत में रहने का अधिकार दिया है, उनको नागरिकता दी है। कांग्रेस पर निशाना साधते हुए उन्होंने कहा, कांग्रेस पार्टी हताश हो चुकी है। कांग्रेस पार्टी का नेतृत्व मानसिक दिवालिएपन से गुजर रहा है। कांग्रेस पार्टी के पिछले आठ महीने के वक्तव्य पाकिस्तान को मदद करने वाले दिखाई देंगे। नड्डा ने कहा, दलित नेता और कांग्रेस पार्टी सीएए के बारे में कुछ भी नहीं जानती है, सिर्फ भ्रम फैला रही है। उन्होंने कहा, इनकी राजनीति समाप्त हो चुकी है, इनको समझ में आ गया है कि देश बदल चुका है, मोदी जी के नेतृत्व में तीव्र गति से आगे बढ़ रहा है। भाजपा अध्यक्ष ने कहा कि कांग्रेस कहती है कि इस कानून से अल्पसंख्यकों की नागरिकता छीनी जाएगी। उन्होंने कहा कि सीएए नागरिकता देने का कानून है, नागरिकता लेने का नहीं। जिन लोगों को कोई जानकारी नहीं है, वो सीएए पर लोगों भड़का रहे हैं। उन्होंने कहा कि विपक्ष के पास कोई मुद्दा नहीं है। इसलिये सीएए पर भ्रम फैला रहे हैं। नड्डा ने चैलेंज देते हुए कहा कि सीएए पर राहुल गांधी 10 लाइन बोल दें और बताएं कि उसमें क्या हैए तो मैं उन्हें मान जाऊँ। जो लोग कानून जानते नहीं हैए उन्हें क्या मालूम होगा। उन्होंने कहा कि यूपी में उपद्रव हुआए लेकिन कांग्रेस नेताओं ने निंदा नहीं कीए बल्कि हिंसा फैलाने का काम किया। नड्डा ने कहा कि कांग्रेस पार्टी हताश हो चुकी है। कांग्रेस का नेतृत्व मानसिक दिवालियापन से गुजर रहा है। कांग्रेस नेताओं ने पाकिस्तान की भाषा में बयान दिए। इतना ही नहीं राहुल गांधी ने अनुच्छेद 370 पर जो बयान दिया थाए पाकिस्तान ने उसे संयुक्त राष्ट्र में तकरीर के दौरान पेश किया था। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि विरोधी दलों की दुकानें बंद हो रही हैए इसलिए वो भ्रम फैला रहे हैं। विपक्ष की चिढ़ का कारण है वो मुद्दे जिनका समाधान हो गया है। क्योंकि विपक्ष इन मुद्दों को लेकर वोटबैंक बना रहा थाए लेकिन मोदी सरकार में उनका समाधान हो गया है। योगी ने कहा कि विरोधी दल के नेता 370 अनुच्छेद पर पाकिस्तान की भाषा बोल रहे हैं। नागरिकता कानून पर भ्रम फैला रहे हैं। नागरिकता कानून किसी के विरोध में नहीं है। ये नागरिकता देने का कानून हैए लेने का नहीं है। आप लोग इसकी वास्तविकता को समझें। मंच से डि?टी सीएम केशव प्रसाद मौर्य ने मैदान में लहराते ध?वज को देखकर कहा कि अभी तो ये झंडा कश?मीर में लहराया है। जल?द ही पाक अधिकृत कश?मीर में भी भारतीय ध?वज लहराता नजर आएगा। अनुच?छेद 370 लागू होने के बाद अब अमरनाथ यात्रा बिना किसी डर के होगी। उन?होंने कहा कि नागरिकता संशोधन कानून के विरोध की आड़ में कांग्रेसए सपा और बसपा हिंसा करा रहे हैं। भाजपा विरोध के खिलाफनहीं बल्कि सड़कों पर विरोध के बहाने सड़कों पर की गई तोड़फोड़ए लूट और आगजनी के खिलाफ है। पीएफ्आइ का हाथ भी सामने आ चुका हैए इनके खिलाफकार्रवाई की जा रही है। देश की जनता राहुल गांधी को प्रधानमंत्री उम?मीदवार के रूप नकार चुकी है।

सीएए के विरोध पर बोले योगी

महिलाओं को आगे करने वाले कायर

आगरा। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने आगरा में नागरिकता संशोधन कानून (सीएए) के समर्थन में आयोजित रैली में कहा कि कायर लोगों ने अब महिलाओं और बच्चों को आगे कर दिया हैए लेकिन चिंता मत करोए सरकार और प्रशासन अपनी शैली में इसका हल ढूंढेगाण् सभी को विरोध करने का अधिकार हैए लेकिन देश विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी मुख्यमंत्री ने कहा कि अब प्रशासन अपनी शैली में इसका हल ढूंढेगा।नागरिकता संशोधन कानून ;सीएए द्ध के खिलाफ चल रहे प्रदर्शन से उत्तर प्रदेश पुलिस अपने अंदाज में निपटेगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि कायर लोगों ने महिलाओं को आगे कर दिया है और पुलिस ऐसे लोगों को नहीं छोड़ेगी। कायर लोगों ने अब महिलाओं और बच्चों को आगे कर दिया हैए लेकिन चिंता मत करोए सरकार और प्रशासन अपनी शैली में इसका हल ढूंढेगा। सभी को विरोध करने का अधिकार है लेकिन देश विरोधी गतिविधियां बर्दाश्त नहीं की जाएंगी। बीजेपी अध्यक्ष जेपी नड्डा की मौजूदगी में सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग सिमी और पीएफ्आई के बुलावे पर कल तक हर जगह आग लगा रहे थेए उन्हें अब यह पता चल गया है कि उनकी अवैध संपत्तियों को जब्त कर लिया जाएगा। इसी कारण उन्होंने अपनी महिलाओं और बच्चों को आगे कर दिया है। उन्होंने कहा कि अशांति फैलाने की कोशिश की जा रही है। अराजकता फैलाने वालों आप लोग चिंता मत करो! सरकार और प्रशासन अपनी शैली में इसका हल ढूंढेगा। सभी को अपनी बात रखने और विरोध करने का अधिकार है।

प्रादेशिक फल, शाकभाजी व पुष्प प्रदर्शनी में बनेगा सेल्फी प्वाइंट

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

मुख्य सचिव राजेन्द्र कुमार तिवारी ने 22 एवं 23 फरवरी को राजभवन में आयोजित होने वाली प्रादेशिक फल, शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी को और अधिक भव्य एवं आकर्षक बनाने के लिये इस क्षेत्र में आधुनिक एवं नवीनतम तकनीक को प्रदर्शित करने के निर्देश दिये हैं।

उन्होंने कहा कि दर्शकों को अपने घर की छत, बालकनी एवं लिविंग रूम में पौधे एवं बागवानी लगाने के साथ-साथ उन्हें लम्बे समय तक स्वस्थ रखने के उपायों की जानकारी भी प्रदान की जाए। उन्होंने कहा कि आगुन्तकों को फ ोटो खिंचवाने के लिए सेल्फी प्वाइंट भी बनाए जाएं। मुख्य सचिव शाकभाजी एवं पुष्प प्रदर्शनी-2020 की तैयारी को लेकर बैठक करते हुए कहा कि राजभवन प्रांगण की गरिमा एवं स्वच्छता को ध्यान में रखते हुये पर्याप्त संख्या में अच्छी क्वालिटी के अस्थाई हाइजेनिक ट्वायलेट्स एवं कूड़ेदान का प्रबंध तथा स्वच्छ पेयजल एवं वाहनों के पार्किंग की व्यवस्था करायी जाए। प्लास्टिक के स्थान पर मिट्टी के कुल्हड़ एवं कांच व स्टील के गिलास का प्रयोग किया जाए।

राजेन्द्र कुमार तिवारी ने कहा कि प्रदर्शनी को आकर्षक बनाने के लिए प्रदेश सरकार के साथ-साथ केन्द्र सरकार की औद्यानिक संस्थाओं को भी आमंत्रित किया जाए। इन संस्थाओं से प्रदर्शनी में फ ल, शाकभाजी एवं पुष्प से सम्बन्धित अत्याधुनिक तकनीकी को प्रदर्शित करने के लिए भी अनुरोध किया जाए। उन्होंने कहा कि निजी पौधशाला स्वामियों को भी स्टाल लगाने तथा शोभागार पौधों की बिक्री के लिए बुलाया जाए। बच्चों को आकर्षित करने के लिए स्कूलों को भी आमंत्रित किया जाए तथा स्कूली बच्चों के लिये प्रवेश निःशुल्क रखा जाए। मुख्य सचिव ने कहा कि प्रदर्शनी स्थल पर विभागीय योजनाओं में दी जा रही सुविधाओं की जानकारी भी प्रदान की जाए।

आईएमए के पदाधिकारियों ने ली शपथ

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

ब्लड बैंक के लिए सांसद ने की दस लाख आर्थिक मदद की घोषणा

इंडियन मेडिकल एसोसिएशन की लखनऊ शाखा की नव-निर्वाचित कार्यकारिणी ने गुरुवार को पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। इस मौके पर मेयर डॉ. संयुक्ता भाटिया व मोहनलालगंज के सांसद कौशल किशोर उपस्थित थे। इस मौके पर सांसद कौशल किशोर ने आईएमए के ब्लड बैंक के लिए दस लाख रुपए देने की घोषणा भी की।शपथ लेने वाले नवनिर्वाचित अध्यक्ष डॉ. मनीष टंडन का कार्यकाल अगले साल से शुरू होगा क्योंकि वर्ष 2020 तक डॉ. रमा श्रीवास्तव अपने पद पर बनी रहेंगी। जबकि सेक्रेटरी का कार्यकाल दो वर्ष का होने के चलते वे अगले साल भी इस पद पर बने रहेंगे।

आईएमए सभागार में शपथ लेने वाले पदाधिकारियों में उपाध्यक्ष पद पर डॉ. मनोज अस्थाना, डॉ. एसएन शंखवार, डॉ. विनीता मित्तल व कोषाध्यक्ष डॉ. अलीम सिद्दीकी, संयुक्त सचिव डॉ. अमित अग्रवाल, डॉ. सक्सेना, डॉ. वारिजा सेठ, संपादक डॉ. सरिता सिंह, कार्यकारिणी सदस्यों में डॉ. प्रांजल अग्रवाल, डॉ. अनंतशील, डॉ. अनिल कुमार त्रिपाठी, डॉ. मनीषा भार्गव, डॉ. निधि निरंजन, डॉ. आरबी सिंह, डॉ. राका प्रसाद, डॉ. राकेश कुमार श्रीवास्तव, डॉ. अंजना सिंह, डॉ. रितु सक्सेना, डॉ. शशि राय,डॉ. सुमीत सेठ, डॉ. उपशम गोयल, डॉ. उर्मिला सिंह, डॉ. उत्कर्ष बंसल ने शपथ ली। इस मौके पर डॉ. जीपी सिंह, डॉ. रमा श्रीवास्तव, डॉ. जेडी रावत सहित कई अन्य लोग उपस्थित थे।

गणतंत्र दिवस पर 368 पुलिसकर्मियों को मिलेगा डीजीपी कमेंडेशन डिस्क

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

डीजीपी को मिलेगा बेस्ट इलेक्टोरल प्रेक्टिसेज अवार्ड-2019

लखनऊ। डीजीपी ओपी सिंह को राज्य स्तरीय कार्यक्रम में बेस्ट इलेक्टोरल प्रेक्टिसेज अवार्ड-2019 से सम्मानित किया जाएगा। दसवें राष्ट्रीय मतदाता दिवस-2020 के अवसर पर राज्य स्तरीय कार्यक्रम में एनुअल स्टेट अवार्ड फार बेस्ट इलेक्टोरल प्रेक्टिसेज अवार्ड-2019 (निर्वचन प्रबंधन) के लिए डीजीपी को चयनित किया गया है। उक्त राज्य स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन 25 जनवरी को पूर्वान्ह पौने बारह बजे इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान, विभूति खंड, गोमती नगर में किया जाएगा।

गणतंत्र दिवस के मौके पर इस बार 368 पुलिस अधिकारियों व कर्मचारियों को को डीजीपी कमेंडेशन डिस्क (प्रशंसा चिन्ह) प्रदान किया जाएगा। इनमें 27 पुलिसजनों को डीजी प्लेटिनम कमेंडेशन डिस्क, 67 को गोल्ड कमेंडेशन डिस्क और 274 को सिल्वर कमेंडेशन डिस्क मिलेगा। 26 जनवरी को सभी जिला, रेंज और जोनल मुख्यालयों पर डीजी कमेंडेशन डिस्क प्रदान किया जाएगा। प्लेटिनम डिस्क पाने वालों में प्रमुख रूप से एडीजी आगरा जोन अजय आनंद, आईजी एसटीएफ अमिताभ यश, डीआईजी चित्रकूट धाम परिक्षेत्र दीपक कुमार, डीआईजी रेडियो मुख्यालय सत्य प्रकाश, एसएसपी आगरा बबलू कुमार, एसपी अमरोहा विपिन टाडा, एसपी सीबीसीआईडी जय प्रकाश, एसपी बाराबंकी डॉ. अरविंद चतुर्वेदी शामिल हैं। वहीं गोल्ड डिस्क पाने वालों में प्रमुख रूप से एडीजी प्रशिक्षण डॉ. संजय एम. तरडे, डीआईजी बरेली परिक्षेत्र राजेश कुमार पांडेय, एसपी शाहजहांपुर डॉ. एस चनप्पा, एसएसपी सहारनपुर दिनेश कुमार पी., एसएसपी बुलंदशहर संतोष कुमार सिंह द्वितीय, एसपी प्रतापगढ़ अभिषेक सिंह, एसपी रामपुर संतोष कुमार मिश्रा, एसपी सिद्धार्थनगर विजय ढुल, पुलिस उप आयुक्त लखनऊ सोमेन वर्मा, एसएसपी अयोध्या आशीष तिवारी, एसपी आजमगढ़ त्रिवेणी सिंह, एसपी अंबेडकरनगर आलोक प्रियदर्शी, एसपी बागपत प्रताप गापेंद्र यादव शामिल हैं। सिल्वर डिस्क पाने वालों में डीजी प्रशिक्षण सुजानवीर सिंह, डीजी मानवाधिकार डीएल रत्नम, एडीजी पुलिस भर्ती एवं प्रोन्नति बोर्ड रेणुका मिश्रा, एडीजी मानवाधिकार एमके बाशाल, एडीजी वीमेन पावर लाइन अंजू गुप्ता, एडीजी अपराध केएस प्रताप कुमार, आईजी अपराध अशोक कुमार सिंह, डीआईजी/ एसपी सीतापुर एलआर कुमार, डीआईजी/ एसपी मथुरा शलभ माथुर, एसएसपी गोरखपुर डॉ.सुनील गुप्ता शामिल हैं।

फासिस्ट विचारधारा से लड़ने का लेना होगा संकल्पः सिद्धार्थ

नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर प्रदेश कांग्रेस कार्यालय में आयोजित हुआ समारोह, नेताओं ने अर्पित किए श्रद्धासुमन

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी और उसकी मौजूदा सरकार फासिस्ट सोच रखती है। ये लोग असहमति को स्वीकार करने को तैयार नहीं है जबकि असहमति मजबूत लोकतंत्र का मूल आधार है।

उन्होंने कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर आज के दिन यह संकल्प लेना चाहिए कि हमें इस फासिस्ट विचारधारा से लड़ना होगा। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में स्वतंत्रता संग्राम के अग्रणी योद्धा एवं प्रखर राष्ट्रवादी सुभाष चंद्र बोस की जयंती बृहस्पतिवार को प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के सदस्य एवं पूर्व विधायक श्याम किशोर शुक्ला की अध्यक्षता में मनायी गयी। कांग्रेस नेताओं ने नेताजी के चित्र पर पुष्प अर्पित कर अपने श्रद्धासुमन अर्पित किए। इस मौके पर सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव ने कहा कि कांग्रेस पार्टी की सोच और नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की सोच एक थी, एक विचारधारा थी। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, पंडित जवाहर लाल नेहरू, सरदार बल्लभ भाई पटेल, मौलाना आजाद सहित असंख्य स्वतंत्रता संग्राम सेनानियों के असीम त्याग, बलिदान से हमारा देश आजाद हुआ।

कांग्रेस पार्टी आजादी से लेकर आज तक सबको साथ लेकर चलने, विभिन्न धर्मों एवं संस्कृतियों का आदर करने के साथ ही साथ एक मजबूत भारत बनाने की सोच रही है। यही कारण रहा कि नेहरू की मिश्रित अर्थव्यवस्था जहां एक तरफ वामपंथ से प्रभावित थी वहीं भारत की व्यवहारिक प्रगति की प्रतिबिम्ब थी। पूर्व विधायक श्यामकिशोर शुक्ला ने कहा कि नेताजी में और कांग्रेस के आजादी के अग्रिम पंक्ति के नेताओं में इतना सामंजस्य था कि उनकी आजाद हिन्द फौज में नेहरू ब्रिगेड और गांधी ब्रिगेड भी थी।

राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को राष्ट्रपिता का खिताब नेताजी ने ही अपने पहले रेडियो संबोधन में दिया था। जयन्ती कार्यक्रम में प्रमुख रूप से प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री मनोज कुमार यादव, शाहनवाज आलम, शिवनारायण सिंह परिहार, सम्पूर्णानन्द मिश्र, अरशी रजा, उबैदउल्लाह नासिर आदि कांग्रेसजन शामिल थे। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र कुमार सिंह ने किया।

अवध शिल्प ग्राम में होगी विरासत की धूम

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

सीएम व राज्यपाल संयुक्त रूप से आज करेंगे तीन दिवसीय यूपी दिवस का उद्घाटन

रामायण, महाभारत, भव्य कुंभ, दीपोत्सव और कृष्ण जन्मोत्सव के अलावा शौर्य का प्रतीक आल्हा के साथ भोजपुरी की मिठास और कजरी भी

अवध शिल्प ग्राम में कल से शुरू हो रहे तीन दिवसीय यूपी दिवस पर विरासत की धूम होगी। जिसमे रामायण, महाभारत, प्रयागराज का भव्य एवं दिव्य कुंभ, अयोध्या का दीपोत्सव और मथुरा के कृष्ण जन्मोत्सव के अलावा और भी बहुत कुछ होगा।

राज्यपाल आनंदी बेन और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ संयुक्त रूप से यूपी दिवस का उद्घाटन करेंगे। तीन दिनों तक चलने वाले जौनपुर के फौजदार सिंह बुंदेलियों के शौर्य और आदर्श का प्रतीक आल्हा सुनाएंगे तो लखनऊ के अजीत पांडेय भोजपुरी की मिठास को स्वर देंगे। मीरजापुर की ऊषा गुप्ता कजरी की कसक बयां करेंगी। वंदना मिश्रा अवधी गायन करेंगी तो शबद कीर्तन और गुरुवाणी को भी स्वर मिलेगा। जीवनराम का धोबिया और बांदा के रमेश पाल का पाई डंडा नृत्य लोगों को अपनी लोकशैली के संरक्षण और संवर्धन के लिए प्रेरित करेगा।

आकर्षण का केंद्र बनेंगी प्रदर्शनियां

राजकीय अभिलेखागार की ओर से आयोजित गणतंत्र दिवस प्रदेश का इतिहास, अयोध्या शोध संस्थान की ओर से आयोजित भगवान श्रीराम की विश्वयात्रा, राज्य ललितकला अकादमी की ओर से आयोजित कृष्ण एवं महाभारत एवं 100 फीट के कैनवास पर जल एवं पर्यावरण संरक्षण और पर्यटन विभाग की ओर से आयोजित अयोध्या का भव्य दीपोत्सव एवं मथुरा का कृष्ण जन्मोत्सव की प्रदर्शनियां सबके आकर्षण का केंद्र होंगी।

लोगों को लोट-पोट करेगी राजू और उनकी टीम

मशहूर हास्य कलाकार राजू श्रीवास्तव के साथ प्रदेश और मुंबई के कलाकार अपने चुटकुलों से आपको लोटपोट कर देंगे। मंच पर प्रदेश के सभी मंडलों के विजयी कलाकारों की टोली भी अपनी प्रस्तुतियों से मंच को सजीव करेगा। लोक नृत्य के चार दलों की प्रस्तुतियां प्रदेश के लोककला के संपन्न विरासत का प्रतीक बनेंगी। रविशंकर म्यूजिकल फाउंडेशन की सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी लोगों को जरूर पसंद आएंगी।

किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष का पदभार ग्रहण करने पर हुआ स्वागत

लखनऊ। प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय में किसान कांग्रेस के नवनियुक्त प्रदेश अध्यक्ष शिवनारायण सिंह परिहार ने अपना पदभार ग्रहण किया। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस के प्रभारी प्रशासन सिद्धार्थ प्रिय श्रीवास्तव, प्रदेश कांग्रेस के महामंत्री एवं प्रभारी किसान कांग्रेस मनोज कुमार यादव एवं किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय कोआर्डिनेटर एवं प्रभारी उत्तर प्रदेश दिनेश गुर्जर व किसान कांग्रेस के राष्ट्रीय एवं प्रदेशीय नेताओं सहित प्रदेश के विभिन्न जनपदों से आए किसान कांग्रेस के जिलाध्यक्षों ने फूल-मालाओं से शिवनारायण सिंह परिहार का स्वागत किया। पदभार ग्रहण समारोह में मौजूद कांग्रेसजनों को संबोधित करते हुए शिवनारायण सिंह परिहार ने कांग्रेस अध्यक्ष सोनिया गांधी, राहुल गांधी, कांग्रेस महासचिव प्रियंका गांधी, प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय कुमार लल्लू द्वारा उन पर विश्वास किये जाने के लिए आभार व्यक्त किया।

राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी में शामिल होंगे प्रदेश भर के छात्र

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

31 जनवरी को आरएलबी में होगा प्रदर्शनी का आयोजन

हाईस्कूल व इंटर कालेजों में पढ़ने वाले साइंस के स्टूडेंटस आगामी 31 जनवरी को राजधानी में आयोजित इंस्पायर अवार्ड विज्ञान प्रदर्शनी में शामिल होंगे। प्रदर्शनी में वहीं छात्र शामिल होंगे, जिनका चयन जिला स्तरीय प्रदर्शनी के माध्यम से हुआ हो। इसके लिए निदेशक माध्यमिक शिक्षा की तरफ से सभी जिला विद्यालय निरीक्षकों को निर्देश जारी कर दिया गया है।

राज्य स्तरीय इंस्पायर अवार्ड प्रदर्शनी के दौरान साइंस से जुड़े छात्रों को विज्ञान से संबंधित तैयार किये गये मॉडल का प्रदर्शन करना होगा। प्रदर्शनी को लेकर निदेशक माध्यमिक शिक्षा विनय कुमार पाण्डेय की तरफ से जारी पत्र के मुताबिक रानी लक्ष्मीबाई सीनियर सेकेण्ड्री स्कूल, इंदिरानगर में आयोजित प्रदर्शनी में शामिल होने वाले छात्रों को अपने टीम का लीडर चुनना होगा और यह टीम लीडर की जिम्मेदारी होगी कि वह प्रदर्शनी और प्रोजेक्ट प्रतियोगिता के समापन के उपरान्त प्रतियोगियों को वापस उनके जनपद तक पहुँचाकर जिला विद्यालय निरीक्षक को सूचित करे।

प्रतियोगिता में शामिल होने वाले छात्र-छात्राओं में से केवल दिव्यांग छात्रों के लिए ही विशेष व्यवस्था उपलब्ध कराई जायेगी।प्रदर्शनी के दौरान प्रोजेक्ट के संचालन के लिए प्रत्येक टीम को अपना एक्स्टेंशन बोर्ड रखना अनिवार्य होगा। साथ ही प्रतियोगिता के दौरान प्रस्तुत किये गये मॉडलों के आधार पर ही विजेताओं का चयन किया जायेगा।

सुविधाओं के साथ सौर परियोजनाएं पकड़ेंगी रफ्तार

पायनियर समाचार सेवा। लखनऊ

बुंदेलखंड क्षेत्र को लेकर सरकार संजीदा नीति में संशोधन की चल रही तैयारी

बुंदेलखंड में सोलर पावर प्रोजेक्ट को राज्य सरकार बूस्टर डोज देने की तैयारी कर रही है। जिन परियोजनाओं पर काम हो रहा है उनके अलावा नई परियोजनाओं को नए सिरे से सहूलियतें देने पर नीति में परिवर्तन किया जाएगा। इसमें खासतौर पर सौर ऊर्जा के लिए भूमि देने से लेकर विभिन्न प्रकार के करों में भारी छूट दी जाएगी। कई सहूलियतों को ध्यान में रखते हुए नीति में संशोधान की तैयारी चल रही है ताकि बुंदेलखंड क्षेत्र से अधिक मात्रा में सौर ऊर्जा पैदा की जा सके।

बुंदेलखंड में डिफेंस कॉरिडोर बनाने की तैयारी तेज होने के साथ-साथ योगी सरकार इस इलाके को सोलर पावर हब बनाने की तैयारी कर रही है। बुंदेलखंड की बंजर जमीन पर अल्ट्रा सोलर पार्क बनाए जाएंगे। शुरुआती दौर में योगी सरकार बुंदेलखंड में 600 मेगावॉट का सोलर पार्क स्थापित करने की तैयारी कर रही है। यह सोलर पार्क केंद्र सरकार की अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क परियोजना के तहत लगाए जाएंगे। बुंदेलखंड की किन जगहों पर सोलर पार्क लग सकते हैं इसके लिए बुंदेलखंड के अंतर्गत आने वाले सभी सात जिलों के जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मांगा जाएगा। जिलाधिकारियों से प्रस्ताव मिलने के बाद यूपीनेडा सोलर पार्क बनाने की प्रक्रिया को आगे बढ़ाएगा। यूपी को प्रतिदिन करीब 20000 मेगावाट बिजली की आवश्यकता है। सरकार ने बिजली आपूर्ति के लिए सौर ऊर्जा को बड़े विकल्प के रूप में चुना है। इन्वेस्टर्स समिट में सौर ऊर्जा के क्षेत्र में करीब 65000 करोड़ के 46 एमओयू साइन किए गए थे। सरकार ने पांच साल में सौर ऊर्जा से 10700 मेगावाट बिजली बनाने का लक्ष्य रखा है। समिट में कंपनियों ने करीब 14000 मेगावाट बिजली बनाने के लिए एमओयू किया है। इससे करीब 75000 लोगों को रोजगार मिल सकेगा।

समिट में दो दर्जन से अधिक कंपनियों ने सोलर पावर पार्क लगाने के लिए एमओयू किए थे। इनमें से आधे से अधिक पूर्वांचल और बुंदेलखंड में लगाए जाएंगे। पूर्वांचल और बुंदेलखंड में पर्याप्त जमीन उपलब्ध होने के कारण कंपनियों ने इन दोनों क्षेत्रों को चुना है। बुंदेलखंड में जो तीन अल्ट्रा मेगा सोलर पार्क बनाने की तैयारी राज्य सरकार कर रही है। वो तीनों पार्क यूपीनेडा और टीएचडीसी के जॉइंट वेंचर द्वारा बनाए जाएंगे। ऊर्जा विभाग के अनुसार 600 मेगावॉट का पार्क बनने में 2 साल का समय लगेगा। एक मेगावॉट के निर्माण में करीब 4 करोड़ रुपये का खर्च आएगा। प्रॉजेक्ट का निर्माण करने वाली कंपनी को प्रति मेगावॉट 40 लाख रुपये का अनुदान भी दिया जाएगा। अल्ट्रा सोलर पार्क स्थापित करने के साथ-साथ राज्य सरकार 500 मेगावॉट का सोलर प्लांट लगाने पर भी काम कर रही है। इसके लिए डेवलपर्स से बिड मांगी गई हैं। जल्द ही बिड फाइनल कर इन प्रॉजेक्ट्स का निर्माण कार्य शुरू किया जाएगा।

इस सोलर पार्क के लिए निजी डेवलपर को ही जमीन का इंतजाम करना है। 600 मेगावॉट के अल्ट्रा सोलर पार्क के लिए बुंदेलखंड में जमीन तलाशने की वजह यह है कि यहां वहां बड़ी संख्या में बंजर भूमि है जो किसी उपयोग में नहीं आती है। इसलिए राज्य सरकार चाहती है कि यहां सोलर प्लांट स्थापित किया जाए। ताकि किसानों को उनकी जमीन का एक उचित मूल्य मिल सके। सोलर पावर के लिए बुंदेलखंड काफी मुफीद है। इसके अलावा डिफेंस कॉरिडोर के बनने के बाद यहां अधिक बिजली की जरूरत होगी। बिजली पैदा होने से इंडस्ट्री ओपन एक्सेस के जरिए बिजली बेच सकेंगी। मौजूदा समय में बुंदेलखंड और पूर्वांचल में कई कंपनियां सौर ऊर्जा की परियोजनाओं पर काम कर रही हैं। इनमें अवध पावर प्राईवेट लिमिटेड बुंदेलखंड व पूर्वांचल में 8450 करोड़ की लागत से 1000 मेगावाट, रिन्यू पावर वेंचर्स प्राईवेट लिमिटेड बुंदेलखंड, पूर्वांचल में 8000 करोड़ की लागत से 1000 मेगावाट, अजुरे पावर इंडिया लिमिटेड बुंदेलखंड, पूर्वांचल में 6000 करोड़ की लागत से 800 मेगावाट, नार्डिक एनर्जी बुंदेलखंड में 2625 करोड़ की लागत से 800 मेगावाट, अदा पावर एंड इंफ्रा बुंदेलखंड, फर्रुखाबाद में 2500 करोड़ लागत से 100 मेगावाट, ग्रीन इंटरनेशनल एनर्जी ग्रुप बुंदेलखंड, गोरखपुर में 2500 करोड़ की लागत से 100 मेगावाट, सरन इंटरनेशनल ग्रुप बुंदेलखंड, पूर्वांचल में 2500 करोड़ की लागत से 100 मेगावाट, एमप्लस एनर्जी सॉल्यूशन बुंदेलखंड में 2000 करोड़ की लागत से 500 मेगावाट और सन सोर्स एनर्जी बुंदेलखंड में 900 करोड़ की लागत से 500 मेगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन की परियोजना पर काम कर रहा है।

पांच दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे सर संघचालक भागवत

पायनियर समाचार सेवा। गोरखपुर

राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के सर संघचालक मोहन भागवत गुरुवार को दोपहर 12 बजे के पहले ही गोरखपुर पहुंच गए। आरएसएस प्रमुख मोहन भागवत पांच दिवसीय दौरे पर गोरखपुर पहुंचे। पंच दिनों तक संघ के वरिष्ठ पदाधिकारियों की पाठशाला लगेगी। आरएसएस के प्रमुख मोहन भागवत, सह सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले, अखिल भारतीय व्यवस्था प्रमुख अनिल ओख, रविंद्र सिरकोले, रविंद्र जोशी और परीक्षित गोरखपुर पहुंचे हैं।

पहले उनके शुक्रवार को आने की सूचना थी। गणतंत्र दिवस पर वह झंडारोहण गोरखपुर में करेंगे। झंडारोहण कार्यक्रम सरस्वती शिशु मंदिर वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय बिलंदपुर खत्ता में आयोजित होगा। झंडारोहण के बाद संघ प्रमुख का एक प्रेरणादायी संक्षिप्त संबोधन में भी होगा। 24 जनवरी को संघ प्रमुख पूर्वी उत्तर प्रदेश क्षेत्र, चारों प्रांतों के पदाधिकारी, प्रांत प्रचारकों के साथ सामाजिक समरसता, पर्यावरण, कुटुंब प्रबोधन के क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रगति जानेंगे और मार्गदर्शन करेंगे। 25 जनवरी को संघ प्रमुख के सामने क्षेत्र और चारों प्रांतों के कार्यकर्ता पर्यावरण, सामाजिक समरसता, कुटुंब प्रबोधन और ग्रामीण विकास पर किए गए कामों का विवरण प्रस्तुत करेंगे। संघ प्रमुख मार्गदर्शन देंगे। 26 जनवरी को संघ प्रमुख गणतंत्र दिवस के कार्यक्रम में शामिल होंगे। ध्वजारोहण के बाद सार्वजनिक सभा में भी विषयों को रखेंगे और गोरखपुर महानगर के शाखा स्तर के स्वयंसेवकों के साथ वार्ता करेंगे। 27 जनवरी को पूर्वी उत्तर प्रदेश के जिला प्रचारकों के साथ वार्ता करेंगे। संघ प्रमुख के पूर्वी क्षेत्र की इस बैठक में जनसंख्या नियंत्रण पर भी मंथन होना है। संघ प्रमुख पूर्वी क्षेत्र के पदाधिकारियों को दिशा निर्देश दे सकते हैं। संघ के पूर्वी क्षेत्र में चार प्रांत आते हैं जिसमें गोरक्षप्रांत, काशीप्रांत, अवध प्रांत और कानपुर प्रांत हैं। इन चारों प्रांतो के वरिष्ठ पदाधिकारी शिरकत करेंगे।

गोरक्ष, कानपुर, काशी और अवध प्रांत के सभी प्रचारक, क्षेत्रीय और प्रांत कार्यकारिणी के सदस्य हिस्सा लेंगे। सह कार्यवाह और उत्तर प्रदेश के प्रभारी दत्तात्रेय होसबोले भी मौजूद रहेंगे। वार्षिक बैठक में संगठन की कार्ययोजना और कार्यान्वयन पर विचार-विमर्श होगा। एक दिन आरएसएस के अनुषांगिक संगठनों जैसे विश्व हिंदू परिषद, विद्यार्थी परिषद, संस्कार भारती आदि को भी आमंत्रित किया गया है। बैठक की तैयारी जोरशोर से चल रही है। सभी चार प्रांतों से पदाधिकारी भी पहुंच गए हैं। सभी के ठहरने का इंतजाम विचार परिवार की ओर से किया गया है। संघ प्रमुख मोहन भागवत 2016 में गोरखपुर आए थे, जब उन्होंने भाई जी हनुमान प्रसाद पोद्दार पर आयोजित संगोष्ठी को गीता वाटिका में संबोधित किया था। 2014 में भी संघ प्रमुख का गोरखपुर प्रवास हुआ था। तब उन्होंने बिलंदपुर खत्ता में आयोजित आरएसएस के प्रशिक्षण शिविर को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित किया था। यह पहला अवसर होगा, जब वह गणतंत्र दिवस पर गोरखपुर में होंगे।

बांध के पानी में उतराता मिला सपा नेता का शव

बांदा। चित्रकूट जिले में अपनी पत्नी की कथित रूप से हत्या कर शव बरुआ बांध में फेंकते समय पानी में डूबे सपा नेता का शव बुधवार की शाम पुलिस ने बांध में उतराता हुआ बरामद किया। नगर पुलिस उपाधीक्षक (सीओ) रजनीश यादव ने बृहस्पतिवार को बताया कि 13 जनवरी की रात अपनी पत्नी नमिता उर्फ मीनू (38) की हत्या कर उसका शव बरुआ बांध में फेंकते समय पानी में डूबे स्थानीय सपा नेता और मछली के बड़े ठेकेदार भरत दिवाकर (42) का शव बुधवार की शाम नौवें दिन बांध के पानी में सड़ी अवस्था में उतराता हुआ मिला है। परिजनों से शिनाख्त कराने के बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया गया है। सीओ ने बताया कि सपा नेता की पत्नी का शव गोताखोरों ने घटना के दूसरे दिन बांध से ढूंढ निकाला था, मगर भरत का शव नहीं ढूंढ पाए थे। उन्होंने बताया कि महिला के शव को गायब करने में शामिल सपा नेता के सहयोगी नाविक रामसेवक केवट को चार दिन पहले ही आईपीसी की धारा-201 के तहत जेल भेज दिया गया था।

एएमयू छात्रों ने जलाया डीन का पुतला पुलिस कार्रवाई की मांग की

भाषा। अलीगढ़

अलीगढ़ मुस्लिम विश्वविद्यालय (एएमयू) की छात्र समन्वय समिति ने एएमयू के डीन पर संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) का विरोध करने वाले छात्रों को धमकी देने का आरोप लगाते हुए गुरुवार को उनका पुतला फूंका और उनके खिलाफ पुलिस कार्रवाई की मांग की। समिति के प्रवक्ता और एएमयू छात्रसंघ के पूर्व अध्यक्ष फैजुल हसन ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आकाश कुलहरि को दी गई शिकायत में आरोप लगाया कि एएमयू के कुलपति प्रोफेसर तारिक मंसूर बुधवार को जब प्रदर्शन कर रहे चिकित्सा छात्रों से कक्षाओं में जाने का आग्रह कर रहे थे, तभी छात्र कल्याण विभाग के डीन प्रोफेसर मुजाहिद बेग ने छात्रों को धमकाते हुए कहा कि शुक्र मनाओ कि 15 दिसम्बर की रात को कुछ हाथ ही टूटे, कोई जान से नहीं गया। मालूम हो कि एएमयू के जवाहरलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के छात्र सीएए के खिलाफ परिसर में जारी प्रदर्शन के तहत कक्षाओं का बहिष्कार कर रहे हैं। इस बयान से नाराज एएमयू छात्रों ने बाबएसैयद गेट पर बेग का पुतला फूंका। हसन ने कहा कि डीन की इस टिप्पणी से प्रदर्शनकारी छात्र नाराज हैं और वे यह महसूस कर रहे हैं कि बेग ने धमकी भरे अंदाज में वह टिप्पणी की ताकि छात्रों के प्रदर्शन को नीचा दिखाया जा सके।

एएमयू के प्रवक्ता प्रोफेसर शाफे किदवई ने इस पर सफाई देते हुए कहा कि बेग का इरादा प्रदर्शनकारी छात्रों को धमकाने का नहीं था। वह बस इतना याद दिला रहे थे कि एएमयू में हाल की कुछ घटनाएं आज के मुकाबले कहीं ज्यादा खराब थीं। इस बीच, गत 17 जनवरी को एएमयू के कुलानुशासक यानी प्रॉक्टर अफीफउल्ला खां के विरोध में जूते लहराने पर एएमयू छात्रसंघ के दो पूर्व नेताओं तथा पांच अन्य अज्ञात छात्रों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। खां ने पिछली 17 जनवरी को बाब ए सैयद गेट पर प्रदर्शन कर रहे छात्रों के बीच कुछ बाहरी तत्वों की मौजूदगी पर कथित तौर पर आपत्ति की थी। तब छात्रसंघ के पूर्व नेताओं नदीम अंसारी और हमज़ा सूफ़ियान ने उनकी तरफ जूते लहराए थे। इधर, एएमयू के छात्रों ने मशहूर अभिनेता और विवि के पूर्व छात्र नसीरुद्दीन शाह के प्रति समर्थन जाहिर करने के लिए एक बैठक की। शाह सीएए के खिलाफ देश में जगहजगह हो रहे प्रदर्शनों के सिलसिले में कथित हिमायती टिप्पणी करने पर इस वक्त ट्रोल के निशाने पर हैं।

फिरोजाबाद में दंगाइयों की जमानत खारिज

फिरोजाबाद। नागरिकता संशोधन अधिनियम को लेकर बीस दिसंबर को प्रदर्शन के दौरान उपद्रव के आरोप में गिरफ्तार लोगों की जमानत अर्ज़ी सत्र न्यायालय से खारिज हो गईं हैं। अपर सत्र न्यायाधीश आजाद सिंह ने आरोपी मोहम्मद मतीन, इमरान एवं कासिम के ज़मानत प्रार्थनापत्रों पर दोनों पक्षों को सुनने एवं केस डायरी पर उपलब्ध साक्ष्य का गहनता से अध्ययन करने के बाद तीनों आरोपियों के अलग-अलग ज़मानत प्रार्थनापत्रों को खारिज कर दिया। इससे पूर्व अन्य आरोपियों के ज़मानत प्रार्थना पत्र खारिज हो चुके हैं। बचाव पक्ष की ओर से तर्क किया गया कि एफआईआर के अनुसार घटना स्थल से 11 जिन्दा व 81 अदद खोखा कारतूस 315 बोर तथा 5 जिन्दा व 18 अदद खोखा कारतूस 315 बोर बरामद होना दर्शाया और अभियुक्तगण के पास से बरामद दर्शाए गए कारतूस व तमंचे आदि का कोई मिलान नहीं किया गया है और बरामदगी दर्शाई गई है। पुलिस व जनता के बीच नोंक झोंक होने के बाद मकान व मस्जिद के पास से गिरफ्तारियां करके झूठा फंसाया गया है। वकील ने कहा कि अभियुक्तों द्वारा एकत्रित होकर पुलिसकर्मियों पर फायर किए गए और पांच पुलिसकर्मियों को आग्नेयास्त्र से चोटें आईं है। पुलिसकर्मियों को जान से मारने का प्रयास किया गया। अभियुक्तग द्वारा हाथों में सरिया, डंडा व पत्थर आदि लेकर राष्ट्रीय राजमार्ग दो पर प्रदर्शन करते हुए वाहनों की तोड़फोड़ की और आग लगा दी। सामान्य जीवन को खतरनाक ढंग से प्रभावित किया गया है। विवेचना पूर्ण नहीं हुई है। कथित प्रकरण की परिस्थितियों को दृष्टिगत रखते हुए अभियुक्तों को जमानत पर रिहा किए जाने का पर्याप्त आधार नहीं पाया गया। नागरिकता संशोधन कानून को लेकर गत 20 दिसंबर को विरोध में हुए प्रदर्शन के दौरान पुलिस और लोगों के बीच संघर्ष हुआ था।

पुल न होने से आवागमन की पीड़ा बतायी डिप्टी सीएम केशव मौर्य से

संवाददाता। हमीरपुर

डिप्टी सीएम को ज्ञापन सौंपते ग्रामीण

ग्राम बेरी व कुपरा के मध्य बेतवा नदी पर पुल बनवाने की मांग फिर से तेज होती दिखाई दे रही है जिसके चलते कुरारा व सरीला के स्थानीय नागरिकों की आवागमन सम्बन्धी विकराल समस्या के समाधान हेतु ग्राम प्रधान बेरी के प्रतिनिधि ब्रह्म नारायण त्रिपाठी के नेतृत्व लखनऊ जाकर उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य से उनके आवास पर भेंट कर के उपरोक्त पुल बनवाये जाने का अनुरोध किया। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने आवागमन सम्बन्धी विकराल जन समस्या के शीघ्र निराकरण हेतु उपरोक्त पुल के निर्माण हेतु हर सम्भव प्रयास का आश्वासन दिया ग्राम बेरी से कुपरा के मध्य बेतवा नदी पर पुल के निर्माण हेतु वर्ष 2005 में तत्कालीन लोक निर्माण विभाग के कैबिनेट मन्त्री ने हमीरपुर आकर रैली के माध्यम से घोषणा की थी, किन्तु राजनैतिक स्वार्थों की पूर्ति हेतु जनपद जालौन के एक जनप्रतिनिधि उक्त पुल को पथरेहटा-जलालपुर ले गये, किन्तु स्थानीय नागरिकों की उक्त मांग समय समय पर तेजी पकड़ती रहती है। उपमुख्यमंत्री जी से मुलाकात करने वाले शिष्ट मण्डल में शामिल सन्दीप भार्गव ने बताया कि पुल निर्माण की मांग पूरी करने के लिए उपमुख्यमंत्री गम्भीर हैं, आशा है कि निकट भविष्य में वैधानिक औपचारिकताओं की पूर्ति होते ही पुल का निर्माण कार्य प्रारम्भ हो जायेगा।

तीन सौ टिन नेपाली रिफाइंड ऑयल पकड़ा गया, गोदाम सील

भाषा। बरेली

नेपाल से अवैध रूप से बरेली लाया गया तीन सौ टिन रिफाइंड ऑयल पकड़ा गया है। खाद्य सुरक्षा व औषधि प्रशासन - एफएसडीए ने आयातित नेपाली रिफाइंड आयल बरामद करने के बाद गोदाम को सील कर दिया है और आगे की कार्वाई की जा रही है। एफएसडीए टीम ने सैंपल भरकर लैब में भेजे हैं। अधिकारियों ने बताया कि स्थानीय स्टॉकिस्ट खाद्य तेल के कागजात नहीं दिखा पाए। उनसे कारोबार संबंधी दस्तावेज मांगे गए हैं। ना दिखाने पर उनके लाइसेंस रद्द किए जाएंगे।

सूत्रों के मुताबिक, आयात नियमों की धज्जियां उड़ाकर नेपाल से बड़ी मात्रा में रिफाइंड ऑयल लाया गया है। श्यामगंज बाजार और आसपास के गोदामों में भंडारित नेपाली खाद्य तेल की जानकारी मिलने पर एफएसडीए टीम ने छापा मारा। छापे के दौरान दो व्यापारियों के गोदाम से तीन सौ टिन विदेशी खाद्य तेल मिला। इसके साथ ही खाद्य तेल के सैंपल लेकर लैब भेज दिए गए हैं।

सहायक आयुक्त एफएसडीए संजय पांडे ने बताया कि नेपाल में तैयार खाद्य तेल बिहार के रक्सौल से बरेली लाया गया था। लाल चंद एग्रो स्टॉकिस्ट छापा कार्वाई में कागज नहीं दिखा पाए। पांडे ने बताया कि सुमित कुमार, अशोक कुमार और लालचंद एग्रो फार्म से नेपाली तेल के सैंपल लिए गए हैं। साथ ही उन्हें नोटिस भी जारी किए गए हैं क्योंकि नेपाली खाद्य तेल अवैध कारोबार से भी जुड़ा हो सकता है। इसके साथ ही लैब रिपोर्ट आने के बाद आगे कार्वाई होगी। पूरे मामले की जांच की जा रही है।

कर्नाटक में अधिसूचित हुआ अंधविश्वास निरोधक कानून

बेंगलुरु। कर्नाटक विधानसभा में दो साल पहले पारित होने के बाद आखिरकार बीएस एदियुरप्पा के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार ने बहुचर्चित अंधविश्वास निरोधक कानून को अधिसूचित कर दिया। इस कानून का मकसद अमानवीय कुप्रथाओं को रोकना और उनका उन्मूलन करना है। दिलचस्प बात यह है कि भाजपा तब विपक्ष में थी तो उसने विधेयक को लेकर कड़ी आपत्ति जताई थी। सिद्धरमैया के नेतृत्व वाली तत्कालीन कांग्रेस सरकार यह विधेयक लेकर आई थी और 16 नवंबर, 2017 को राज्य विधानसभा ने इसे पारित किया था। इस महीने की शुरुआत में सरकार द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार कर्नाटक अमानवीय कुप्रथाओं एवं काला जादू रोकथाम एवं उन्मूलन अधिनियम, 2017 का उद्देश्य आम लोगों को बुरी एवं भयावह प्रथाओं से बचाना है। यह कानून चार जनवरी 2020 से प्रभावी हो जाएगा।

पेज एक का शेष

विरोध-प्रदर्शनों ...

से रोक देती है। यही भारत की संसदीय लोकतंत्र का संदेश है और मूल तत्व भी। पूर्व राष्ट्रपति ने यह जिक्र भी किया था कि 1952 के बाद से जनता ने कई दलों को स्पष्ट बहुमत से विजयी बनाया लेकिन इनमें से एक भी पार्टी 50 फीसदी वोट शेयर हासिल नहीं कर सकी। इसी तरह पिछले साल दिसंबर में एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया द्वारा आयोजि राजेंद्र माथुर स्मृति व्याख्यान में बोलते पूर्व राष्ट्रपति ने जोर देकर कहा था स्वतंत्र प्रेस बगैर लोकतंत्र कागज के खाली पन्ने जैसा है। पिछले ही साल अक्टूबर में उन्होंने गुवाहाटी (असम) में जस्टिस (रिटायर्ड) केएन सैकिया की स्मृति में नॉर्थ ईस्ट इंस्टीट्यूट ऑफ एडवांस स्टडीज के स्थापना दिवस पर आयोजित व्याख्यान में लोकतंत्र में संवाद के महत्व को रेखांकित किया था। उन्होंने कहा था कि भारत की आत्मा विविधता के उत्सव और अनेकता में एकता में बसती है।निर्वाचन आयोग ने देश के पहले मुख्य चुनाव आयुक्त सुकुमार सेन की स्मृति में पहली व्याख्यान माला आयोजित की। देश में पहली और दूसरी लोकसभा के चुनाव सेन की अगुवाई में सफलतापूर्वक संपन्न हुए थे। इस अवसर पर मुख्य चुनाव आयुक्त सुनील अरोड़ा, चुनाव आयुक्त अशोक लवासा व सुशील चंद्रा के अलावा तमाम पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त, चुनाव आयुक्त और अन्य देशों के निर्वाचन अधिकारी मौजूद थे।

पहली को...

है कि मृत्यु वारंट जारी होने के बाद दोषियों को फांसी पर लटकाने के लिए सात दिन की समय-सीमा तय की जानी चाहिए। इससे इतर, तिहाड़ जेल में चारों को फंदे पर लटकाने की तैयारियां अपनी तय प्रक्रिया से चल रही हैं। जेल के एक वरिष्ठ अधिकारी ने कहा डेथ वारंट जारी होने के बाद दोषियों से पूछा गया कि वे आखिरी बार अपने-अपने परिवारों से कब मिलना चाहेंगे और यदि वे मिलना चाहते हैं तो किससे मिलना चाहेंगे, लेकिन अभी तक किसी ने भी जवाब नहीं दिया है। अधिकारी ने बताया कि दोषियों से यह भी पूछा गया कि क्या वे कोई वसीयत तैयार करना चाहते हैं, लेकिन उन्होंने अब तक इस बारे में भी कुछ नहीं बताया। चारों दोषियों के परिवारों को सप्ताह में दो बार उनसे मिलने की अनुमति दी जाती है, लेकिन अंतिम मुलाकात की तारीख तय नहीं हुई है क्योंकि उन्होंने अब तक जवाब नहीं दिया है। पिछले सप्ताह तिहाड़ जेल में चारों दोषियों की डमी को फांसी पर लटकाने का अभ्यास किया गया था। अधिकारी ने कहा कि फांसी जेल नंबर तीन में ही दी जाएगी। उत्तर प्रदेश जेल प्राधिकरण ने चारों दोषियों को फंदे पर लटकाने के लिए मेरठ से पवन जल्लाद को भेजने की पुष्टि कर दी है। तिहाड़ के अधिकारियों ने उत्तर प्रदेश के जेल अधिकारियों से दो जल्लाद उपलब्ध कराने को कहा था। अधिकारी ने कहा कि सभी चार दोषियों को एक साथ ही लटकाए जाने की संभावना है। जेल अधिकारी नियमित आधार पर उनसे बात भी कर रहे हैं, ताकि उनकी मानसिक स्थिति ठीक रह सके।

चीन ने ...

मनोरंजन केंद्र, सिनेमाघर, इंटरनेट कैफे और अन्य केंद्रों को भी बंद करने का आदेश दिया गया है। हुबेई प्रांत में वुहान और हुंगांग शहरों को बंद कर दिया गया है। इस प्रांत में कई भारतीय भी रहते हैं। ऐसे में भारतीय दूतावास ने अपने नागरिकों की सहायता के लिए हॉटलाइन स्थापित की है। भारतीय दूतावास ने एक प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि चीनी अधिकारियों ने प्रांत में रह रहे भारतीयों को खाद्य आपूर्ति सहित सभी सहयोग का आश्वासन दिया है। भारत के लिहाज से भी चिंता की वजहें हैं क्योंकि करीब 700 भारतीय छात्र वुहान और आसपास के इलाके में रहते हैं। इन छात्रों में ज्यादातर चीनी विश्वविद्यालयों में चिकित्सा की पढ़ाई करते हैं। विषाणु के प्रसार को रोकने के लिए बीजिंग में प्रशासन ने अनिश्चितकाल के लिए बड़े कार्यक्रमों पर रोक लगा दी है। मकाऊके बाद हांगकांग में भी एक मामले की पुष्टि हुई है। हनोई से मिली खबर के मुताबिक, वियतनाम में दो चीनी नागरिकों में वायरस की जांच के परिणाम सकारात्मक आए हैं और उनका अस्पताल में उपचार चल रहा है। हो ची मिन्ह शहर में रहने वाले एक चीनी व्यक्ति को अपने पिता से यह संक्रमण हुआ, जो 13 जनवरी को चीन के शहर वुहान से वियतनाम आए थे।

कश्मीर पर ...

है। गौरतलब है कि दावोस में अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने कहा था कि वाशिंगटन कश्मीर के मुद्दे को लेकर भारत और पाकिस्तान के बीच घटनाक्रम पर करीबी नजर रख रहा है। उन्होंने यहां पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के साथ मुलाकात में एक बार फिर दोनों पड़ोसी देशों के बीच विवाद को सुलझाने में मदद की बात कही थी। दावोस में भारत..पाक संबंधों के लेकर पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के बयान के बारे में एक सवाल के जवाब में विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि हमने भारत और भारत..पाक संबंधों को लेकर दावोस में पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के बयान को देखा है। हमें उनके बयान की बातों और लहजे पर कोई आश्चर्य नहीं हुआ है। उन्होंने कहा, उनकी टिप्पणियों में कोई नई बात नहीं है। वे विरोधाभाषी तो हैं ही और तथ्यों की दृष्टि से गलत भी हैं। यह बयान दर्शाता है कि वे हताश हो गए हैं। पाकिस्तानी प्रधानमंत्री के बयान पर रवीश कुमार ने कहा कि वे निराशा से हताशा की ओर हैं। उन्होंने कहा कि पाकिस्तान को यह समझने की जरूरत है कि आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई के संबंध में विश्व समुदाय उसके दोहरे मानदंड को समझ गया है। पाकिस्तान को अपनी धरती से परिचालित आतंकी समूहों पर विश्वसनीय, अपरिवर्तनीय और पुष्टि किए जाने योग्य कार्रवाई करने की जरूरत है। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता ने कहा कि पाकिस्तान एक ओर आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में अपने को पीड़ित बताने का कार्ड खेलता है, दूसरी ओर भारत एवं अन्य देशों को लक्षित करने वाले आतंकी समूहों का समर्थन करता है। उन्होंने कहा, ऐसे में वह अपनी धरती से परिचालित आतंकी समूहों पर पुष्टि योग्य कार्रवाई करे और विश्व समुदाय का ध्यान बांटने वाले भ्रामक बयान देना बंद करे।

गंगा में...

सरकार का मानना है कि अर्थ व्यवस्था को केन्द्र में रखकर गंगा नदी को विकसित करने से इसमे गंदगी तथा कचरा आदि जाने की समस्या पर भी विराम लगेगा, क्योंकि इससे जुड़े लोग गंगा की सफाई पर सीधे दिलचस्पी लेंगे। उत्तराखण्ड के गोमुख से निकाल कर गंगा नदी यूपी सहित देश के पांच राज्यों से होते हुये कोलकाता के गंगा सागर में मिलती है। इस दौरान वह यूपी के कानपुर, फर्रुखाबाद, उन्नाव, फतेहपुर, बांदा, प्रयागराज, वाराणसी, बदायूं, अलीगढ़ तथा बुलंदशहर सहित राज्य के अन्य जिलों में 1025 किमी. से ज्यादा दूरी उत्तर प्रदेश में तय करती है। सरकार चाहती है कि गंगा नदी के आसपास के भू-भाग को राज्य की अर्थ व्यवस्था से जोड़ा जाये। इसके अलावा गंगा के तटवर्ती क्षेत्रों में गंगा पार्क, गंगा ओपन जिम, गंगा तालाब और गंगा मैदान, गंगा नर्सरी, वाटर पार्क, ईको टूरिज्म तथा नौकायन जैसी योजनाओं के कार्य पब्लिक-प्राईवेट पार्टनरशिप के तहत कराये जाएं। जिसमें गंगा नदी के संवरने के साथ-साथ राज्य की अर्थ व्यवस्था को सुधारने का रास्ता भी खुल सके। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि इस साल के अंत में होने वाली ग्लोबल इन्वेस्टर समिट में सरकार गंगा नदी से जुड़ी योजनाओं को ड्राफ्ट तैयार करके देशी-विदेशी निवेशकों के सामने रखेगी, ताकि राज्य में पूंजी का बड़ा निवेश हो सके। सूत्रों का कहना है कि गंगा यात्रा के दौरान सरकार गंगा नदी के आसपास आर्थिक विकास की प्रस्तावित योजनाओं और संभावनाओं के संदेश भी सरकार लोगों को देगी।

चंबल नदी...

में स्थल का निरीक्षण किया था और एक रिपोर्ट तैयार की थी जिसमें परियोजना को अनुमति न दिए जाने की बात कही गई थी। रिपोर्ट में कहा गया था कि निर्माण से घड़ियाल, कछुओं और मगर के प्रजनन स्थल प्रभावित होंगे। इसके बाद एससी-एनबीडब्ल्यूएल ने प्रस्ताव को स्थगित करने का फैसला किया। उसने राज्य सरकार से पानी के लिए वैकल्पिक स्रोत तलाश करने को कहा है।

आप ने...

शामिल किया है। गत पिछले पांच साल में सभी सरकारी स्कूल अच्छे हो गए। स्पोर्ट्स यूनिवर्सिटी और स्कूलों में होने वाली मेगा पीटीएम के बारे में बताने की कोशिश की है। दूसरा, स्वास्थ्य वाली चाय। यह चाय हर व्यक्ति के स्वास्थ्य से जुड़ी है। अरविंद केजरीवाल सरकार ने सभी सरकारी अस्पतालों में स्वास्थ्य सुविधाएं अच्छी कर दी है। अस्पतालों में मुफ्त जांच, सर्जरी और दवाइयां मिल रही हैं। जगह-जगह मोहल्ला क्लीनिक और पॉली क्लीनिक खोल गए हैं। तीसरी स्पेशल चाय। यह चाय काफी खास है, जो आम आदमी के बुनियादी जरूरतों से जुड़ी हुई है। इससे हर व्यक्ति का सामना रोजाना होता है। इसमें दिल्ली वालों को मिल रही 200 यूनिट तक मुफ्त व सस्ती बिजली, 20 हजार लीटर प्रतिमाह पानी और महिलाओं के लिए बसों में मुफ्त सफर को शामिल किया है। चौथा और अंतिम विकास वाली चाय। इस चाय के जरिए अरविंद केजरीवाल सरकार द्वारा किए गए विकास कार्यों को बताने की कोशिश की है। इसमें डोर स्टेप डिलीवरी सीसीटीवी कैमरे, मुफ्त वाईफाई जैसे कामों को शामिल किया गया है।

एक्सप्रेसवे पर...

राष्ट्रीय कैडेट कोर (एनसीसी) इस विमान का इस्तेमाल प्रशिक्षण के लिए करता है। उड़ान के दौरान विमान में तकनीकी खराबी आ गई, जिसके चलते विमान की इमरजेंसी लैंडिंग गाजियाबाद के सदरपुर गांव क्षेत्र में कराई गई। इस दौरान पेरिफेरलवे पर वाहनों की आवाजाही रोक दी गई। थोड़ी देर के लिए वहां जाम भी लग गया। मौके पर अग्निशन की गाड़ी और एंबुलेंस को भी ऐहतियातन बुलाया गया। बाद में हिंडन एयरफोर्स से एक हेलीकॉप्टर से गयी टीम ने मौके पर जाकर जांच की और विमान के पायलटों को सुरक्षित अपने साथ ले गयी। वहीं अपने बीच चार्टर्ड प्लेन देखकर लोग सेल्फी खींचने लगे और एक्सप्रेसवे पर भीड़ जुट गई थी। भीड़ के कारण वायु सेना के हेलीकॉप्टर को लैंडिंग के लिए कोई जगह नहीं मिली और उसे खेत में उतरना पड़ा और लोग भी फिर उसके साथ भी सेल्फी लेने जुट गए।

सीएए व एनआरसी का विरोध कर रही महिलाओं पर लाठीचार्ज

- पुलिस पर पथराव कर रहीं महिलाओं को हिरासत में लिया गया

पायनियर समाचार सेवा। वाराणसी

नागरिकता संशोधन कानून के विरोध में गुरुवार दोपहर करीब 12 बजे बेनियाबाग में प्रदर्शन कर रही महिलाओं को गिरफ़्तार करने पहुंची पुलिस पर लोगों ने पथराव कर दिया। इस दौरान भारी संख्या में पुलिस बल पहुंची तो लोग आक्रोशित हो गए। इस दौरान पुलिस संग प्रदर्शनकारियों की झड़प के बीच पथराव होने के साथ ही पुलिस ने प्रदर्शन कर रहे लोगों पर लाठीचार्ज कर दिया। इसकी वजह से मौके पर भगदड़ मच गई, वहीं विरोध प्रदर्शन और हिंसा के बीच पुलिस ने कई लोगों को इस दौरान हिरासत में भी ले लिया। पुलिस के अनुसार बेनियाबाग में उपद्रव करने की तैयारियों की जानकारी के बीच पुलिस ने कार्रवाई करते हुए कुछ लोगों को हिरासत में लिया है। जबकि उपद्रव करने के जिम्मेदार लोगों की शिनाख्त कर उनके खिलाफसख्त कार्रवाई की जाएगी।

बेनियाबाग को शाहीनबाग बनाने की थी तैयारी

बेनियाबाग में कांग्रेस नेता सृष्टि कश्यप के नेतृत्व में सैकड़ों की संख्या में मुस्लिम महिलाएं नागरिकता संशोधन कानून का विरोध करने के लिए गुरुवार को जमा हुई थीं। सामान्य तौर पर सैकड़ों महिलाओं के साथ ही उनके बच्चे भी इस धरना प्रदर्शन के दौरान महिलाओं के साथ मौजूद थे। सुबह विवाद होने के बाद पुलिस ने सख्ती करते हुए सभी को मौके से हटाने के साथ ही प्रदर्शन कर रही मुस्लिम महिलाओं को हिरासत में ले लिया।

वहीं सुरक्षा कारणों से महिला पुलिस बल की भी तैनाती कर दी गई है। पुलिस के अनुसार नई दिल्ली के शाहीनबाग की तर्ज पर ही महिलाओं का वाराणसी के बेनियाबाग में धरना प्रदर्शन और आंदोलन करने की तैयारी थी। बेनियागाग स्थित राजनारायण पार्क सीएए के विरोध में राजनीतिक आंदोलन का हिस्सा बनने की ओर था। हालांकि पुलिस की सख्ती शुरू होने के बाद पूरा मैदान पुलिस छावनी में तब्दील हो गया है।

पुलिसकर्मियों ने रक्तदान कर बचाई घायल सर्राफ की जान

मथुरा। उत्तर प्रदेश के मथुरा जनपद में वृन्दावन कोतवाली की एक महिला आरक्षी सहित पांच पुलिसकर्मियों ने बदमाशों द्वारा गोलियों से छलनी किए गए एक सर्राफा व्यवसाई को बचाने के लिए रक्तदान कर एक बेहतरीन मिसाल पेश की है। पुलिस सूत्रों के अनुसार मंगलवार की शाम बाइक पर सवार तीन अज्ञात हमलावरों ने घर लौट रहे पवेसरा गांव निवासी सर्राफा व्यवसाई मनोज (25) पुत्र बंगालीमज की पीठ में दो गोलियां मारकर उससे पांच लाख रुपयों से बने आभूषणों का थैला लूट लिया था। चिकित्सकों के अनुसार दोनों गोलियां उसकी दाईं किडनी में लगी थीं। उसकी रीढ़ की हड्डी और बड़ी आंत को भी काफी नुकसान पहुंचा था। चिकित्सकों ने उसके लिए कई यूनिट रक्त की व्यवस्था करने को कहा था। लेकिन उस समय तक उसके परिजन अस्पताल नहीं पहुंच पाए थे। तब वृन्दावन कोतवाली के पुलिसकर्मी ही सामने आए और उन्होंने एक-एक यूनिट रक्त दान कर उसकी जान बचाई। इनमें महिला आरक्षी रजनी वर्मा, आरक्षी प्रदीप कुमार, आरक्षी मनीष कुमार, चालक जयवीर सिंह व मथुरा गेट पुलिस इंचार्ज राजवीर सिंह शामिल हैं।

ट्रक से बोलेरो टकराई, दो की मौत, छह घायल

बांदा। उत्तर प्रदेश के चित्रकूट जिले की सदर कोतवाली क्षेत्र की बेड़ी पुलिया के पास बुधवार को एक अनियंत्रित बोलेरो जीप सड़क किनारे खड़े ट्रक से टकरा गई। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई और छह अन्य घायल हो गए हैं। अपर पुलिस अधीक्षक बलवंत चौधरी ने बृहस्पतिवार को बताया कि बुधवार को बेड़ी पुलिया के पास सड़क किनारे एक ट्रक खड़ा था, तभी तेज रफ्तार एक बोलेरो जीप अनियंत्रित होकर उससे टकरा गई जिससे बोलेरो सवार आठ लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्होंने बताया कि मौके पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सरकारी अस्पताल ले गई, जहां चिकित्सकों ने दो लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों की पहचान सन्तोष (40) और हरी (55) निवासी नौगवां जिला छतरपुर (मप्र) के रूप में हुई है। सभी नौगवां कस्बे के हैं और प्रयागराज जा रहे थे।

रेलवे ने कचरे से ईंधन बनाने के लिए पहले सरकारी संयंत्र को मंजूरी दी

भाषा। नई दिल्ली

पूर्व तटीय रेलवे ने ई-कचरे और प्लास्टिक से 24 घंटे के भीतर हल्का डीजल बनाने के लिए सरकारी क्षेत्र के पहले संयंत्र को मंजूरी दी है। अधिकारियों ने गुरुवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि पॉलीक्रैक नाम से पेटेंट इस तकनीक का इस्तेमाल कचरे से ईंधन बनाने के संयंत्र में इस्तेमाल किया जाएगा और भारतीय रेलवे में इस तरह का पहला और देश में चौथा संयंत्र होगा। पूर्व तटीय रेलवे के प्रवक्ता जेपी मिश्रा ने बताया, यह दुनिया का पहला पेटेंट विखंडन प्रक्रिया है जो विभिन्न वस्तुओं को तरल हाइड्रोकार्बन ईंधन, गैस, कार्बन और पानी में बदलता है। उन्होंने बताया, रेल डिब्बा मरम्मत कारखाने में बड़ी मात्रा में गैर लौह कचरा निकलता है जिसको ठिकाने लगाने के लिए उचित व्यवस्था नहीं थी। इसकी वजह से इस कचरे को जमीन भरने में इस्तेमाल किया जाता है जिससे पर्यावरण को भारी नुकसान होता है।

मिश्रा ने कहा, इस प्रक्रिया में कचरे को पहले अलग-अलग करने की जरूरत नहीं होती और इन्हें सीधे मशीन में डीजल बनाने के लिए डाल दिया जाता है। अधिकारी ने बताया, यह संयंत्र नमी की उच्च मात्रा को भी सह सकता है और इसलिए कचरे को सुखाने की जरूरत नहीं होती। कचरा 24 घंटे में ईंधन में बदल जाता है। चूंकि पूरी प्रक्रिया बंद उपरकण में होता है इसलिए पर्यावरण पूरी तरह से धूल रहित होता है। इस प्रक्रिया की वजह से कचरे को जैविक रूप से सड़ने के लिए छोड़ने की जरूरत नहीं होती क्योंकि कचरा पैदा होते ही उसे डीजल में तब्दील करने की प्रक्रिया शुरू हो जाती है। उन्होंने बताया, इस संयंत्र का आकार बहुत छोटा होता है इसलिए कचरे के निपटारे की पारंपरिक प्रक्रिया के मुकाबले कम जगह की जरूरत होती है। कचरा पूर्ण रूप से बहुमूल्य ईंधन में तब्दील हो जाता है और इसमें शून्य अपशिष्ट पैदा होता है। अधिकारी ने बताया कि इस प्रक्रिया में पैदा होने वाली गैस का इस्तेमाल संयंत्र को चलाने के लिए ईंधन की रूप में होता है, इसलिए पूरे संयंत्र को चलाने पर आने वाले खर्च में कमी आती है। उन्होंने कहा कि इस प्रक्रिया से गैस उत्सर्जन नहीं होता और यह 450 डिग्री सेल्सियस के तापमान पर काम करता है। मिश्रा के मुताबिक दो करोड़ रुपए की लागत से इस संयंत्र का निर्माण तीन महीने में पूरा होगा। भुवनेश्वर रेलवे स्टेशन के नजदीक मंचेश्वर कोच मरम्मत कार्यशाला से पैदा होने वाले कचरे का इस्तेमाल इस संयंत्र में किया जाएगा। एक बार में 500 किलोग्राम कचरे का इस्तेमाल संयंत्र में होगा। अधिकारी के मुताबिक इस संयंत्र से उत्पादित उत्पाद से सालाना 17.5 लाख रुपए की आय होने का अनुमान है जबकि संयंत्र के रखरखाव पर सालाना 10.4 लाख रुपए का खर्च आएगा। उल्लेखनीय है कि इस तकनीक से रेलवे का यह पहला संयंत्र है लेकिन देश में यह चौथा संयंत्र हैं। सबसे पहले इंफोसिस ने बेंगलुरु में इस तकनीक से संयंत्र की स्थापना की थी। हालांकि, उसकी क्षमता 50 किलोग्राम कचरा प्रति दिन निस्तारित करने की है।

কोलकाता में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 123वी जयंती के अवसर पर रैली निकालते वामदल के नेता बिमान बोस व अन्य

नई दिल्ली में गणतंत्र दिवस परेड के लिए पूर्वाभ्यास करतीं छात्राएं

असली टुकड़े-टुकड़े गैंग हैं सत्ता में बैठे लोग: चिदंबरम

भाषा। नई दिल्ली

कांग्रेस के वरिष्ठ नेता पी चिदंबरम ने लोकतंत्र सूचकांक में भारत के 10 स्थान लुढ़कने को लेकर बृहस्पतिवार को आरोप लगाया कि मौजूदा सरकार में लोकतांत्रिक संस्थाओं को शक्तिहीन किया गया है और सत्ता में बैठे लोग असली टुकड़े-टुकड़े गैंग हैं।

पूर्व गृह मंत्री ने ट्वीट किया, भाजपा लोकतंत्र सूचकांक में 10 स्थान लुढ़क गया। पिछले दो साल के राजनीतिक घटनाक्रमों पर नजदीकी नजर रखने वाला कोई भी व्यक्ति यह जनता है कि लोकतंत्र को कुचला गया है और लोकतांत्रिक संस्थाओं को शक्तिहीन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया, जो लोग सत्ता में हैं वो असली टुकड़े-टुकड़े गैंग हैं। चिदंबरम ने कहा, भारत जिस दिशा में बढ़ रहा है उससे दुनिया सशंकित है। हर देशभक्त भारतीय को चिंतित होना चाहिए। दरअसल, द इकोनॉमिस्ट इंटेलीजेंस यूनिट (ईआईयू) द्वारा 2019 के लिए लोकतंत्र सूचकांक की वैश्विक सूची में भारत 10 स्थान लुढ़क कर 51वें स्थान पर आ गया है। संस्था ने इस गिरावट की मुख्य वजह देश में नागरिक स्वतंत्रता का क्षरण बताया है।

सूची के मुताबिक भारत का कुल अंक 2018 में 7.23 था जो अब घटकर 6.90 रह गया है। यह वैश्विक सूची 165 स्वतंत्र देशों और दो क्षेत्रों में लोकतंत्र की मौजूदा स्थिति का एक खाका पेश करती है।

नेताजी ने हिंदू महासभा की विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया था: ममता

दार्जिलिंग (पश्चिम बंगाल)। पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने बृहस्पतिवार को कहा कि नेताजी सुभाष चंद्र बोस ने हिंदू महासभा की विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया था और वह धर्मनिरपेक्ष तथा एकजुट भारत की खातिर लड़े थे। बनर्जी ने नेताजी की जयंती को राष्ट्रीय अवकाश घोषित करने की मांग की। उन्होंने कहा कि बोस ने अपने संघर्ष के जरिए यह संदेश भेजा कि सभी धर्मों का सम्मान किया जाना चाहिए और एकजुट भारत के लिए लड़ना उनके प्रति सच्ची श्रद्धांजलि होगी। ममता बनर्जी ने सुभाष चंद्र बोस की जयंती के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम में कहा, नेताजी ने हिंदू महासभा की विभाजनकारी राजनीति का विरोध किया था। वह धर्मनिरपेक्ष भारत के लिए लड़े। लेकिन अब धर्मनिरपेक्षता का पालन करने वालों को बाहर करने के प्रयास किए जा रहे हैं।

दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण मानवाधिकार कानून है सीएए: रूपा गांगुली

भाषा। मलकानगिरि (ओडिशा)

भाजपा सांसद रूपा गांगुली ने विपक्ष पर लोगों को गुमराह करने की कोशिश करने का आरोप लगाते हुए कहा कि संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) को दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण मानवाधिकार कानून माना जाना चाहिए।गांगुली दो दिवसीय दौरे पर ओडिशा आई थीं। उन्होंने कहा कि सीएए किसी की नागरिकता नहीं छीनेगा। उन्होंने कहा, सीएए का किसी भी तरह भारतीय नागरिकों पर प्रतिकूल प्रभाव नहीं पड़ेगा। विपक्षी दल झूठ फैला रहे हैं और तुच्छ राजनीतिक मकसदों के लिए लोगों को गुमराह कर रहे हैं। रूपा गांगुली ने पूर्ववर्ती पूर्वी पाकिस्तान से आकर मलकानगिरि और नबरंगपुर जिलों में बसे शरणार्थियों से मुलाकात की और सीएए के समर्थन में भाजपा द्वारा आयोजित एक बैठक को संबोधित किया।पश्चिम बंगाल से राज्यसभा सदस्य ने कहा, इस मामले को लेकर तमाम हंगामे के बीच, सच्चाई यही रहेगी कि सीएए मानवता का प्रतीक है। इसे दुनिया का सबसे महत्वपूर्ण मानवाधिकार कानून बताया जा सकता है। इसका लक्ष्य प्रताड़ना एवं उत्पीड़न झेलने के बाद यहां आए लोगों को नागरिकता प्रदान करना है।

जेएलएफ 'मन की बात' के साथ ही 'काम की बात' के लिए भी है : गहलोत

भाषा। जयपुर

राजस्थान के मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने बृहस्पतिवार को कहा कि जयपुर साहित्य महोत्सव (जेएलएफ) ऐसा स्थान है जहां दुनिया भर से आए विचारक आते हैं और मन की बात के साथ ही काम की बात करते हैं।

गहलोत ने यह बात यहां वार्षिक साहित्य कार्यक्रम के उद्घाटन के मौके पर कही। 68 वर्षीय कांग्रेस नेता ने परोक्ष तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मासिक रेडियो कार्यक्रम मन की बात पर निशाना साधा।

उन्होंने कहा, जेएलएफ राजस्थान का गौरव है, इसने दुनिया में अपनी एक जगह बनाई है। सभी के मन में इसके प्रति सम्मान है। मैं उम्मीद करता हूं कि यह महोत्सव नई पीढ़ी को प्रेरित करेगा। इसके बारे में पूरी दुनिया में बातें होती हैं। सभी साहित्यिक व्यक्ति इस महोत्व के बारे में चर्चा करते हैं, जेएलएफ में वे महसूस करते हैं कि उन्हें अपनी मन की बात के साथ ही काम की बात करने का मौका मिलेगा। इस महोत्सव का यह 13वां संस्करण है। गहलोत ने इस महोत्सव को राजस्थान का गौरव और साहित्य का महाकुंभ बताया। कार्यक्रम के दौरान उन्होंने विजयदान देथा को श्रद्धांजलि अर्पित की और दिवंगत साहित्यकार की कृति का अंग्रेजी अनुवाद ...बिज्जी: टाइमलेस टेल्स फ्राम मारवाड़..का विमोचन किया।उद्घाटन सत्र में महोत्वस के सह निदेशक एवं लेखक विलियम डेलरिम्पल ने कहा कि जेएलएफ अब औपचारिक रूप से विश्व का सबसे बड़ा साहित्यिक महोत्सव बन जाएगा। उन्होंने कहा, पिछले वर्ष करीब पांच लाख लोग कार्यक्रम में आए थे। ऐसे समय में जब लोग कहते हैं कि साहित्य के लिए प्रेम समाप्त हो रहा है, हम इसके सबूत हैं कि ऐसा नहीं है। साहित्य सजीव है और जेएलएफ में भीड़ इसका सबूत है। उन्होंने कहा, हमने अन्य को भी प्रेरित किया है, 300 से अधिक महोत्सव जेएलएफ के चलते असाधारण तरीके से सफल हुए हैं। जेएलएफ की असाधारण लोकप्रियता भारत की समृद्ध मौखिक प्रंरपरा के चलते भी है। महोत्सव के प्रोड्यूसर संजय रॉय ने कहा कि साहित्य ही एकमात्र ऐसी चीज है जो

नफरत के विमर्श को फैलने से रोक सकती है जिसका सामना आज देश कर रहा है। महोत्सव के आयोजक टीमवर्क्स आर्ट्स के प्रबंध निदेशक ने कहा, गांधी के देश में हम एक ऐसी स्थिति का सामना कर रहे हैं जिसे नफरत का विमर्श का प्रसार देख रहे हैं। साहित्य एक ऐसी चीज है जो उसके खिलाफ खड़ा हो सकती है और कला भी। उन्होंने लोगों से भी आग्रह किया कि वे अपनी आवाज उठाएं, क्योंकि समय अब चुप रहने का नहीं है।जेएलएफ के नवीनतम संस्करण में दुनिया भर से 250 से अधिक लेखक, विद्वान, अभिनेता, मानवाधिकार कार्यकर्ता, उद्योगपति और खिलाड़ी हिस्सा लेंगे। महोत्सव में 15 भारतीय और 35 अंतरराष्ट्रीय भाषाओं के वक्ता भी हिस्सा लेंगे। ए सभी विभिन्न विषयों पर चर्चा में शामिल होंगे जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता, पर्यावरण, कला, संस्कृति, इतिहास, सिनेमा और संगीत से संबंधित होंगे।नोबेल पुरस्कार प्राप्त अभिजीत बनर्जी, बुकर पुरस्कार प्राप्त हॉवर्ड जैकबसन, पुलित्जर पुरस्कार प्राप्त लेखकों स्टीफन ग्रीनब्लाट, डेक्सटर फिलकिंस और पॉल मुलडून, बुकर इंटरनेशनल पुरस्कार प्राप्त जोक अलहरथी, उपन्यासकार एलिजाबेथ गिलबर्ट, रोशन अली और मनोरंजन ब्यापारी जेएलएफ में प्रमुख वक्ताओं में शामिल होंगे। साहित्य महोत्सव का समापन 27 जनवरी को होगा।

लोहरदगा में संशोधित नागरिकता कानून समर्थकों के जुलूस पर पथराव के बाद हंगामा, आगजनी

लोहरदगा। झारखंड के लोहरदगा जिले में संशोधित नागरिकता कानून (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) के समर्थन में निकाले गए विशाल जुलूस पर उपद्रवी तत्वों द्वारा बुधवार को पथराव के बाद हिंसा भड़क गई। पथराव के विरोध में लोगों ने गाड़ियों में तोड़फोड़ व आगजनी की जिस पर पुलिस को स्थिति नियंत्रित करने के लिए हवाई फायरिंग करनी पड़ी।पुलिस सूत्रों ने बताया कि आज जब पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार सीएए और एनआरसी के समर्थन में लोग जुलूस निकाल रहे थे उसी समय अज्ञात लोगों ने लोहरदगा के अमलाटोली चौक के पास उन पर पथराव कर दिया। उन्होंने बताया कि इससे भड़के लोगों ने आसपास खड़ी कई मोटरसाइकिलों को आग के हवाले कर दिया और तोड़फोड़ की।सूत्रों ने बताया कि स्थिति जब नियंत्रण से बाहर हो गई और और इलाके की दुकानों में तोड़फोड़ की गई तो पुलिस ने स्थिति को नियंत्रित करने के लिए हवा में कई राउंड गोलियां चलाईं।

मुंबई में नेताजी सुभाष चंद्र बोस की जयंती पर तिरंगे के साथ रैली निकालते अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद के छात्र

हवाईअड्डा बम मामला
आरोपी को मेंगलुरु लाया गया

भाषा। मेंगलुरु

मेंगलुरु हवाईअड्डे पर बम लगाने के संदिग्ध आरोपी को जांच के लिए बेंगलुरु से यहां लाया गया है। उसने बुधवार को बेंगलुरु में पुलिस के समक्ष आत्मसमर्पण किया था।पुलिस ने बृहस्पतिवार को बताया कि सहायक पुलिस आयुक्त सीपी बेल्लियप्पा के नेतृत्व वाला पुलिस दल चिकित्सा जांच के बाद बुधवार देर रात को 36 वर्षीय शख्स को लेकर आया।संदिग्ध आदित्य राव ने बुधवार को बेंगलुरु में डीजी और आईजीपी कार्यालय में आत्मसमर्पण किया था। वह उस व्यक्ति की तरह लग रहा है जिसे सोमवार को मेंगलुरु अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के सीसीटीवी कैमरे में कैद किया गया था। हवाईअड्डे पर एक लावारिस बैग से विस्फोटक उपकरण बरामद हुआ था जिससे अफरा तफरी मच गई थी।पुलिस ने बताया कि उसने बम लगाने का जुर्म कबूल कर लिया है। पुलिस ने बताया कि राव को अदालत में पेश किया जाएगा और वे पूछताछ के लिए उसकी हिरासत मांगेंगे। मेंगलुरु में अंतरराष्ट्रीय हवाईअड्डे के प्रस्थान द्वार के टिकट काउंटर के समीप सोमवार को एक लावारिस बैग में विस्फोटक उपकरण मिला था जिसे बाद में खुले मैदान में निष्क्रिय कर दिया गया।

कोरेगांव भीमा हिंसा
अधिकारियों के साथ महाराष्ट्र सरकार की समीक्षा बैठक

भाषा। मुम्बई

● राकांपा के नेता देशमुख ने राज्य के गृह मंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद कहा था कि वह मामले पर स्थिति रिपोर्ट मांगेगे और फिर उसके बाद निर्णय लेंगे

महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार और राज्य के गृह मंत्री अनिल देशमुख ने कोरेगांव-भीमा हिंसा मामले की समीक्षा करने के लिए गुरुवार सुबह वरिष्ठ अधिकारियों से मुलाकात की।हिंसा एक जनवरी 2018 को हुई थी। एक अधिकारी ने बताया कि मुम्बई के राज्य सचिवालय में बैठक चल रही है। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) प्रमुख शरद पवार ने 2018 के कोरेगांव भीमा मामले में पुणे पुलिस द्वारा की गई कार्वाई की जांच के लिए एक सेवानिवृत्त न्यायाधीश के तहत एक विशेष जांच टीम (एसआईटी) गठित करने की पिछले साल दिसम्बर में मांग की थी।राकांपा के नेता देशमुख ने राज्य के गृह मंत्री पद का कार्यभार संभालने के बाद कहा था कि वह मामले पर स्थिति रिपोर्ट मांगेंगे और फिर उसके बाद निर्णय लेंगे। पुणे पुलिस ने 31 दिसंबर 2017 को एल्गार परिषद और इसके अगले दिन पुणे जिले के कोरेगांव भीमा में हुई जातीय झड़पों के बीच कथित संबंधों की जांच के दौरान अर्बन नक्सल शब्द का इस्तेमाल किया था।पुणे नगर पुलिस ने मामले में कुछ मानवाधिकार कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था, जबकि उनके ग्रामीण समकक्षों (पुलिस) ने कथित तौर पर हिंसा भड़काने को लेकर हिंदुत्व नेता मिलिंद एकबोटे और संभाजी भिड़े के खिलाफ मामला दर्ज किया था। एकबोटे को उच्चतम न्यायालय से जमानत मिल गई जबकि भिड़े को कभी गिरफ्तार नहीं किया गया। कोरेगांव भीमा युद्ध को एक जनवरी 2018 को दो सौ साल पूरे होने के मौके पर हिंसा भड़क उठी थी जिसमें एक व्यक्ति की मौत हो गई थी और कई अन्य घायल हो गए थे। पुलिस का दावा है कि उक्त हिंसा कोरेगांव भीमा में उससे एक दिन पहले एल्गार परिषद में भड़काऊ भाषणों के चलते हुई थी।

स्वामी की याचिका पर तीन महीने बाद होगा विचार

● रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर का दर्जा देने की

भाषा। नई दिल्ली

उच्चतम न्यायालय ने बृहस्पतिवार को कहा कि रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने का केन्द्र को निर्देश देने के लिए भाजपा नेता डॉ. सुब्रमणियन स्वामी की याचिका पर तीन महीने बाद विचार किया जाएगा।

रामसेतु भारत और श्रीलंका के बीच मन्नार की खाड़ी में चूना पत्थरों की श्रृंखला है। रामायण के अनुसार रावण की कैद से सीता को छुड़ाने के लिए भगवान राम की वानर सेना ने रामसेतु की निर्माण किया था। प्रधान न्यायाधीश एस ए बोबडे, न्यायमूर्ति एस अब्दुल नजीर और न्यायमूर्ति संजीव खन्ना की पीठ ने रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने के लिए दायर याचिका पर शीघ्र सुनवाई के बारे में स्वामी की अर्जी का संज्ञान लिया। पीठ ने स्वामी से कहा, आप तीन महीने बाद इसका उल्लेख करें। हम उस समय इस पर विचार करेंगे।भाजपा नेता ने कहा कि वह इस मामले को लेकर कानूनी लड़ाई का पहला दौर जीत चुके हैं जिसमें केन्द्र ने रामसेतु के अस्तित्व को स्वीकार कर लिया है। उन्होंने कहा कि संबंधित मंत्री ने रामसेतु को राष्ट्रीय धरोहर घोषित करने की उनकी मांग पर विचार के लिए 2017 में एक बैठक बुलाई थी लेकिन इसके बाद इस मामले में कुछ नहीं हुआ है। शीर्ष अदालत ने अपने समक्ष बड़ी संख्या में लंबित मामलों का जिक्र करते हुए स्वामी से कहा कि वह तीन महीने बाद इस पर शीघ्र सुनवाई का उल्लेख करें।भाजपा नेता ने इससे पहले संप्रग सरकार के कार्यकाल में शुरू की गई सेतुसमुद्रम जहाजरानी परियोजना के खिलाफ शीर्ष अदालत में जनहित याचिका दायर कर रामसेतु को राष्ट्रीय स्मारक घोषित करने का मुद्दा उठाया था। शीर्ष अदालत ने 2007 में रामसेतु के आसपास इस परियोजना के काम पर रोक लगा दी थी। सेतुसमुद्रम परियोजना के अंतर्गत चूना पत्थरों की इस श्रृंखला को हटाकर 83 किलोमीटर लंबा गहरा जलमार्ग बनाना था। यह जलमार्ग के लिए मन्नार को पाक जलडमरूमध्य से जोड़ने की परियोजना थी। सेतुसमुद्रम परियोजना का कुछ राजनीतिक दल, पर्यावरणविद और चुनिन्दा हिन्दू संगठन विरोध कर रहे थे।केन्द्र ने बाद में न्यायालय में दायर एक नए हलफनामे में कहा था कि सरकार रामसेतु को किसी प्रकार का नुकसान पहुंचाए बगैर ही इस परियोजना के लिए वैकल्पिक मार्ग की संभावना तलाशेगी। शीर्ष अदालत ने पिछले साल 13 नवंबर को केन्द्र को रामसेतु मामले में अपना रुख स्पष्ट करने के लिए छह सप्ताह का समय दिया था। न्यायालय ने स्वामी को यह छूट प्रदान की थी कि अगर केन्द्र अपना जवाब दाखिल नहीं करता है तो वह शीर्ष अदालत आ सकते हैं।

शेयर बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट पर लगा विराम, सेंसेक्स 271 अंक चढ़ा

भाषा। मुंबई

बाजार में तीन दिन से जारी गिरावट पर बृहस्पतिवार को विराम लग गया और बंबई शेयर बाजार का सेंसेक्स 271 अंक की तेजी के साथ बंद हुआ। वैश्विक शेयर बाजारों में बिकवाली के बावजूद बैंक और ऊर्जा कंपनियों के शेयरों में तेजी से घरेलू बाजार में सुधार दर्ज किया गया। उतार-चढ़ाव वाले कारोबार में तीस शेयरों वाला सेंसेक्स 271.02 अंक यानी 0.66 प्रतिशत मजबूत होकर 41,386.40 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान यह उंचे में 41,413.96 तथा नीचे में 41,098.91 अंक तक गया।इसी प्रकार, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 73.45 अंक यानी 0.61 प्रतिशत बढ़कर 12,180.35 अंक पर बंद हुआ।

सेंसेक्स के शेयरों में लार्सन एंड टूब्रो (एल एंड टी) सर्वाधिक लाभ में रहे। कंपनी का एकीकृत लाभ दिसंबर 2019 को समाप्त तिमाही में 15 प्रतिशत बढ़कर 2,560.32 करोड़ रुपए पर पहुंच गया। इसके बाद आज कारोबार में कंपनी का शेयर 2.98 प्रतिशत चढ़ गया। भारती एयरटेल का शेयर 1.8 प्रतिशत मजबूत हो गया। कंपनी को समायोजित सकल आय (एजीआर) की मद में 35,586 करोड़ रुपए का बकाया देना है। उसके इस बयान से शेयर में तेजी आई कि वह उच्चतम न्यायालय में दायर पुनरीक्षा याचिका पर आने वाले निर्णय की प्रतीक्षा करेगी। न्यायालय इस पर अगले सप्ताह सुनवाई करेगा। सूत्रों ने यह भी कहा कि दूरसंचार विभाग ने संबंधित अधिकारियों से कहा है कि वे 23 जनवरी तक एजीआर बकाया भुगतान नहीं होने पर दूरसंचार कंपनियों के खिलाफ कोई कार्वाई नहीं करे। न्यायालय ने कंपनियों से 23 जनवरी तक एजीआर का भुगतान करने को कहा था। हाल के नुकसान के बाद बैंक शेयरों में भी तेजी रही। एसबीआई का शेयर 2.26 प्रतिशत, एक्सिस बैंक 1.41 प्रतिशत, कोटक बैंक 1.14 प्रतिशत और आईसीआईसीआई बैंक 0.96 प्रतिशत मजबूत हुए वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल के दाम में गिरावट से ओएनजीसी का शेयर 1.12 प्रतिशत नीचे आ गया। लाभ में रहने वाले अन्य प्रमुख शेयरों में महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, इन्फोसिस और अल्ट्राटेक सीमेंट शामिल हैं। दूसरी तरफ टेक महिंद्रा, पावर ग्रिड, टीसीएस, बजाज ऑटो, रिलायंस इंडस्ट्रीज और मारुति नुकसान में रहे। विशेषज्ञों के अनुसार एशिया के अन्य बाजारों में गिरावट के बावजूद घरेलू बाजार में चुनींदा शेयरों में खरीदारी से मजबूती रही। जियोजीत फाइनेंशियल सर्विसेज के शोध प्रमुख विनोद नायर ने कहा, सप्ताह के दौरान हल्के सुधार के बाद बैंक, वाहन और मझोले एवं लघु कंपनियों के शेयरों में तेजी से बाजार में आज मजबूती आई। हमारा मानना है कि निकट भविष्य में निवेशक सतर्क रुख अपनाएंगे। बजट को लेकर बाजार में पहले ही काफी कुछ चीजों पर गौर किया गया। साथ ही कंपनियों की तीसरी तिमाही में आय वृद्धि में सुधार भी उम्मीद से कम रहा। चीन के शंघाई, हांगकांग, जापान का तोक्यो और दक्षिण कोरिया सोल के बाजारों में 2.75 प्रतिशत तक की गिरावट रही। यूरोपीय बाजारों में भी शुरूआती कारोबार में गिरावट का रुख रहा।

क्विक न्यूज

जेएसडब्ल्यू स्टील की डिबेंचर के जरिए 1,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना

नई दिल्ली। जेएसडब्ल्यू स्टील की गैर-परिवर्तनीय डिबेंचर (एनसीडी) जारी करके1,000 करोड़ रुपए जुटाने की योजना है। सज्जन जिंदल की अगुवाई वाली जेएसडब्ल्यू स्टील ने बृहस्पतिवार को बंबई शेयर बाजार को बताया कि इस राशि का उपयोग कार्यशील पूंजी की जरूरतों को पूरा करने, सामान्य कंपनी कामकाज और पूंजीगत खर्च समेत अन्य मद में किया जाएगा।कंपनी ने कहा, निदेशक मंडल ने 10,000 सूचीबद्ध, सुरक्षित, विमोचनीय, गैर परिवर्तनीय डिबेंचर आवंटित करने की अनुमति दी है। एक डिबेंचर का मूल्य 10,00,000 रुपए है। इनका कुल मूल्य1,000 करोड़ रुपए बैठेगा।

डीएचएफएल को 6,641 करोड़ रुपए का घाटा जुलाई-सितंबर में

नई दिल्ली। कर्ज तले दबी आवास वित्त कंपनी डीएचएफएल को 30 सितंबर 2019 को समाप्त तिमाही में 6,640.62 करोड़ रुपए का एकीकृत शुद्ध घाटा हुआ। एक साल पहले जुलाई - सितंबर अवधि में उसे 439.51 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। दीवान हाउसिंग फाइनेंस कॉरपोरेशन लिमिटेड (डीएचएफएल) ने बंबई शेयर बाजार को बताया कि 2019-20 की जुलाई - सितंबर अवधि में उसकी परिचालन से एकीकृत आय गिरकर 2,106.71 करोड़ रुपए रह गई। एक साल पहले इसी अवधि में उसकी आय 3,483.32 करोड़ रुपए थी। राष्ट्रीय कंपनी विधि न्यायाधिकरण (एनसीएलटी) की मुंबई पीठ के 3 दिसंबर 2019 के एक आदेश के तहत डीएचएफएल के खिलाफ कॉरपोरेट दिवाला समाधान प्रक्रिया शुरू की गई है।

कच्चा माल नहीं होने से जुआरी एग्रो ने बंद किया अपना संयंत्र

नई दिल्ली। दिग्गज उर्वरक कंपनी जुआरी एग्रो ने कच्चा माल उपलब्ध नही होने की वजह से अपने एनपीके संयंत्र को बंद कर दिया है। कंपनी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। जुआरी एग्रो ने बंबई शेयर बाजार को बताया, कच्चा माल नही होने के चलते कंपनी ने अपने एक संयंत्र (एनपीके) को बंद कर दिया है। संयंत्र में परिचालन फिर से चालू होने पर हम सूचना देगे। जुआरी एग्रो केमिकल्स लिमिटेड की स्थापना 1967 में हुई थी। यह जय किसान ब्रांड के नाम से उत्पादों की बिक्री करती है।

दिलीप बिल्डकॉन ने उत्तर प्रदेश में 1,250 करोड़ की सड़क परियोजना के लिए समझौता किया

नई दिल्ली। दिलीप बिल्डकॉन लिमिटेड ने1,250 करोड़ रुपए की एक सड़क परियोजना के विकास के लिए उत्तर प्रदेश एक्सप्रेसवे औद्योगिक विकास प्राधिकरण (यूपीईआईडीए) के साथ इंजीनियरिंग, खरीद एवं निर्माण (ईपीसी) समझौता किया है। कंपनी ने शेयर बाजार को बृहस्पतिवार को दी जानकारी में कहा, उसने उत्तर प्रदेश में परियोजना के लिए यूपीईआईडीए के साथ ईपीसी समझौता किया है। गोरखपुर लिंक एक्सप्रेसवे (पैकेज दो) परियोजना को पूरा करने की अवधि तीन साल है। इसमें फुलवरिया (अंबेडकर नगर) से सलारपुर (आजमगढ़) तक निर्माण शामिल है।

यूएसआईबीसी में शामिल हुए एचसीएल के सीईओ विजय कुमार, अन्य वरिष्ठ कार्यकारी

नई दिल्ली। एचसीएल के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) सी विजय कुमार और सिटी इंडिया के सीईओ आशु खुल्लर शीर्ष व्यापार संगठन अमेरिका-भारत व्यवसाय परिषद (यूएसआईबीसी) के वैश्विक बोर्ड में शामिल हो गए। परिषद ने बृहस्पतिवार को यह बात कही। इसके अलावा बोर्ड में प्रॉक्टर एंड गैंबल के अध्यक्ष (एशिया प्रशांत, पश्चिम एशिया और अफ्रीका) मागेश्वरन सुरंजन, ट्रांसयूनियन के अध्यक्ष (अंतराष्ट्रीय) डेविड नीनन और भारत फोर्ज के उप प्रबंध निदेशक अमित कल्याणी को भी परिषद में शामिल किया गया है। यूएसआईबीसी की अध्यक्ष निषा विश्वाल ने कहा, उद्योग जगत के जाने माने उद्यमियों के परिषद में शामिल होने से संगठन व्यापक स्तर के महत्वकांक्षी एजेडे को आगे बढ़ा सकेगा।

डीबी कॉर्प का तीसरी तिमाही में शुद्ध लाभ करीब आठ प्रतिशत बढ़ा

नई दिल्ली। मीडिया कंपनी डीबी कॉर्प का एकीकृत शुद्ध लाभ दिसंबर 2019 में समाप्त तीसरी तिमाही में 7.9 प्रतिशत बढ़कर 81.63 करोड़ रुपए हो गया। एक साल पहले इसी तिमाही में उसे 75.63 करोड़ रुपए का शुद्ध लाभ हुआ था। डीबी कॉर्प ने बृहस्पतिवार को शेयर बाजारों को दी सूचना में कहा कि समीक्षाधीन अवधि में उसकी परिचालन से आय 598.75 करोड़ रुपए रही। 2018-19 की तीसरी तिमाही में उसकी आय 659.7 करोड़ रुपए थी। कंपनी ने कहा कि उसके निदेशक मंडल ने बृहस्पतिवार को बैठक में दूसरे अंतरिम लाभांश की घोषणा की है। कंपनी 10 रुपए मूल्य के शेयर पर 3.50 रुपए प्रति शेयर के हिसाब से लाभांश देगी। तीसरी तिमाही में छपाई, प्रकाशन और संबद्ध कारोबार से कंपनी की आय 561.75 करोड़ रुपए रही, जो एक साल पहले इसी अवधि में 613.22 करोड़ रुपए थी। इस दौरान, रेडियो कारोबार से आय 37.15 करोड़ रुपए रही। एक साल इसी अवधि में यह आंकड़ा 46.5 करोड़ रुपए था। डीपी कॉर्प के प्रबंध निदेशक सुधीर अग्रवाल ने कहा, आर्थिक नरमी और उपभोक्ता मांग में कमजोरी से बाजार परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण बनी हुई हैं।

पेट्रोलियम पदार्थों को जीएसटी के दायरे में लाया जाए: वाणिज्यिक कर मंत्री

भाषा। इंदौर

केंद्र सरकार का आम बजट पेश होने से पहले मध्यप्रदेश के वाणिज्यिक कर मंत्री ब्रजेंद्र सिंह राठौर ने पेट्रोलियम पदार्थों को माल एवं सेवा कर (जीएसटी) के दायरे में लाए जाने की बृहस्पतिवार को वकालत की। राठौर ने यहां संवाददाताओं से कहा, मेरा व्यक्तिगत रूप से स्पष्ट मत है कि केंद्र सरकार को पेट्रोल-डीजल को जीएसटी के दायरे में लाना चाहिए, ताकि देश के गरीबों, किसानों और आम लोगों को फायदा हो।

गौरतलब है कि पेट्रोलियम पदार्थों के जीएसटी के दायरे से बाहर होने के कारण राज्य सरकारें इन पर अलग-अलग दरों से मूल्य संवर्धित कर (वैट) और अन्य कर-उपकर वसूल रही हैं। इस वसूली का राज्य सरकारों के कर राजस्व में बड़ा योगदान है। जीएसटी प्रणाली को आसान किए जाने की उद्योग-व्यापार जगत की मांग पर वाणिज्यिक कर मंत्री ने कहा, जीएसटी प्रणाली का गठन जल्दबाजी में किया गया था। इसके चलते जीएसटी परिषद को इस प्रणाली में बार-बार संशोधन करने पड़ रहे हैं। कर राजस्व पर आर्थिक सुस्ती के असर के बारे में पूछे जाने पर राठौर ने कहा, देश की आर्थिक स्थितियां निश्चित तौर पर बहुत अच्छी नहीं चल रही हैं। हम उम्मीद करते हैं कि केंद्र सरकार अपने आगामी बजट में इस बात का विशेष ध्यान रखेगी कि मौजूदा हालात से कैसे निपटा जाए। उन्होंने कहा, जहां तक मध्यप्रदेश का सवाल है, हम अपने स्तर पर कमियों को दूर करते हुए कर राजस्व बढ़ाने की पूरी कोशिश कर रहे हैं। वाणिज्यिक कर मंत्री ने राज्य के प्रमुख विपक्षी दल भाजपा के इस आरोप को आश्चर्यजनक रूप से हास्यास्पदै करार दिया कि कमलनाथ की अगुवाई वाली कांग्रेस सरकार नियम-कानूनों में ढील के जरिए शराब की बिक्री को बढ़ावा दे रही है। राठौर ने कहा, प्रदेश की पूर्ववर्ती भाजपा सरकार के कार्यकाल में प्रदेश में शराब की अवैध बिक्री से कर राजस्व की चोरी होती थी और इसकी रकम बिचौलिए की जेब में जाती थी। हमने इस कर चोरी पर अंकुश लगाया है।



ओएनजीसी को मिलीं 50 तेल, गैस क्षेत्रों के लिए 28 बोलियां

नई दिल्ली। सरकारी क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनी ओएनजीसी को 64 छोटे और सीमांत तेल एवं गैस क्षेत्रों में से 50 के लिए बोलियां मिली हैं। इस प्रक्रिया का उद्देश्य निजी कंपनियों को शामिल कर उत्पादन बढ़ाना है। मामले से जुड़े सूत्रों ने कहा कि 17 जनवरी को समाप्त बोली प्रक्रिया में 12 कंपनियों ने 50 क्षेत्रों के लिए 28 बोलियां लगाई हैं।

ओएनजीसी ने 64 तेल एवं गैस क्षेत्रों को 17 तटवर्ती अनुबंध क्षेत्र में विभाजित किया था। इन स्थानों पर करीब 30 करोड़ टन तेल तथा तेल के बराबर गैस मौजूद है। सूत्रों ने कहा कि 14 क्लस्टरों (अनुबंध क्षेत्र) के लिए 28 बोलियां मिली हैं , इनमें 50 तेल एवं गैस क्षेत्र शामिल हैं। तीन क्लस्टरों के लिए कोई बोली नहीं मिली है। दुगांता ऑयल एंड गैस प्राइवेट लिमिटेड ने चार बोलियां जमा कीं जबकि उड़ीसा स्टीवडोर्स लिमिटेड , प्रिसर्व इन्फ्रास्ट्रक्चर प्राइवेट लिमिटेड और उदयन ऑयल सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड ने तीन - तीन बोलियां जमा की हैं। राजस्व बंटवारे के आधार ठेकेदार (अनुबंधकर्ता) का चयन किया जाएगा। इस अनुबंध की अवधि 15 साल होगी और इसे पांच साल के लिए बढ़ाया जा सकता है। ओएनजीसी ने उत्पादन वृद्धि अनुबंध (पीईसी) के तहत इच्छुक कंपनियों से बोली आमंत्रित की थी। कंपनी नई तकनीकों का इस्तेमाल कर उत्पादन में इजाफा करने पर विचार कर रही है।

नई दिल्ली में पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी में पहुंचे केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान

बिजली मंत्री का ऊर्जा क्षेत्र में ब्राजील की कंपनियों से निवेश का आह्वान

भाषा। नई दिल्ली

बिजली मंत्री आर के सिंह ने बृहस्पतिवार को ब्राजील के निवेशकों से भारत के ऊर्जा क्षेत्र में निवेश करने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि यह तीव्र वृद्धि वाला ऊर्जा बाजार है और इस क्षेत्र में आने वाले दिनों में खपत बढ़कर तीन गुना तक बढ़ जाएगी। सिंह ने निवेशकों को आश्वस्त किया कि भारत स्थिर नीति उपलब्ध कराएगा और नियामकीय व्यवस्था सुगमता बढ़ाएगी। भारत-ब्राजील ऊर्जा खनन में अवसर विषय पर सेमिनार को संबोधित करते हुए सिंह ने कहा, हमारी आंकाक्षाओं को पूरा करने के लिए हमारी ऊर्जा खपत में वृद्धि की जरूरत है... हमारी प्रति व्यक्ति ऊर्जा खपत कम है। ऐसे में जल्दी ही हमारी ऊर्जा खपत दोगुनी या तीन गुनी हो जाने का अनुमान है।

उन्होंने कहा कि हम चाहते हैं कि अधिक-से-अधिक कंपनियां यहां आएं और निवेश करें। हम स्थिर नीतिगत व्यवस्था का आश्वासन देते हैं। हम नियामकीय व्यवस्था उपलब्ध कराने का वादा करते हैं जो निष्पक्ष हो। ऐसी व्यवस्था होगी जिसमें कंपनियां स्वतंत्र रूप से काम कर सकेंगी। आप सभी का यहां निवेश को लेकर स्वागत है। सिंह ने कहा कि जहां तक ऊर्जा का संबंध है, कोई भी देश उतनी वृद्धि नहीं करेगा जितना कि भारत। मंत्री ने कहा, हमें दुनिया की बराबरी करने के लिए अपनी ऊर्जा खपत को तीन गुनी करनी है... हम आपके रास्ते को सुगम बनाएंगे और यह देखेंगे आपको किसी प्रकार की कठिनाई का सामना नहीं करना पड़े। उन्होंने बिजली वितरण के साथ-साथ नवीकरणीय ऊर्जा क्षेत्र में निवेश के अवसरों को रेखांकित किया। भारत ने 2022 तक नवीकरणीय ऊर्जा क्षमता बढ़ाकर।,75,000 मेगावाट रखने का लक्ष्य रखा है। इसमें से 86,000 मेगावाट की स्थापना पहले ही की जा चुकी है। इसके अलावा करीब 36,000 मेगावाट स्थापना के चरण में है और करीब 35,000 मेगावाट बोली के विभिन्न चरण में हैं। मंत्री ने भरोसा जताया कि भारत में 2030 तक कुल ऊर्जा में नवीकरणीय ऊर्जा की हिस्सेदारी करीब 50 प्रतिशत होगी। उन्होंने अपने संबोधन में बिजली चालित वाहनों और चूल्हा का भी जिक्र किया जिससे आने वाले समय में बिजली की मांग बढ़ेगी। ब्राजील के खान और ऊर्जा मंत्री बेंटो अलबुक्यूरक्यू ने कहा, भारत कच्चे तेल की अपनी कुल जरूरत का करीब 80 प्रतिशत आयात करता है। वहीं ब्राजील शुद्ध रूप से तेल निर्यातक बन गया है। फिलहाल हमारे द्विपक्षीय कारोबार में तेल की हिस्सेदारी सर्वाधिक है। मुझे लगता है कि इसमें और काफी गुंजाइश है। उन्होंने यह भी कहा कि दोनों देशों को एथनॉल को वैश्विक उत्पाद बनाने की दिशा में संयुक्त रूप से प्रयास करना चाहिए। ब्राजील के मंत्री ने कहा कि उनका देश बिजली उत्पादन क्षमता और पारेषण में विस्तार कर रहा है और ब्राजील में भारत की सर्वाधिक हिस्सेदारी बिजली में है। उन्होंने कहा, हम ब्राजील के बिजली क्षेत्र में भारतीय पूंजी और प्रौद्योगिकी का स्वागत करते हैं।

सीआईआई की घर खरीदारों को बजट में अधिक कर लाभ देने की वकालत

नई दिल्ली। देश के प्रमुख उद्योग मंडल सीआईआई ने घर खरीदारों को बजट में अधिक कर लाभ दिए जाने का आग्रह किया है। उद्योग मंडल ने कहा है कि नकदी संकट से जूझ रहे रीयल एस्टेट क्षेत्र में मांग बढ़ाने के लिए आगामी बजट में घर खरीदारों को मिलने वाले कर लाभ बढ़ाए जाने चाहिए। भारतीय उद्योग परिसंघ (सीआईआई) ने कहा है कि 6 से 7 प्रतिशत की सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) वृद्धि दर हासिल करने के लिए आवास क्षेत्र में मांग बढ़ाने के लिए बेहतर योजना लाना काफी महत्वपूर्ण है। उद्योग संगठन ने प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत घर खरीदारों के लिए तय आय सीमा बढ़ाने का आग्रह किया है।

उद्योग मंडल ने बृहस्पतिवार को जारी एक बयान में कहा कि रीयल एस्टेट क्षेत्र को सरकार की ओर से नकदी समर्थन उपलब्ध कराने के उपाय करने की जरूरत है। इसके साथ ही क्षेत्र में मांग बढ़ाने के लिए पहल होनी चाहिए। बयान के अनुसार, क्षेत्र पिछले कुछ सालों से दबाव झेल रहा है। इसके साथ ही क्षेत्र नकदी की समस्या से जूझ रहा है। ऐसे में सीआईआई सरकार से मांग बढ़ाने के लिए मकान खरीदारों के लिए कर लाभ बढ़ाने और प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत आय सीमा बढ़ाने का आग्रह करता है। उद्योग मंडल ने बजट से पहले दिए अपने सुझावों में कहा है कि रीयल एस्टेट क्षेत्र को गति देने के लिए कार्य योजना बनाने की जरूरत है। सीआईआई के बयान में कहा गया है, मकान कर्ज पर देय ब्याज पर अधिकतम कर छूट 2,00,000 रुपए से बढ़ाकर 5,00,000 रुपए किया जाना चाहिए। साथ ही सरकार को प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत एमआईजी- एक और एमआईजी- दो श्रेणी के लिए पात्रता मानदंड मौजूदा 12 और 18 लाख रुपए से बढ़ाकर 18 और 25 लाख रुपए करने पर विचार करना चाहिए। सीआईआई ने कहा, इससे इस योजना से समाज का बड़ा तबका लाभान्वित होगा और मांग बढ़ेगी। इसके अलावा उद्योग मंडल ने एकीकृत टाउनशिप और आवास क्षेत्र को बुनियादी ढांचा का दर्जा दिए जाने की भी मांग की। इससे कंपनियों को कम लागत पर प्राथमिकता के आधार पर कर्ज मिल सकेगा।

कश्मीर मुद्दे को लेकर तनाव से भारत के साथ व्यापार पर पड़ा असर : पाकिस्तान

भाषा। इस्लामाबाद

कश्मीर मुद्दे पर भारत - पाकिस्तान के बीच चल रहे तनाव से दोनों देशों के मध्य व्यापार में काफी गिरावट आई है। पाकिस्तान के केंद्रीय बैंक ने यह बात कही। पाकिस्तानी अखबार डॉन की खबर के मुताबिक , स्टेट बैंक ऑफ पाकिस्तान के 2019-20 के पहली छमाही के आंकड़ों में कहा गया है कि जुलाई - दिसंबर में पाकिस्तान का भारत को निर्यात गिरकर 1.68 करोड़ डॉलर रह गया , जो कि 2018-19 की पहली छमाही में 21.3 करोड़ डॉलर था।

पाकिस्तान का वित्त वर्ष एक जुलाई से शुरू होता है। इसमें कहा गया है कि दोनों देशों के बीच व्यापार कम होने का कुछ खास असर व्यापार संतुलन पर नहीं पड़ा है। यह अब भी भारत के पक्ष में है। आंकड़ों के मुताबिक , पाकिस्तान का भारत से आयात भी जुलाई - दिसंबर अवधि में गिरकर 28.6 करोड़ डॉलर रहा, जो एक साल पहले इसी अवधि में 86.5 करोड़ डॉलर था। इसके परिणामस्वरूप, भारत के साथ पाकिस्तान का व्यापार घाटा 26.9 करोड़ डॉलर है। उल्लेखनीय है कि भारत ने पांच अगस्त को जम्मू - कश्मीर का विशेष राज्य का दर्जा वापस ले लिया था और राज्य को दो केंद्रशासित प्रदेशों में विभाजित करने की घोषणा की थी। पाकिस्तान ने भारत के इस कदम का कड़ा विरोध करते हुए इसे अंतरराष्ट्रीय मुद्दा बनाने की कोशिश की थी। पाकिस्तान ने भारत से राजनयिक संबंध घटाया था और व्यापार को रोक दिया था। इससे व्यापार और वाणिज्यिक गतिविधियों को नुकसान पहुंचा है। केंद्रीय बैंक के आंकड़ों के मुताबिक , पाकिस्तान का चीन से आयात जुलाई - दिसंबर में गिरकर 4.8 अरब डॉलर रहा। एक साल पहले इसी छमाही में यह आंकड़ा 5 अरब डॉलर था। हालांकि , पाकिस्तान का चीन को निर्यात मामूली बढ़कर 93.6 करोड़ डॉलर रहा , जो कि पहले 88.9 करोड़ डॉलर था।

'फिर से तेजी के रास्ते पर बढ़ने को तैयार भारतीय अर्थव्यवस्था'

भाषा। दावोस

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था फिर से तेजी के रास्ते पर चलने को तैयार है। देश में निवेश करने को लेकर निवेशकों में काफी उत्साह है। गोयल ने बृहस्पतिवार को विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के वार्षिक सम्मेलन में एक सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि सरकार मुक्त व्यापार समझौते पर ब्रिटेन और यूरोपीय संघ के साथ बातचीत करेगी। ब्रिटेन जनवरी के आखिर तक यूरोपीय संघ से अलग हो जाएगा। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री ने कहा , ... चीजें एक बार फिर से बेहतर होने लगी हैं .... और अब अर्थव्यवस्था यहां से तेजी से आगे बढ़ने की तैयारी में है। गोयल ने कहा कि भारत में निवेश करने को लेकर निवेशकों में काफी उत्साह है। उन्होंने क्षेत्रीय व्यापक आर्थिक भागीदारी (आरसीईपी) समझौते पर कहा कि यह एक असंतुलित व्यापार समझौता था , जो कि आरसीईपी के उन सिद्धांतों पर खरा नहीं उतर रहा था जिनको लेकर आठ साल पहले हमने बात शुरू की थी।

उद्योग मंत्री ने कहा कि आरसीईपी देशों में से भारत के जापान और कोरिया समेत आसियान के दस देशों के साथ द्विपक्षीय व्यापार समझौते हैं। हम ऑस्ट्रेलिया के साथ व्यापार समझौते पर बातचीत को खत्म करने के करीब हैं और अगले 6-8 महीने में हम उसके साथ द्विपक्षीय व्यापार साझेदारी कर सकते हैं। उन्होंने कहा, यदि आरसीईपी मौजूदा स्वरूप में होता तो यह एक तरह से भारत और चीन के बीच मुक्त व्यापार समझौता होता। मुझे नहीं लगता है कि भारत तब तक इसके लिए तैयार होगा जब तक कि हमें खुली सोच वाली सरकार , अच्छी पारदर्शिता , बेहतर नियामकीय कामकाज और भारतीय उत्पादों एवं सेवाओं को अधिक बाजार पहुंच जैसी चीजें देखने को नहीं मिलती हैं।

अगर मंत्री नहीं होता तो लगाता एअर इंडिया के लिए बोली: पीयूष गोयल

दावोस (भाषा)। कर्ज बोझ तले दबी सरकारी एयरलाइन एअर इंडिया की विनिवेश की तैयारियों के बीच केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने बृहस्पतिवार को कहा कि अगर वह मंत्री नहीं होते तो एअर इंडिया के लिए बोली जरूर लगाते। एअर इंडिया काफी समय से घाटे में चल रही है और अब सरकार इसकी विविनेश प्रक्रिया को अंतिम रूप देने में लगी है। एअर इंडिया, बीपीसीएल और अन्य कंपनियों के प्रस्तावित विनिवेश से जुड़े सवाल पर गोयल ने कहा कि पहले कार्यकाल में हमारी सरकार को ऐसी अर्थव्यवस्था विरासत में मिली थी, जो काफी बुरे हाल में थी। उन्होंने कहा कि अर्थव्यवस्था को ठीक रास्ते पर लाने के लिए कई कदम उठाए गए। यदि सरकार पहले इन बहुमूल्य कंपनियों का विनिवेश करती तो अच्छा मूल्य नहीं मिलता। गोयल ने विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) के भारत: रणनीतिक परिदृश्य सत्र में बोलते हुए कहा, यदि मैं आज मंत्री नहीं होता तो मैं एअर इंडिया के लिए बोली लगाता। इसके दुनियाभर में कुछ बेहतरीन द्विपक्षीय समझौते हैं ... दक्ष और बेहतर ढंग से व्यवस्थित एअर इंडिया के पास काफी अच्छे विमान हैं इस लिहाज से यह किसी सोने की खान से कम नहीं है। यहां द्विपक्षीय से तात्पर्य दो देशों के बीच ऐसे समझौते से हैं, जो एक-दूसरे की एयरलाइन कंपनियों को सीटों की एक निश्चित संख्या के साथ सेवाएं संचालित करने की अनुमति देता है। केंद्रीय मंत्री ने कहा, भारत आज एक ऐसा देश है, जहां आपके पास समान अवसर है, आप ईमानदारी के साथ काम कर सकते हैं... उन्होंने कहा कि मुझे लगता है कि बैंकों के खुद के आय- व्यय खातों को ठीकठाक करना और बैंकों को मजबूत बनाना एक अच्छा काम है।

नफरत फैलाने वाले भाषण देता और जहर उगलता है पाकिस्तानः भारत

● पाकिस्तान अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सच्चाई को लेकर अंधेरे में रखता है

भाषा। संयुक्त राष्ट्र

भारत ने संयुक्त राष्ट्र में जहर उगलने और मिथ्या बयानबाजी करने को लेकर पाकिस्तान की निंदा करते हुए कहा कि वह बहुत सहजता से नफरत फैलाने वाले भाषण देता है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को सच्चाई को लेकर अंधेरे में रखता है।

भारत ने यह बात पाकिस्तान द्वारा एक बार फिर संयुक्त राष्ट्र में कश्मीर मुद्दा उठाए जाने के संदर्भ में कही। पाकिस्तान कश्मीर मुद्दे का अंतरराष्ट्रीयकरण करने के लिए संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न मंचों पर इसे लगातार उठाता रहा है लेकिन उसे कोई समर्थन हासिल करने में बार-बार असफलता ही हाथ लगी है। पाकिस्तान के सदाबहार मित्र चीन ने पिछले सप्ताह संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में यह मुद्दा उठाने की कोशिश की थी लेकिन उसे अन्य सदस्यों का समर्थन नहीं मिला। परिषद के अन्य सदस्यों के बीच इस बात को लेकर सहमति थी कि कश्मीर भारत और पाकिस्तान के बीच का द्विपक्षीय मामला है।

संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के नागराज नायडू ने बुधवार को संगठन के काम पर महासचिव की रिपोर्ट विषय पर महासभा सत्र में कहा कि पाकिस्तान विवाद और कटु बयानबाजी को समाप्त करने तथा सामान्य संबंध बहाल करने के लिए कदम उठाने की जगह झूठी बयानबाजी करता है और सच्चाई को लेकर अंतरराष्ट्रीय समुदाय को अंधकार में रखता है। उन्होंने कहा, पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल बड़ी सहजता से नफरत फैलाने वाले भाषण देता है। यह प्रतिनिधिमंडल जब कभी बोलता है, तो जहर उगलता है और बड़े अनुपात में गलत बयानबाजी करता है। नायडू ने कहा, यह बहुत ही हैरानी की बात है कि जिस देश ने अपनी अल्पसंख्यक आबादी को पूरी तरह तबाह कर दिया है, वह अल्पसंख्यकों की रक्षा करने की बात करता है।

उन्होंने कहा, पाकिस्तान को यह विचार करने की आवश्यकता है कि उसकी इस झूठी बयानबाजी से कोई प्रभावित होने वाला नहीं है और उसे कूटनीति के सामान्य कामकाज करने चाहिए। संयुक्त राष्ट्र में पाकिस्तान मिशन के सलाहकार साद अहमद वाराइच ने सत्र के दौरान जम्मू-कश्मीर का मुद्दा उठाया था जिसके बाद भारत ने यह प्रतिक्रिया दी।

भारत ने आतंकवाद की साझा परिभाषा पर सहमत न होने पर संरा की आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र (भाषा)। भारत ने आतंकवाद की साझा परिभाषा पर सहमत होने में संयुक्त राष्ट्र की अक्षमता और इस वैश्विक आफत से निपटने में सामंजस्यपूर्ण तथा अच्छी तरह से समन्वित नीति बनाने में इसकी नाकामी को लेकर विश्व निकाय की आलोचना की है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय लंबित सीसीआईटी पर देरी कर खुद नाकाम हुआ है। नई दिल्ली ने 1986 में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि (सीसीआईटी) पर एक मसौदा दस्तावेज प्रस्तावित किया था लेकिन सदस्य देशों के बीच आतंकवाद की परिभाषा पर कोई एक राय न होने से इसे लागू नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने बुधवार को यहां संगठन के काम पर महासचिव की रिपोर्ट विषय पर महासभा सत्र में कहा कि आतंकवाद से गंभीरतापूर्वक निपटने में वैश्विक समुदाय की अक्षमता ने इस संगठन की प्रासंगिकता पर शक पैदा किया है। उन्होंने कहा, संयुक्त राष्ट्र अभी तक एक साझा परिभाषा पर सहमत नहीं हुआ है, हम सीसीआईटी को लेकर निष्कर्ष पर पहुंचने में देरी कर खुद विफल हुए हैं। नायडू ने संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में सुधारों की दिशा में प्रगति न होने को लेकर कहा कि संगठन ने अगर वास्तविक सच्चाइयों का प्रतिनिधित्व करने के लिए खुद को नहीं बदला तो उसे औचित्यपूर्ण होने के संकट का सामना करना पड़ेगा। संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंतोनियो गुतारेस ने महासभा में दिए भाषण में कहा कि दुनिया मानवीय प्रगति पर चार खतरों का सामना कर रही है - भू-राजनीतिक तनाव में वृद्धि, जलवायु संकट, वैश्विक अविश्वास और तकनीक के नकारात्मक पहलू। गुतारेस ने कहा, ए चार खतरे हमारे साझा भविष्य के हर आयाम को जोखिम में डाल सकते हैं। इसलिए अच्छे भाषणों के साथ 75वीं वर्षगांठ मनाने से कुछ हासिल नहीं होगा। हमें 21वीं सदी की इन चार चुनौतियों से 21वीं सदी के समाधानों से ही निपटना होगा।

हक्कानी नेटवर्क की आतंकवादी गतिविधियों से इमरान का इनकार पर गनी ने चुटकी ली

दावोस (भाषा)। पाकिस्तान में हक्कानी समूह की मौजूदगी से पाकिस्तानी प्रधानमंत्री इमरान खान के इनकार पर तंज करते हुए अफगानिस्तान के राष्ट्रपति मोहम्मद अशरफ गनी ने गुरुवार को कहा कि यह इस दावे जैसा है कि पृथ्वी सूरज की परिक्रमा नहीं करती। गनी ने कहा कि वह अब भी इस मुद्दे पर पाकिस्तान से चल रही बातचीत में सफलता देखना चाहते हैं लेकिन अभी तक इस्लामाबाद से केवल कुछ अच्छे बयान आए हैं। दावोस में आयोजित विश्व आर्थिक मंच 2020 की बैठक में बुधवार को अंतरराष्ट्रीय मीडिया परिषद (आईएमसी) से संवाद करते हुए इमरान ने कहा था कि अब उनके देश से हक्कानी नेटवर्क आतंकी गतिविधियों का संचालन नहीं करता। आईएमसी से गुरुवार को संवाद के दौरान गनी से जब इमरान के दावे के बारे में पूछा गया तो उन्होंने कहा, वह यह भी कह सकते हैं कि धरती सूर्य की परिक्रमा नहीं करती।

भारत के मुसलमान विश्व में किसी अन्य स्थान से अधिक सुरक्षित : पीयूष गोयल

भाषा। दावोस

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल ने गुरुवार को कहा कि भारत के मुसलमान विश्व में किसी अन्य स्थान से अधिक सुरक्षित हैं। गोयल ने यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) 2020 में आयोजित सत्र सामरिक परिदृश्य: भारत को संबोधित करते हुए कहा, भारत संभवत: विश्व में सर्वाधिक समावेशी समाजों में से एक है। उन्होंने कहा, भारत ऐसा देश है जो सभी प्रकार के विविध दृष्टिकोण और मतों का स्वागत करता है। समान अवसर प्रदान करने के संबंध में भारत में मुसलमान विश्व के किसी अन्य भाग की अपेक्षा अधिक सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि किसी भी सरकारी कार्यक्रम में किसी भी प्रकार का कोई भेदभाव नहीं किया जाता।

मंत्री ने कहा, जब हम हर घर में बिजली देते हैं तो हम उनका रंग या धर्म नहीं पूछते। जब हम हर घर में शौचालय, डिजिटल तकनीक, बैंक खाते, रसोई गैस पहुंचाते हैं तो हम उनका धर्म नहीं पूछते। हमारे सभी कार्यक्रम सभी के लिए बराबर हैं। संशोधित नागरिकता कानून का बचाव करते हुए गोयल ने कहा, धार्मिक आधार पर प्रताड़ना झेल रहे लोगों की रक्षा करना भारत का कर्तव्य है।

रेलवे एवं वाणिज्य और उद्योग मंत्री गोयल ने कहा कि भारत वह भूमि है जिसके पास लोकतंत्र, जनसांख्यिकी, नेतृत्व, प्रतिभा और अवसर की शक्ति है। उन्होंने कहा, नागरिकता ऐसा विषय है जिसकी रक्षा प्रत्एक देश करता है, प्रत्एक देश के अपने नियम और नागरिकता कानून होते हैं जिनका विश्व सम्मान करता है। उन्होंने कहा कि विश्व में 57 इस्लामी देश हैं और एक या दो को छोड़कर प्रत्एक देश भारत द्वारा अपने लोगों के लिए धर्म से परे जाकर किए जाने वाले कल्याणकारी कार्य का सम्मान करता है। राष्ट्रीय नागरिक पंजी (एनआरसी) और राष्ट्रीय जनसंख्या पंजी के मुद्दे पर गोयल ने कहा कि प्रत्एक देश की अपनी जनसंख्या पंजी है और एनआरसी का हव्वा खड़ा किया जा रहा है। उन्होंने कहा, प्रत्एक देश में राजनैतिक विपक्ष होता है। जनसंख्या रजिस्टर ऐसी वस्तु है जो हर देश में होती है। हर देश जानना चाहता है कि उस देश में कौन रह रहा है। इससे नागरिकता का कोई संबंध नहीं है यह जनसंख्या से संबंधित है।

अंतरराष्ट्रीय अदालत ने म्यामां को रोहिंग्या लोगों का जनसंहार रोकने का आदेश दिया

एपी। हेग

अंतरराष्ट्रीय न्यायालय (आईसीजे) ने म्यामां को गुरुवार को आदेश दिया कि वह रोहिंग्या लोगों का जनसंहार रोकने के लिए अपनी शक्ति के अनुसार सभी कदम उठाए।

न्यायालय के अध्यक्ष न्यायमूर्ति अब्दुलकवी अहमद यूसुफ ने कहा, अंतरराष्ट्रीय न्यायालय का विचार है कि म्यामां में रोहिंग्या सबसे अधिक असुरक्षित हैं। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि रोहिंग्या को सुरक्षित करने की मंशा से अंतरिम प्रावधान के उसके आदेश म्यामां के लिए बाध्यकारी है और यह अतंरराष्ट्रीय कानूनी जिम्मेदारी है। हेग के ऐतिहासिक ग्रेट हॉल ऑफ जस्टिस में करीब एक घंटे तक हुई सुनवाई में अदालत ने म्यामां को आदेश दिया कि वह चार महीने में आईसीजे को रिपोर्ट देकर बताए कि उसने आदेश के अनुपालन के लिए क्या किया और इसके बाद हर छह महीने में स्थिति से अवगत कराए। अधिकार कार्यकर्ताओं ने अंतरराष्ट्रीय अदालत के सर्वसम्मति से दिए गए इस फैसले का स्वागत किया।

ह्यूमन राइट्स वाच के एसोसिएट अंतरराष्ट्रीय न्यायिक निदेशक परम प्रीत सिंह ने कहा, रोहिंग्या का जनसंहार रोकने के लिए म्यामां को कदम उठाने के लिए आईसीजे का आदेश, दुनिया के सबसे अधिक उत्पीड़ित लोगों के खिलाफ और अत्याचार रोकने के मामले में ऐतिहासिक है। उन्होंने कहा, संबधित सरकारों और संयुक्त राष्ट्र निकाय को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि जनसंहार का सुनवाई आगे बढ़ने के साथ आदेश का अनुपालन हो। अंतरराष्ट्रीय अदालत का यह आदेश अफ्रीकी देश गाम्बिया की याचिका पर आया है जिसने मुस्लिम देशों के संगठनों की ओर से याचिका दायर की थी और म्यामां पर रोहिंग्या का जनसहांर करने का आरोप लगाया था। पिछले महीने मामले की हुई खुली सुनवाई में म्यामां पर रोहिंग्या का जनसंहार करने का आरोप लगाने वाले वकीलों ने मानचित्र, उपग्रह से ली गई तस्वीरों, ग्राफिक्स का इस्तेमाल अपने दावे की पुष्टि के लिए किया था। उन्होंने आरोप लगाया था कि म्यामां की सेना रोहिंग्या की हत्या, दुष्कर्म और विश्वंस करने के लिए अभियान चला रही है। सुनवाई में म्यामां की नेता आंग सान सूची के बयान का भी संज्ञान लिया गया जिसमें उन्होंने सेना की कार्वाई का समर्थन किया था। सूची इस समय म्यामां की स्टेट काउंसलर हैं।

उल्लेखनीय है कि बौद्ध बहुल म्यामां रोहिंग्या को बांग्लादेश का बंगाली मानते हैं जबकि वे पीढ़ियों से म्यांमा में रह रहे हैं। वर्ष 1982 में उनसे नागरिकता भी छीन ली गई थी और वे देशविहीन जीवन व्यापन करने को मजबूर हैं। वर्ष 2017 में म्यामां की सेना ने एक रोहिंग्या छापेमार समूह के हमले के बाद उत्तरी रखाइन प्रांत में कथित नस्ली सफाई अभियान शुरू किया। इसकी वजह से करीब सात लाख रोहिंग्या ने भागकर पड़ोसी बांग्लादेश में शरण ली। म्यांमा पर आरोप लगाया गया कि सेना ने बड़े पैमाने पर दुष्कर्म, हत्या और घरों को जलाने का काम किया।

चीन ने कहा, पाकिस्तान ने आतंकवादियों का वित्तपोषण रोकने में उल्लेखनीय प्रगति की

भाषा। बीजिंग

एफएटीएफ बैठक

अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद वित्तपोषण पर निगरानी रखने वाले संगठन एफएटीएफ की मेजबानी कर रहे चीन ने गुरुवार को कहा कि पाकिस्तान ने आतंकवाद की वित्तीय प्रणाली से मुकाबला करने के लिए उल्लेखनीय प्रगति की है और विश्व समुदाय द्वारा उसे प्रोत्साहित किया जाना चाहिए।

पेरिस से संचालित वित्तीय कार्वाई कार्यबल (एफएटीएफ) एशिया प्रशांत संयुक्त समूह की बैठक इस हफ्ते बीजिंग में हो रही है। इसका उद्देश्य आतंकवाद के वित्तपोषण और धनशोधन के खिलाफ सख्त कानून को लागू करने को लेकर पाकिस्तान की ओर से जमा प्रगति रिपोर्ट की समीक्षा करना है। चीन एफएटीएफ का अध्यक्ष और एशिया प्रशांत संयुक्त समूह का सह अध्यक्ष है। एफएटीएफ की सिफारिशों पर इस्लामाबाद की कार्वाइयों की जानकारी देने बीजिंग आए पाकिस्तानी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व आर्थिक मामलों के मंत्री हम्माद अजहर कर रहे हैं। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता गेंग शुआंग से बीजिंग में जब मीडिया ने पूछा कि वह पाकिस्तान की प्रगति को कैसे देखते हैं? इस पर उन्होंने कहा कि उनके पास एफएटीएफ की चल रही बैठक की जानकारी नहीं है लेकिन साथ ही पाकिस्तान के प्रयास की सराहना की। गेंग ने कहा, पाकिस्तान ने घरेलू स्तर पर आतंक्वाद की वित्तपोषण प्रणाली के खिलाफ उल्लेखनीय प्रयास किए हैं। उसकी राजनीतिक इच्छाशक्ति और कोशिश को विश्व बिरादरी द्वारा मान्यता और प्रोत्साहन दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा, हम उम्मीद करते हैं कि आतंक्वाद की वित्तपोषण प्रणाली का मुकाबला करने और आतंक्वादियों के वित्तपोषण के खिलाफ लड़ाई में एफएटीएफ पाकिस्तान को सृजनात्मक सहायोग और सहायता देना जारी रखेगा। गेंग ने कहा, एफएटीएफ अध्यक्ष और एशिया-प्रशांत संयुक्त समूह के सह अध्यक्ष के नाते चीन निरपेक्ष, न्यायोचित और सृजनात्मक रवैए को जारी रखेगा और प्रासंगिक चर्चा में हिस्सा लेगा।

उल्लेखनीय है कि पिछले साल एफएटीएफ ने आतंकवादी संगठन लश्कर-ए-तैयबा, जैश-ए-मोहम्मद और अन्य संगठनों के वित्तपोषण को रोकने में नाकाम रहने पर पाकिस्तान को ग्रे सूची में कायम रखने का फैसला किया था। अगर पाकिस्तान अप्रैल 2020 तक ग्रे सूची से बाहर निकलने में कामयाब नहीं हुआ तो काली सूची में जा सकता है जिसके बाद ईरान की तरह उसे आर्थिक प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है। पाकिस्तान ने आठ जनवरी को 650 पन्नों की रिपोर्ट एफएटीएफ को सौंपी जिसमें कार्यबल की ओर से धनशोधन से जुड़ी उसकी नई नीति को लेकर उठाए गए 150 सवालों के जवाब दिए गए हैं। एफएटीएफ को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद से मान्यता प्राप्त है और उसके द्वारा पारित प्रस्ताव का अनुपालन बाध्यकारी है। प्रस्ताव नहीं मानने पर संबंधित देश को प्रतिबंधों का सामना करना पड़ सकता है।

भारत ने आतंकवाद की साझा परिभाषा पर सहमत न होने पर संरा की आलोचना की

संयुक्त राष्ट्र (भाषा)। भारत ने आतंकवाद की साझा परिभाषा पर सहमत होने में संयुक्त राष्ट्र की अक्षमता और इस वैश्विक आफत से निपटने में सामंजस्यपूर्ण तथा अच्छी तरह से समन्वित नीति बनाने में इसकी नाकामी को लेकर विश्व निकाय की आलोचना की है। भारत ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय समुदाय लंबित सीसीआईटी पर देरी कर खुद नाकाम हुआ है। नई दिल्ली ने 1986 में अंतरराष्ट्रीय आतंकवाद पर समग्र संधि (सीसीआईटी) पर एक मसौदा दस्तावेज प्रस्तावित किया था लेकिन सदस्य देशों के बीच आतंकवाद की परिभाषा पर कोई एक राय न होने से इसे लागू नहीं किया गया। संयुक्त राष्ट्र में भारत के उप स्थाई प्रतिनिधि के. नागराज नायडू ने बुधवार को यहां संगठन के काम पर महासचिव की रिपोर्ट विषय पर महासभा सत्र में कहा कि आतंकवाद से गंभीरतापूर्वक निपटने में वैश्विक समुदाय की अक्षमता ने इस संगठन की प्रासंगिकता पर शक पैदा किया है।

सुरक्षा साझेदारी जारी रखने को सहमत हुए अमेरिका-इराक

एएफपी। दावोस (स्विट्जरलैंड)

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और उनके इराकी समकक्ष बरहम सालेह ने इराक में अमेरिकी सेना की भूमिका को जारी रखने को लेकर बुधवार को सहमति जताई। अमेरिका के ईरानी जनरल की बगदाद में हत्या किए जाने के बाद, इराकी संसद में अमेरिकी सैनिकों को वापस भेजे जाने की मांग के बाद दोनों नेताओं के बीच पहली बार स्विट्जरलैंड के दावोस में मुलाकात हुई। दोनों यहां विश्व आर्थिक मंच (डब्ल्यूईएफ) की बैठक में हिस्सा लेने पहुंचे हैं। व्हाइट हाउस ने कहा, दोनों नेता आईएसआईएस के खिलाफ लड़ाई समेत अमेरिका और इराक की आर्थिक तथा सुरक्षा साझेदारी को जारी रखने पर सहमत हो गए हैं। उसने कहा, राष्ट्रपति ट्रम्प ने संप्रभु, स्थिर और समृद्ध इराक को लेकर अमेरिका की अटूट प्रतिबद्धता को दोहराया।

अमेरिका के बगदाद में ईरान के शीर्ष जनरल कासिम सुलेमानी की हत्या करने के बाद दोनों देशों में तनाव उत्पन्न हो गया था। ईरान में जनरल की हत्या का बदला लेने के लिए इराक में अमेरिकी ठिकानों पर रॉकेट दागे थे। इसके बाद इराक की संसद ने देश में अमेरिकी सेना की मौजूदगी समाप्त करने की अपील संबंधी प्रस्ताव के पक्ष में पांच जनवरी को मतदान किया था। प्रस्ताव का मुख्य लक्ष्य अमेरिका को इराक के विभिन्न हिस्सों में मौजूद करीब 5,200 अमेरिकी सैनिकों को वापस बुलाने को कहना था।

सालेह के कार्यालय से जुड़े सूत्रों ने एएफपी को बताया कि उन्होंने ट्रम्प से अमेरिकी ड्रोन हमले के साथ ही बल को वापस बुलाने के मुद्दे पर बातचीत की। सूत्रों ने बताया कि ट्रम्प ने सालेह से कहा कि वह इराक में नहीं रहना चाहते और अभूतपूर्व तरीके से बलों को वापस बुलाएंगे। सालेह ने दावोस में नेताओं से कहा था कि संसद में हुआ मतदान कृतघ्नता या शत्रुता का संकेत नहीं है, बल्कि उनकी देश की संप्रभुता के उल्लंघन का जवाब है।

सीनेट में महाभियोग कार्यवाही के दौरान डेमोक्रेट्स ने रखा ट्रम्प के खिलाफ अपना पक्ष

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप के खिलाफ महाभियोग के मामले की कार्यवाही के तहत सांसद एडम शिफ के नेतृत्व में प्रतिनिधि सभा के डेमोक्रेटिक सदस्यों ने बुधवार को अपना पक्ष रखा। डेमोक्रिटक पार्टी के नेता इस बात से वाकिफ हैं कि ट्रम्प को व्हाइट हाउस से बाहर निकालने में उनके सफल होने की संभावना कम है क्योंकि 100 सदस्ईय सीनेट में 53 रिपब्लिकन और 47 डेमोक्रेट हैं। ऐसे में, प्रतिनिधि सभा में बहुमत वाली डेमोक्रेटिक पार्टी के सदस्यों ने नवंबर में होने वाले चुनाव को ध्यान में रखकर सीनेट के पटल पर अपनी दलीलें पेश कीं। हाउस इंटेलिजेंस कमेटी के प्रमुख एडम शिफ ने सीनेट में आकर कहा कि ट्रंप को सत्ता के गलत इस्तेमाल और कांग्रेस के काम में बाधा डालने के लिए पद से हटाया जाना चाहिए। उन्होंने आरोप लगाया कि ट्रम्प ने चुनाव में धोखाधड़ी करने के लिए अपनी ताकत का दुरुपयोग किया।

शिफ ने दलीलें रखते हुए शुरुआत में अमेरिकी विद्वान एवं इसके संस्थापकों में शामिल अलेक्जैंडर हैमिल्टन का जिक्र किया जिन्होंने ऐसे परिदृश्य की कल्पना की थी जब देश का भावी राष्ट्रपति अपने निजी हितों को राष्ट्र से पहले रखेगा। उन्होंने कहा, हम आज इस सदन में इतिहास में तीसरी बार यह गंभीर कार्वाई कर रहे हैं क्योंकि अमेरिका के 45वें राष्ट्रपति डोनाल्ड जे. ट्रम्प ने वह काम किया है जिसकी हैमिल्टन एवं उनके समकालीनों को आशंका थी। डेमोक्रेट्स के अपना पक्ष रखने के बाद व्हाइट हाउस के वकील ट्रंप के बचाव में दलील देंगे। ट्रम्प के खिलाफ अपने पद का दुरुपयोग करते हुए यूक्रेन पर डेमोक्रेटिक नेता जो बाइडेन के बेटे हंटर बाइडेन के खिलाफ जांच के लिए दबाव बनाने और कांग्रेस की जांच को बाधित करने के आरोप लगे हैं। महाभियोग सुनवाई की अध्यक्षता उच्चतम न्यायालय के चीफ जस्टिस जॉन रॉबर्ट्स कर रहे हैं।

तुलसी गबार्ड ने हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ दायर किया मानहानि का मुकदमा

भाषा। वाशिंगटन

अमेरिकी कांग्रेस में पहली हिंदू सांसद एवं देश के राष्ट्रपति पद के चुनाव में डेमोक्रेटिक उम्मीदवार बनने की दावेदार तुलसी गबार्ड ने अमेरिका की पूर्व विदेश मंत्री हिलेरी क्लिंटन के खिलाफ मानहानि का मामला दर्ज कराया है और पांच करोड़ डॉलर की क्षतिपूर्ति की मांग की है। गबार्ड ने आरोप लगाया है कि हिलेरी ने उन्हें 2020 में व्हाइट हाउस की दौड़ में रूसी पूंजी और रूसियों की पसंदीदा बताकर उनकी प्रतिष्ठा को ठेस पहुंचाई है। सदर्न डिस्ट्रिक्ट ऑफ न्यूयॉर्क में बुधवार को मामला दर्ज कराया गया। 38 वर्षीय गबार्ड ने कहा, हिलेरी का मुझे रूसी पूंजी कहने का मकसद केवल मेरी प्रतिष्ठा को नुकसान पहुंचाना और राष्ट्रपति चुनाव के लिए मेरी प्रचार मुहिम को पटरी से उतारना ही नहीं है, बल्कि इसका इरादा यथा स्थिति के खिलाफ बोलने की हिम्मत करने वाली हर आवाज को चुप कराना है।

कांग्रेस के सत्ता के दुरुपयोग और बाधा के आरोपों पर राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प के महाभियोग के मुकदमे में दलीलों के बाद वाशिंगटन की कैपिटल से प्रस्थान करते हुए सीनेट मेजोरिटी लीडर मिच मैककोनेल

चीन में नया विषाणु फैलने के बाद हालात का जायजा लेने के लिए डब्ल्यूएचओ ने प्रतिनिधि भेजा

एपी। बीजिंग

चीन में फैले नए विषाणु के केंद्र में मौजूद 1.1 करोड़ आबादी वाले द्वीप शहर वुहान को प्रशासन की ओर से सील किए जाने के कुछ समय पहले विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने अपने स्थानीय प्रतिनिधि गौडेन गालिया के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल हालात का जायजा लेने के लिए भेजा। गालिया के नेतृत्व में पांच सदस्ईय दल ने चीन रोग नियंत्रण केंद्र की स्थानीय जैव सुरक्षा प्रयोगशाला, अस्पतालों और हवाई अड्डों का दौरा किया। इस दौरान गालिया ने स्वास्थ्य कर्मियों, आपदा निरीक्षकों और शहर के अधिकारियों से बातचीत की जिन्होंने बताया कि कैसे प्रशासन पीड़ितों की पहचान करने और रोग को फैलने से रोकने के लिए कदम उठा रहा है। गालिया ने डब्ल्यूएचओ के बीजिंग स्थित कार्यालय में दिए साक्षात्कार में बताया कि यह समझना बहुत जरूरी है कि यह बीमारी किस स्तर पर फैली है और स्थानीय खबर क्या बता रहे हैं। मौके से दूर रहकर खबर बनाना और इस बीमारी से जूझ रहे क्षेत्र में जाकर इससे निपटने वाले कर्मियों से बातचीत कर हालात की जानकारी लेने में बहुत अंतर है।

वुहान में विषाणु फैलने के बाद यात्रा रोक लगाने के मामले पर उन्होंने कहा, मेरी जानकारी के 1.1 करोड़ आबादी वाले शहर की घेराबंदी नया विज्ञान है। इस तरह के उपाय पहले स्वास्थ्य के मद्देनजर नहीं उठाया गया था इसलिए हम मौजूदा परिस्थिति में यह नहीं कह सकते कि यह काम करेगा या नहीं। उन्होंने कहा, अगर यह हो रहा है तो हमें सतर्कता से यह देखना होगा कि यह किस स्तर पर कितने समय तक होगा। इस तरह के फैसले का निश्चित तौर पर सामाजिक और आर्थिक असर होता है। दूसरी तरफ यह सार्वजनिक स्वास्थ्य के प्रति प्रतिबद्धता और नाटकीय कदम उठाने की इच्छाशक्ति को भी इंगित करता है। यह वुहान, चीन और अन्य देशों को संदेश देता है। वुहान के झोंगनान अस्पताल का दौर कर चुके गालिया ने कहा कि अस्पतालों में मरीजों की संख्या अधिक है। हालांकि, उन्हें अलग कर इलाज किया जा रहा है और अब मरने वाले मरीजों की संख्या में कमी आई है। उन्होंने कहा कि इस महामारी को काबू में करने के बारे में कुछ भी कहना जल्दबाजी होगी। अभी भी रोजाना बड़ी संख्या में मरीजों के सामने आने की खबरें आ रही हैं। बीमारी की परिभाषा विस्तृत करने से यह संख्या और बढ़ेगी लेकिन यह गंभीरता का पैमाना नहीं है।

कोरोना वायरस के मनुष्यों तक सांपों या चमगादड़ों से फैलने की आशंका

बीजिंग (भाषा)। चीन में कहर बरपा रहा नए तरह के कोरोना वायरस के सांपों के जरिए मनुष्यों तक फैलने की संभावना है। एक नए अध्ययन में यह कहा गया है जिससे भविष्य में जानलेवा बीमारियों के प्रकोप के खिलाफ रक्षात्मक रणनीतियां बनाने में मदद मिल सकती है। कोरोना वायरस से चीन में 17 लोगों की मौत हो गई है और करीब 550 लोग संक्रमित हो चुके हैं। चीन में पेकिंग यूनिवर्सिटी हेल्थ साइंस सेंटर की वेइ जी समेत शोधकर्ताओं के अनुसार, कोरोना वायरस से संक्रमित हुए मरीज थोक बाजार में वन्यजीवों के संपर्क में आए होंगे जहां सीफूड, मुर्गियां, सांप, चमगादड़ और पालतू मवेशी बिकते हैं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) ने इस वायरस को 2019-एनकोवी नाम दिया है। यह अध्ययन पत्रिका मेडिकल वाइरोलॉजी में प्रकाशित हुआ है। इस अध्ययन में वायरस से हाल ही में फैले निमोनिया की उत्पत्ति के बारे में जानकारी दी गई है। यह वायरस चीन के वुहान शहर में दिसंबर 2019 में फैलना शुरू हुआ और अब हांगकांग, सिंगापुर, थाईलैंड तथा जापान तक फैल गया है। 2019-एनकोवी का विस्तृत आनुवांशिक विश्लेषण करके और इसकी विभिन्न भौगोलिक स्थानों के अलग-अलग कोरोनावायरस से तुलना करके अध्ययन में यह पाया गया कि यह नया वायरस चमगादड़ों में कोवी के मेल से पैदा हुआ है और अन्य की उत्पत्ति अज्ञात है। शोधकर्ताओं ने और विश्लेषण करने पर पाया कि 2019-एनकोवी के मनुष्यों तक फैलने से पहले सांपों में रहने की संभावना है। शोधकर्ताओं ने कहा, हमारे शोध में पता चला कि 2019-एनकोवी के लिए सबसे संभावित वन्यजीव सांप है।

क्विक न्यूज

पाकिस्तान ने परमाणु सक्षम बैलस्टिक मिसाइल का प्रशिक्षण परीक्षण किया

इस्लामाबाद (भाषा)। पाकिस्तान ने बृहस्पतिवार को परमाणु सक्षम सतह से सतह पर मार करने वाली बैलेस्टिक मिसाइल गजनवी का सफल प्रशिक्षण परीक्षण किया। यह मिसाइल 290 किलोमीटर तक के लक्ष्य को निशाना बना सकती है। सेना की मीडिया इकाई इंटर सर्विसेज पब्लिक रिलेशंस (आईएसपीआर) ने एक बयान में कहा, प्रशिक्षण प्रतीक्षण आर्मी स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड फील्ड ट्रेनिंग अभ्यास का हिस्सा था जिसका उद्देश्य दिन और रात में संचालन तैयारी प्रक्रिया का अभ्यास करना था। बयान में कहा गया कि गजनवी मिसाइल विभिन्न तरह के मुखास्त्रों को 290 किलोमीटर तक ले जाने में सक्षम है। पाकिस्तान के सरकारी रेडियो पाकिस्तान के अनुसार परीक्षण के दौरान लेफ्टिनेंट जनरल नदीम जकी मंज, महानिदेशक, स्ट्रैटेजिक प्लांस डिविजन, कमांडर आर्मी स्ट्रैटेजिक फोर्सेज कमांड और सामरिक संगठनों के वरिष्ठ अधिकारी, वैज्ञानिक और इंजीनियर उपस्थित थे।

इंडोनेशिया में प्रवासियों को लेकर जा रही नौका के डूबने के बाद 10 लोग लापता

पकनबारु (एएफपी)। इंडोनेशिया के सुमात्रा द्वीप के तट पर 20 प्रवासी कामगारों को लेकर जा रही एक नौका के डूब जाने के बाद 10 लोग लापता हो गए। खोज एवं बचाव अभियान के एक अधिकारी ने बृहस्पतिवार को यह जानकारी दी। नौका पड़ोसी देश मलेशिया जा रही थी और मंगलवार शाम को समुद्र की तेज लहरों में वह डूबने लगी। स्थानीय खोज एवं बचाव अधिकारी लेनी तडिका ने बृहस्पतिवार को मेट्रो टीवी को बताया, नौका पर 20 लोग सवार थे और 10 लोगों को बचा लिया गया जबकि 10 अन्य अब भी लापता है।

जंगल आगः अभियान में जुटा विमान दुर्घटनाग्रस्त, तीन अमेरिकियों की मौत

सिडनी (एएफपी)। ऑस्ट्रेलिया के सिडनी शहर के दक्षिण-पश्चिम में जंगलों में लगी आग को काबू करने के अभियान में जुटा एक विमान दुर्घटनाग्रस्त हो गया, जिससे विमान में सवार चालक दल के तीन अमेरिकी कर्मियों की मौत हो गई। न्यू साउथ वेल्स रूरल फायर सर्विस के आयुक्त शेन फीट्जसीमोन्स ने बताया कि स्थानीय समयानुसार बुधवार देर रात डेढ़ बजे अधिकारियों का कनाडा के सी -130 हरक्यूलिस विमान से सम्पर्क टूट गया था, जो स्नोई मोनारो क्षेत्र में तैनात था। फीट्जसीमोन्स ने बताया कि विमान में सवार तीनों चालक दल के सदस्य मारे गए, वे सभी अमेरिकी नागरिक थे।

शिवरामकृष्णन, चौहान और खुरसिया चयनकर्ता बनने की दौड़ में

राष्ट्रीय चयनकर्त्ता पद के लिए आवेदन भरा

भाषा। नई दिल्ली

भारत के पूर्व लेग स्पिनर लक्ष्मण शिवरामकृष्णन ने राष्ट्रीय चयन पैनल में पूर्व आफ स्पिनर राजेश चौहान और बाएं हाथ के बल्लेबाज अमय खुरसिया के साथ पद के लिए आवेदन भरा है। सभी तीन पूर्व भारतीय अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ियों ने पीटीआई को पुष्टि की कि वे चयन समिति में पद के लिए आवेदन भर रहे हैं। आवेदन भरने की अंतिम तारीख शुक्रवार 24 जनवरी है। पूर्व जूनियर चयनकर्ता प्रीतम गांधी और मौजूदा जूनियर चयन समिति के सदस्य ज्ञानेंद्र पांडे ने भी आवेदन भरने की पुष्टि की लेकिन दोनों ने एक समिति में चार साल का कार्यकाल पूरा कर लिया है और लोधा समिति के दिशानिर्देशों के अनुसार उनके नाम पर विचार किए जाने की संभावना नहीं है। यह तो तय है कि आवेदकों में से टेस्ट मैच खेलने वाला सबसे सीनियर ही मुख्य चयनकर्ता बनेगा और अगर शिवरामकृष्णन के नाम को मंजूरी मिलती है तो वह सबसे सीनियर होंगे क्योंकि उन्होंने 17 साल की उम्र में अपना टेस्ट पदार्पण 1983 में एंटीगा में वेस्टइंडीज के खिलाफ किया था। बीसीसीआई एमएसके प्रसाद (दक्षिण क्षेत्र) और गगन खोड़ा (मध्य क्षेत्र) की जगह चयन समिति में दो पद भरेगा जबकि सरनदीप सिंह, जतिन परांजपे और देवांग गांधी एक और सत्र तक अपने पद पर बने रहेंगे। भारत के लिए बेनसन एंड हेजेस क्रिकेट विश्व चैम्पियनशिप में नायक रहे शिवरामकृष्णन 20 साल से कमेंटरी कर रहे हैं और वह आईसीसी क्रिकेट समिति का हिस्सा होने के अलावा राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में भी स्पिन गेंदबाजी कोच हैं। पूर्व जूनियर मुख्य चयनकर्ता वेंकटेश प्रसाद और पूर्व भारतीय बल्लेबाजी कोच संजय बांगड़ भी इसमें आवेदन कर सकते हैं जिससे चेयरमैन के पद के लिए दावेदारी दिलचस्प हो जाएगी। पता चला है कि दोनों खिलाड़ियों ने अभी फैसला नहीं किया है। शिवरामकृष्णन (54 वर्ष) नौ टेस्ट और 16 वनडे (25 अंतरराष्ट्रीय) जबकि बांगड़ 12 टेस्ट और 15 वनडे (27 अंतरराष्ट्रीय) खेल चुके हैं। प्रसाद इन सबसे ज्यादा मैच (33 टेस्ट और 161 वनडे) खेल चुके हैं लेकिन जूनियर राष्ट्रीय चयन समिति में ढाई साल के कार्यकाल को देखते हुए वह केवल डेढ़ साल के लिए सीनियर चयनकर्ता रह सकते हैं। मैंने अपने परिवार से बात की और राष्ट्रीय चयकनर्ता पद के लिए आवेदन करने का फैसला किया। अगर बीसीसीआई मुझे मौका देता है तो मैं इस भूमिका को निभाना चाहूंगा। मेरा मानना है कि अगर मुझे चार साल मिलते हैं तो मैं बेंच स्ट्रेंथ के मामले में सभी तीनों विभागों विशेषकर स्पिन गेंदबाजी में भारतीय क्रिकेट को बेहतर स्थान पर पहुंचा दूंगा। चौहान 21 टेस्ट और 35 वनडे के अनुभवी हैं और अनिल कुंबले और वेंकटपति राजू के साथ खेल चुके हैं। और उन्होंने उम्मीद जताई कि वह दूसरी बार भाग्यशाली रहेंगे।

भुल्लर ने 73 का कार्ड खेला

दुबई। भारतीय गोल्फर गगनजीत भुल्लर ने गुरूवार को यहां मुश्किल परिस्थितियो मे 2020 ओमेगा दुबई डेजर्ट क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर मे एक ओवर 73 का कार्ड खेला जबकि हमवतन शुभंकर शर्मा ने पांच ओवर का कार्ड खेला। भुल्लर संयुक्त रूप से 45वे जबकि शुभंकर 101वे स्थान पर बने हुए है। शुभंकर ने बैक नाइन पर लचर प्रदर्शन किया जिससे उन पर कट से चूकने का खतरा मंडरा रहा है। कट के दो ओवर तक पहुंचने की संभावना है और अभी तक केवल 29 खिलाड़ी ही अंडर पार रहे है।

पीके बनर्जी को कल अस्पताल से छुट्टी मिलेगी

कोलकाता। भारत के महान फुटबालर पीके बनर्जी को शुक्रवार को अस्पताल से छुट्टी मिल जाएगी जिनका यहां उपचार चल रहा है। पारिवारिक सूत्रो ने इसकी जानकारी दी। परिवार के सूत्रो ने पीटीआई से कहा, सारी रिपोर्ट आ गई है। उनका इलेक्ट्रोलाइट का संतुलन सुधर गया है और मूत्राशय संक्रमण के लिए उन्हे एंटीबायोटिक दी जा रही है जो घर पर भी जारी रहेगी। अस्पताल ने शुक्रवार को छुट्टी देने की स्वीकृति दे दी है। अस्पताल ने कहा कि पूर्व भारतीय कप्तान पार्किन्सन बीमारी से पीड़ित है।

मोहन बागान ने नेरोका को हराकर शीर्ष पर स्थिति मजबूत की

इम्फाल। मोहन बागान ने गुरुवार को यहां एकतरफा मुकाबले मे नेरोका एफसी को 3-0 से हराकर आईलीग अंक तालिका के शीर्ष पर अपनी स्थिति मजबूत कर ली। नोगदाम्बा नाओरेम ने 27वे मिनट मे मोहन बागान को बढ़त दिलाई जबकि उनके अच्छे मूव पर पापा दियावारा ने 53वे मिनट मे टीम की ओर से दूसरा गोल दागा। स्थानापन्न खिलाड़ी कोमरोन तुर्सनोव ने इंजरी टाइम मे बागान की तरफ से तीसरा गोल दागा। इस जीत से बागान की टीम के नौ मैचो मे 20 अंक हो गए है और उसने दूसरे स्थान पर मौजूद मिनर्वा एफसी पर छह अंक की बढ़त बना ली है।

हैदराबाद एफसी ने आदिल खान के अनुबंध को अगले तीन साल के लिए बढ़ाया

हैदराबाद। हैदराबाद एफसी ने गुरुवार को घोषणा की कि उसने आदिल खान के साथ नया अनुबंध करते हुए क्लब के साथ इस फुटबालर के अनुबंध को 2023 तक बढ़ा दिया है। आदिल ने कहा, मुझे अगले तीन साल के लिए हैदराबाद को अपना घर बनाने की खुशी है। इस क्लब और इसके प्रबंधन मे मेरा विश्वास है और मुझे लगता है कि अगले कुछ सत्र मे भाग्य हमारा साथ देगा और हम काफी सफलता हासिल करेंगे। कोच अल्बर्ट रोका ने आदिल का अनुबंध बढ़ाए जाने का स्वागत किया है।

बंगाल की अगुआई करेंगे तिवारी, दिल्ली के खिलाफ साहा के खेलने की संभावना नहीं

भाषा। कोलकाता

बंगाल के सबसे अनुभवी खिलाड़ी मनोज तिवारी अभिमन्यु ईश्वरन की गैरमौजूदगी में सोमवार से ईडन गार्डन्स में दिल्ली के खिलाफ होने वाले रणजी ट्राफी मैच में एक बार फिर मेजबान टीम की कप्तानी करेंगे। सत्र की शुरुआत में तिवारी की जगह कप्तान नियुक्त किए गए ईश्वरन भारत ए के साथ न्यूजीलैंड दौरे पर गए हैं। तिवारी तिहरा शतक जड़ने वाले बंगाल के सिर्फ दूसरे खिलाड़ी बने थे। उनकी नाबाद 303 रन की पारी की बदौलत बंगाल ने कल्याणी में अपने पिछले मैच में हैदराबाद को पारी और 303 रन से हराया था जो मौजूदा सत्र में घरेलू सरजमीं पर उसकी पहली जीत थी। बंगाल क्रिकेट संघ (कैब) ने तिवारी से टीम की कप्तानी करने का आग्रह किया जिसे उन्होंने स्वीकार कर लिया। यह टीम का घरेलू मैदान पर मौजूदा सत्र का अंतिम मैच है। कैब के संयुक्त सचिव देवव्रत दास ने पीटीआई को बताया, तिवारी टीम की अगुआई के लिए राजी हो गए हैं। टीम की घोषणा शुक्रवार को की जाएगी। बंगाल को विकेटकीपर बल्लेबाज रिद्धिमान साहा की सेवाएं मिलने की संभावना भी नहीं है जो नवंबर में यहां बांग्लादेश के खिलाफ दिन-रात्रि टेस्ट के दौरान अंगुली में फ्रेक्चर से उबरने के बाद राष्ट्रीय क्रिकेट अकादमी में रिहैबिलिटेशन से गुजर रहे हैं। बीसीसीआई ने इससे पहले साहा को इस मैच में नहीं खेलने की सलाह दी थी लेकिन दासन ने बोर्ड से आग्रह किया था कि वे इस विकेटकीपर को सत्र के अंतिम घरेलू मैच में खेलने की स्वीकृति दें। दास ने कहा, लेकिन उसके उपलब्ध होने की संभावना नहीं है क्योंकि वह रिहैबिलिटेशन से गुजर रहा है।

हिमाचल प्रदेश के खिलाफ तारे ही होंगे मुंबई के कप्तान

मुंबई। अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज आदित्य तारे नियमित कप्तान सूर्यकुमार यादव की गैरमौजूदगी मे मुंबई की टीम की अगुआई जारी रखेगे। यादव भारत ए के साथ न्यूजीलैड दौरे पर गए है। तारे ने तमिलनाडु और उत्तर प्रदेश के खिलाफ रणजी ट्राफी मैचो मे मुंबई की अगुआई की और टीम ने दोनो मैचो मे पहली पारी के आधार पर बढ़त हासिल की। एमसीए ने धर्मशाला मे 27 से 30 जनवरी तक हिमाचल प्रदेश के खिलाफ होने वाले मैच के लिए 15 सदस्ईय टीम घोषित कर दी है। टीम :आदित्य तारे (कप्तान), सिद्धेश लाड, जय बिस्टा, आकिब कुरैशी, हार्दिक तमोरे, शुभम रंजने, आकाश पारकर, सरफराज खान, शम्स मुलानी, विनायक भोईर, शशांक अतार्डे, दीपक शेट्टी, तुषार देशपांडे, भूपेन लालवानी और सायस्टन डियास।

पैडलर तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने से एक जीत दूर

भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमें

भाषा। गोंडोमर (पुर्तगाल)

भारत की पुरुष और महिला टेबल टेनिस टीमें बुधवार को यहां टीम क्वालीफायर में क्रमश: लक्जमबर्ग और स्वीडन के खिलाफ विपरीत हालात में जीत दर्ज करके पहली बार ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करन से सिर्फ एक जीत दूर हैं। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले पुरुष खिलाड़ी जी साथियान को लुका म्लादेनोविच के खिलाफ जीत दर्ज करने में काफी पसीना बहाना पड़ा लेकिन पांचवीं वरीय भारतीय टीम के अन्य सदस्यों ने आसान जीत दर्ज की। शुक्रवार को यहां राउंड आफ 16 के मुकाबले में भारत का सामना 11वें वरीय स्लोवेनिया से होगा। क्वार्टर फाइनल में जगह बनाकर भारतीय टीम तोक्यो ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेगी। भारत ने ओलंपिक इतिहास में कभी टीम के रूप में क्वालीफाई नहीं किया है और उसका प्रतिनिधित्व व्यक्तिगत स्पर्धाओं तक सीमित रहा है। शरत कमल और हरमीत देसाई ने पहले युगल में जाइल्स मिशेली और एरिक ग्लोड को 11-9, 16-14, 11-6 से हराकर भारत को शानदार शुरुआत दिलाई। दुनिया के 30वें नंबर के खिलाफ साथियान ने इसके बाद पहले दो गेम गंवाने के बाद म्लादेनोविच को 8-11, 9-11, 11-3, 13-11, 11-6 से शिकस्त दी। दुनिया के 33वें नंबर के खिलाड़ी अनुभवी शरत ने ग्लोड को 11-3, 11-3, 12-14, 11-5 से हराकर भारत की 3-0 से जीत सुनिश्चित की। वरीयता से स्लोवेनिया के खिलाफ भारत का पलड़ा भारी नजर आता है लेकिन शरत ने कहा कि यह बराबरी का मुकाबला होगा। स्लोवेनिया की टीम में 40वें नंबर के डार्को जोर्गिक और 62वें नंबर के बोजान टोकिच की मौजूदगी के संदर्भ में शरत ने कहा, उनकी टीम काफी संतुलित है। पुरुष टीम की तरह भारतीय महिला टीम भी इतिहास रचने से एक जीत दूर है।

आस्ट्रेलिया और वेस्टइंडीज अंडर-19 विश्व कप में जीते

भाषा। किम्बरले

वेस्टइंडीज ने अंडर-19 क्रिकेट विश्व कप के ग्रुप बी के एकतरफा मुकाबले मे नाईजीरिया को 246 रन से करारी शिकस्त दी जबकि आस्ट्रेलियाई टीम ने इंग्लैड के खिलाफ आखिरी गेद पर दो विकेट से जीत हासिल की। इंग्लैड ने सलामी बल्लेबाज बेन चार्ल्सवर्थ (82 रन) और डैन मूस्ले (नाबाद 51 रन) के अर्धशतक की बदौलत निर्धारित 50 ओवर मे सात विकेट पर 252 रन का सम्मानजनक स्कोर खड़ा किया। आस्ट्रेलियाई टीम ने इस 253 रन के लक्ष्य को पूरे 50 ओवर मे आठ विकेट गंवाकर हासिल किया जिसमे कप्तान मैकेंजी हार्वे का अर्धशतक अहम रहा जिन्होने 83 गेद मे चार चौके और तीन छक्के से 65 रन बनाए। वेस्टइंडीज ने कप्तान किमानी मेलियस के 65 और मैथ्यू पैट्रिके के 68 रन की बदौलत आठ विकेट पर 303 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। इसके बाद जेडन सील्स के चार विकेट और एशमीड नेड के तीन विकेट से नाईजीरियाई टीम को महज 57 रन पर समेट दिया। वेस्टइंडीज के छह अंक है जिससे वह ग्रुप बी मे शीर्ष पर है जबकि आस्ट्रेलिया चार अंक से दूसरे नंबर पर है।

श्रीलंका ने जिंबाब्वे को 10 विकेट से हराया

हरारे। तेज गेदबाज सुरंगा लकमल की अगुआई मे गेदबाजो के उम्दा प्रदर्शन से श्रीलंका ने पहले टेस्ट के पांचवे और अंतिम दिन गुरुवार को जिंबाब्वे को 10 विकेट से हराकर दो मैचो की श्रृंखला मे 1-0 की बढ़त बना ली। श्रीलंका ने जिंबाब्वे के 14 रन के लक्ष्य को तीसरे ओवर मे ही बिना विकेट खोए हासिल कर लिया। कप्तान दिमुथ करुणारत्ने 10 जबकि ओशादा फर्नांडो चार रन बनाकर नाबाद रहे। पहली पारी मे 157 रन से पिछड़ने वाली जिंबाब्वे की टीम दूसरी पारी मे लकमल (27 रन पर चार विकेट), लाहिरू कुमारा (32 रन पर तीन विकेट) और लसिथ एंबुलदेनिया (74 रन पर दो विकेट) की धारदार गेदबाजी के सामने दूसरी पारी मे 170 रन पर आउट हो गई।

ADITYA BIRLA CAPITAL
PROTECTING INVESTING FINANCING ADVISING
Aditya Birla Finance Limited
पंजीकृत कार्यालय : इंडियन रेयोन कम्पाउण्ड, वेरावल, गुजरात–362 266
सीआईएन : यू6599ओजीजे1991पीएलसी064603

''परिशिष्ट–IV–ए''
[नियम 8(6) का प्रावधान देखें]
अचल सम्पत्तियों के विक्रयार्थ विक्रय सूचना

प्रतिभूति हित (प्रवर्तन) नियमावली, 2002 के नियम 8(6) के प्रावधान के साथ पठित वित्तीय परिसम्पत्तियों के प्रतिभूतिकरण एवं पुनर्निर्माण तथा प्रतिभूति हित प्रवर्तन अधिनियम, 2002 के अन्तर्गत अचल परिसम्पत्तियों के विक्रयार्थ नीलामी विक्रय सूचना।

एतद्द्वारा जनसाधारण तथा विशेष रूप में उधारकर्ता (उधारकर्ताओं) तथा गारंटर (गारंटरों) को सूचित किया जाता है कि प्रतिभूत ऋणदाता के पास बन्धक रखी गई निम्न विवरणित अचल सम्पत्ति, जिसका वास्तविक कब्जा आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड के प्राधिकृत अधिकारी यानी प्रतिभूत ऋणदाता द्वारा लिया जा चुका है, का विक्रय मै. शालिन इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, श्री संजय कुमा, सुश्री शालिनी वर्मा, श्री राजीव कुमार, सुश्री मालिनी वर्मा, श्री सिद्धार्थ संजय द्वारा आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड प्रतिभूत ऋणदाता को देय रु 3,43,92,342.75 (रुपए तीन करोड़ तैतालिस लाख बयानबे हजार तीन सौ बयालिस एवं पचहत्तर पैसे मात्र) की एक राशि की वसूली के लिए 10 फरवरी 2020 को ''जैसी है जहां है'', ''जैसी है जो है'' तथा ''वहां जो कुछ है'' आधार पर किया जाएगा। सम्पत्ति हेतु आरक्षित मूल्य रु. 1,85,00,000/– (रुपए एक करोड़ पिचासी लाख मात्र) होगा तथा सम्पत्ति हेतु धरोहर राशि जमा की रकम रु. 18,50,000/– (रुपए अट्ठारह लाख एवं पचास हजार मात्र) होगी।

अचल सम्पत्ति का विवरण

ग्राम सिरहौल, तहसील एवं जिला–गुड़गांव (हरियाणा) में स्थित उक्त ग्रुप हाउसिंग कॉम्प्लेक्स, हेरिटेज सिटी में अवस्थित चतुर्थ तल पर सम्बद्ध शौचालयों एवं टेरेस के साथ दो शयन कक्षों तथा तृतीय तल पर डब्ल्यू.सी. एवं टेरेस सहित सम्बद्ध शौचालय, रसोईकक्ष, नौकर कक्ष के साथ एक शयन कक्ष, अतिथि–सह–भोजन कक्ष से समाविष्ट, 230 वर्ग फुट के टेरेस क्षेत्र के साथ अपार्टमेंट नंत्र. 301, तृतीय एवं चतुर्थ तल पर डयूप्लेक्स, ब्लॉक सं. 2, नामाक्षर हेरिटेज सिटी से समाविष्ट सम्पत्ति के समस्त भाग तथा अंश और जिसका अधि क्षेत्र 1849.00 वर्ग फुट (171.84 वर्ग मीटर) है। सम्पत्ति स्थल का दिशा परिमापन : उत्तर – प्रवेश, दक्षिण – अन्य की सम्पत्ति, पूर्व – अन्य की सम्पत्ति, पश्चिम – अन्य की सम्पत्ति।

विक्रय के विस्तृत नियमों तथा शर्तों के लिए कृपया प्रतिभूत ऋणदाता की वेबसाइट अर्थात् www.adityabirlafinance.com पर उपलब्ध लिंक का संदर्भ ग्रहण करें।

तरुण शर्मा (दूरभाष सं. 9540178178)
स्थान : दिल्ली — हस्ता./– प्राधिकृत अधिकारी
दिनांक : 24.01.2020 — आदित्य बिरला फाइनेंस लिमिटेड

CHANGE OF NAME

I, Aadesh Narayan Sharma S/o Sh. Laxmi Narayan Sharma R/o T-395-396, 1 st Floor, left side, Baljeet Nagar, Patel Nagar, New Delhi -110 008 state that both the names Aadesh Narayan Sharma and Adesh Narayan Sharma are of same person and I will be known as Aadesh Narayan Sharma for all future purposes and due to oversight in my intermediate certificate my father name was wrongly mentioned Laxmi Narayana Sharma instead of correct name Laxmi Narayan Sharma.

THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
C-29, Community Centre, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi-110058
Phone : 011-25611041, 25611042, 25611043, 25611044
E-mail: leagal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com Website : www.kangrabank.com

APPENDIX I
[See rule 4(1)]
PANCHNAMA

Whereas
We
(1) Name of Panch and Father's /Husband's Name : Vikas Chand, S/o. Kuldeep Chand. **Address:** B-5/202, Sector-5, Rohini, Delhi-110085. **Age :** 38, **Occupation:** Service.
(2) Name of Panch and Father's /Husband's Name : Amarjeet Sing, **Address:** D-169, Ganesh Nagar, Delhi-110092. **Age :** 42, **Occupation:** Service.
The above mentioned Panch on being called by Harish Sharma, Authorised officer of The Kangra Co-operative Bank ltd., Head office at C-29,Community Centre Pankha Road, Janakpuri, Delhi-110058, and having its Registered office at 1916, Chuna Mandi, Paharganj, New Delhi-110055, under The Securitisation and Reconstruction of Financial Assets and Enforcement of Security Interest (Act, 2002 (54 of 2002) and in exercise of the powers under section 13 (4) of the said [Act] entered the premises of Sh. Ramandeep Singh S/o Sh. Kamaljeet Singh R/o.B-22-23, Top Floor, Near MCD School, Pandav Nagar, Delhi-110092, and demanded the payment of the dues mentioned in the demand notice dated 02-03-2019, in respect of loan account.
We also hereby state that during take over of possession of the vehicle no untoward incident had occurred as known to the knowledge and belief of the Authorised Officer of the Bank.
Therefore, we declare that the fact of the Panchnama mentioned herein are true and correct to the best of our observations and knowledge.
Witness
1) Name : Vikas Chand R/o.B-5/202, Sector-5, Rohini, Delhi-110085, Date : 22-01-2020 Time: 9:45 am. 2) Name : Amarjeet Singh R/o. D-169, Ganesh Nagar, Date : 22-01-2020 Time : 9:45 am
Drawn before me — Authorised Officer

THE KANGRA CO-OPERATIVE BANK LTD.
C-29, Community Centre, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi-110058
Phone : 011-25611041, 25611042, 25611043, 25611044
E-mail: leagal@kangrabank.com, legal1@kangrabank.com Website : www.kangrabank.com

APPENDIX II
[See rule 4(2)]
INVENTORY

Inventory of hypothecated movable secured asset vehicle taken possession in loan account bearing no. GP/2/827,Loan a/c No.00068194592.
Inventory of the hypothecated movable secured asset vehicle taken possession by the bank in the case of Sh.Ramandeep Singh S/o. Sh. Kamaljeet Singh R/o. B-22-23, Top Floor, Near MCD School, Pandav Nagar, Delhi-110092,under section 13(4) of the Securitisation and reconstruction of financial assets and Enforcement of Security Interest [Act], 2002 and the Security Interest (Enforcement) Rules, 2002 made thereunder, on 22nd.day of January'2020 by Authorised officer of The Kangra Co-Operative Bank Ltd., Head office at C-29, Community Centre, Pankha Road, Janakpuri, New Delhi-110058 and having its registered office at 1916, Chuna Mandi, Pahar Ganj, Delhi-110055, under the said [Act], between the hours 9:45 am/pm to 10:15 am/pm.
(1) Description of article/vehicle : Innova Crysta 2.4 G, DL-1ZA-7196, Engine No.2GDA044587, Chassis No.MBJJ8EM401506913, Model: 2016, Color : White, Make Toyota, Fuel : Diesel, **Estimated Value :** ₹ 8,00,000/-. **Place where kept for sale custody (Name of the person if necessary):** Parking area, Janakpuri West Metro Station. **(1) Description of article/vehicle :** Document Received at the Time of Possession: 1) Insurance,2) Permit,3) Fitness, 4) Pollution Certificate. Note: Registration Certificate not received. **Estimated Value :** ₹ 8,00,000/-. **Place where kept for sale custody (Name of the person if necessary):** Parking area, Janakpuri West Metro Station.
Panchas:
Name and Address of Panch : (1) Vikash Chand R/o. B-5/202, Sector-5, Rohini, Delhi-110085. (2) Amarjeet Singh, D-169, Ganesh Nagar, Delhi-110092.
Signature

कार्यालय ग्राम पंचायत रोरी, विकास खण्ड, भोजपुर (गाजियाबाद)
पत्रांक 130/7/पं रोरी/टेंडर/विज्ञापन/2019–20 — दिनांकः– 23.01.2020

अति अल्पकालीन निविदा सूचना

ग्राम पंचायत रोरी विकास खण्ड भोजपुर गाजियाबाद में पंजीकृत समस्त ठेकेदारो को सूचित किया जाता है कि ग्राम निधि–प्रथम में प्राप्त यथा चतुर्थ राज्य वित्त आयोग/14वा वित्त आयोग की धनराशि से ग्राम रोरी की सीमान्तर्गत विकास कार्यो हेतु अति अल्पकालीन निविदा/कुटेशन आमंत्रित की जाती हैं पंजीकृत ठेकेदारों को निदेशित किया जाता है। वित्तीय वर्ष 2019–2020 में जो विकास कार्य ग्राम में कराये जाने है उसकी सूची ग्राम पंचायत रोरी के कार्यालय अथवा खण्ड विकास अधिकारी कार्यालय हापुड़ रोड़, भोजपुर गाजियाबाद से प्राप्त कर सकते है। निविदा दिनांक 23/01/2020 से बिक्री हेतु उपलब्ध है जिसको नगद क्रय किया जा सकता है तथा दिनांक 31/01/2020 को दोपहर 02 बजे तक ग्राम पंचायत रोरी के कार्यालय के निविदा बॉक्स में जमा की जात सकती है, तथा दिनांक 31/01/2020 को दोपहर 03 बजे पंजीकृत ठेकेदारों अथवा उनके प्रतिनिधि के समक्ष उक्त निविदा ग्राम पंचायत रोरी विकास खण्ड भोजपुर के कार्यालय पर खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का विवरण	अनुमानित राशि	धरोहर राशि 2%	निविदा मूल्य + GST +स्टेशनरी	कार्या वधि
1.	गंदा नाला सें विजयनगर की पुलिया तक नाला निर्माण कार्य	1253400	25100	225+GST+ 500	2 माह
2.	सरकारी नाली से बाल्मिकी शमसान तक नाला निर्माण कार्य	170850	34200	300+GST+ 500	2 माह
3.	चकरोड़ के कोने से सुन्दर प्रजापति के मकान तक नाला निर्माण	821400	16500	225+GST+ 500	1 माह
4.	बाल्मिकि शमसान से चकरोड़ के कोने तक नाला निर्माण कार्य	1322800	26500	225+GST+ 500	2 माह
5.	सरकारी नाली से विजयनगर की पुलिया तक नाला निर्माण कार्य	1785700	35800	300+GST+ 500	3 माह
6.	गंदा नाले के पुल से मानसिह के प्लॉट तक इन्टरलॉकिग कार्य	1662782	33300	300+GST+ 500	2 माह
7.	कुलदीप के मकान से हरिओंम के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण	410428	8300	150+GST+ 500	1 माह
8.	विजयनगर में रामवीर फौजी के मकान से गन्दे नाले तक इन्टरलॉकिग	1005785	20200	225+GST+ 500	2 माह
9.	विजयनगर की पुलिया से सुन्दर के घर तक इन्टरलॉकिग कार्य	1570376	31500	300+GST+ 500	2 माह
10.	सुन्दर चौधरी के मकान से हबीब के मकान तक सी0सी0 व नाली निर्माण	637165	12800	225+GST+ 500	1 माह
11.	टोरन ऑफिस से मधुबन के कोने तक सड़क निर्माण	2856781	57200	300+GST+500	2 माह
12.	ग्राम पंचायत कार्यालय रोरी से सोलर सिस्टम इंबर्टर बैटरी सहित स्थापना	75000	1500	300+GST+ 500	7 दिन
13.	ग्राम पंचायत रोरी में कूड़ा कलेक्सन के लिए ई–रिक्शा क्रय	200000	4000	75+GST+ 500	7 दिन
14	ग्राम पंचायत कार्यालय रोरी प्रांगण में ओपन जिम की आपूर्ति एवं स्थापना नग 12	380000	7600	150+GST+ 500	15 दिन

नियम व शर्तेः–
1. अरनेस्ट मनी निविदा डालने के समय एन0एस0सी0/एफ0डी0आर0/पासबुक के रूप मे दी जा सकती है, जो ग्राम पंचायत रोरी विकास खण्ड भोजपुर (गाजियाबाद) के पदनाम में बन्धक हो।
2. कार्य पी0डब्लू0डी0 की विशिष्टियो के अनुरूप होगा
3. निविदा को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी का होगा।
4. निविदा केवल ग्राम पंचायत रोरी में पंजीकृत ठेकेदारो को ही देय होगी।
5. ठेकेदार का पंजीयन उप श्रमायुक्त के यहा अवश्य होना चाहिए।
6. निविदा प्रपत्र के साथ 100/– रूपये का नॉन ज्यूडिशियल स्टाम्प पेपर रसीदी टिकिट के साथ लगाए।
7. नियमानुसार सभी शासकीय कटोतिया की जायेगी।
8. अन्य नियम व शर्ते लागू रहेंगी।

प्रधान — सचिव
ग्राम पंचायत रोरी — ग्राम पंचायत रोरी
विकास खण्ड भोजपुर — विकास खण्ड भोजपुर

विश्व तीरंदाजी ने शर्तों के साथ भारत पर लगा प्रतिबंध हटाया

भाषा। कोलकाता

भारतीय तीरंदाजों की तोक्यो ओलंपिक की तैयारियों को उस समय बल मिला जब इस खेल की वैश्विक संस्था विश्व तीरंदाजी ने भारतीय तीरंदाजी संघ के चुनाव के एक सप्ताह के भीतर गुरुवार को उस पर लगा निलंबन सशर्त हटा दिया। प्रतिबंध हटाते हुए विश्व तीरंदाजी ने भारतीय संघ को निर्देश दिया कि वह खिलाड़ियों की सदस्यता को लेकर अपने संविधान में बदलाव करे, संचालन से जुड़े मुद्दों का हल निकाले और रणनीतिक योजना तैयार करे। उसके साथ ही एएआई को इन मुद्दों पर तिमाही प्रति रिपोर्ट देने को भी कहा। विश्व तीरंदाजी ने एक बयान में कहा , विश्व तीरंदाजी ने 18 जनवरी को नई दिल्ली में हुए चुनाव के बाद भारतीय तीरंदाजी संघ पर लगा निलंबन सशर्त हटा दिया है। कार्यकारी बोर्ड ने यह फैसला किया। बयान के अनुसार, गुरुवार 23 जनवरी 2020 से भारतीय तीरंदाजों को विश्व तीरंदाजी की प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने की स्वीकृति होगी। महासंघ को निर्देश दिया जाता है कि वह अपने संविधान में बदलाव करते हुए खिलाड़ी की सदस्यता पर स्थिति स्पष्ट करे, रणनीतिक योजना बनाए और संचालन के जुड़े अन्य मुद्दों को हल करे। एएआई को पांच अगस्त को निलंबित किया गया था। भारतीय तीरंदाजों को निलंबन के कारण तटस्थ खिलाड़ियों के तौर पर खेलना पड़ा जिससे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करने की उनकी संभावना पर सीधा असर पड़ा। गुरुवार को प्रतिबंध हटने के बाद अब भारतीय तीरंदाज तिरंगे तले प्रतियोगिताओं में हिस्सा लेने के लिए स्वतंत्र होंगे। भारत को अगला टूर्नामेंट तीन सप्ताह के भीतर लास वेगास में इंडोर विश्व सीरीज में खेलना है। भारत ने 2020 तोक्यो ओलंपिक के लिए अब तक तीन पुरुष और एक महिला कोटा स्थान हासिल किया है। विश्व तीरंदाजी के महासचिव टाम डाइलन ने कहा, हमें उम्मीद है कि यह भारत में सुसंचालित संघ की शुरुआत होगी। भारतीय खिलाड़ी अब तोक्यो में होने वाले ओलंपिक खेलों की तैयारी में ध्यान लगा सकते हैं जो सिर्फ छह महीने दूर हैं। केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा को शनिवार को हुए चुनाव में भारतीय तीरंदाजी संघ का नया अध्यक्ष चुना गया। एएआई के पूर्व अध्यक्ष विजय कुमार मलहोत्रा का समर्थन प्राप्त मुंडा ने बीवीपी राव को 34-18 से हराया। दिल्ली उच्च न्यायालय के आदेश पर ए चुनाव कराए गए और पहली बार दोनों विरोधी गुट आमने सामने थे। इन चुनावों के लिए विश्व तीरंदाजी और भारतीय ओलंपिक संघ ने पर्यवेक्षक भेजे थे। विश्व तीरंदाजी ने दो समानांतर चुनाव करके उसके दिशानिर्देशों का उल्लंघन करने के लिए भारतीय तीरंदाजी संघ को पांच अगस्त को निलंबित कर दिया था। एएआई के दो गुटों ने पिछले साल नौ जून को नई दिल्ली और चंडीगढ़ में अलग अलग चुना कराके मुंडा और राव को अध्यक्ष चुना था। दो अध्यक्ष चुनने के बाद एएआई को निलंबित कर दिया गया था। इसके बाद भारतीय तीरंदाज पिछले साल दिसंबर में नेपाल में हुए दक्षिण एशियाई खेलों में हिस्सा नहीं ले पाए थे। भारतीय तीरंदाजों को हालांकि तटस्थ खिलाड़ियों के रूप में बैंकाक में एशियाई चैंपियनशिप में हिस्सा लेने की स्वीकृति मिली थी क्योंकि यह महाद्वीपीय ओलंपिक क्वालीफायर था।

एशियाई खेलों के स्वर्ण पदकधारी नौकाचालक भोकानल से प्रतिबंध हटाया गया

नई दिल्ली। भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) के अध्यक्ष नरिंदर बत्रा के हस्तक्षेप के बाद गुरूवार को नौकाचालक दतू भोकानल पर 2018 एशियाई खेलों के बाद लगे दो साल के निलंबन को हटा दिया। भोकानल उस भारतीय चौकड़ी में से एक सदस्य थे जिसने एशियाई खेलो मे पुरूष क्वाड्रपल स्कल्स स्पर्धा मे स्वर्ण पदक जीता था लेकिन उन्होंने एकल स्कल को बीच मे ही छोड़ दिया था। इसलिए उन्हे पिछले साल मार्च मे भारतीय नौकायन महासंघ (आरएफआई) ने प्रतिबंधित कर दिया था। अपने स्पष्टीकरण मे भोकानल ने कहा था कि वह नाव से गिर गए थे जो पलट गई थी और वह उस दिन अच्छा महसूस नही कर रहे थे। लेकिन बत्रा ने आरएफआई से इस फैसले की समीक्षा को कहा जिसके बाद राष्ट्रीय नौकायन संस्था ने आईओए प्रमुख को सूचित किया कि भोकानल का निलंबन हटा दिया गया है। आरएफआई अध्यक्ष राजलक्ष्मी सिंह देव ने बत्रा को लिखे पत्र मे कहा, नौकाचालक दतू भोकानल पर दो साल का निलंबन 23 जनवरी 2020 से हटा दिया जाता है। उन्हे सलाह दी जाती है कि वह 27 से 30 अप्रैल 2020 तक कोरिया के चांग्जू मे होने वाली ओलंपिक क्वालीफिकेशन रेगाटा प्रतियोगिता की तैयारी करे क्योकि इस समय जो नौकाचालक ट्रेनिंग कर रहे है, उसमे से वह सर्वश्रेष्ठ है। एक दिन पहले बत्रा ने राष्ट्रीय नौकायन संस्था से कहा था कि उन्होंने जो जवाब मांगे है, वे उन्हे शुक्रवार तक मुहैया करा दिए जाएं, वर्ना मामले को आईओसी अनुशासनात्मक समिति को सुपुर्द कर दिया जाएगा। शुरू मे राजलक्ष्मी ने बत्रा को कहा था कि इस मामले को आरएफआई के एथलीट आयोग को रैफर कर दिया गया है।

अंडर-19 विश्व कप न्यूजीलैंड के खिलाफ लय बरकरार रखने उतरेगा भारत

भाषा। ब्लोमफोंटेन। लगातार दो जीत के साथ क्वार्टर फाइनल मे पहुंच चुकी गत चैम्पियन भारतीय टीम आईसीसी अंडर 19 विश्व कप के ग्रुप ए के आखिरी मैच मे न्यूजीलैड के सामने उतरेगी तो उसका लक्ष्य जीत की लय कायम रखने का होगा।चार अंक लेकर ग्रुप मे शीर्ष पर रही भारतीय टीम ने पहले मैच मे श्रीलंका को 90 रन से हराने के बाद जापान को दस विकेट से मात दी। प्रियम गर्ग की अगुवाई वाली टीम न्यूजीलैड के खिलाफ प्रबल दावेदार के रूप मे उतरेगी। दूसरी ओर न्यूजीलैड को जापान से अंक बांटने पड़े क्योकि मैच बारिश की भेट हो गया। उसने श्रीलंका को हराकर अंतिम आठ मे जगह बनाई। न्यूजीलैड 2018 मे अपनी मेजबानी में हुए अंडर 19 विश्व कप मे आठवे स्थान पर रहा था। अब वह अपनी सीनियर टीम की तरह प्रदर्शन करना चाहेगे जो 2019 पुरूष विश्व कप के फाइनल मे पहुंची थी। भारत के लिए पिछले मैच मे लेग स्पिनर रवि बिश्नोई ने चार जबकि तेज गेदबाज कार्तिक त्यागी ने तीन और आकाश सिंह ने दो विकेट लिए थे। चार बार की चैम्पियन टीम ने जापान को 41 रन पर आउट कर दिया जो अंडर 19 विश्व कप मे दूसरा न्यूनतम और अंडर 19 क्रिकेट के इतिहास मे तीसरा न्यूनतम स्कोर था। कप्तान गर्ग ने अपने गेदबाजो की तारीफ करते हुए कहा था , मै इस प्रदर्शन से बहुत खुश हूं। स्पिनरो का प्रदर्शन अच्छा रहा लेकिन तेज गेदबाज बेहतर प्रदर्शन कर सकते है। हम मैच दर मैच रणनीति बनाकर अच्छा खेलेगे। बल्लेबाजी मे यशस्वी जायसवाल, गर्ग और विकेटकीपर ध्रुव जुरेल का प्रदर्शन पहले मैच मे अच्छा रहा। दूसरे मैच मे तिलक वर्मा और सिद्धेश वीर ने अच्छी पारियां खेली। अभी तक हालांकि मजबूत टीम से भारत का सामना नही हुआ है।

आईसीसी ने ओमान के क्रिकेटर को अस्थाई रूप से निलंबित किया

दुबई। आईसीसी ने ओमान के क्रिकेटर यूसुफ अब्दुलरहीम अल बालुशी को 2019 पुरूष टी20 विश्व कप क्वालीफायर के दौरान भ्रष्टाचार रोधी संहिता के चार उल्लघंन के बाद गुरूवार को तुरंत प्रभाव से अस्थाई रूप से निलंबित कर दिया। अल बालुशी को आईसीसी भ्रष्टाचार रोधी संहिता के अनुच्छेद 2.1.1, अनुच्छेद 2.1.4, अनुच्छेद 2.4.4 और अनुच्छेद 2.4.7 के अंतर्गत आरोपित किया गया। अल बालुशी के पास इन आरोपों का जवाब देने के लिए 14 दिन का समय है।

राजस्थान रायल्स ने कासेल को नया तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया

मुंबई। राजस्थान रायल्स ने इंडियन प्रीमियर लीग के आगामी सत्र के लिए गुरूवार को आस्ट्रेलिया के पूर्व प्रथम श्रेणी क्रिकेटर रोब कासेल को अपना नया तेज गेंदबाजी कोच नियुक्त किया। दक्षिण आस्ट्रेलिया और आयरलैंड की पुरूष क्रिकेट टीमो के साथ अपनी पिछली कोचिंग भूमिका मे कासेल ने अच्छे तेज गेंदबाज तैयार करने मे सफलता हासिल की थी। न्यूजीलैंड मे 2002 मे हुए अंडर-19 विश्व कप मे कासेल ने आस्ट्रेलिया का प्रतिनिधित्व किया था लेकिन कभी सीनियर टीम की ओर से नही खेले। उन्होंने दक्षिण आस्ट्रेलिया के लिए केन रिचर्डसन और जो मेनी जैसे तेज गेंदबाजो को तैयार किया। आयरलैंड से जुड़ने के बाद उन्होंने उसके तेज गेंदबाजी आक्रमण को मजबूत बनाने मे अहम भूमिका निभाई जिसमें टिम मुर्टाग और बायड रैनकिन जैसे गेंदबाज शामिल है। रायल्स के मुख्य कोच नए तेज गेंदबाजी कोच के रूप मे कासेल के टीम से जुड़ने की हमें खुशी है। विक्टोरिया में एक साथ काम करते हुए हमारे बीच रिश्ते काफी अच्छे रहे। पिछले साल तेज गेंदबाजी कोच की भूमिका निभाने वाले स्टीफन जोन्स फ्रेंचाइजी के साथ जुड़े रहेंगे लेकिन अब आफ सत्र के दौरान डेवलपमेंट कोच की भूमिका निभाएंगे।

महिला विश्व कप का फाइनल क्राइस्टचर्च में

आक्लैंड। क्राइस्टचर्च के हेगले ओवल पर अगले साल होने वाले महिला क्रिकेट वनडे विश्व कप का फाइनल खेला जाएगा। एक दिवसीय विश्व कप छह फरवरी से सात मार्च तक छह शहरों मे खेला जाएगा। आक्लैंड के अलावा वेलिंगटन, हैमिल्टन, टौरंगा, डुनेडिन और क्राइस्टचर्च मे मैच होंगे। आईसीसी महिला क्रिकेट विश्व कप सीईओ आंद्रिया नेलसन ने कहा , हम चाहते है कि सभी 31 मैच सर्वश्रेष्ठ मैदानों पर खेले जाएं। भारत की वनडे कप्तान मिताली राज ने कहा कि दुनिया भर मे महिला क्रिकेट को लेकर रुचि बढना अच्छी बात है। देश के लिए खेलने का अहसास हमेशा खास होता है। न्यूजीलैंड जैसे खूबसूरत देश मे खेलने को लेकर हम सभी रोमांचित है। आईसीसी के मुख्य कार्यकारी मनु साहनी ने कहा , हम महिला क्रिकेट को बढावा देने के लिए प्रतिबद्ध है और यह उसी दिशा मे एक प्रयास है।

वेंगसरकर ने कहा, किसी भी तरह के क्रिकेट में 300 रन बनाना शानदार

मुंबई। भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान दिलीप वेंगसरकर ने उत्तर प्रदेश के खिलाफ ड्रा पर समाप्त हुए रणजी ट्राफी मैच मे मुंबई की ओर से तिहरा शतक जड़ने के लिए गुरूवार को युवा बल्लेबाज सरफराज खान की सराहना की। उत्तर प्रदेश के लिए खेलने के बाद मुंबई लौटे सरफराज ने बुधवार को 391 गेंद मे 301 रन की पारी खेली जिससे 41 बार के रणजी चैंपियन मुंबई ने पहली पारी मे उत्तर प्रदेश को पछाड़कर बढ़त हासिल की। उत्तर प्रदेश ने आठ विकेट पर 625 रन बनाने के बाद पारी घोषित की थी। वेंगसरकर ने यहां संवाददाताओं से कहा, शानदार, मुझे लगता है कि किसी भी क्रिकेट मे तिहरा शतक बनाना बेहतरीन उपलब्धि है। निश्चित तौर पर वह (सरफराज) काफी अच्छा खेला होगा। मैने पारी नही देखी क्योकि उस समय मै मुंबई मे नही था।

टी-20 विश्व कप से पहले मंझेगी टीम इंडिया

आत्मविश्वास से भरे भारत के सामने चोटों से आजिज न्यूजीलैंड

भाषा। आकलैंड



टी20 विश्व कप की तैयारी के लिए अहम मानी जा रही पांच मैचों की श्रृंखला के पहले मैच में शुक्रवार को आत्मविश्वास से ओतप्रोत टीम इंडिया का सामना खिलाड़ियों की चोटों से प्रभावित न्यूजीलैंड टीम से होगा।

इस व्यस्त सत्र में भारतीय टीम आस्ट्रेलिया के खिलाफ अपनी सरजमीं पर आखिरी वनडे के पांच दिन के भीतर यहां टी20 मैच खेल रही है। विराट कोहली की कप्तानी में टीम मंगलवार को आकलैंड पहुंची और बुधवार को आराम किया। टीम ने गुरूवार को अभ्यास किया। दूसरी ओर व्यस्तता के कारण टीम प्रबंधन चयन में निरंतरता लाने में कामयाब रहा है चूंकि विश्व कप से पहले उसे सर्वश्रेष्ठ संयोजन तलाशना है। टी20 विश्व कप इस साल अक्तूबर में आस्ट्रेलिया में होगा। शिखर धवन, हार्दिक पंड्या, दीपक चाहर और भुवनेश्वर कुमार की चोटों के बावजूद वैकल्पिक खिलाड़ियों ने अपनी उपयोगिता साबित करके टीम को कमी नहीं खलने दी है। धवन के विकल्प के तौर पर केएल राहुल ने वेस्टइंडीज के खिलाफ अच्छा प्रदर्शन किया। इसके बाद धवन के लौटने पर उनके साथ अच्छी सलामी जोड़ी बनाई जब रोहित शर्मा को आराम दिया गया था। इस बार भी धवन की गैर मौजूदगी में रोहित और राहुल पारी की शुरूआत करेंगे। कप्तान कोहली ने संकेत दिया है कि बल्लेबाज विकेटकीपर के तौर पर राहुल की दोहरी भूमिका से टीम को अधिक विकल्प मिले हैं। कोहली के अनुसार राहुल वनडे और टी20 दोनों में विकेटकीपिंग करते रहेंगे। वह टी20 में पारी की शुरूआत करेंगे लेकिन वनडे में मध्यक्रम में ही उतरेंगे। इसके मायने हैं कि तीन मैचों की वनडे श्रृंखला में रोहित के साथ पृथ्वी साव पारी का आगाज कर सकते हैं। राहुल के विकेटकीपिंग करने पर ऋषभ पंत अंतिम एकादश से जगह खो सकते हैं। मनीष पांडे पांचवें विशेषज्ञ बल्लेबाज के रूप में उतर सकते हैं और श्रेयस अय्यर चौथे स्थान पर रहेंगे। पांडे, अय्यर और पंत ने गुरूवार को नेट्स पर साथ में अभ्यास किया जबकि संजू सैमसन बाद में उतरे। सैमसन का पहले टी20 में खेलना तय नहीं लग रहा। भारत अगर पांच गेंदबाजों को लेकर उतरता है और छठे विकल्प के रूप में शिवम दुबे को बाहर रखता है तो पंत और पांडे दोनों अंतिम एकादश में आ सकते हैं। हरफनमौलाओं के रूप में वाशिंगटन सुंदर और रविंद्र जडेजा के विकल्प हैं। युजवेंद्र चहल और कुलदीप यादव ने 2019 विश्व कप के बाद से एक साथ नहीं खेला है। तेज गेंदबाजों में मोहम्मद शमी और जसप्रीत बुमराह का खेलना तय है और ऐसे में शार्दुल ठाकुर और नवदीप सैनी में से एक का चयन होगा। यूजीलैंड ने पिछले साल टी20 श्रृंखला में भारत को 2-1 से हराया था। उसने श्रीलंका दौरे पर टी20 श्रृंखला में भी 2-1 से जीत दर्ज की और इंग्लैंड से पांच मैचों की श्रृंखला 2-2 से ड्रा कराई। टी20 में अच्छे प्रदर्शन के बावजूद न्यूजीलैंड का मनोबल गिरा हुआ है क्योंकि आस्ट्रेलिया ने हाल ही में उसे 3-0 से हराया। इससे केन विलियमसन की कप्तानी पर भी सवाल उठने लगे हैं। न्यूजीलैंड के पास हरफनमौलाओं की कमी नहीं है लेकिन उसे तेज गेंदबाजी विभाग में संतुलन तलाशना होगा। इसमें ट्रेंट बोल्ट, मैट हेनरी और लोकी फर्ग्युसन की कमी खलेगी जो चोट के कारण बाहर है।

टीमें : भारत : विराट कोहली (कप्तान), रोहित शर्मा, केएल राहुल, मनीष पांडे, ऋषभ पंत, संजू सैमसन, श्रेयस अय्यर, शिवम दुबे, रविंद्र जडेजा, कुलदीप यादव, युजवेंद्र चहल, मोहम्मद शमी, जसप्रीत बुमराह, शार्दुल ठाकुर, नवदीप सैनी, वाशिंगटन सुंदर।

न्यूजीलैंड : केन विलियमसन (कप्तान) , मार्टिन गुप्टिल, रोस टेलर, स्काट कजेलेजिन, कोलिन मुनरो, कोलिन डे ग्रांडहोमे, टाम ब्रूस, डेरिल मिशेल, मिशेल सेंटनेर, टिम सीफर्ट , हामिश बेनेट, ईश सोढी, टिम साउदी, ब्लेयर टिकनेर।

समय : दोपहर 12 . 20 से।

टीम के हित में कप्तानी छोड़ने को भी तैयार : विलियमसन

आक्लैंड। आस्ट्रेलिया के खिलाफ टेस्ट श्रृंखला मे शर्मनाक हार के बाद आलोचना झेल रहे केन विलियमसन ने गुरूवार को संकेत दिया कि टीम के हित मे होने पर वह न्यूजीलैंड की कप्तानी छोड़ने को तैयार है। यह पूछने पर कि क्या वह अभी भी तीनो प्रारूपों में कप्तानी करना चाहते है, विलियमसन ने कहा , मेरा हमेशा से यह सोचना रहा है कि टीम के लिए सर्वश्रेष्ठ क्या है। यदि ऐसा लगता है कि टीम के लिए यही अच्छा है तो मै इसके लिए तैयार हू। उन्होने कहा , टीम को सही दिशा मे ले जाने वाली हर बात के लिए मै तैयार हू। यह कोई निजी बात नही, टीम की बात है। विलियमसन ने कहा कि पिछली नाकामियो को भुलाकर अब उनकी टीम को भारत के खिलाफ श्रृंखला पर ध्यान देना होगा। उन्होने कहा , आपको आगे बढते रहना होगा। शेड्यूल ऐसा है कि चुनौतियां काफी तेजी से और बड़ी होती है। हमारे सामने भारत जैसी टीम है जो दुनिया की सर्वश्रेष्ठ टीमो मे से एक है लेकिन टी20 मे अलग है। हम इस चुनौती के लिए तैयार है। कीवी कप्तान ने कहा कि सर्वश्रेष्ठ टीम के खिलाफ खेलना सबक जैसा है। आस्ट्रेलिया श्रृंखला के बाद थोड़ा ब्रेक मिला जो अच्छा है। आप कभी अपने प्रदर्शन से संतुष्ट नही होते और इस तरह की हार के बाद और अच्छा करने की प्रेरणा मिलती है। न्यूजीलैंड को पिछले साल भारत ने वनडे श्रृंखला मे हराया लेकिन उसके बाद उन्होने टी20 श्रृंखला जीती। भारतीय टीम घरेलू सत्र मे लगातार अपराजेय रही है और यहां भी जीत के इरादे से उतरेगी। छोटे मोटे सुधार की बात है। कई बार अच्छे या बुरे दिन आते है जिनके बाद वापसी करना अहम होता है। हम इससे सबक लेकर बेहतर खेल दिखाएंगे। भारतीय टीम विश्व स्तरीय है और आईपीएल से उसे काफी अच्छे क्रिकेटर मिले है जो दुनिया की सबसे बड़ी फ्रेंचाइजी क्रिकेट स्पर्धाओ मे से एक है। इसकी वजह से भारत के पास इतने सारे विश्व स्तरीय खिलाड़ी है।

न्यूजीलैंड से बदले की बात जेहन में नहीं है : कोहली

आक्लैंड। पिछले साल विश्व कप सेमीफाइनल मे न्यूजीलैंड के हाथो मिली हार की कसक आज भी उन्हे है लेकिन भारतीय कप्तान विराट कोहली ने कहा कि पहले टी20 मैच मे शुक्रवार को बदले की बात उनके दिमाग मे नही होगी। खिताब की प्रबल दावेदार रही भारतीय टीम को न्यूजीलैंड ने विश्व कप सेमीफाइनल मे 18 रन से हराया था। उसके बाद दोनो टीमे शुक्रवार से यहां शुरू हो रही पांच मैचो की टी20 श्रृंखला मे भिड़ेंगी। कोहली ने मैच से पूर्व प्रेस कांफ्रेंस मे कहा , आप बदले के बारे मे सोचना भी चाहे तो ए इतने अच्छे लोग है कि आप वैसे सोच ही नही सकते। हमारी इनसे खूब छनती है और सिर्फ मैदान पर ही हम प्रतिस्पर्धी होते है। जैसा कि मैने इंग्लैड मे भी कहा था कि यह ऐसी टीम है जिसने दूसरो के सामने मिसाल रखी है कि अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट कैसे खेलना चाहिए। उन्होने कहा कि वे खेल के महान दूत है। वे हर गेंद पर और हर मैच मे अच्छा खेलना चाहते है लेकिन ऐसा बर्ताव कभी नही करते जो मर्यादा के बाहर हो। विश्व कप फाइनल मे इंग्लैड के खिलाफ स्कोर बराबर रहने पर बाउंड्री की गिनती के आधार पर हारने के बावजूद गरिमामय आचरण के लिए केन विलियमसन और उनकी टीम की काफी तारीफ हुई थी। यह किसी तरह के बदले की बात नही है। यह अच्छा क्रिकेट खेलने वाली दो टीमो के बीच का मुकाबला है। न्यूजीलैंड को यहां हराना काफी चुनौतीपूर्ण है लेकिन हम इसके लिए तैयार है। कोहली ने कहा कि अपनी सरजमी पर कीवी टीम प्रबल दावेदार होगी और उसके प्रमुख खिलाड़ियों के चोटिल होने के बावजूद उसे हलके मे लेने की गलती वे नही करेंगे। उन्हे अपनी धरती पर खेलने का फायदा मिलेगा लेकिन हमने यहां अतीत मे काफी खेला है। हर श्रृंखला नई शुरूआत है और न्यूजीलैंड बड़ी चुनौती है।हमे अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करना होगा। भारतीय कप्तान ने कहा कि विकेटकीपर और बल्लेबाज के रूप मे केएल राहुल की दोहरी भूमिका से टीम मे संतुलन आया है। राहुल हर तरह की भूमिका के लिए तैयार है। वह टीम का खिलाड़ी है और अच्छी विकेटकीपिंग भी कर रहा है। वह अच्छा खेलने को हमेशा तत्पर रहता है।

सीधे स्टेडियम में उतरकर खेलना शुरू करने के करीब व्यस्त कार्यक्रम पर बोले

आक्लैंड। आस्ट्रेलिया के खिलाफ भारत मे खेलने के एक हफ्ते के भीतर न्यूजीलैंड मे खेलने आई भारतीय टीम के कप्तान विराट कोहली ने गुरूवार को कहा कि क्रिकेटर अब उस स्थिति के करीब पहुंच रहे है जब स्टेडियम पर ही सीधे उतरकर खेलना शुरू करना होगा। कोहली ने पहले टी20 से पूर्व कहा , अब हम उस स्थिति के निकट पहुंच रहे है कि सीधे स्टेडियम पर लैंडिंग करके खेलना होगा। कार्यक्रम इतना व्यस्त हो गया है लेकिन इतनी यात्रा करके अलग टाइम जोन वाले देश मे आकर तुरंत ढल जाना आसान नही होता। मुझे यकीन है कि भविष्य मे इन चीजो को भी ध्यान मे रखा जाएगा। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट ऐसा ही है जहां लगातार खेलना होता है। आस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछली श्रृंखला वनडे श्रृंखला थी तो हम मैदान पर काफी समय रहे। उससे पहले कुछ टी20 खेले। पिछले तीन मैच टी20 नही थे तो अब हमारे लिए यहां खेलना आसान होगा। न्यूजीलैंड मे क्रिकेटरो को दूसरे देशो की तरह सिर पर नही बिठाया जाता लिहाजा यहां खेलना इत्मीनान से भरा होता है। न्यूजीलैंड दौरे पर राहत रहती है। हर दौरे पर इसकी बानगी मिलती है कि वहां क्रिकेट का क्या दर्जा है। यहां इसे काम की तरह लिया जाता है। यह जीवन का सबसे अहम पहलू नही है और ना ही बहुत ज्यादा तवज्जो दी जाती है। यह कीवी संस्कृति का हिस्सा है और यह एक खेल ही है। उन्होने हालांकि कहा , लेकिन कीवी टीम भी हर मैच जीतने के इरादे से उतरती है। सब कुछ काफी संतुलित है और यहां खेलना बहुत अच्छा लगता है। कीवी खिलाड़ी काफी शांतचित्त और पेशेवर रहते है।

विलियमसन का बचाव किया कोहली ने

आक्लैंड। भारतीय कप्तान विराट कोहली ने न्यूजीलैंड के कप्तान केन विलियमसन का बचाव करते हुए कहा कि टीम के खराब प्रदर्शन करने पर सवाल हमेशा उठते है लेकिन कप्तान का आकलन हमेशा नतीजो के आधार पर नही किया जा सकता। आस्ट्रेलिया के खिलाफ बाक्सिंग डे टेस्ट मे न्यूजीलैंड की शर्मनाक हार के बाद विलियमसन की कप्तानी पर सवाल उठने लगे है। न्यूजीलैंड को उस श्रृंखला मे 0-3 से पराजय झेलनी पड़ी। ब्रेडन मैकुलम ने उनकी आलोचना करते हुए कहा कि अब उन्हे कप्तानी मे मजा नही आ रहा और उन्हे कम से कम टी20 प्रारूप मे कप्तानी छोड़ देनी चाहिए। तीनो प्रारूपो मे भारत के कप्तान कोहली ने कहा कि कई बार लोग टीम की विफलता का ठीकर तुरंत कप्तान पर फोड़ देते है।, इस तरह की बाते अक्सर होती है जब भी टीम खराब प्रदर्शन कर रही होती है। यह तीनो प्रारूपो मे कप्तानी की जिम्मेदारी का हिस्सा है। मै अपना फोकस इसी पर रखता हूं कि टीम के लिए क्या कर सकता हूं और उसे कैसे आगे ले जा सकता हूं। मुझे नही लगता कि कप्तानी का आकलन हमेशा नतीजो से किया जा सकता है। आप टीम को कैसे एकजुट करते है और कैसे सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करा सकते है। मेरा मानना है कि केन यह काम बखूबी कर रहा है। टीम मे उसका सम्मान है और उसे साथी खिलाड़ियों का भरोसा हासिल है।वह काफी चतुर क्रिकेटर है। टीम खराब खेलती है तो यह सामूहित नाकामी है, कप्तान अकेले की नही।

आनंद ने दुबोव के साथ ड्रा खेला

भाषा। विज्क आन जी

पांच बार के विश्व चैम्पियन विश्वनाथन आनंद ने टाटा स्टील मास्टर्स के नौवे दौर में रूस के दानिल दुबोव से ड्रा खेला। आनंद सफेद मोहरों से खेलते हुए ज्यादा कुछ कर नहीं सके। अब वह 4 . 5 अंक लेकर दसवें नंबर पर है। शीर्ष रैंकिंग प्राप्त नार्वे के मैग्नस कार्लसन ने ईरान के अलीरजा फिरोजा को हराया। अमेरिका के फेबियानो कारूआना नौ में से छह अंक लेकर शीर्ष पर है। उन्होंने रूस के निकिता वितुइगोव के साथ ड्रा खेला। आठवीं बार यहां खिताब जीतने के मकसद से उतरे कार्लसन संयुक्त दूसरे स्थान पर है। आनंद के चार अंक है और उन्हें बाकी दौर में काफी मेहनत करनी होगी। चैलेंजर वर्ग में सूर्य शेखर गांगुली चौथे स्थान पर है जिन्हें जर्मनी के विंसेंट केमेर ने ड्रा पर रोका। उन्हें टूर्नामेंट जीतने और अगले साल मास्टर्स के लिए क्वालीफाई करने के लिए बड़ी जीत दर्ज करनी होगी।

नडाल और किर्गियोस आगे बढ़े

आस्ट्रेलिया ओपन में फिर मौसम का खलल

भाषा। मेलबर्न

रफेल नडाल और निक किर्गियोस ने अपने अपने मुकाबलों में जीत के साथ गुरुवार को यहां आस्ट्रेलिया ओपन के पुरुष एकल के तीसरे दौर में जगह बनाई लेकिन टूर्नामेंट में प्रदूषित वर्षा के रूप में नई चुनौती आई जिससे कोर्ट कीचड़ के कारण खेलने योग्य नहीं रहे। सफाई के दौर और विलंब के एक दिन बाद आस्ट्रेलिया के किर्गियोस ने चार सेट में फ्रांस के जाइल्स सिमोन को हराया जबकि महिला एकल में विंबलडन चैंपियन सिमोना हालेप ने ब्रिटेन की हैरियर डार्ट को हराया। नडाल को अर्जेन्टीना के फेडेरिको डेलबोनिस के खिलाफ सीधे सेटों में 6-3, 7-6 (7-4), 6-। की जीत के दौरान अधिक पसीना नहीं बहाना पड़ा। स्पेन के दुनिया के नंबर एक खिलाड़ी नडाल अगले दौर में हमवतन पाब्लो केरेनो बुस्ता से भिड़ेंगे जिनके साथ इस महीने एटीपी कप में उन्होंने युगल जोड़ी बनाई थी। जंगलों में लगी आग के पीड़ितों की मदद के लिए धनराशि जुटाने के प्रयास में अहम भूमिका निभाने के कारण लोकप्रिय हुए किर्गियोस ने चार सेट में 6-2, 6-4, 4-6, 7-5 से जीत दर्ज की। इस जीत से किर्गियोस ने चौथे दौर में नडाल के साथ संभावित मुकाबले की ओर कदम बढ़ाए। इस साल टूर्नामेंट को जंगलों की आग के कारण फैले धुएं और राख, तेज बारिश और तेज हवाओं का सामना करना पड़ा है। इससे पहले धूल-मिट्टी वाली बारिश के कारण मेलबर्न पार्क के कोर्ट पर कीचड़ की परत जम गई जिसे साफ करने में कई घंटे लग गए और कई बाहरी कोर्ट उपयोग में नहीं लाए जा सके। खेल दोबारा शुरू होने पर जर्मनी के एलेक्जेंडर ज्वेरेव ने फार्म में वापसी का संकेत देते हुए इगोर गेरासिमोव को 7-6 (7-5), 6-4, 7-5 से हराया। पांचवें वरीय डोमिनिक थिएम को हालांकि आस्ट्रेलिया के 140वें नंबर के खिलाड़ी एलेक्स बोल्ट के खिलाफ पांच सेट तक जूझना पड़ा। थिएम ने हालांकि धैर्य बरकरार रखते हुए 6-2, 5-7, 6-7 (5-7), 6-1, 6-2 से जीत दर्ज की। महिला एकल में हालेप ने डार्ट को 6-2, 6-4 से हराया जबकि बेलिंडा बेनसिच ने पूर्व फ्रेंच ओपन चैंपियन एलेना ओस्टापेंको को शिकस्त दी जो इस महीने अपने पिता के निधन के बावजूद टूर्नामेंट में खेल रही थी। दो बार की ग्रैंडस्लैम विजेता गारबाइन मुगुरुजा ने स्थानीय खिलाड़ी अजला टोमलानोविच को 6-3, 3-6, 6-3 से हराया।

पिता के निधन के बावजूद खेलने वाली ओस्टापेंको बाहर

मेलबर्न। अपने पिता के निधन के बावजूद खेलने का कठिन फैसला लेने वाली पूर्व फ्रेंच ओपन चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको हारकर बाहर हो गई। एलेना के पिता एवजेनिस का इस महीने की शुरूआत मे निधन हो गया था। एलेना ने कहा था कि वह यहां खेलकर ही इस गम से उबर सकती है। उसने साल की शुरूआत मे आक्लैंड मे टूर्नामेंट नही खेला और लातविया रवाना हो गई थी लेकिन फिर आस्ट्रेलियाई ओपन खेलने का फैसला किया। उसे दूसरे दौर मे छठी वरीयता प्राप्त स्विटजरलैंड की बेलिंडा बेंचिच ने 7-5, 7-5 से हराया। पहले दौर मे एलेना ने रूस की लियुडमिला सैमसोनोवा को मात दी थी।

सानिया चोट के कारण पहले दौर से बाहर

मेलबर्न। मातृत्व अवकाश के बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी सानिया मिर्जा पहले ग्रैंडस्लैम के शुरूआती दौर से ही बाहर हो गई जब चोट के कारण महिला युगल पहले दौर का मैच उन्हे बीच मे छोड़ना पड़ा। सानिया और यूक्रेन की नादिया किचेनोक ने पिछले सप्ताह ही होबार्ट इंटरनेशनल युगल खिताब जीता था। दोनो चीन की शियुआन हान और लिन झू से 2-6, 0 -1 से पीछे चल रहे थे जब सानिया ने कोर्ट छोड़ा। अभ्यास के दौरान सानिया के दाहिने पैर मे चोट लगी है। वह दो साल बाद टेनिस कोर्ट पर लौटी है। सानिया और किचेनोक 2-4 से पीछे चल रहे थे जब चीनी टीम ने सानिया की सर्विस तोड़ी और सेट जीत लिया। सानिया को पहले सेट के बाद मेडिकल टाइमआउट लेना पड़ा। दूसरे सेट के पहले ही गेम मे उनकी सर्विस टूटी और वह आगे खेल नही सकी। उन्हे मिश्रित युगल से भी नाम वापिस लेना पड़ा जिसमे उन्हे रोहन बोपन्ना के साथ खेलना था। मिश्रित युगल मे भारत की चुनौती लिएंडर पेस पेश करेंगे जो 2017 फ्रेंच ओपन चैम्पियन एलेना ओस्टापेंको के साथ खेलेंगे। उन्हे पहले दौर मे स्थानीय वाइल्ड कार्डधारी स्टोर्म सैंडर्स और मार्क पोलमैस से खेलना है।

सेहत मेरी प्राथमिकता है: सोहा अली खान

मुंबई। अभिनेत्री सोहा अली खान का कहना है कि सेहत का पर्याप्त ख्याल रखना उनकी प्राथमिकता सूची में पहले नंबर पर है। हेयरकेयर ब्रांड सिस्टम प्रोफेशनल के प्रोडक्ट लॉन्च पर सोहा ने कहा, 'एक कहावत है कि स्वास्थ्य ही धन है, तो मेरी प्राथमिकता सूची में सेहत पहले स्थान पर है। अगर आप अच्छा महसूस नहीं करते हैं और अपनी सेहत को गंभीरता से नहीं ले रहे हैं तो खुश रहना, में, काम करना और जिंदगी का आनंद उठाना, विशेषकर महिलाओं के लिए काफी कठिन होगा। मेरा मानना है कि खासकर महिलाओं के लिए स्वस्थ बने रहना उनके परिवार, करियर और किसी भी अन्य चीज के लिए बहुत जरूरी है। हम औरतें जानती हैं कि यह कितना जरूरी है।' अपनी आगामी परियोजना के बारे में सोहा ने कहा, 'एक हफ्ते में मैं आपको अपनी अगली परियोजना के बारे में बता पाऊंगी। मैं फरवरी के बीच में इस पर काम शुरू करूंगी। यह एक वेब सीरीज है, लेकिन इस वक्त मैं इस बारे में विस्तार से बात नहीं कर सकती।' खबरों के अनुसार, सोहा और उनके पति व अभिनेता कुणाल खेमू कुछ परियोजनाओं का सह-निर्माण करने के लिए भी बिल्कुल तैयार हैं, जिनमें से एक मशहूर वकील राम जेठमलानी की बायोपिक है।

कंगना की उपकृत हैं बहन रंगोली चंदेल

कंगना रानौत की बहन रंगोली चंदेल का कहना है कि कंगना ने जो कुछ भी उसके लिए अब तक किया है वो इस उपकार का बदला कभी नहीं चुका पाएंगी। मेरे माता-पिता जब भी मेरा चेहरा देखते थे, वे अचेत हो जाते थे। लेकिन वो सदैव मेरे साथ खड़ी रही और जब सालों के संघर्ष के बाद परिस्थितियां कुछ अच्छी हुईं तो वो मेरी गोदी में सर रखकर रोई। मुझे इस बात की प्रसन्नता है कि उसने ऐसा किया क्योंकि सबसे मजबूत लोग भी कभी अपना दर्द साझा करना भूल सकते हैं।

'टीवी पर अच्छी कंटेंट का अभाव अखरता है'

वरिष्ठ अभिनेत्री भारती अचरेकर का मानना है कि भारतीय टेलिविज़न पर अच्छी कंटेंट का अभाव है। यही कारण है कि युवा लोग वेब शोज़ के पीछे भाग रहे हैं। उन्होंने बताया, 'आजकल टेलिविजन पर अच्छी कंटेंट का अभाव है। इसमें अधिकांष कहानियां केवल एक चरित्र पर आधारित होती हैं। मैं किसी कोदोष नहीं दे रही क्योंकि वे भी अपने अस्तित्व को बचाने के लिए ऐसा करते होंगे। आजकल कई चैनल हो गए हैं अत: प्रतिस्पर्धा में वृद्धि हुई हैं। दूसरी बात पष्चिमी प्रभाव में लोगों की रुचियों में अंतर आ गयाा है। आपको ग्रामीण और नगरीय जनसंख्या को भी ध्यान में रखना पड़ता हे जिनकी मानसिकता और रुचियों में गहरा अंतर है।

प्रसन्न और स्वस्थ रहना सुख का मुख्य आधार: ब्रैड पिट

हॉलीवुड अभिनेता ब्रैड पिट अपने जीवन का आनंद ले रहे हैं और उनके अनुसार उन्हें किसी बात से षिकायत नहीं है। स्क्रीन एक्टर्स गिल्ड पुरस्कार जीतने के बाद रेड कार्पेट पर चलते हुए उन्होने अपने जीवन के बारे में बात की, 'आज लॉस एंजेल्स में अच्छा दिन है हमनें इसका मजा लिया और मस्ती की।' आगे उन्होंने कहा, 'मेरे पास मित्र हैं, सुंदर से बच्चे हैं, मुझे अपनी कॉफी पसंद है और कुत्ते भी। मुझे किसी चीज से कोई षिकायत नहीं है।' पिट के अपनी पूर्व पत्नी एंजेलिना जूली से 6 बच्चे हैं। इसी माह इस अभिनेता को नेशनल बोर्ड ऑफ रिव्यू

'मनोरंजन से भरपूर है शो 'बिलियन' का सीज़न 4'

हॉलीवुड अभिनेत्री **एशिया केट डिलन** अपने शो 'बिलियन' के सीज़न4 में एक नैतिक आधार केन्द्र को बनाए रखने और पहचान की अपनी गहन भावना के बीच संघर्ष के बारे में बता रही हैं। प्रस्तुत है टीम पायनियर की उनसे बातचीत के अंश -

■ **आप इसके पिछले सीज़न के संक्षेप, और इस सीज़न4 में आप क्या नया लेकर आ रही हैं, के बारे में कुछ बताइये ?**

– जहां हमने पिछला सीज़न छोड़ा था और जहां से इसका चौथा सीज़न प्रारंभ होगा, वो ये है कि टेलर ने ऐक्स कैपिटल छोड़ दिया था और उसके बॉबी, वेंडी और बेन किम के साथ अच्छे संबंध नहीं हैं। उसके पक्ष में केवल निष्ठावान मैफी है जिसके साथ टेलर दूसरे सीज़न में रहा करता था। अत: कहा जा सकता है कि टेलर के रोल में काफी विकास हुआ है।

■ **एक्स कैपिटल से जाने के पीछे टेलर किस बात से प्रेरित था ?**

– तीसरे सीज़न के प्रारंभ में टेलर एक्स कैपिटल का प्रभारी था जबकि बॉबी हर प्रकार की समस्या का समाधान निकाला करता था। वे दोनों हर तरह के उतार-चढ़ाव को अच्छे से नियोजित करते थे। हमनें ये भी देखा है कि कैसे बॉबी इसमें अपने पैसे और ख्याति बचाने में लग जाता हैं। हमनें देखा है कि बॉबी भी उसके पक्ष में आ खड़ा होता है क्योंकि जब वो मैफी की मदद के बारे में पूछता है तो एक्स उन्हें बताता है कि उन्हें अभी उसकी मदद की आवष्यकता नहीं है। अत: टेलर स्वयं को एकाकी समझने लगता है। टेलर काफी स्मार्ट ढंग से एक्स की तुलना में जानते बूझते आगे बाने वाले दांव-पेंचों को न देखने का बहाना करता है। इसके अलावा एक बार एक्स ने केवल बिजनेस के लिए आकर टेलर के ऑस्कर के साथ संबंधों को नष्ट कर दिया था। यहीं से टेलर और एक्स के बीच में विश्वास का अभाव हो गया था।

■ **ऐसा लगता है कि ये सीज़न निष्ठाओं के बदलते रहने का है। टेलर के प्रति कौन निष्ठावान है? उसने किसी निष्ठा को ठेस पहुंचाई थी ?**

– निष्ठा बिलियन के हर सीज़न में, और विषेषकर इस चौथे सीज़न में, महत्वपूर्ण थीम होती है। अब टेलर के अतीत से भी चीजें निकल कर सामने आ रही हैं। मैं किसी भी प्रकार से इसे खराब नहीं करना चाहती लेकिन मेरा मानना है कि टेलर इन सब बातों में फंसना नहीं चाहता।

■ **आप इस सीज़न के प्रारंभ में टेलर को कहां दिखाने वाले हैं?**

– देखिये इस चौथे सीज़न के प्रारंभ में टेलर अपनी कंपनी चलाता है जिसमें पहली बार वो हर तरह से अपने कार्यों के प्रति उत्तरदायी होता है। अत: तीसरे सीज़न के दौरान टेलर और एक्स के बीच एक दृश्य है जिसमें टेलर धन संबंधी मामलों में एक्स के साथ काफी कड़ाई से पेश आता है। टेलर इस सीज़न में एक बड़ा खेल खेल रहा है। मेरे विचार से वो एक ऐसा व्यक्ति है जो दबावों में ही सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन करता है। अत: एक्स और एक्स कैपिटल से मिलने वाला दबाव ही वास्तव में टेलर के लिए ऊर्जा का काम करता है। इस बार हमें टेलर के अतीत के बारे, विषेष रूप से उसके परिवार के बारे में, और अधिक जानकारी मिलने वाली है।

■ **आप इस शो की स्क्रिप्ट के बारे में क्या अनुभव करते हैं। शो के बारे में आपको कौन सी बात सबसे अधिक उत्साहित करती है?**

– इस शो मे काम करना वास्तव में सर्वश्रेष्ठ अनुभव साबित हुआ है। इसकी स्क्रिप्ट अविष्वसनीय, अनपेक्षित और उत्साहजनक रूप से अच्छी तथा सामाजिक रूप से मनोरंजक थीं। यद्यपि मैं इस शो में काम करती हूं लेकिन इसके एक प्रशंसक के रूप में मैं इसे एक सफल ड्रामा मानती हूं जो उत्साह और मनोरंजन से भरपूर है।

■ **इसके इस सीज़न में टेलर का सबसे बड़ा संघर्ष क्या है?**

– मेरे अनुसार टेलर का इसमें सबसे बड़ा संघर्ष इस बात को लेकर है कि वो किस प्रकार से नैतिक आचार संबंधी केन्द्र तथा वास्तविक पहचान की गहन भावना के बीच संतुलन कैसे बनाए रख सकता है?

■ **टेलर को इस चौथे सीज़न में सर्वाधिक प्रेरणा कहां से प्राप्त होती है?**

– मैं इसका नाम बताने को लेकर सतर्कत बरत रही हूं लेकिन उसे प्रतिषोध और धन ही अधिक प्रेरित करते हैं। इसके अलावा वो अपने हर कार्य को सर्वश्रेष्ठ ढंग से संपन्न करना चाहता है। वो मैथ्स का जीनियस है अत: वो ये सब कर पाता है। उन्हें केवल उसी दुनिया में रहना चाहते हैं और वे एक दूसरे को केवल इसी तरह से जानते भी हैं।

(शो एएक्सएन चैनल पर प्रत्येक शनिवार तथा रविवार को रात 10 बजे से देखा जा सकेगा)

खुद की कहानियों पर काम कर रहीं श्वेता

मुंबई। अभिनेत्री श्वेता त्रिपाठी ने अपनी अगली परियोजनाओं के लिए अनुबंध कर नए साल की शुरुआत की। इन परियोजनाओं का ऐलान श्वेता जल्द ही करेंगी। श्वेता इसके साथ ही अपनी कहानियों और अपने विचारों को विकसित करने की दिशा में भी काम कर रही हैं। एक सूत्र के मुताबिक, कुछ महीनों पहले श्वेता ने फिल्मों से संबंधित ऐसे ही दो विचार सुझाए थे और इसकी स्क्रिप्ट पर काम करने के लिए वह अपने पसंदीदा लेखकों में से एक आशीष मेहता से हाथ मिलाया है।

श्वेता ने कहा, 'एक कलाकार के तौर पर जो कहानियों से निरंतर घिरा हुआ रहता है, अच्छी लेखनी और कहानियों को लेकर नए-नए विचार दिमाग में आते रहते हैं..ऐसे ही दो विचार मेरे दिमाग में आए हैं, जिन पर मुझे यकीन है और मैंने सोचा कि उनमें कुछ एनर्जी और मन निवेश करने और उन्हें एक कहानी के पूर्ण रूप में उभरते हुए देखने का यह एक समय है।'

उन्होंने बताया, 'मुझे ये भी पता है कि इस प्रक्रिया में समय लग सकता है लेकिन मैं इन्हें विकसित करने में वो समय लगाने को तत्पर हूं क्योंकि मैं उनमें विश्वास करती हूं। मैं आषीष के साथ ऐसे विचारों को सामने लाने में समय देने के लिए तत्पर हूं और मुझे आशा है कि 2020 के मध्यम में मैं इस बारे में कुछ ठोस जानकारी देने में समर्थ हो जाऊंगी। इस बीच श्वेता अपनी वेब सीरीज 'मिर्जापुर' के दूसरे सीजन के रिलीज का भी इंतजार कर रही हैं।

लोगों के मूड के हिसाब से मेरी राजनीति नहीं बदलेगी

नई दिल्ली (भाषा)। खुद को आशावादी मानने वाले प्रसिद्ध फिल्म निर्देशक कबीर खान का कहना है कि इन दिनों हर बात को धर्म के चश्मे से देखा जा रहा है लेकिन भारत इन सब बातों से कहीं उपर है। बजरंगी भाईजान और एक था टाइगर जैसी सुपरहिट फिल्मों के निर्देशक कबीर कहते हैं कि उन्हें खुशी है कि एक फिल्मकार के रूप में उनके पास धार्मिक आधार पर फैली इन त्रूटिपूर्ण सोच का प्रतिवाद करने के लिए मंच है। उन्होंने कहा, मैं लोगों की अच्छाई में विश्वास करने वाला एक आशावादी व्यक्ति हूं। लेकिन उसकी भी एक सीमा है। आजकल हर चीज को धर्म के चश्मे से देखा जा रहा है लेकिन भारत इनसब बातों से उपर है।

कबीर ने कहा, यह बहुत अजीब है लेकिन जब मैं बड़ा हो रहा था तो मुझे मेरे धर्म के बारे में पता नहीं था। यह इस देश की महानता है। उन्होंने कहा कि उनकी मां हिंदू और उनके पिता मुसलमान हैं और ऐसे घर में पैदा होने के बाद उन्हें इस सामाजिक ताने-बाने को देखकर बहुत दुख होता है। उन्होंने कहा, मैनें भारतीय धर्मनिरपेक्षता के सबसे बेहतरीन पहलू को देखा है। लेकिन इस देश की महानता के धर्म के आधार पर टुकड़े होता देखना बहुत ही दुखी करने वाला अनुभव है। कबीर ने कहा कि इतिहास को धर्म के चश्मे से देखना खतरनाक है।

हिमेश रेशमिया रेडियो पर जज करेंगे सिंगिंग टैलेंट हंट

मुंबई। गायक-संगीतकार हिमेश रेशमिया को रेडियो पर सिंगिंग टैलेंट हंट शो बिग गोल्डन वाइस के सातवें सीजन को जज करने के लिए शामिल किया गया है। शो में हिमेश प्रतिभागियों को प्रशिक्षण देने के अलावा उन्हें जज करते भी नजर आएंगे। हिमेश ने इस बारे में कहा, मैंने हमेशा प्रतिभा की सराहना की है और जो वास्तव में योग्य है उसे सही अवसर दिलाने में अपनी पूरी कोशिश की है।

मेरा मानना है कि जिस किसी के भी पास प्रतिभा है उसे एक अवसर प्रदान किया जाना चाहिए और मेरा यकीन मानिए सही रवैया दुनिया को अपनी प्रतिभा से रूबरू कराने की कुंजी है। हिमेश ने आगे कहा, एक जज के रूप में मैं प्रतिभागियों के इस पूरे सफर में उन्हें मॉनिटर करूंगा जिसके तहत इस संघर्ष के लिए उन्हें तैयार करना शामिल है, ताकि वे दुनिया के सामने खुद को पेश कर सकें। यह शो बिग एफएम पर प्रसारित होगा।

रविदास की बायोपिक जैसा प्रोजेक्ट मायने रखता है: शाहिद माल्या

मुंबई। 'अमर कहानी रविदास जी की' में एक गाना गाने वाले शाहिद माल्या का मानना है कि संत रविदास की जिंदगी पर आधारित आगामी फिल्म एक बेहद पवित्र परियोजना है। इसके साथ ही उन्होंने आगे कहा कि फिल्मकारों को युवा पीढ़ी के लिए इस तरह की और भी फिल्में बनानी चाहिए जो भारत की परंपराओं, संस्कृति और मूल्यों पर आधारित हो। मुंबई में फिल्म के ट्रेलर और म्यूजिक लॉन्च पर शाहिद ने कहा, 'मुझे लगता है कि हमने एक अच्छे विषय पर एक अच्छी फिल्म बनाई है। मेरा मानना है कि यह एक बेहद ही पवित्र परियोजना है और इसलिए इसका हिस्सा बनना मेरे लिए एक बड़ी बात है। शाहिद इस मौके पर फिल्म के अभिनेता हेमंत पांडे संग मौजूद थे।' उन्होंने आगे कहा, 'हम ऐतिहासिक व्यक्तित्वों जैसे राजा हरिश्चंद्र और कुछ संत-महात्माओं पर फिल्में बनाया करते हैं। बचपन में हमने इन विषयों पर आधारित कई सारी फिल्में देखी हैं, लेकिन मेरा मानना है कि धीरे-धीरे लोग वाणिज्यिक और करियर को लेकर ज्यादा सोचने-समझने वाले बन गए हैं। वे इन फिल्मों से दूरी बनाने लगे हैं और पैसा कमाने में ज्यादा ध्यान लगाने लगे हैं। मुझे ऐसा लगता है कि पैसा कमाना जरूरी है, लेकिन हमें अपनी फिल्मों के माध्यम से भारतीय संस्कृति, सभ्यता और मूल्यों का भी प्रतिनिधित्व करना चाहिए, ताकि युवा पीढ़ी इनसे कुछ सीख सकें।'

'अमर कहानी रविदास जी की' अरविंद सिंह सिरोही द्वारा लिखित और निर्देशित है। संदीप मोहन फिल्म में संत रविदास का किरदार निभा रहे हैं।

भोजपुरी सिनेमा में शुरू होगा एक नया ट्रेंड: संजना राज

भोजपुरी अभिनेत्री **संजना राज** का मानना है कि उनकी आने वाली फिल्म 'सईयां है अनाड़ी' लीक से हटकर पूरी तरह पारिवारिक फिल्म है। उन्होंने एक साक्षात्कार में फिल्म के बारे में जानकारी दी।

■ **'सईयां है अनाड़ी' किस तरह की फिल्म है?**

– 'सईयां है अनाड़ी' बहुत ही अलग फिल्म हैं। भोजपुरी सिनेमा पर जो अश्लीलता या एडल्ट कंटेंट का टैग लगा था, ये उससे काफी अलग और पूरी तरह पारिवारिक फिल्म हैं। एक दमदार पारिवारिक स्क्रिप्ट होने के कारण मैं इसका हिस्सा बनी।

■ **फिल्म 'सईयां है अनाड़ी' में अपने रोल के बारे में बताएं?**

– मुझे खास तौर पर फिल्म का नाम बहुत पसंद आया। मैंने फिल्म में रुक्मणि नाम का कैरेक्टर निभाया है। रुक्मणि एक गांव की चुलबुली लड़की है लेकिन उसकी इच्छा है कि वो भी मुम्बई जाए और ढ़ेर सारे पैसे कमाए। मैं लम्बे समय से अपने लिए किसी ऐसे कैरेक्टर का इंतजार कर रही थी। इस फिल्म में मुझे मेरा रोल बहुत पसंद आया। बी4यू मोशन पिक्चर्स ने जो साफ सुथरी फिल्में बनाने का ट्रेंड शुरू किया है. उसके लिए मैं उनकी पूरी टीम का बहुत धन्यवाद करना चाहूंगी। भोजपुरी सिनेमा को ऐसी ही फिल्मों की दरकार है, जिनके ऊपर सेंसर की एक भी कैची न चले.

■ **गौरव झा और गुंजन पंत के बारे में बताएं? उनके साथ काम कर के कैसा लगा ?**

– गौरव जी एक बहुत ही अच्छे इंसान होने के साथ , एक बहुत अच्छे अभिनेता भी हैं. मेरी गौरव जी और गुंजन जी के साथ यह पहली फिल्म है और गुंजन जी बहुत खूबसूरत और बेहतरीन अभिनेत्री हैं और 'सईयां है अनाड़ी' में उनके साथ काम करने में काफी मजा आया।

■ **बिहार के गोपालगंज से सिंगिंग सेंसेशन बनने तक का सफर कैसे शुरू हुआ ?**

– मैं गोपालगंज के कटेया भटवा बाजार से हूं.मुझे बचपन से ही गाने व डांस का शौक था. स्कूल के कई कार्यक्रमों में मैंने गाने के लिए अवार्ड्स जीते हैं। हालांकि शुरू में मेरा फोकस सिंगिंग की तरफ नहीं था, मुझे सिंगिंग से ज्यादा डांसिंग व एक्टिंग का शौक था लेकिन सभी को मेरी आवाज बहुत पसंद आती थी। सिंगिंग के लिए मुझे सबसे पहले मौका लालू प्रसाद यादव के सामने गाने का मिला। मुझे सुनने के बाद उन्होंने कहा कि मेरी आवाज बहुत अच्छी है और मैं सिंगिंग के क्षेत्र में बहुत आगे जाऊंगी।

हमारे गांव में ऐसी कोई सुविधा नहीं थी, जिसके माध्यम से मैं, डांसिंग या सिंगिंग सीख सकूं. लेकिन मुझे इसी क्षेत्र में आगे जाना था, इसलिए मैं छपरा शिफ्ट हो गई. यहां मैंने सिंगिंग की प्रेक्टिस शुरू की और फिर यही से मेरा सिंगिंग करियर शुरू हुआ. 2011 से मैंने अपने करियर शुरुआत की और मेरा जो करियर का पहला एल्बम था वो खेसारीलाल जी के साथ था उनके साथ मुझे एल्बम में गाने का मौका मिला मैं इस इंडस्ट्री के बारे में ज्यादा नहीं जानती थी मैं इस इंडस्ट्री में नई थी और खेसारीलाल यादव जी ने मुझे बहुत स्पोर्ट किया।

एलजीबीटीक्यू का सम्मान है 'शुभ मंगल ज्यादा सावधान': आयुष्मान खुराना

मुंबई। अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि उनकी अगली फिल्म शुभ मंगल ज्यादा सावधान एलजीबीटीक्यू (समलैंगिक इत्यादि) समुदाय को दिया गया सम्मान है, और यह भारत के लिए एक महत्वपूर्ण फिल्म है।

यह फिल्म खुराना की 2017 में आई फिल्म शुभ मंगल सावधान की अगली कड़ी है। फिल्म में आयुष्मान और जितेंद्र कुमार समलैंगिक जोड़े की भूमिका में हैं, जो एक दूसरे के परिजनों को मनाने की कोशिश करते हैं। आयुष्मान ने कहा कि हितेश केवल्य द्वारा निर्देशित फिल्म एलजीबीटीक्यू समुदाय को मुख्यधारा में लाने की कोशिश है। अभिनेता ने एक बयान में कहा, शुभ मंगल ज्यादा सावधान के ट्रेलर के लिए भारत के लोगों का प्यार उत्साहित करने वाला है। यह भारत और सभी भारतीयों के लिए बहुत ही महत्वपूर्ण फिल्म है। फिल्म देश के लोगों के बीच समावेश, विशिष्टता और निजता का उत्सव मनाने, एलजीबीटीक्यू समुदाय को स्वीकार्यता प्रदान करने पर आधारित है।

आयुष्मान ने कहा कि लोगों को मनोरंजन देने के अलावा फिल्म एक सकारात्मक सामाजिक संदेश भी देगी।

'सेक्स एजुकेशन 2' में समलैंगिकता पर गहराई से होगी बात: नकुटी गतवा

मुंबई। नेटफ्लिक्स सीरीज 'सेक्स एजुकेशन' में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अभिनेता नकुटी गतवा का कहना है कि दूसरे सीजन में एलजीबीटीक्यू समुदायों (गे/लैस्बियन) के मुद्दों पर गहराई से पता लगाने की कोशिश की गई है। इसका आधिकारिक ट्रेलर 17 जनवरी को जारी किया गया।

अभिनेता ने कहा, 'मुझे लगता है कि समलैंगिक समुदायों के अनजान पहलुओं के बारे में जानने का पहला कदम उन्हें पर्दे पर दिखाया जाना है, एक दृश्यता का निर्माण करना है। हमारे कार्यक्रम में कहानी और इसके पात्रों को जिस अंदाज में लिखा गया है, उसके लिए हम काफी खुशनसीब हैं। इसके सारे किरदार वाकई में रियल स्टार हैं।' उन्होंने आगे कहा, 'कहानी के साथ-साथ हमने जिस तरह की प्रस्तुति दी है वह वास्तव में कमाल की लेखनी का ही निष्कर्ष है। इस सीजन में हमने एलजीबीटीक्यू विषय का विस्तार किया है, ताकि अधिक से अधिक लोगों को इसके बारे में पता लग सकें, तो इस मायने में शो के दूसरे संस्करण में इसकी कहानी और भी अधिक रोमांचकर बन जाती है।'